3 | राजधानी
संदिग्ध परिस्थितियों में महिला समेत दो की मौत

6 | अभिमत
कांग्रेस की दयनीय दशा

10 | स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया में पसीना बहा रही टीम इंडिया

11 | विदेश
अमेरिका में संक्रमण के मामले 1.1 करोड़ के पार

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 29
लखनऊ, मंगलवार, 17 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अमिताभ ने सौमित्र को बताया महान कलाकार
विविध-12

www.dailypioneer.com

# सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने नीतीश

## लगातार चौथी बार सीएम के रूप में ली शपथ, तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी बने उपमुख्यमंत्री

- भाजपा के सात, जदयू से पांच और हम पार्टी व वीआईपी पार्टी से बनाए गए एक-एक मंत्री
- नंदकिशोर यादव बन सकते हैं विधानसभा के अध्यक्ष, सुशील मोदी इस बार नहीं बनाए गए उप मुख्यमंत्री



पटना में सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की सातवीं बार शपथ लेते नीतीश कुमार



शपथ लेतीं रेणु देवी



शपथ लेते तारकिशोर प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

**नीतीश** कुमार ने सोमवार को यहां बिहार के मुख्यमंत्री पद की सातवीं बार शपथ ग्रहण की। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल फागू चौहान ने कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश कुमार के साथ भाजपा के सात मंत्रियों, जद (यू) से पांच मंत्रियों और हम पार्टी तथा वीआईपी पार्टी से एक-एक मंत्रियों ने शपथ ली। भाजपा विधानमंडल दल के नेता एवं कटिहार से विधायक तारकिशोर प्रसाद और उपनेता एवं बेतिया से विधायक रेणु देवी ने भी शपथ ली। तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके नीतीश कुमार को पुनः बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद एवं रेणु देवी और मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी लोगों को बधाई।

नीतीश कैबिनेट का इस बार का स्वरूप बदला नजर आ रहा है। इसमें भाजपा से अधिक मंत्रियों ने शपथ ली और दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए। चुनाव में भाजपा को 74 सीटें मिलीं जो जद (यू) को मिली 43 सीटों से 31 सीट अधिक है। हालांकि, चुनाव पूर्व किए गए भाजपा के वादे के अनुरूप नीतीश कुमार ने ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, देवेन्द्र फडणवीस, सुशील कुमार मोदी सहित भाजपा के शीर्ष नेता मौजूद थे। नीतीश कुमार (69 वर्षीय) नवंबर 2005 के बाद से साल 2014-15 को छोड़कर लगातार मुख्यमंत्री रहे हैं। 2014-15 में जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री बने थे। बहरहाल, शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, जनता का फैसला है और इसी के अनुरूप राजग की सरकार बनी है। हम लोग मिलकर काम करेंगे। कुमार ने कहा, हम जनता की सेवा करते रहे हैं और आगे भी सेवा करेंगे। सुशील मोदी के बारे में एक सवाल के जवाब में नीतीश ने कहा कि यह भाजपा का निर्णय है कि कौन लोग रहेंगे और कौन नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, यह प्रश्न तो आप भाजपा से पूछें। इस बार भाजपा से कई बड़े चेहरों को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला जिसमें सुशील कुमार मोदी, नंद किशोर यादव और प्रेम कुमार शामिल हैं। वहीं, सुशील मोदी ने ट्वीट किया, नीतीश कुमार के सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की ( शेष पेज 9 )

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**नई दिल्ली ( पीएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नीतीश कुमार के बिहार के मुख्यमंत्री के रूप शपथ लेने के बाद उन्हें बधाई दी और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का परिवार राज्य के विकास के लिए मिलकर काम करेगा। मोदी ने ट्वीट कर कहा, बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए नीतीश कुमार जी को बहुत बधाई। बिहार सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों को भी बधाई। राजग परिवार बिहार के विकास के लिए मिलकर काम करेगा। बिहार के कल्याण के लिए केंद्र की ओर से मैं आपको हरसंभव मदद का आश्वासन देता हूं।

### योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीतीश कुमार को सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि लोकप्रिय जननेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय का प्रण बिहार में पूर्णता की ओर अग्रसर होगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के पक्ष में ताबड़तोड़ 19 रैलियां की थीं जिसका बड़ा असर बिहार चुनाव में देखने को मिला था।

# सही समय पर दोस्त व दुश्मन चुनने में माहिर हैं सुशासन बाबू

- राजनीतिक कौशल के धनी नीतीश कुमार की कामयाबी का रहा है लंबा सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**जर्मन** दार्शनिक ओटो वॉन बिस्मार्क का एक बहुत ही प्रसिद्ध वाक्य है असंभव को संभव बनाने की कला ही राजनीति है और आधुनिक राजनीति के माहिर शिल्पकार नीतीश कुमार से बेहतर इन शब्दों को कौन समझ सकता है जो हालिया विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद लगातार चौथी बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने जा रहे हैं। नीतीश कुमार के राजनीतिक चरित्र की यह एक खास विशेषता है कि उन्हें राजनीति में सही समय पर अपने दोस्त और दुश्मन चुनना भलीभांति आता है और यही कारण है कि बिहार में वह 15 साल तक एकछत्र राज करते आ रहे हैं। और अब अगली पारी के लिए फिर से तैयार हैं। भले ही इस बार चुनाव में जनता दल (यू) का प्रदर्शन पहले जैसा नहीं रहा और उसे पिछली बार 2015 के विधानसभा चुनाव में 71 सीटों के मुकाबले इस बार मात्र 43 सीटें मिलीं हैं, लेकिन सियासी वक्त की नजाकत को समझने वाले नीतीश कुमार इस बार भी मुख्यमंत्री बने रहने में कामयाब रहे।

नीतीश ने देश की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले बिहार में हिंदुत्ववादी ताकतों का वर्चस्व कायम नहीं होने दिया और राज्य में उनके कद के कारण ही भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाने के बावजूद बिहार में अपनी पार्टी से किसी को उम्मीदवार न बनाकर नीतीश को गठबंधन की ओर से उम्मीदवार घोषित किया। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले कुमार ने जेपी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, राज्य विद्युत विभाग में नौकरी का प्रस्ताव ठुकरा दिया और राजनीतिक जुआ खेलने का फैसला किया। उस जमाने में बिहार के किसी शिक्षित युवा के लिए सरकारी नौकरी ठुकराकर राजनीति में भाग्य आजमाने का फैसला करना बड़ी बात थी। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाले आंदोलन में अपने साथ राजनीति में कदम रखने वाले लालू प्रसाद और राम विलास पासवान के विपरीत कुमार को लंबे समय तक चुनावी सफलता नहीं मिली थी। उन्हें 1985 के विधानसभा चुनाव में लोक दल के उम्मीदवार के तौर पर हरनौत विधानसभा सीट से पहली बार सफलता मिली, हालांकि उस चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत हासिल किया था। यह ( शेष पेज 9 )

# कपाट बंद होने से पूर्व योगी ने किए केदारनाथ के दर्शन



केदारनाथ धाम में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ

**भाषा।** देहरादून

- मुख्यमंत्री आज जाएंगे बदरीनाथ

**सोमवार** सुबह केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने केदारनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए। केदारनाथ में बर्फबारी के कारण घंटों फंसे रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड में उनके समकक्ष त्रिवेंद्र सिंह रावत सोमवार शाम हेलीकॉप्टर से गौचर पहुंच गए। इससे पहले दोनों मुख्यमंत्रियों ने रविवार को केदारनाथ धाम, उत्तराखंड में कराये जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) अशोक कुमार ने यहां बताया कि दोनों मुख्यमंत्री चमोली जिले के गौचर पहुंच गए हैं जहां से वे अब मंगलवार को बदरीनाथ जाएंगे। योगी और रावत बदरीनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा करेंगे जिसके बाद योगी बदरीनाथ में उत्तर प्रदेश का एक यात्री या अतिथि विश्रामालय के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। पहले योगी और रावत का सोमवार सुबह केदारनाथ से सीधे बदरीनाथ जाने का कार्यक्रम था लेकिन रविवार रात से ही बिगड़े मौसम का मिजाज और बर्फबारी का सिलसिला दिन में भी जारी रहने के कारण वे घंटों तक केदारनाथ में ही फंसे रह गए। हालांकि, सोमवार सुबह केदारनाथ धाम के ( शेष पेज 9 )

### यूपी के श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ और हरिद्वार में बनेगा अतिथिगृह

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के बीच हरिद्वार के अलखनंदा अतिथिगृह को लेकर चल रहा विवाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल के बाद खत्म हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केदारनाथ यात्रा के दौरान भगवान के दर्शन किये और साथ ही दो सरकारों के बीच बरसों पुराना विवाद भी खत्म कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का हरिद्वार में बना अलखनंदा अतिथिगृह उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसे लेकर दोनों सरकारों के बीच बरसों से विवाद चल रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वहीं पर एक और अतिथिगृह बनाया जाएगा। इससे हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। आगामी कुंभ से पहले ये तैयार हो जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ( शेष पेज 9 )

**कोरोना के खिलाफ जंग में एक और राहत भरी खबर**

# मॉडर्ना ने किया ऐलान, उसका टीका 94.5 फीसदी असरदार



- साल के अंत तक तैयार होंगी फाइजर के टीके की 50 मिलियन और मॉडर्ना की 20 मिलियन खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वैक्सीन बना रही अमेरिकी कंपनी मॉडर्ना इंक ने दावा किया है कि कोविड-19 संक्रमण रोकने में इसका टीका 94.5 प्रतिशत प्रभावी है। एक सप्ताह पहले ही मॉडर्ना की प्रतिद्वंद्वी कंपनी फाइजर इंक और उसकी जर्मन सहयोगी कंपनी ने भी अपने टीके के इसी तरह 90 प्रतिशत असरदार होने की घोषणा की थी। इसके साथ ही दोनों कंपनियां अमेरिका में टीके के आपात इस्तेमाल की दिशा में जल्द से जल्द अनुमति प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही हैं। कोरोना वायरस के खिलाफलड़ाई में इस महीने दूसरी बार यह अच्छी खबर मिली है। मॉडर्ना कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसका टीका मजबूत सुरक्षा उपलब्ध कराता है। कंपनी के शोध के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार उसका कोरोना वायरस रोधी टीका 94.5 प्रतिशत प्रभावी प्रतीत होता है। ट्रायल में कंपनी की दवा 30,000 मरीजों पर आजमायी गई है।

मॉडर्ना के अध्यक्ष डॉक्टर स्टीफन होज ने इसका स्वागत किया और कहा कि दो विभिन्न कंपनियों के समान परिणाम काफी आश्वस्त करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उम्मीद जगी है कि वास्तव में एक टीका इस महामारी को रोकने में सफल होने जा रहा है। यह तीन चरणों के बाद इसके सकारात्मक नतीजे मिले हैं। हालांकि यह कितने समय तक अपना असर कायम रख पाएगा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा। होज ने कहा कि इस समस्या का समाधान करने वाली केवल मॉडर्ना ही नहीं होगी, बल्कि इसके लिए कई टीकों की आवश्यकता है। यदि अमेरिका का फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन मॉडरेनाया फाइजर कंपनी के टीके को आपात इस्तेमाल के लिए अनुमति देता है तो इस साल के अंत तक इसकी सीमित आपूर्ति ही होगी। मॉडर्ना ने उम्मीद जताई है कि इस साल के अंत तक वैक्सीन की 20 मिलियन खुराक मिल जाएंगी, जबकि ( शेष पेज 9 )

### कोरोना के 30,548 नए मामले पिछले चार महीनों में सबसे कम

- मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर हुई 93.27 फीसदी

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 30,548 नए मामले आएं, जो पिछले चार महीने में हर दिन आने वाले केसों में सबसे कम हैं। पिछले चौबीस घंटों में 435 कोरोना रोगियों की मौत हुई है। दीपावली के बाद मामलों में तेज बढ़ोतरी की आशंका के बीच यह सभी के लिए राहत भरी खबर है। देश में अब तक संक्रमण के मामले बढ़कर 88,45,127 हो गए। वहीं, इनमें से 82,49,579 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 435 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,30,070 हो गई। देश में लगातार छह दिनों से उपचाराधीन लोगों की संख्या पांच लाख से कम है। अभी 4,65,478 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 5.26 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में 82,49,579 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही मरीजों के ठीक ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,443 | |
| निफ्टी | 12,719 | |
| सोना | 50,425 | /10g |
| चांदी | 62,542 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में आतंकवाद, व्यापार, स्वास्थ्य, ऊर्जा के साथ ही कोरोना महामारी के चलते हुए नुकसान की भरपाई के उपायों जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भी इस बैठक में शामिल होना प्रस्तावित है। ब्रिक्स देशों का यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब इसके दो प्रमुख सदस्य देशों भारत और चीन के बीच सीमा पर छह महीने पहले हुई एक हिंसक झड़प के बाद गतिरोध बरकरार है। अब दोनों पक्ष ऊंचाई वाले इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने के प्रस्ताव पर काम कर रहे है।

# नोएडा के छह गांवों के किसान बनेंगे करोड़पति

**रिंकू यादव।** नोएडा

- लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ भूअधिग्रहण, लगाई जाएंगी बड़ी परियोजनाएं
- किसानों से आपसी समझौते के आधार पर बैनामों के जरिए खरीदी जा रही जमीन



प्रतीकात्मक चित्र

**नोएडा** के छह गांवों के किसान करोड़पति बनने जा रहे हैं। लम्बे इन्तजार के बाद इन गांवों में भूमि अधिग्रहण शुरू हुआ है। नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के इन छह गांवों में भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। टास्क टीम का गठन कर दिया गया है। तीन तहसीलदार और छह लेखपाल मिलकर यह काम कर रहे हैं। किसानों से आपसी समझौते के आधार पर बैनामों के जरिए जमीन खरीदी जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में स्थित गांव मोहियापुर, झट्टा, गुलावली, नलगढ़ा, दोस्तपुर मंगरौली और शाहदरा में जमीन ली जाएगी। जिसके लिए प्राधिकरण काफी दिन पहले अधिसूचना जारी कर चुका है। प्राधिकरण ने कहा है कि इन गांवों की जमीन पर सेक्टर 161, 162, 163, 164, 165 और 166 बसाए जाएंगे। आपसी समझौते के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है। यहां के अधिकांश किसान अपनी जमीन प्राधिकरण को देने के लिए तैयार हैं। ज्यादातर जमीन खरीद ली गई है। किसान अपना सहमति पत्र टास्क टीम को दे रहे हैं।

प्राधिकरण ने कहा है कि उसके अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण की अनुमति के बिना किसी भी तरह का निर्माण कार्य करना, जमीन की खरीद-फरोख्त और अवैध प्लॉटिंग करने की अनुमति नहीं है। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ भूमाफिया अधिनियम और उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम-1976 की धारा 10डी के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण यहां नए औद्योगिक सेक्टर विकसित कर रहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे अथॉरिटी छह ने औद्योगिक सेक्टर बसा रहा है। इसके लिए 31 मार्च 2021 तक 917 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा। अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यहां उद्यमियों को लाया जाएगा। शहर में निवेश के लिए सेक्टर 161, 162, 163, 164, 165 और 166 बसाए जाएंगे। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नए विकसित किए जा रहे सेक्टर एक्वा लाइन मेट्रो और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पश्चिम में होंगे। गांवों में शिविर लगाकर किसानों से सीधे जमीन खरीदने का काम चल रहा है। इसके बाद फेज-2 के इन सेक्टरों के लिए औद्योगिक योजना लान्च की जाएगी। किसान सीधे प्राधिकरण में आवेदन करने का मौका दिया जा रहा है। प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण से बिचौलियों को हटा दिया है। प्राधिकरण को जितनी जमीन की जरूरत है, उसका 70 फीसदी से ज्यादा का अधिग्रहण कर लिया गया है। शेष अगले तीन माह के अंदर कर लिया जाएगा। अधिग्रहण के बदले प्राधिकरण किसानों को 5 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से मुआवजा दे रहा है। इससे पहले प्राधिकरण ने सेक्टर 156, 157, ( शेष पेज 9 )

# कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर पार्टी में फिर घिरे सिब्बल

**भाषा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल के ताजा बयान को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के आंतरिक मुद्दे का जिक्र मीडिया में करने से कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत होती हैं।

दरअसल, सिब्बल ने अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा है कि ऐसा लगता है कि पार्टी नेतृत्व ने शायद हर चुनाव में पराजय को ही अपनी नियति मान लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार ही नहीं, उपचुनावों के नतीजों से भी ऐसा लग रहा है कि देश के लोग कांग्रेस पार्टी को प्रभावी विकल्प नहीं मान रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने ट्वीट किया, कपिल सिब्बल द्वारा पार्टी के आंतरिक मुद्दे का जिक्र मीडिया में करने की कोई जरूरत नहीं थी, इससे देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 1969, 1977, 1989 और उसके बाद 1996 में अनेक संकट देखे ... लेकिन अपनी विचारधारा, कार्यक्रमों व नीतियों और पार्टी नेतृत्व में मजबूत विश्वास के चलते हर बार हम ( शेष पेज 9 )

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

## चकेरी में दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद में युवक की मौत की घटना पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाया, एनएसए लगाने के निर्देश

● मृतक के परिवार को पांच लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** जनपद के चकेरी थाना अंतर्गत बीती रात को हुए दो पक्षों झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि मृतक के परिवारीजनों समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस प्रकरण का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द एवं संप्रभुता को चोट पहुंचाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई के साथ ही एनएसए की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने इस विवाद में मरने वाले युवक के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकेरी के वाजिदपुर में रविवार की देर रात दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा प्रकरण का कड़ा संज्ञान लेने की निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि मामूली सी बात पर विवाद खड़ा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोग समाज व सांप्रदायिक सौहार्द के दुश्मन है उनसे सख्ती से निपटा जाए। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई के साथ ही एनएसए की कार्रवाई की जाए ताकि समाज के ऐसे दुश्मनों को सबक मिल सके।

मुख्यमंत्री ने इस विवाद में मृतक परिवार के प्रति गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य का जाना काफी पीड़ादायक है। शोकाकुल परिवार के साथ हम अपनी संवेदनाएं रखते हैं। उन्होंने मृतक के परिवारी जनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपये की धनराशि दिए जाने की घोषणा की है।

गौरतलब है किए चकेरी के जाजमऊ स्थित वाजिदपुर खंडवा निवासी दीपक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई पिंटू और भतीजा संदीप रविवार शाम को वाजिदपुर कॉलोनी टहलने के लिए निकले थे। दोनों सड़क पर जा रहे थे तभी वहां रहने वाले फैज मोहम्मद के घर के पास पड़े पानी के पाउच पर पिंटू का पैर पड़ने से उसकी छींटें फैज पर जा गिरीं। इस बात से खफा वहां मौजूद लोगों फैज मोहम्मद, अमान, फरमान, राजा का भाई लाला,मोहम्मद आलम, इमरान, इकबाल, तालिब, बबलू, मिराज व मोहसिन सहित 5 अन्य लोगों द्वारा मारपीट व पथराव करते हुए हमला कर दिया।

शिकायतकर्ता दीपक ने बताया कि विवाद की जानकारी पर परिवार के सदस्य व अन्य लोग पहुंचे तो भाई पिंटू और भतीजे संदीप को लहूलुहान पड़े थे जब उन लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में पिंटू निषाद समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिंटू को मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही चकेरी के जाजमऊ वाजिदपुर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस मारपीट और पथराव में मृतक का भाई दीपक, पिता श्रीराम, चाचा रामकिशोर,चचेरा भाई दशरथ, पड़ोसी अनिल और भतीजा संदीप भी घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी हमलावरों में कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## कानपुर में बच्ची की हत्या की घटना पर सीएम सख्त, लगेगा एनएसए

● शोक संतृप्त परिजनों के प्रति जताई संवेदना, दी पांच लाख की आर्थिक मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में दीपावली उत्सव के बीच मासूम बच्ची की नृशंस हत्या की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम का कड़ा संज्ञान लेते हुए दोषियों को जल्द सजा दिलाए जाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर के घाटमपुर स्थित भदरस गांव में रहने वाली सात वर्षीय मासूम बच्ची श्रेया की हत्या को क्रूरता से भरा बताया है। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतक बच्ची व उसके परिजनों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, इस घटना ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि क्रूरता से भरी इस घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके इसको लेकर उन्होंने घाटमपुर में बच्ची की हत्या करने वाले दोषियों का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने के आदेश दिए हैं। साथ ही साथ उन्होंने शोक में डूबे मृतक बच्ची के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में पांच लाख रुपये की धनराशि प्रदान की है। बताते चलें कि घाटमपुर के भदरस गांव में रहने वाली 7 वर्षीय मासूम बच्ची श्रेया को दीपावली के अवसर पर बहला-फुसलाकर पड़ोस के युवक ले गए थे। जहां दुष्कर्म की कोशिश के बाद उन्होंने मानवता की हदें पार करते हुए अंगौछे से हाथ बांधकर बच्ची की नृशंस हत्या की वारदात को अंजाम दे डाला। रविवार की सुबह बच्ची का शव खेत में क्षत विक्षत हालत में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई थी। घटना के पीछे तंत्र मंत्र की भी बात कही जा रही थी लेकिन जघन्य अपराध में गहनता से पड़ताल शुरू की गई। मृतक के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। प्रकरण में फॉरेंसिक व साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने दो आरोपी अंकुल कुरील व वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी पुलिस इंतजार कर रही है। रिपोर्ट में जंगली जानवर व तांत्रिक विद्या से जुड़े बिंदुओं के साक्ष्य मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की बात डीआईजी कानपुर डॉ प्रीतिंदर सिंह द्वारा कही गई है।

## सड़क दुर्घटना में मौत पर सीएम ने शोक जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## रमा मिश्रा के निधन पर शोक

**लखनऊ।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं आउटरीच कमेटी के यूपी प्रभारी प्रमोद तिवारी की समधिन तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की सास 79 वर्षीय रमा मिश्रा का बीमारी के चलते दीपावली की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीया रमा मिश्रा अपने पीछे पति समाजसेवी बृजेश चंद्र मिश्र तथा पुत्र एआईएमटी के निदेशक अंबिका मिश्र को छोड़ गई है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने रमा मिश्रा के निधन को एक संस्कारिक जीवन की धनी उदार महिला ठहराते हुए शिक्षा व समाज के विविधक्षेत्रों मे उनके योगदान को अविस्मरणीय ठहराया है। वहीं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने रमा मिश्रा के निधन को निजी जीवन के लिए एक दुखद बडी रिक्तता करार दिया है। रविवार को लखनऊ के बैकुण्ठधाम मे रमा मिश्रा के अन्त्येष्टि संस्कार मे बड़ी संख्या मे शिक्षाविदों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं, व्यापारियों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## भाजपा राज में जनसामान्य पर पड़ रही चौतरफा मार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में जनसामान्य पर चौतरफा मार पड़ रही है। एक ओर कोरोना का प्रकोप बढ़ रहा है। 24 घंटे में इससे 18 मौतें हुई 1407 नए केस दर्ज हुए। मंहगाई की मार से हर कोई परेशान हैं। भाजपा सरकार बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसे अमानवीय अपराधों पर रोक लगाने में अक्षम साबित हुई है। व्यापारी लुट रहे हैं। किसान जान गंवा रहे हैं लेकिन भाजपा नेताओं की दबंगई का कोई इलाज नहीं, उन्हें मनमानी की छूट मिली हुई है। अखिलेश ने कहा कि बस्ती में एक दलित बच्ची का अपहरण के बाद रेप और फिर हत्या की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। 4 दिन पुलिस शिकायत पर बैठी रही। आए दिन होने वाली इन घटनाओं पर सरकार का असंवेदनशील रवैया निंदनीय है। बेटियों की सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खोखले दावों से कब सुरक्षित होंगी बेटियां। मुख्यमंत्री जी को इसकी जवाबदेही देनी होगी। मथुरा में व्यापारी अनिल अग्रवाल की निर्मम हत्या हो गई। भाजपा राज में व्यापारियों का जानमाल असुरक्षित है।



प्रदेश में बढ़ते अपराधों के पीछे अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का ध्यान प्रशासन पर कम राजनीतिक स्वार्थ साधन पर ज्यादा रहता है। फलत: प्रशासनिक मशीनरी भी सुस्त रहती है। जनता की कठिनाइयों के समाधान में भाजपा की दिलचस्पी नहीं होने से विकास कार्य अवरुद्ध हैं और प्रदेश लगातार प्रगति की दिशा में पिछड़ता जा रहा है। भाजपा सरकार के जनविरोधी कामों से जनता में तीव्र आक्रोश है। जनता का यह आक्रोश 2022 में परिवर्तन पर मुहर लगाएगा।

## कृषि की भांति गौशालाओं में प्रयुक्त यन्त्रों पर भी मिले सब्सिडी: श्याम नंदन

**लखनऊ( पीएनएस )।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ श्याम नंदन सिंह ने कहा कि आयोग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा है कि गोशालाओं में प्रयोग होने वाले यन्त्रों पर कृषि यन्त्रों के समान सब्सिडी मिले। उन्होंने इसके साथ ही गौशालाओं से निर्मित होने वाली सभी वस्तुओं को एमएसएमई से जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाये जाने का भी प्रस्ताव रखा है। उन्होंने बताया कि आयोग ने प्रयत्न करके गोशालाजों में लगे ट्वूबवेल कनेक्शन में विद्युत की दरों को कृषि दर पर करा दिया है। उन्होंने कहा कि इसका काफी लाभ गौशालाओं के संचालकों को मिलेगा। डॉ श्याम नंदन सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में कृषि के लिए जैविक खाद काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गौशाला इसमें अहम भूमिका निभा सकती हैं। श्री सिंह ने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए गो शालाओं द्वारा जैविक खाद का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ समेत प्रदेश के 4 शहरों में गौशालाओं की मदद से गोबर गैस प्लांट की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह प्लांट बिजली उत्पादन के साथ ही जैविक खाद के उत्पादन में भी अहम भूमिका अदा करेगा।




शहीद स्मारक पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम

## पीडीपी के साथ सरकार बनाने के लिए भाजपा देश से माफी मांगे: अतुल कुमार अनजान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** द्वारा जम्मू कश्मीर के राजनीतिक सामाजिक परिस्थितियों पर उठाए जा रहे सवालों पर स्वयं भाजपा को आज देश को जवाब देने की जरूरत है उक्त विचार व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अनजान ने कहा कि भाजपा ने मुफ्ती मुफ्ती महबूबा की पीडीपी पार्टी की सभी नीतियों की जानकारी होने के बावजूद भी उसके साथ सरकार क्यों बनाई , आज तिरंगा अभियान की बात कर भाजपा पुन: एक बार राज्य में सांप्रदायिक माहौल खड़ा करना चाहती है। महबूबा मुफ्ती मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के उपमुख्यमंत्री जम्मू कश्मीर के झंडे को सलामी दे रहे थे और सरकार चला रहे थे तब उन्हें तथाकथित राष्ट्र विरोध नहीं दिखाई दिया, आज विपक्ष पर अनर्गल हमला कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर की परिस्थितियों को बर्बाद करने में सबसे बड़ा योगदान महबूबा मुफ्ती और भाजपा की मिली जुली सरकार का रहा है, उसी दौर में सबसे ज्यादा आतंकवादी घटनाएं राज्य में हुई। राज्य व केंद्र की सरकार तमाशाई ही बनी रही।

## बलात्कार व हत्या जैसे अपराध रोकने में सरकार नाकाम: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राज्य की योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह महिला सुरक्षा, बलात्कार, हत्या, अपराध की रोकथाम में पूरी तरह विफल साबित हुई है, उसका मिशन महिला शक्ति किस ग्रह पर चल रहा है किसी को पता नहीं है।

उन्होंने सोमवार को कहा कि आज भदोही में छह वर्षीय बालिका की गला रेतकर अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गयी। बस्ती में दलित बच्ची का अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या की घटना हुई। बेटी के अपहरण के बाद चार दिन तक परिजन पुलिस थाने के चक्कर लगाते रहे और पुलिस घटना की अनसुनी करती रही, जिसके फलस्वरूप अपराधियों ने बेटी के साथ दरिंदगी पूर्ण कृत्य कर उसे दुनिया से अलविदा कर दिया।



उन्होंने कहा कि गोण्डा में छेड़खानी की घिनौनी घटना व पुलिस द्वारा रिपोर्ट न दर्ज करने के कारण बेटी ने आत्महत्या कर ली। शाहजहांपुर में मासूम बेटी के साथ बलात्कार हो जाता है, योगी जी की पुलिस कुछ नहीं कर पाती। अपराध का सिलसिला यहीं नहीं थमा बल्कि बुलंदशहर में पहले ही छेड़छाड़ से तंग आकर एक बेटी ने जहर खाकर जान दे दी थी अपराधियों ने बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने वाले उसके भाई की घर का दरवाजा खुलवाकर गोली मारकर हत्या कर दी।

लल्लू ने कहा कि प्रदेश में चारों तरफ अपराधियों का आतंक व्याप्त है। दुरुस्त कानून व्यवस्था का ढिंढोरा पीटने वाले योगी जी बताएं कि जब उनकी नजरों में कानून व्यवस्था दुरुस्त चाक चौबंद है तो क्या यह घटनाएं किसी अन्य ग्रह पर हो रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाल फिलहाल न केवल शाहजहांपुर, गोण्डा और बस्ती से दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटनाएं सामने आयी हैं आए दिन प्रदेश के कोने कोने में दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। बस्ती, गोण्डा और शाहजहांपुर में मासूमों के साथ दीपावली के पवित्र त्यौहार के दौरान हुई घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। योगी सरकार के लिए ये घटनाएं शर्मनाक हैं।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के नाम करोड़ों का विज्ञापन खर्च कर मिशन शक्ति की शुरुआत के साथ बड़े बड़े दावे करने वाली सरकार के राज में बेटियों और महिलाओं पर होने वाले अपराधों में बाढ़ आई हुई है।

## भीम राजभर बसपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद वर्ष 2022 में होने वाले आम विधानसभा चुनाव को देखते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने अतिपिछड़ा कार्ड खेल दिया है। बसपा प्रमुख ने मुनकाद अली की जगह भीम राजभर को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। भीम राजभर मऊ के रहने वाले हैं। पार्टी की कोशिश अतिपिछड़े वोट बैंक को बसपा के पक्ष में करने की है।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे वरिष्ठ नेता के बसपा छोड़ने के बाद मुस्लिम समाज को अपने साथ जोड़ने के लिए ही मायावती ने मुनकाद अली को प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी सौंपी थी। हाल में राज्य सभा चुनाव के दौरान सपा को हराने के लिए भाजपा के साथ जाने में गुरेज न करने जैसे बयान से मुस्लिम समाज के फिलहाल पार्टी से दूर हो जाने की आशंका के मद्देनजर बसपा सुप्रीमो ने अब पिछड़े समाज को अपने से जोड़ने पर ज्यादा फोकस करने के लिए अब यह दांव चला है। वही मुनकाद को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने की चर्चा है, लेकिन इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। इसके साथ ही लखनऊ मंडल संगठन में फेरदबल किया गया है। लखनऊ के जिलाध्यक्ष एचके गौतम को हटा दिया गया है। लखनऊ का नया जिलाध्यक्ष अखिलेश अंबेडकर को बनाया गया है। वहीं लखनऊ मंडल का मुख्य सेक्टर प्रभारी डा. अशोक सिद्धार्थ को बनाया गया है। डा. रामकुमार कुरील, डा. विनोद भारती, रामनाथ रावत व विनय कश्यप उनके साथ लगाए गए हैं। उन्नाव मिथलेश कुमार पंकज, रायबरेली बाल कुमार गौतम, हरदोई सुरेश चौधरी, लखीमपुर खीरी प्रमोद चौधरी और सीतापुर का जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम को बनाया गया है।

## कार्यशाला में दिया गया ऑनलाइन संचार के माध्यम से प्रशिक्षण और शिक्षा पर जोर

● कोरोना से प्रशिक्षार्थी भी रहेंगे सुरक्षित, खर्च भी बचेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के तत्वाधान में सोमवार को 67 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के तीसरे दिन ऑनलाइन संचार के माध्यम से प्रशिक्षण और शिक्षा उन्मुख करना विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर एके सिंह प्रबन्ध निदेशक सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. ने विषय की प्रासंगिकता पर विशेष बल देते हुए सभी से यह अपेक्षा की कि कोरोना के दृष्टिगत ऑनलाइन प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जाय जिससे प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय से संस्थाओं को बचाया जा सके एवं कोरोना के प्रकोप से प्रशिक्षार्थी भी सुरक्षित रहें। उक्त गोष्ठी में मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि मनोज द्विवेदी प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी संघ लिए लखनऊ उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एके सिंह प्रबन्ध निदेशक सहकारी ग्राम विकास बैंक लि द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी में आईसीसीएमआरटी लखनऊ के एसोसिएट प्रोफेसर डा आरके पी प्रजापति एवं बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित हुए। उक्त विषय पर आमंत्रित अतिथियों तथा बैंक अधिकारियों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किये गये जिसमें सभी ने आज के परिदृश्य में प्रशिक्षण व शिक्षा के लिए आवश्यकता पर बल दिया तथा इसकी अनिवार्यता बताई। गोष्ठी के अन्त में बैंक के प्रबन्ध निदेशक ने सभी को धन्यवाद दिया।

## धान खरीद पर सरकार की ऊंची छलांग

● अब तक तीन लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद की प्रक्रिया पूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विपरीत** हालत में योगी सरकार धान खरीद को रफ्तार देने में काफी कुछ हद तक कामयाब रही है। करीब डेढ माह में तीन लाख मीट्रिक टन से अधिक धान किसानों से सरकार खरीद चुकी है जो पिछले साल इसी अवधि में हुई खरीद की तुलना में दो गुना से अधिक है। धान की अच्छी खरीद से सरकार काफी खुश है और वह इसे किसानों के बड़े हित से जोड़कर देख रही है।

राज्य में पहली अक्टूबर से शुरू हुई धान खरीद का बीती पहली नवम्बर से दूसरा चरण भी शुरू हो गया है। जिसमे उन जिलों में भी धान खरीद शुरू हो गई है जिनमें देर से



धान तैयार होता है। खरीद का दूसरा चरण शुरू होने से सरकार को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में धान खरीद और रफ्तार पकड़ेगी तथा 55 लाख मीट्रिक टन धान खरीद के लक्ष्य को आसानी से पार किया जाएगा।

सरकार की तरफ से धान खरीद को लेकर अब तक आंकड़ा भी जारी किया है उसके अनुसार यूपी में अब तक 3 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद की प्रक्रिया पूरी हो गई है। पिछले साल इस अवधि तक सवा से डेढ लाख मीट्रिक टन था। विदित हो कि किसानों को लेकर योगी सरकार बहुत गंभीर है। धान खरीद में लापरवाही के चलते दर्जन भर से अधिक अधिकारियों के खिलाफ सीएम योगी के स्तर से सीधे कार्रवाई की जा चुकी है। इसके साथ ही सीएम योगी पहले ही साफ कर चुके हैं कि यूपी में धान क्रय में किसानों को उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए अब डीएम भी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के धान की समय से खरीद और पूरा समर्थन मूल्य मिले ये जिलाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। किसी भी जनपद-मण्डल में कोई भी अधिकारी यदि इसमें ढिलाई बरतता है अथवा लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश सीएम योगी ने दिए हैं। सरकार ने धान खरीदने की पारदर्शी व्यवस्था के लिए ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था को फूल प्रूफ बनाने के लिए आधार कार्ड और जमीन के कागजात से जोड़ा गया है।

## घर बैठे गरीब, बेसहारों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

● समाज कल्याण ने राजधानी से की योजना की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के दौर में घर बैठे बुजुर्गों और गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारी कर ली है। पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर इसकी शुरुआत राजधानी से की गई है। इसके तहत अधिकारियों से सीधे तौर पर लाभार्थी जुड़कर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आर्थिक रूप से गरीब व असहायों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, शादी अनुदान, सामूहिक शादी अनुदान, शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई योजनाएं संचालित की जाती हैं। ऐसे में लोगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग स्तर इस तरह की पहल शुरू की जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन के साथ ही राजधानी के ब्लॉकवार और योजनावार अधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए हैं। फिलहाल इस बारे में समाज कल्याण विभाग अधिकारी अमरनाथ यति का कहना है कि कोरोना के दौर को देखते हुए कार्ययोजना में बदलाव किया गया है। आवेदक घर से न निकले इसके लिए फोन की सुविधा दी जा रही है।

## हार के डर से छद्म प्रत्याशी लड़ा रही भाजपा: हरिकिशोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद स्नातक चुनाव के लिए आगरा स्नातक क्षेत्र से लोक निर्माण विभाग से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर युवाओं और शिक्षित बेरोजगारों का नेतृत्व करने उतरे स्नातक प्रत्याशी इं. हरिकिशोर तिवारी इटावा और अलीगढ़ के हरिकिशोर तिवारी इंजीनियर सहाय को लेकर चल रहे असमंजस को कर्मचारी और शिक्षक राजनीति का डेढ़ दशक से सफल नेतृत्व कर रहे इं. हरिकिशोर तिवारी इटावा ने बहुत ही आसानी खत्म कर दिया है।

उनका आरोप है कि भाजपा के इस डबल गेम से स्नातक मतदाता पहले ही सर्तक था लेकिन भाजपा ने मेरे नाम से प्रत्याशी उतार कर इस बॉत का प्रमाण दे दिया है कि उसे इस सीट मेरे उतरने से हार नजर आ रही है। पिछले दो से ढाई वर्षो में आगरा सहित स्नातक क्षेत्र के सभी 12 जनपदों के युवाओं और स्नातकों के बीच बेहतर सामाजन्स स्थापित करने में सफल हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि अपने मतदाताओं को नाम के नाम से गुमराह होने से बचाने के लिए उन्होंने अपने नाम के आगे इटावा लिखने की अनुमति निर्वाचन आयोग से विधि सम्मत प्राप्त कर ली है। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित तरीके से मेरे नाम के प्रत्याशी उतारे जाने में सत्तारूढ़ पार्टी की अहम भूमिका है। मेरी स्नातक मतदाताओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए अलीगढ़ निवासी हरिकिशोर तवारी इंजीनियर का नामांकन शपथ पत्र में कई त्रुटियॉ होने के बावजूद नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने कहाकि मैने स्वंय निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत कर उक्त नामांकन को रद्द करने की मांग की है। तिवारी ने आरोप लगाया की प्रदेश की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी हार के डर से जानबूझकर हमारे विरुद्ध ऐसे प्रत्याशी को लड़ा रही है जो हाई स्कूल पास है। परंतु मेरा नाम राशि है गलत तथ्यों के आधार पर भी दबाव डालकर उसकी पर्ची को शामिल किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582



मॉडल हाउस स्थित कालीबाड़ी मंदिर में अन्नकूट की पूजा करते भक्तगण



भाई दूज में भाइयों के लिए पूजा करती बहनें



मनकामेश्वर मठ की महन्त देव्यागिरी ने भैया दूज पर्व पर श्रद्धालुओं के साथ किया पूजन

# रेलकर्मी सहित तीन और ने तोड़ा दम, आधा दर्जन गंभीर

**बंथरा शराब कांड**

## अवैध शराब बेचने के आरोपी कोटेदार सहित दो को भेजा गया जेल

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार को हुए शराब कांड में रेलकर्मी सहित दो अन्य ग्रामीणों ने दम तोड़ दिया। अब तक यहां के दो गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों की मौत हो चुकी है जबकि आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों का इलाज चल रहा है। जहरीली शराब पीकर बीमार हुए अन्य लोगों की जांच के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जहां शिविर लगाकर संदिग्धों की जांच की गई। वहीं बंथरा पुलिस ने जागरूकता के लिए डुगडुगी बजवाई। उधर पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोपी कोटेदार सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि बंथरा के लतीफनगर में रहने वाले राजकुमार उर्फ राजू रावत (38) व रसूलपुर के सुंदर लाल रावत (39) बुधवार की शाम कोटेदार नन्हकऊ के घर से शराब खरीद कर पी थी। जिसके बाद इन दोनों की तबियत बिगड़ गई थी। इलाज के लिए इन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए रिफर किया गया, मगर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। यहीं से शराब खरीद कर पीने वाले रसूलपुर के रहने वाले निर्मल (40) की शुक्रवार रात व मोहम्मद हबीब (38) ने शनिवार की रात तथा रेलकर्मी अजय यादव (41) ने भी रविवार की देर रात दम तोड दिया। जबकि यहीं से जहरीली शराब खरीद कर पीने वाले सुंदर लाल के बड़े भाई कन्हैयालाल (40), रसूलपुर गांव में रिश्तेदारी आया उन्नाव के मोहान निवासी हाफिज (30), लतीफनगर निवासी मनोज कोरी (35), उमेश (34) और कमला रावत (37), दयाराम (40), नन्हा (38), गंगाराम (42) व कैलाश (40) का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है।



जागरूकता के लिए पुलिस ने बजवाई डुगडुगीः ग्रामीणों को शराब से होने वाले नुकसान की जानकारी देने व उन्हें जागरूक करने के लिए बंथरा के प्रभारी निरीक्षक ने गांव में डुगडुगी बजवाई और जरूरी जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिविर में जाकर जांच कराने की भी सलाह दी गई।

### स्वास्थ्य केन्द्र ने लगाया शिविर

पुलिस को आशंका थी कि त्यौहार के मौके पर लतीफनगर एवं रसूलपुर में काफी लोगों ने शराब पी होगी। जिसपर बंथरा के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी से सम्पर्क कर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाया। इसमें दो दर्जन से अधिक लोगो की जांच की गई। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर उनका इलाज किया गया। पुलिस की मानें तो जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक अन्य ग्रामीणों में शराब पीने की पुष्टि हुई। जिनका इलाज किया गया और उन्हें जरूरी सलाह भी दी गई।

### तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

बंथरा शराब कांड में आबकारी निरीक्षक आलोक पाण्डेय ने दो एफआइआर दर्ज कराई हैं। एक एफआइआर में उन्होंने लतीफनगर के कोटेदार नन्हकऊ अवैध तरीके से शराब बेचने व दूसरी में यहां स्थित स्थित सरकारी देशी शराब के ठेकेदार सुभाष कुमार सिंह व सेल्समैन उन्नाव के सफीपुर निवासी मानवेन्द्र सिंह पर गलत तरीके से शराब बेचने का आरोप लगाया है। उधर लतीफनगर निवासी उमेश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पहले उसने सरकारी देशी शराब ठेके से शराब खरीद कर पी थी। लेकिन जब वह दूसरी बार शराब खरीदने पहुंचा तो ठेका बंद था लेकिन सेल्समैन उससे कोटेदार नन्हकऊ के यहां से शराब खरीदने की सलाह दी।

### गांव के पांच लोगों की मौत से मातम का माहौल

जहरीली शराब पीने से रसूलपुर गांव के पांच लोगो ने अब तक दम तोड़ दिया है। जबकि अभी भी कई लोगों का इलाज चल रहा है। यहां के रहने वाले सुन्दरलाल, अनीस, निर्मल, हबीब व रेलकर्मी अजय की मौत हो चुकी है। सुन्दर की पत्नी किरन, बेटा संजीव (15) व आदित्य (12) व बेटी छाया (09), अनीस की पत्नी रूबीना बेटी अमीन, निर्मल की पत्नी सियापती, बेटा अनिमेख (21) व बेटी आकृति (18), अजय यादव की पत्नी ममता, पुत्री रोषनी (22), सोनाली (17) व गोल्डन (15) व बेटा अभिषेक (20) का रो-रोकर बुरा हाल है। इन सभी के मोहल्ले में दो दिन से चूल्हे नही जले। उधर लतीफनगर निवासी राज कुमार के परिवार में भी मातम का महौल है।

# भैया दूज पर बहनों ने किया भाइयों का टीका

## जेलों में मुलाकात प्रतिबंधित रही लेकिन पब्लिक एड्रेस सिस्टम से बंदियों को सुनाए गए बहनों के रिकार्डेड संदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भैया** दूज का त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों का टीका कर उनकी लंबी आयु व सुख समृद्धि की कामना की। वहीं प्रदेश के सभी जनपदों की जेलों में भी भैया दूज पर्व मनाया गया। कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते हालांकि बंदियों से मुलाकात पूरी तरह प्रतिबंधित रही लेकिन उनकी बहनों के रिकार्डेड सन्देश जेल रेडियो और जेलों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर सुनाए गए। इन संदेशों में बहनों ने भाइयों से दिल की गहराइयों से बात की और सभी ने इस कार्य के लिए डीजीपी जेल आनंद कुमार को दुआएं दी और भरपूर प्रशंसा की।

बन्दियों के समाजीकरण,उन्हें मानव होने की गरिमा तथा देश, गांव व समाज में उनकी कुशल वापसी के प्रति सजग है उन्हें यह भरोसा दिलाने की कोशिश के तहत डीजी जेल आनंद कुमार ने भैया दूज के अवसर पर बन्दियों की बहनों के प्री रिकार्डेड सन्देश जेल रेडियो और पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम परस भाई जाने को अभिनव व्यवस्था का अनुपालन सभी जेलों में किए जाने के निर्देश दिए थे। उसके बहुत अच्छे परिणाम आए हैं। बहनों का कहना है कि ऐसा अवसर पहली बार हुआ है कि जेलों में बंद बंदियों की बात उनकी बहनों से हो गई एवं हर्षोल्लास पूर्वक भैया दूज पर्व मनाया गया इस उपकार के लिए पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश कारागार आनंद कुमार श्रीवास्तव की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। बता दे कि हर साल भाई दूज और रक्षा बंधन पर जेल के कैदियों के भाई बहन अपने भाइयों या बहनों को बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में जेल आते हैं। इससे पहले इस साल रक्षा बंधन पर भी राज्य सरकार ने कैदियों को रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति नहीं दी थी और राखियां हेल्प डेस्क पर छोड़ने के लिए कहा था।

## चित्रगुप्त जयन्ती पर सीएम ने दीं हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रगुप्त जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की जयन्ती अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

## झूलेलाल वाटिका में हुआ कलम दवात का सामूहिक पूजन कार्यक्रम

**लखनऊ( पीएनएस )।** शहर में कलम दवात की पूजन की गई। कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा यम द्वितीया के दिन सामूहिक कलम दवात पूजन कार्यक्रम भगवान श्री चित्रगुप्त धाम झूलेलाल वाटिका में सोशल डिस्टेन्स के साथ भव्य रूप से मनाया गया। प्रसाद के तौर पर कलम, फल, लड्डू के साथ सेनेटाइजर व मास्क का वितरण भी किया गया। सोमवार को पूरे शहर में यम द्वितीया का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि आज कोरोना संक्रमण के चलते सोशल डिस्टेंस के साथ कलम दवात पूजन के साथ शस्त्र पूजन भी हुआ। भगवान श्री चित्रगुप्त धाम की फूलों, गुब्बारों से सजावट हुई। यम द्वितीया के दिन कायस्थ समाज में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष कलम दवात पूजन की परंपरा है। सभी ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कथा भी सुनी। प्रसाद के रूप में कलम, फल, लड्डू के साथ सेनेटाइजर व मास्क का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि कोरोना की समाप्ति व मानव कल्याण के लिए विशेष पूजा अर्चना भी हुई। कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर में सुबह ही भगवान श्री चित्रगुप्त जी का भव्य श्रृंगार हुआ। कायस्थ समाज की एकजुटता व राजनैतिक चेतना जाग्रत करने के लिए भी हवन पूजन किया गया। महामंत्री मनोज डिंगर ने बताया कि यम द्वितीया के दिन कथा का विशेष महत्व होता है। भगवान श्री चित्रगुप्त घाट पर लखनऊ की जीवनदायिनी माँ गोमती की आरती भी हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक दिलीप श्रीवास्तव, कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज डिंगर, संजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, कीर्ति चौधरी, विवेक श्रीवास्तव रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला समेत दो की मौत, हत्या का आरोप

**लखनऊ।** हजरतगंज के मछ्लीपुर में शनिवार रात संदिग्ध हालात में 21 वर्षीय श्वेता की मौत हो गई। श्वेता के पिता ने उनके पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, तालकटोरा क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई हॉस्पिटल के पास रविवार दोपहर रेलवे ट्रैक पर 24 वर्षीय करन का शव पड़ा मिला। करन की मां ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। हजरतगंज मछ्लीपुर निवासी विशाल ने चार साल पहले हुसैनगंज के भीमनगर में रहने वाली श्वेता से प्रेम विवाह किया था। दीवाली के दिन श्वेता की मौत हो गई। श्वेता के पिता सुरेश ने विशाल पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। विशाल के मुताबिक दीवाली की रात श्वेता बाथरूम में फिसलकर गिर गई। उसके सिर पर चोट आई थी। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सुरेश ने बताया कि रात विशाल ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि श्वेता की तबियत खराब है। उसे सिविल में भर्ती कराया गया है। वह भागकर सिविल पहुंचे तो श्वेता उन्हें मृत अवस्था में मिली। सुरेश ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर विशाल ने बेटी की हत्या कर दी। उधर तालकटोरा क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई हॉस्पिटल के सामने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। इंस्पेक्टर ने बताया कि सूचना पर पहुंचे युवक के परिवार वालों ने शव की शिनाख्त करन के रूप में की। करन की मां ने बताया कि दोपहर बेटा घर से निकला था। किसी ने बेटे की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। करन की मां ने बेटे की मौत की जांच की मांग की है।

### बंद मकान में तीन दिन पुराना शव मिला

**लखनऊ।** मड़ियांव के प्रियदर्शिनी कालोनी में रविवार को बंद मकान में तीन दिन पुराना युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि प्रियदर्शिनी कालोनी के एक मकान में दुर्गन्ध आने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस बंद मकान का ताला तोड़कर अंदर गई। पुलिस को कमरे में उत्तराखंड के पोखरी, पौड़ी गढ़वाल निवासी पंकज बहुगुणा का शव मिला। शव करीब तीन दिन पुराना लग रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार पंकज अपने मकान में अकेले रहता था व बीमार रहता था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी इलाके के मेदांता अस्पताल के पास दिवाली के दिन अज्ञात वाहन ने बाइक सवार उन्नाव निवासी 55 वर्षीय राकेश सैनी की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय पुलिस के इलाज के लिए लोहिया भर्ती कराया जहाँ उनकी मौत हो गई। पुलिस के पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# पुलिस ने तीन घंटे में बरामद किया अपहृत मासूम, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक छह वर्षीय मासूम के अपहरण की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मासूम के अपहरण की सूचना पुलिस महकमे में खलबली मच गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को सकुशल बरामद करने के साथ अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आशियाना थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार सुबह थाना क्षेत्र स्थित पवन कुमार पुत्र स्व. श्रीराम निवासी किला मोहम्मदी द्वारा 6 वर्षीय प्रिंस नामक बच्चे के अपहरण की सूचना दी गई। वहीं मासूम के परिजनों ने सोनम रावत पत्नी राकेश रावत निवासी किला मोहम्मदी पर अपहरण का आरोप लगाते हुए नामजद लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद एक टीम गठित कर अपहरण हुए मासूम को सकुशल बरामद करने के साथ अपहरण कर्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गुम हुए मासूम को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे खिल गए।



रविवार देर रात हुई बारिश और तेज हवाओं ने राजधानी की आबोहवा को काफी हद तक कर दिया प्रदूषणमुक्त

## नगर निगम के बांड को जनता ने लिया हाथोंहाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल में लखनऊ नगर निगम ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। लखनऊ नगर निगम के बांड को बाॅम्बे स्टॉक एक्सचेंज में दो सौ करोड़ के कुल अंक के साथ लॉन्च किया है, जो 225 फीसदी (450 करोड़) से अधिक सब्सक्राइब हुआ। 10 साल के बांड के लिए 8.5 फीसदी की उछाल के साथ एक बहुत ही आकर्षक दर पर बंद हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। इसे लेकर लखनऊ में 2018 में हुए इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर भारत में अमृत योजना के तहत पहले नगर निगम के बांड के रूप में लॉंच करने के लिए एक चुनौती के रूप में लिया था। हालांकि इसे दीपावली के एक दिन पहले 13 नवंबर को सफलतापूर्वक बीएसई में लॉंच किया गया। उल्लेखनीय है कि कोविड काल में इसे जारी करना अपने आप में उपलब्धि है।

# राजधानी में 231, सूबे में मिले कोरोना के 1573 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** सोमवार को कोरोना वायरस के 1573 नए मरीज पाए गए हैं जबकि बीते 72 घण्टे के अंदर यह आंकड़ा 5163 का रहा। वहीं राजधानी लखनऊ में सोमवार को 231 नए मरीज मिले जबकि पिछले 72 घंटे में 687 केस सामने आए हैं। सूबे में 22603 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 3218 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7393 मरीजों की और राजधानी में 938 की मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 505,457 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1889 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 482854 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज यानी सोमवार को लखनऊ में 231, कानपुर में 73, प्रयागराज में 128, गाजियाबाद में 158, नोएडा में 84, गोरखपुर में 16, वाराणसी में 49, मेरठ में 168, बरेली में 41, मुरादाबाद में 12, अलीगढ़ में 130, झांसी में 36, सहारनपुर में 23, आगरा में 39, अयोध्या में 7, बाराबंकी में 5, बलिया में 3, लखीमपुर खीरी में 11, शाहजहांपुर में 9, मुजफ्फरनगर में 16, देवरिया में 5, जौनपुर में 3, आजमगढ़ में 5, मथुरा में 29, हरदोई में 19, कुशीनगर में 1, रामपुर में 4, इटावा में 12, बुलंदशहर में 8, गोंडा में 1, बस्ती में 10, प्रतापगढ़ में 25, सीतापुर में 5, रायबरेली में 16, सुल्तानपुर में 2, सोनभद्र में 13, फर्रुखाबाद में 2, उन्नाव में 6, चंदौली में 10, अमरोहा में 7, सिद्धार्थनगर में दो, पीलीभीत में 11, बिजनौर में 42, बहराइच में 2, हापुड़ में 6, बदायूं में 12, फतेहपुर में 2, मैनपुरी में 4, फिरोजाबाद में 8, जालौन में 36, कन्नौज में 9, बांदा में 11, अमेठी में 6, औरैया में 19, मिर्जापुर में 6, शामली में 9, ललितपुर में 9, संभल में 10, मऊ में 1, एटा में 3, कौशांबी में 12, भदोही में 6, चित्रकूट में 5, बलरामपुर में 2, कासगंज में 4, अंबेडकरनगर में 2, बागपत में 6, हाथरस में 5 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने की डोर-टू-डोर ट्रेसिंग की सराहना

**लखनऊ।** कोरोना वायरस संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए सूबे में चल रही कांटेक्ट ट्रेसिंग को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कारगर बताते हुए दूसरे देशों को भी इसे अपनाने की नसीहत दी है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ने उत्तर प्रदेश में 70 हजार मेडिकल टीमें गठित कर डोर टू डोर सर्विलांस किए जाने को कारगर बताया है। यहां एक संक्रमित के संपर्क में आए 20 लोगों की जांच की गई है। संक्रामक रोग विभाग के संयुक्त निदेशक विकासेन्दु अग्रवाल ने बताया कि जुलाई से लेकर नवंबर तक आठ बार प्रदेश के सभी नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई। कोरोना वायरस का संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए 23 करोड़ आबादी को जागरूकता कार्यक्रमों की मदद से बचाव के उपाय भी बताए गए। वहीं 64,500 से अधिक कोविड.19 हेल्प डेस्क सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में बनाए गए। इस हेल्प डेस्क पर इंफ्रारेड थर्मामीटर और पल्स ऑक्सीमीटर की मदद से लोगों की स्क्रीनिंग की गई। यही नहीं दिल्ली व हरियाणा में लगातार बड़ी संख्या में मिल रहे कोरोना मरीजों को लेकर गृह मंत्रालय द्वारा चिंता व्यक्त की गई है। क्योंकि दिल्ली में कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 13 प्रतिशत और हरियाणा में 14 प्रतिशत है।

# दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी

**लखनऊ।** सोमवार दिनदहाड़े बीबीडी चौकी इलाके के सीतापुरम कॉलोनी में चोर एक मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर ले गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घंटों तक जांच पड़ताल की है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित राहुल दुबे पत्नी और एक बच्चे के साथ स्थानीय थाना इलाके के बीबीडी सीतापुरम कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे पत्नी के साथ सामान लेने सेमरा गए थे। इस दौरान मकान का ताला बंद कर गए थे। उनके घर से निकलने के करीब आधा घंटे बाद काम करने आए पेंटर ने ताला टूटे होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे राहुल चोरों की करतूत देखकर दंग रह गए। आनन-फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी। वारदात के दौरान शातिर चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद अलमीरा और लॉकर तोड़ दिए। इसमें रखे लाखों के जेवर, नगदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज उठा ले गए।

### नहर में गिरने से बाइक सवार युवक की गई जान

**माल।** माल थाना क्षेत्र के पारा पुलिया के पास बीते शनिवार की रात नशे में धुत बाईक सवार युवक की नहर में गिरने से मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक शनिवार देर रात पारा भदराही पंचायत के मजरा गंगाखेड़ा गाँव निवासी 20 वर्षीय सूरज यादव पुत्र लाला यादव नशे में धुत होकर बाईक से गहदेव जा रहा था। पारा पुलिया गांव के पास बाईक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। बाइक से दब जाने व घायल होने से उसकी मौत हो गई।

# दो दशक से सेतु निगम को नहीं मिला विदेशों में काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विभाग में हुए अब तक के नुकसान के लिए पिछली सरकारें दोषीः केशव प्रसाद मौर्य**

**दो** दशक पहले तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करा कर अपना परचम लहराने वाला उत्तर प्रदेश सेतु निगम के काम का दायरा घटता ही जा रहा है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम की स्थिति यह है कि वह अब उत्तर प्रदेश के अलावा देश के कुछ ही राज्यों में अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन कर पा रहा है।

सेतु निगम के कार्य क्षेत्र के घटने के संबंध में विभाग के कर्मचारी संगठन सीधे-सीधे विभाग के अधिकारियों को दोषी बता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सेतु निगम में हुए अब तक के नुकसान के लिए पिछली सरकारों को दोषी बताते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने कार्य में तीव्रता पकड़ी है जहां अन्य प्रदेशों में काम मिलना बंद हो गए थे, वहीं अब अन्य प्रदेशों में भी काम मिलना शुरू हो गए हैं साथ ही उत्तर प्रदेश में भी काफी तीव्र गति से कार्य कराया गया है।

उत्तर प्रदेश सेतु निगम देश में भले ही पुल निर्माण परियोजनाओं की उपलब्धियां गिना रहा हो, लेकिन दो दशक हो गए विदेशों में इस विभाग को काम नहीं मिला। इसकी वजह स्टॉफ की कमी बताया जा रहा है। विभागीय जानकारी के मुताबिक विदेशी परियोजनाओं में यमन के हेराड ब्रिज को बनाने का काम निगम की आखिरी परियोजना थी। 95 करोड़ रुपए लागत वाली यह परियोजना 1995 में पूरी हुई थी। इसके बाद से निगम को विदेशों में एक भी ब्रिज परियोजना का ठेका नहीं मिला है। इराक और नेपाल में निगम ने सबसे अधिक सेतुओं का निर्माण किया है। इन दो देशों में निगम ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम किया है, लेकिन इन देशों ने भी निगम से किनारा कर लिया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुका उत्तर प्रदेश सेतु निगम मौजूदा समय में दोराहे पर खड़ा दिखाई पड़ रहा है। सेतु निगम से उत्तर प्रदेश सरकार को अपेक्षा तो बहुत है लेकिन वास्तव में सेतु निगम भीतर ही भीतर पूरी तरह खोखला होता जा रहा है, सेतु निगम में नई भर्ती न होने के चलते न तो कर्मचारी बचे हैं ना ही इंजीनियर। स्थिति यह है कि पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से काम चलाया जा रहा है मौजूदा समय में काफी बड़ी संख्या पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सेतु निगम में कार्यरत हैं। कुल मिलाकर सेतु निगम मौजूदा समय में पीडब्ल्यूडी व सेतु निगम के इंजीनियरों का अखाड़ा बन चुका है। विभागीय अधिकारियों की राजनीति का नतीजा यह है कि सेतु निगम में बीते कई महीनों से कार्यवाहक एमडी द्वारा काम चलाया जा रहा है, यही नहीं मुख्य परियोजना प्रबंधक स्तर के अधिकारी लखनऊ समेत कई प्रदेशों का कार्यभार संभाले हुए हैं, तो वहीं कई अधिकारी खाली बैठे मुफ्त की तनख्वाह ले रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड का गठन कम्पनी एक्ट में अक्टूबर 1973 में हुआ था। निगम का मूल उद्देश्य सेतुओं के निर्माण में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर गुणवत्ता के साथ सेतु निर्मित किये जाने हेतु किया गया था लेकिन उत्तर प्रदेश सेतु निगम इस समय अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। मौजूदा समय में सेतु निगम में अधिकतर काम ठेकेदारी पर ही कराए जाने शुरू हो गए हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण लखनऊ में निर्मित फ्लाईओवर के ऊपर ठेकेदारी व्यवस्था के तहत फाइबर शीट एंगल फ्रेम के साथ रेलिंग लगाने का काम चल रहा है जिसके चलते यांत्रिकी काई में अरबों खरबों की खड़ी मशीनें जान खा रही हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारी खाली बैठे हैं उनके पास काम नहीं है।

कर्मचारी संगठनों की मानें तो यह सब विभाग के आला अधिकारियों की आपसी राजनीति व ठेकेदारी व्यवस्था के तहत फायदा उठाने के चलते हो रहा है। कर्मचारी संगठनों ने कहा यदि प्रदेश सरकार ने शीघ्र ही सेतु निगम की व्यवस्था ठीक नहीं की तो विभाग को बड़ा नुकसान हो सकता है।

# बिजली दरों में कमी के लिए आयोग में दाखिल होगी पुनर्विचार याचिका

● उपभोक्ता परिषद ग्राहकों के कंपनियों पर बकाया 19537 करोड़ दिलाने की करेगा मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपभोक्ता** परिषद् की लम्बी लड़ाई के बाद जहा प्रदेश की बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ स्लैब परिवर्तन खारिज हो गया। इसके बाद अब उपभोक्ता परिषद् प्रदेश के 3 करोड़ उपभोक्ताओ को उनका हक दिलाने के लिए पूरी तैयारी के साथ एक बार फिर मैदान में कूदेगा। वर्ष 2019-20 में जब प्रदेश की बिजली दर घोषित हुई थी उसमे प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का उदय व टूअप में वर्ष 2017-18 तक कुल लगभग रुपया 13337 करोड़ बिजली कम्पनियों पर निकल रहा था। अब वही वर्ष 2020-21 में उपभोक्ताओं का बिजली कम्पनियो पर लगभग रुपया 800 करोड़ निकल रहा। उपभोक्ता परिषद बिजली दरों में कमी और प्रदेश के तीन करोड़ उपभोक्ताओं के कम्पनियों पर बकाया 19537 करोड़ रूपये दिलाने के लिए नियामक आयोग में पुर्नविचार याचिका दायर करेगा।

उपभोक्ता परिषद की तरफ से कहा गया कि जैसा विद्युत नियामक आयोग ने अपने टैरिफ आदेश में यह लिखा है की जब तक इसका लाभ उपभोक्ताओ को नहीं मिलता उसमे कैरिंग कॉस्ट यानी ब्याज जुड़ेगा ऐसे में उपभोक्ताओं की पुरानी निकली रकम जो वर्ष 2017-19 तक 13337 करोड़ थी यदि उस पर केवल 12 प्रतिशत कैरिंग कॉस्ट वर्ष 2018-19 से अब तक निकला जाय तो वह लगभग 18737 करोड़ होगा उसमें रुपया 800 करोड़ जोड़ने के बाद अब तक कुल बिजली कम्पनियों पर प्रदेश के उपभोक्ताओं का लगभग 19537 करोड़ निकल रहा है। ऐसे में उसका लाभ प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिलना उनका वैधानिक हक है। अगर बिजली कम्पनियां ये चाहती हैं कि एक साथ लाभ देना उनकी आर्थिक हालात के लिए ठीक नहीं है तो ऐसे में 3 वर्षों में इसका लाभ उभोक्ताओं को देने के लिए उनकी बिजली दरों में प्रत्येक वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की कमी कराने के लिए खुद पावर कार्पोरेशन को आगे आना चाहिए। उपभोक्ता परिषद् उपभोक्ताओं का बिजली कम्पनियो पर निकल रहे 19537 करोड़ का लाभ उपभोक्ताओ को दिलाने के लिए विद्युत नियामक आयोग में पुनर्विचार याचिका दाखिल करते हुए बिजली दरों में कमी करने की मांग उठाएगा और सरकार से भी सहयोग की मांग करेगा।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में कोरोना की वजह से घरेलू किसान व वाणिजियक उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान हुए हैं ऐसे में उचित होगा कि सरकार भी उपभोक्ता परिषद् का साथ दे और इन श्रेणी के उपभोक्ताओ की बिजली दरों में राहत दिलाए। उपभोक्ता परिषद् बहुत जल्द ही घरेलू शहरी उपभोक्ताओ के फिक्स्ड चार्ज को समाप्त करने, उनकी दरों में कमी करने, घरेलू ग्रामीण अनमीटरड उपभोक्ताओ के रुपया 500 प्रतिकिलो वाट प्रति माह में तुरंत 25 प्रतिशत कटौती करने, वाणिजियक उपभोक्ताओ, दुकानदारों के लिए लागू मिनिमम चार्ज को अबिलम्ब समाप्त करने वास्तविक भार के अनुसार उनसे फिक्स्ड डिमांड चार्ज वसूल करने व किसानों की बिजली दरों को 10 घंटा विद्युत आपूर्ति के आधार पर उसमे कमी करते हुए संशोधित करने हेतु विद्युत नियामक आयोग में एक पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा उपभोक्ता परिषद् बिजली दर का अध्यन कर लिया है अब बिजली दरों में कमी कराने को लेकर अपना संघर्ष शुरू करेगा और उपभोक्ताओ को बड़ी राहत दिलाने के लिए पूरा जोर लगाएगा।

## संदिग्ध हालात में सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। युवक की गर्दन व हाथ में गंभीर चोट के निशान थे जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या कर उसका शव सड़क किनारे फेंका गया होगा। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उधर मृतक के परिजनों ने भी युवक की हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है। थाना क्षेत्र के चन्द्रवाल में रहने वाला निर्मल उर्फ टिंकू (27) टीपीनगर में काम करता था। शुक्रवार की देररात उसका शव नटकुर-चन्द्रावल रोड पर नहर पुलिस के पास उसका शव पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निर्मल की बाई तरफ गर्दन कटी हुई थी और बांया हाथ भी टूटा था। उधर बंथरा थाना क्षेत्र स्थित बनी के सई नदी पुल के पास रविवार को एक अज्ञात वाहन ने उन्नाव के चटाई मोहल्ला में रहने वाले मोनिस इकबाल (30) के बाइक में ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## होटल से सामान सहित हजारों रुपए की चोरी



**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र रविवार की रात बेखौफ चोर एक होटल एलईडी, सेटटॉप बाक्स व हजारों की नकदी चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। थाना क्षेत्र के सराय-सहजादी में रहने वाले जितेंद्र सिंह का कटी बगिया में निजी होटल है। पुलिस को दी तहरीर में जितेन्द्र सिंह ने लिखा है कि उनकी होटल के एक कमरे चोर एलईडी, कैमरा सेटटॉक्स, वाईफाई का सिस्टम व गल्ले में रखे चार हजार रूपये तथा दूसरे कमरे से एक गैस सिलेंडर एक इंडक्शन चूल्हा तथा खाना बनाने वाले बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गये। जितेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कटी बगिया में रहने वाले जीतेंद्र पुत्र संतोष व रवि पुत्र भाइया लाल पर चोरी करने का आरोप लगाया है।

## दिवाली के अवसर पर किया अभिनंदन

**लखनऊ।** डा एमसी सक्सेना ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस लखनऊ में अध्यक्ष डा. एमसी सक्सेना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. लव शेखर सक्सेना व रजिस्ट्रार विकास श्रीवास्तव व अन्य सभी कर्मचारियों के नेतृत्व में दीपावली के शुभ अवसर पर ग्राम सैथा, बरावन कला जेहटा रोड के वयोवृद्ध नागरिकों व ग्रामीणों के साथ संवाद से समाधान तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का स्वागत अभिनंदन कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेश्वर विश्वकर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने शनिवार को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक ब्रजेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से चोरी की एक बाइक यूपी 32एबी 0590 हीरो एचएफ डीलक्स बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान खाले का पुरवा, सतरिख, बाराबंकी निवासी शैलेश सिंह पुत्र आलोक सिंह के रूप में हुई है।

## चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईगंज पुलिस ने रविवार की रात चोरी की योजना बनाते दो चोरों को इंद्रा डेम के निकट पराग बूथ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेंद्र कुशवाहा के मुताबिक दुलार मऊ गाँव निवासी सूरज व धनराज अपने एक और साथी से साथ चोरी करने की योजना बना रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । उनके पास से नुकीली सब्बलए लोहे की रॉड, चाकू व रिंच आदि समान बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार चोरों ने मौके से भागे अपने साथी का नाम नीरज बताया। उपरोक्त चोरों के पास से बीते ग्यारह नवम्बर की रात पंचायत घर दुलारमऊ से किये गए दो भगोने भी बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक ग्राम प्राधन जितेंद्र ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

## मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े, कई घायल



**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार की शाम मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डण्डे चले। इस मारपीट में दोनों पक्षों के तकरीबन एक दर्जन लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रिफर किया गया। थाना क्षेत्र के मकऊखेड़ा में रहने वाले बाबूलाल का आरोप है कि रविवार शाम उनकी पत्नी बासुन्दार गोर्वधन पूजा का दीपक जला रही थी। इस दौरान गांव के ही हिरई, बबलू, छोटा, आजाद, अजय नौमीलाल व हिरई की पत्नी सीता के साथ मिलकर उनके घर पर चढ़ाई कर दी। इस दौरान इन सभी ने उनके परिवार वालों को जमकर मारापीटा। इस मारपीट में उनकी पत्नी सुन्दार, छोटे भाई पवन व बड़े भाई जगदीश को गंभीर चोटें आई हैं। उधर अशोक कुमार का आरोप है कि बाबूलाल, नन्हे लाल, मेवालाल, संजय, पिन्टू उर्फ पीताम्बर, तेज बहादुर, सूरज और संतोष ने मिलकर उन सभी लोगो को मारापीटा। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## 19 से शुरू होगी बीएड की ऑनलाइन काउंसिलिंग

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्रदेश भर में बीएड संचालित कालेजों में दाखिले को लेकर काउंसिलिंग की प्रक्रिया 19 नवम्बर से शुरू होगी। काउंसिलिंग की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न होगी। सोमवार को यह जानकारी बीएड एंट्रेंस एग्जाम 2020 की स्टेट नोडल कोआर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेई ने दी है। डॉ. बाजपेई ने बताया कि काउंसिलिंग चार चरणों मे होगी। अभ्यर्थियों को अपनी स्टेट रैंक के अनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य काउंसिलिंग में पहले दिन एक से 50,000 तक स्टेट रैंक वाले अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये इस बार 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि इस बार अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय शून्य शुल्क का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## डेढ़ साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया दुष्कर्म का आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विभूतिखंड** पुलिस ने रविवार देर रात करीब 19 माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार को पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने बताया कि गत 20 अप्रैल 2019 को स्थानीय थाना इलाके में रहने वाली एक किशोरी की तहरीर पर दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। लेकिन कहीं कोई लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। रविवार देर रात अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राम गोविंद मिश्र के नेतृत्व वाली टीम को आरोपी की लोकेशन स्थानीय थाना इलाके में मिली तो घेराबंदी कर दी गई। हालांकि इस दौरान आरोपी पुलिस टीम को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस को चकमा दे पाता उससे पहले दौड़ा कर दबोच लिया गया। आरोपी की शिनाख्त सीतापुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर तिहार निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद तालिब के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि हाल में ही पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने आरोपी की धरपकड़ के लिए पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## सीएमएस छात्र को मिला गोल्ड मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-6 के मेधावी छात्र शाह मोहम्मद उमर फारूकी ने शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020 में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस के इस मेधावी छात्र ने मेंटल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## खाली प्लाट में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ठाकुरगंज** थाना क्षेत्र के बालागंज चौराहे पर रविवार की देर रात लगभग अचानक उस समय अफरा तफ़री का माहौल हो गया जब एक खाली पड़े प्लॉट पर कूड़े के ढेर व सूखे पेड़ो में अचानक आग के शोले उठने लगे। आग की लपटें उठती देख कर स्थानीय लोगो ने किसी बड़े हादसे से बचने के लिए तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी । सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुँची और चौक दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद सूचना मिलते ही दमकल कमिज़्यों की टीम मौके पर पहुँच गयी और एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया । बालागंज चौराहे पर बनी एलडीए की माकिज़्ट में बनी दो साइट की दुकानों के बीच मौजूद जिस प्लॉट पर आग लगी थी उस प्लाट के सामने टट्टर और पन्नी की दुकानें लगी हुई थी जिस कारण बड़ा हादसा होने की संभावना थी। टट्टर और पन्नी की दुकानें लगी होने के कारण दमकल कमिज्यों को आग बुझाने में दिक्कत पैदा होने पर दमकल कमीज़ू बराबर की एलडीए की माकिज़्ट पर पहुँचे और पानी की बौछार मार कर आग पर काबू पाया। स्थानीय दुकानदार अमित वमाज़ू ने बताया कि यह प्लाट माला द्विवेदी का है और इस प्लाट पर उनका और एलडीए का विवाद चल रहा हैए अक्सर लोग इस प्लाट पर कूड़ा ढेर करते हैं और हर साल यहां पर आग लग जाती है। यदि दमकल टीम तुरंत मौके पर न पहुँचती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

## वीरांगना ऊदादेवी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**संवाददाता।** काकोरी

**इन्दल** कुमार रावत पूर्व विधायक मलिहाबाद ने 16 नवंबर को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस का परिचय देते हुए गुलामी की जंजीरों में जकड़ने वाले 86 अंग्रेजी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर वीरगति को प्राप्त होने वाली वीरांगना ऊदादेवी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। वीरांगना ऊदादेवी ने अंग्रेजी सैनिकों को लोहे के चबाने के लिए मजबूर कर दिया था और अदम्य साहस का परिचय देकर वीर गति को प्राप्त हुईं थीं। पूर्व विधायक इन्दल रावत ने श्रद्धा सुमन के दौरान आए हुए लोगों से कहा यह याद करने का दिन है कि हमारी आजादी के लिए वीरांगना उदादेवी ने 86 अंग्रेजी सैनिकों को बलि देकर अपने प्राणो की अहूति दे दी थी।

## दबंगों ने महिला सहित आधा दर्जन को पीटा

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में रविवार को अपने पति को खाना देने जा रही महिला के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट करने के साथ ही उसके कपड़े फाड़ दिये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों को भी दबंगों ने जमकर मारापीटा और उनकी दुकान में तोड़फोड़ की। पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस मामले में दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की तहरीर दी है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर छानबीन में जुटी है। थाना क्षेत्र के चन्द्रावल निवासी अकरम का आरोप है कि उनकी बहन रानी रविवार की दोपहर अपने पति को खाना देने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में मंदिर के पास पहले मौजूद अली अहमद, रफी अहमद, रऊफ अहमद व समी अहमद रानी के साथ अभद्र शब्द बोलने के साथ ही छेड़छाड़ करने लगे। जब रानी ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने अन्य साथियों मुजीब अहमद, मुकीद अहमद, नफीस अहमद, फरीद, हसीन, अदनान, गुड्डू, मुन्नवर, उमर, साकिब, तारीक, आसिफ व तारिक, रिजवान व 10-15 अज्ञात लोगों को बुला लिया और गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ ही उसके कपड़े भी फाड़ दिये। इसकी जानकारी होने पर जब अकरम अपने पुत्र अमन, अजहर व मो. दिलशाद के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपित उनके साथ भी मारपीट करने लगे और उनके घर पर ईट-पत्थर से हमला बोल दिया। यही नहीं पीड़ित का आरोप है आरोपितों ने चन्द्रावल चौराहे पर स्थित उनके कार्यालय एवं भाई की परचून की दुकान में रखे तीस हजार रूपये लूटने के साथ ही सारा सामान भी तोड़ दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपितों ने उनके बहनोई की फर्नीचर की दुकान में भी तोड़फोड़ करने के साथ ही लूटपाट की। पीड़ितों का आरोप है कि रिजवान, मुजीब व अली अहमद अवैध असलहों से फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गये।

# मेट्रो ने की चीनी मांझे का प्रयोग न करने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मेट्रो** का संचालन चीनी मंझे के कारण कई बार क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी । मेट्रो प्रशासन ने चीनी मांझे से बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया। शहरवासियों से चीनी मांझे का प्रयोग न करने की अपील की है।

पतंग उड़ाने के शौकीन लोग गोवर्धन पूजा पर शहर भर में पतंगबाजी करते हैं। संचालित में क्षेत्र के आसपास पतंगबाजी की घटनाएं हमेशा से ही मेट्रो की राह में बाधा पैदा करती आई है। मेट्रो का संचालन चीनी मांझे के कारण कई बार क्षतिग्रस्त हुआ है। ऐसे में यह पतंग बाज के लिए बेहद जानलेवा साबित हो सकता है। हम सब बहुत अच्छे से जानते है कि लखनऊ मेट्रो 25000 वोल्ट की धाराप्रवाह वाली ओवर हेड इलेक्ट्रिफिकेशन की सहायता से चलती है लेकिन किसी पतंगबाज कि डोर इसके संपर्क में आ जाती है तो वह व्यक्ति क्षतिग्रस्त हो सकता है। गौरतलब है कि बीते दिन जमघट के अवसर पर भारी मात्रा में पतंगबाजी मेट्रो क्षेत्र के आसपास देखी गई। चीनी मांझे की वजह से मेट्रो के संचालन में अनेक बार अवरोध उत्पन्न हुआ, इसके अलावा लॉक डाउन के दौरान भी 2 पुलिसकर्मी मांझे की चपेट में आ चुके हैं। केंद्र सरकार चीनी मंझे के उपयोग पर रोक लगाया चुका है, इसका उपयोग सरासर गैरकानूनी है। यूपीएमआरसीएल यह दोहराना चाहती है कि मेट्रो कॉरिडोर के पास पतंग उड़ाना बेहद खतरनाक है और पतंग उड़ने वाले व्यक्ति के लिए घातक व जानलेवा साबित हो सकता है, इसके अलावा, पतंग का तार ओएचई के ट्रिपिंग का कारण भी बनता है, जिसके परिणामस्वरूप मेट्रो सेवाएं बाधित हो जाती हैं। इससे न केवल मेट्रो संपत्ति को नुकसान होता है बल्कि यात्रियों को भी असुविधा होती है।

## मेट्रो संचालन के शहरों में जल्द शामिल होगा कानपुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के सबसे प्रमुख शहरों में से एक कानपुर अब जल्द ही मेट्रो संचालन के शहरों में शामिल होने वाला है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण को एक साल पूरे हो गए हैं । इस एक साल की अवधि में यूपी मेट्रो ने शहरवासियों को तय समय में मेट्रो सेवाओं की सौगात देने की प्रतिबद्धता के साथ निर्माण की असाधारण रफ्तार को बरकरार रखा और कई उपलब्धियां अपने नाम की। लखनऊ के बाद कानपुर वासियों का मेट्रो का सफर करने का सपना पूरा होगा। अभी आईआईटी कानपुर से मोतीझील के बीच 9 किमी लंबे प्रयॉरिटी कॉरिडोर का निर्माण कार्य हो रहा है। शहर की विस्तृत आबादी, जनसंख्या घनत्व और यातायात की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से कानपुर में 8 मार्च 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में कानपुर मेट्रो परियोजना का शिलान्यास हुआ था। जिसके बाद 15 नवंबर 2019 को हरदीप सिंह पुरी केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के द्वारा आईआईटी कानपुर से परियोजना के सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस आगाज के बाद यूपी मेट्रो ने तमाम चुनौतियों को बेमानी करते हुए सिविल निर्माण को इस तरह से अंजाम दिया कि कानपुर मेट्रो परियोजना देश की अन्य मेट्रो परियोजनाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभरी।

# योगी ने किया 'आशीर्वाद' का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मन्दिरों में** अर्पण के बाद फेंके या नदियों में प्रवाहित कर दिए जाने वाले फूल अब रोजगार का जरिया बन गए हैं। महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र और सीमैप ने इन फूलों को महिलाओं की आय का माध्यम बना दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने रविवार को बताया कि मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सीआईएसआर–सीमैप (केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान) लखनऊ के तकनीकी सहयोग से महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा गोरखनाथ मन्दिर में चढ़ाए गए फूलों से निर्मित 'श्री गोरखनाथ आशीर्वाद' अगरबत्ती का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अब तक मन्दिरों में चढ़ाए गए फूल फेंक दिए जाते थे या नदियों में प्रवाहित कर दिए जाते थे। इससे आस्था भी आहत होती थी और कचरे का संकट भी हो रहा था। उन्होंने महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र और सीमैप ने इन फूलों को महिलाओं की आय का जरिया बना दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में समूहों के माध्यम से बड़ी सं या में महिलाओं को जोड़ा जाएगा और इससे महिलाएं घर का कार्य करते हुए अच्छी आय भी अर्जित कर सकेंगी। इससे हमारी मातृशक्ति के स्वावल बन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि इससे इत्र भी बनाने का प्रयोग शुरू किया गया है, जो कि अत्यन्त सुगन्धित है। भविष्य में मांगलिक कार्यक्रमों के बाद निष्प्रयोज्य फूलों और घर की पूजा के बाद फेंके जाने वाले फूलों को भी इस अभियान में समाहित किया जाएगा। साथ ही, चढ़ाए गए बेलपत्र व तुलसी से भी कई प्रकार की अगरबत्ती बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मन्दिर में चढ़ाए गए फूलों से अगरबत्ती बनाने के इस प्रयास से 'वेस्ट को वेल्थ' में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना साकार हो रही है। इससे आस्था को स मान मिल रहा है। यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान योगी ने पांच किसानों को गेहूं के बीज का वितरण किया।

## दिवाली पर सीएम ने दिया वनटांगिया गांवों को तोहफा

**गोरखपुर।** वनटांगिया बस्ती जंगल तिनकोनिया न बर 3 में दीपावली मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री ने वनटांगिया गांवों को 65.32 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का तोहफा दिया। इनमें 22.39 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण व 42.93 लाख रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वनटांगिया गांवों को लाखों की परियोजनाओं की सौगात देने के साथ ही मु यमंत्री ने डेटोनेटर दबाकर आतिशबाजी शुरू की तो उल्लास दोगुना हो गया। वनटांगिया परिवारों के बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में आतिशबाजी के रंग और उनके चेहरों पर खुशी साफझलक रही थी। बच्चों और बड़ों ने तालिया बजाकर और जयकारा लगाकर खुशी का इजहार किया।

### 20 वनटांगियों को मिला पीएम आवास का तोहफा

दिवाली के मौके पर मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चिन्हित लाभार्थियों को आवास योजना का लाभपत्र भी दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जंगल तिनकोनिया न बर-2 की तारा, आशा देवी, सुधा देवी, हरीशचंद, सुमन, शैलेंद्र,किरन, निशु, जग जीतन, सावित्री को मंच पर बुलाकर प्रमाणपत्र दिया।

### इन्हें मिला राशन

सीएम ने मंच से पुष्टाहार योजना के तहत लाभार्थियों को ड्राई राशन किट वितरित किए। किट पाने वाले तीन साल तक के बच्चों में श्रीयांश, परी, अनूप, मुस्कान, अर्पिता, तीन से छह साल वालों में कुंदन और उर्मिला तथा गर्भवती महिलाओं में उर्मिला व पूजा व धात्री महिला में पूजा व निर्मला का नाम शामिल है।

### स्कूल किट पा खिल उठे बच्चों के चेहरे

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वनटांगिया परिवारों के बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किया गया। मु यमंत्री ने संजू, गोविंद, समर, नंदिनी, रीमा, किशु, राहुल, विक्की, सतीश, बृजेश, निशा, बबीना, सपना, काजल, पंकज, सुभम, सत्यम, रोहन, दीपक, अंश, शशी, रीता, प्रतिमा, चांदनी और नेहा को स्कूल जाने की किट और ड्रेस प्रदान किया।

### वनटांगियों की विकास यात्रा पर शार्ट फिल्म का प्रदर्शन

सीएम ने हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश महासचिव ई. पीके मल्ल द्वारा निर्मित वनटांगिया ग्राम वासियों की अब तक की संघर्ष यात्रा पर शार्ट फिल्म का भी लोकार्पण किया। यह फिल्म वनटांगियों की विकास यात्रा को दिखाती है जिसमें वनटांगिया बस्ती के लोग अपने संघर्ष और मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले सहयोग को रेखांकित करते हैं। फिल्म के निर्माण में डॉ. प्रदीप राव एवं विनय गौतम का भी सहयोग रहा।

# ईंट-भट्ठे पर लूटपाट करने वाले डकैत धराए

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गगहा थाना** क्षेत्र के ग्राम सकरी में 1 नवंबर की रात्रि में रामकृपाल मिश्र के इंट भठ्ठे पर मजदूरों के साथ लूटपाट तथा महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटना में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिर तार किया है। लूटेरों की निशानदेही पर एवं जामा तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने लूटा गया 20,670 रू. तथा मजदूरों का लूटा गया एक अदद मोबाईल फोन, व एक जोडी पायल एवं एक अदद नाक की कील तथा घटना मे प्रयुक्त एक अदद टै पू व एक अदद तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद किया है। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी जोगिंदर कुमार ने घटना में शामिल अभियुक्तों की गिर तारी व लूटे गये माल की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व पुलिस पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण में टीम बनाकर लगाया था। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी बांसगॉव एवं क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ क्राईम के नेतृत्व में प्रभारी स्वॉट, एसओजी, सर्विलांस सेल, अपराध शाखा तथा थानाध्यक्ष गगहा, को उक्त घटना में शामिल अभियुक्तों की गिर तारी एवं लूटे गये माल की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। घटना के स भावित समय को चिन्हित कर घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिर तारी का प्रयास किया जा रहा था। जरिये मुखबिर क्राईम ब्रान्च की टीम को सूचना मिली कि इंट भठ्ठे पर हुई घटना में शामिल कुछ अभियुक्त आज टै पू से जाखिन माता स्थान गरायकोल बन्धे की तरफसे अपराध करने की उद्देश्य से आने वाले हैं। आते हुए टैंपो को मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये अभियुक्तों में महेन्द्र यादव पुत्र स्व. रामनक्षत्र यादव नि. रसूलपुर नं.–2 नईबाजार थाना झगंहा, सुनील यादव उर्फ सन्नी पुत्र गुलाब यादव नि. बैरवा थाना झंगहा शामिल हैं। दोनों अभियुक्तो से कड़ाई से पूछताछ किया तो उन्होंने घटना को कारित करना बताया। उन्होंने कहा कि आज भी हम लोग लूटने के लिये हीं इंट भट्ठा की रेकी करने जा रहे थे। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम दोनों रेकी करने के बाद अपने गैगं लीडर विष्णुदेव यादव को सूचना देते हैं जो अपने अन्य साथियों के साथ भिन्न-भिन्न जनपदों से आकर हम लोगों के साथ घटना को कारित करने के बाद अपने-अपने जनपद को चले जाते हैं। यहां पर घटना को कारित करने के बाद हम लोगों द्वारा जनपद देवरिया के लार क्षेत्र में भी 12-13 नवंबर को ईंट भट्ठे पर ही अपने साथियों के साथ घटना को कारित किया गया था। जनपद देवरिया में घटना को कारित कराने का कार्य लोहा नट्ट का है। अभियुक्त महेन्द्र यादव द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017 के फरवरी माह में थाना झंगहा क्षेत्र के ईंट भट्ठे पर हम लोगों के द्वारा घटना किया गया था। जिसके उपरान्त हमारे अन्य साथी जनपद बलिया में घटित घटना के सन्दर्भ में गिर तार होकर थाना भीमपुरा से जेल चले गये थे। जेल से पुन: निकलने के उपरान्त गैंग बनाकर घटना को फिर से अंजाम दे रहे थे। गिर तार करने वाली पुलिस टीम में नि. सुशील कुमार शुक्ला क्राईम ब्रान्च, राजप्रकाश सिहं थानाध्यक्ष गगहा मय टीम, सादिक परवेज प्रभारी स्वॉट, (क्राईम ब्रान्च), चन्द्रभान सिहं प्रभारी एसओजी (क्राईम ब्रान्च), हे.का. राजमगंल सिहं स्वॉट टीम,(क्राईम ब्रान्च), शशिकान्त राय स्वाट टीम,(क्राईम ब्रान्च), योगेश सिहं एसओजी(क्राईम ब्रान्च), अरूण कुमार यादव, सर्विलांस सेल (क्राईम ब्रान्च) आदि शामिल रहें।

## क्विक न्यूज

### दो सगे भाइयों के घर हुई चोरी, नकदी सहित लाखों का सामान किया पार

**हनुमतनगर, अयोध्या।** पूराकलन्दर थाना के भदरसा पुलिस चौकी क्षेत्र के पिपरी गाँव में दीपावली की रात चोरो ने दो सगे भाइयो को निशाना बनाया जंहा दोनों घर से बीस हजार नकदी सहित लाखो का सामान चोर उठा ले गए पीड़ित ने चोरी की तहरीर भदरसा पलिस चौकी पर दी। पिपरी गाँव में दो सगे भाई दुखराम और बरसाती प्रयागराज मार्ग पर घर बनाकर रहते है दीपावली की रात चोर छत पर चढ़कर सीढ़ी का दरवाजा बन्द न होने के कारण उसी से नीचे उतरे और बरसाती के घर में घुसकर कमरे में रखा पन्द्रह हजार रूपये नकद एझुमकीएपायल एपावजेब सहित लाखो रूपये का सामान ले गए उसके बाद सगे भाई दुखराम के घर में घुसकर पांच हजार रूपये नकद और जेवरात सहित हजारो रूपये का सामान उठा ले गए घर के सदस्य सुबह जब उठे तो इसकी जानकारी हुई तो भदरसा पुलिस चौकी पहुंचकर तहरीर दी पीड़ित के अनुसार भदरसा पुलिस चौकी प्रभारी राम नरेश वर्मा ने मौका पर पहुंचकर घटना की जाँच की लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने से मना करते हुए कहा कि चोर पकड़ जायेगे तो जेवरात के पहचान के लिए आपको बुला लिया जायेगा। भदरसा पुलिस चौकी प्रभारी राम नरेश वर्मा ने ऐसी किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी से इंकार किया हैं।

### अज्ञात कारण से लगी आग में लाखों का सामान जलाकर हुआ राख

**हनुमतनगर, अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में दीपावली की सुबह अचानक अज्ञात कारण से आग लग गयी इस अग्निकाण्ड में पांच कुंतल पिपरमेंट का तेलए फ्रिजए कूलरए पंखाए अनाज सहित लाखों का अन्य सामान जल गया और कमरा भी क्षतिग्रस्त हो गया सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड दस्ते ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। दीपावली की सुबह कर्मा गांव निवासी कृष्ण गोपाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय भोलानाथ वर्मा के पक्के मकान के दूसरी मंजिल पर अचानक आग लग गयी ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बेकाबू होती जा रही थी जिसके बाद फायर बिग्रेड को सूचना दी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कमरे में रखा पांच कुंतल पिपरमेंट का तेल, फ्रिज, कूलर, पंखा, चावल, गेहूं सहित लाखों का अन्य सामान जलकर राख हो गया कमरे की फर्श, दीवार व छत क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम प्रधान फतेह मोहम्मद ने बताया कि हल्का लेखपाल रमेश सिंह को आग लगने की सूचना पर पहुंचे और नुकसानी का आकलन किया नुकसानी का ब्योरा तैयार कर तहसील में सौंप दिया गया ।

### विभिन्न जगहों से जुआ खेलते 53 जुआरी गिरफ्तार

**अयोध्या।** जिले के विभिन्न थानों से दीवाली में जुआ खेलते 53 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनके पास से भारी मात्रा में नगदी व ताश के पत्ते बरामद किये गये है। एसएसपी कार्यालय के अनुसार सबसे ज्यादा जुआरी थाना पटरंगा में 33 जुआरी, थाना रौनाही से 4, कोतवाली रूदौली से 9, अयोध्या कोतवाली से 7 जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इन सभी जुआरियों के पास से लगभग 50 हजार की नगदी व ताश के पत्ते बरामद किये गये है।

### 23 को आयेंगे शिव सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री

**अंबेडकरनगर।** 23 नवंबर को शिव सेना राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक तिवारी व प्रदेश प्रमुख डॉ. अनिल सिंह का जनपद आगमन होगा। जिला प्रमुख नन्द कुमार तिवारी राना व अयोध्या, गोरखपुर मण्डल प्रभारी सुनील उपाध्याय, वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ जनपद की सीमा यादव नगर में वाहनों के काफिले के साथ स्वागत करेंगे। जिला संगठन मंत्री विमल भारद्वाज के नेतृत्वत में 108 मोटर साइकिल के काफिले के साथ शिव बाबा धाम में स्वागत करेंगे। शिव बाबा में दर्शन करने के उपरान्त मु य अतिथि का काफिला होटल अविरल पैलेस पंहुचेगा जहां कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत चुनाव की तैयारी पर चर्चा के उपरान्त मु य अतिथि द्वारा पत्रकार वार्ता की जाएगी। उक्त जानकारी जिला संगठन मंत्री ने दी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली व भैयादूज का त्योहार

**अंबेडकरनगर।** जिले में दीपावली व भैयादूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । दीप पर्व पर जमकर पटाखे फोड़े गये तथा खूब आतिशबाजी हुई। नगर की गलियां व मकान रंग बिरंगी झालरों से जगमग हो रही थीं। शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक पटाखों का शोर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान मिठाई व लाई-चूरा तथा पर परागत मिठाई हाथी-घोड़े की भी खूब बिक्री हुई। हर वर्ग के लोगों में दीपावली का उल्लास देखने को मिल रहा था। शाम होते ही यह उल्लास चरम पर पंहुच गया और पटाखों की गूंज शुरू हो गई जो देर रात तक जारी रही। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। दीपावली के बाद सोमवार को भाई-बहन के पवित्र प्रेम का त्योहार भाईदूज हर्षोल्लास से मनाया गया । इस दौरान बहनों ने भाइयों के माथे पर हल्दी व अक्षत का टीका लगाया तथा उनके दीर्घायु होने की मंगल कामना की। माना जाता है कि भैयादूज के दिन जो भाई बहन के घर भोजन करता है उसे अगले एक साल तक अकाल मृत्यु का सामना नही करना पड़ता।

### कोहरे को देखते हुए कार्य कर रहा है रेलवे

**गोरखपुर।** संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचलन पूर्वोत्तर रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस निमित्त रेल ट्रैक का नियमित अनुरक्षण एवं सिगनलों की सतर्कतापूर्वक जांच सत्त प्रक्रिया के रूप में की जाती है। आगामी जाड़े एवं कोहरे के मौसम को ध्यान में रखकर संरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना के तहत अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। रेल ज्वाइन्टस तथा जाग्लड फिश प्लेटों के बोल्ट होल का परीक्षण एवं ल्यूब्रीकेषन किया जा रहा है। एल.डब्लू.आर. एवं सी.डब्लू.आर. की डिस्टेअसिंग के साथ ही रेल पथ की सारी खामियों को दूर किया जा रहा है। ठंड के मौसम में रेल तापमान एक निश्चित सीमा के नीचे आने पर कोल्ड वेदर पेट्रोलिंग हेतु सारे प्रबन्ध कर लिये गये हैं। पेट्रोल चार्ट जारी कर दिये गये हैं। सभी पेट्रोलमैन को जी.पी.एस. टैकर उपलब्ध कराये गये हैं ताकि पेट्रोलिंग की प्रभावी मानिटरिंग एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से हो सके। रेल के तापमान की नियमित रूप से जाँच की जाती है तथा इसका रिकार्ड रजिस्टर में भी दर्ज किया जाता है। संरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा नियमित अन्तराल पर संरक्षा अभियान के तौर पर फुट प्लेटिंग, औचक निरीक्षण, रात्रि निरीक्षण कर कर्मचारियों को तत्पर एवं सतर्क रहने हेतु प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है।

### दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गंभीर धाराओं में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों में 2 नफर वांछित/अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिर तार किया गया। जानकारी के अनुसार गीडा थाने की पुलिस उ.नि. दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर की सूचना पर संदीप निषाद पुत्र प्रेम निषाद नि. नौसड़ पासढान ढाला थाना गीडा, शेषनाथ उर्फशेशई बेलदार पुत्र स्व. रामभोग नि. उपरोक्त को बाघागाड़ा फोरलेन के नीचे बरडाड़ रोड से गिर तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से एक अदद चाकू, 36 ग्राम डायजापान, नशीला सफेद पाउडर बरामद हुआ। गिर तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह, उ.नि. विवेक रंजन, हे.का. राजकुमार गुप्ता, ज्ञानधारी पाल शामिल रहें।

# जले दीप, जमीन पर सितारों के उतरने का अहसास

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**हर साल** की तरह इस बार भी दीपावली के दूसरे दिन रविवार को सूरजकुंड धाम में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। संस्कार भारती द्वारा आयोजित इस आयोजन में सरोवर पर एक साथ जले हजारों दीपों ने जमीन पर सितारों के उतरने का अहसास कराया।

आयोजन को देखते हुए दोपहर से ही धाम पर लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। लेकिन कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए सिर्फ 100 श्रद्धालु को ही प्रवेश दिया गया। शाम 5:24 बजे पूरे विधि–विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती गाई गई। उसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम शुरू हो हुआ। सभी ने बड़ी तत्परता से दीप जलाने शुरू किए और देखते ही देखते थोड़ी ही देर में सूर्यकुंड धाम प्रकाश से नहा उठा। इसके पूर्व संयोजक वीरेंद्र गुप्त ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए दीपोत्सव के उद्देश्य के बारे में बताया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के प्रांत प्रचारक सुभाष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पारिवारिक समरसता का गुण विकसित होता है। पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में अद्भुत है। ए स के कुलसचिव करुणेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सांस्कृतिक एकता का प्रसार होता है। स्वयं सेवक जगदीश प्रसाद, भगवती जालान ने कार्यक्रम की प्रसंशा की। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम से हुआ।

### 30 फीट की बनी रंगोली

सरोवर पर 30 फीट की रंगोली बनाई गई। जिसमें गोरक्ष प्रान्त के रंगोली के सह संयोजक सुरेंद्र प्रजापति ने अनिल के साथ सुंदर आकृति उकेरी।

# फर्जी कैप्टन बन कई को लगाया चूना, मिलेट्री इंटलिजेंस ने पकड़ा

**अयोध्या।** थाना कैंट के मिलेट्री एरिया में एक फर्जी कैप्टन को मिलेट्री एंटीजेंस ने पकड़कर पुलिस को सौपा है। जिसने अमेठी, नासिक, फैजाबाद सहित कई जगहों पर सेना में भर्ती के नाम पर लोगों को ठगा है। इस संदर्भ में पत्रकार वार्ता के दौरान एएसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सोनू लाल वर्मा पुत्र हरिशंकर वर्मा निवासी अकोहरी थाना मौरावां जनपद उन्नाव का निवासी है। इसके खिलाफ काफी दिनों से मिलेट्री इटलिजेंस को सूचना मिल रही थी जिसके लिए एसओजी टीम को भी लगाया गया था। सेना की इंटलिजेंस की सूचना पर इसे कैंट एरिया से पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी ने यह बात कबूली है कि भर्ती स्थलों के आसपास व अन्य सेना भर्ती की तैयारी करने वाले नवयुवको को चिन्हित कर उन्हें भ्रमित कर धोखाधड़ी से कैप्टन बताकर फर्जी वर्दी पहनकर व नकली आईकार्ड दिखाकर विश्वास में लेकर जालसाजी करता था।

# सात साल की बच्ची के साथ दो बेटियों के बाप ने की दरिंदगी, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद के** गगहा इलाके के एक गांव फिर हैवानियत की घटना सामने आई। गांव की महिला के साथ छेड़खानी कर रहे युवक ने उसकी सात साल की बच्ची के साथ गांव के किनारे बंधे पर स्थित झोपड़ी में रेप कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर जब मां पहुंची तो वह खून से लथपथ हाल में मिली। जिसके बाद गांव के युवक की यह दरिंगदी सामने आई। बच्ची की मां को देखकर आरोपित वहां से भाग गया। मां ने इसकी सूचना गगहा पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित सिंटू राव को गिर तार कर लिया। आरोप है कि रेप के मामले में मु बई में भी सिंटू जेल गया था। वहां से छूटने के बाद पांच महीने पहले गांव आया था। जानकारी के मुताबिक रविवार को दिन में दो बजे के करीब बच्ची के पिता भैंस चराने चले गए थे। जबकि बच्ची की मां बगल में कुछ ही दूरी पर घास साफ कर रही थी। तभी गांव का 38 वर्षीय सिंटू बंधे पर स्थित उसकी झोपड़ी की तरफ आया और बच्ची को झोपड़ी में अकेला पाकर वह हैवान बन गया। उसने बच्ची के साथ रेप कर दिया। बेटी की चीख सुनकर मां जब तक झोपड़ी में पहुंची तब तक आरोपी फरार हो गया था। लोकलाज के भय से मां ने रविवार को इसकी सूचना थाने पर नहीं दी। हालांकि जब गांव के अन्य लोगों को इसकी खबर हो गई तब सोमवार की सुबह बच्ची की मां ने गांव के आरोपी सिंटू राव के खिलाफ गगहा थाने में तहरीर दी। गगहा पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी व्यक्ति को गिर तार कर लिया। वहीं बच्ची का मेडिकल कराया जा रहा है। महिला ने बताया कि आरोपित पहले उसे भी छेड़ता था लेकिन वह विरोध नहीं करती थी। पर जब बच्ची के साथ घटना हुई तब उसे रहा नहीं गया।

### पत्नी चली गई है कोलकाता

सात साल की बच्ची से रेप करने वाला आरोपित सिन्टू खुद दो बेटियों का बाप है। बड़ी बेटी 14 साल तो छोटी 16 साल की है। आरोपित का पांच साल से उसकी पत्नी से कोई रिश्ता नहीं है। पांच साल पहले दोनों बेटियों को लेकर पत्नी कोलकाता चली गई है। कोलकता में रह कर गुजार–बसर के लिए कुछ काम करती है।

### पांच महीने पहले मुंबई से गांव आया है सिंटू

सिन्टू खुद मु बई रहता था। वहां वह किसी निजी फर्म में काम करता था। पांच महीने पहले वह घर आया था। ग्रामीणों के मुताबिक मु बई में रेप के आरोप में भी वह जेल गया था। जेल से छूटने के बाद ही गांव आया था। गगहा थाने में सिंटू के खिलाफ फिलहाल कोई मुकदमा नहीं है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद, दो युवक घायल

### एक ट्रामा सेंटर रेफर, बाजार में पुलिस बल तैनात

संवाददाता। अंबेडकरनगर



बाजार में भ्रमण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**अकबरपुर** थाना क्षेत्र की पहितीपुर बाजार में रविवार की देर शाम पुलिस की सतर्कता से बड़ा सांप्रदायिक विवाद होते होते बच गया। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने इस स्थिति को नियंत्रित कर लिया। हालांकि विवाद के दौरान हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से एक युवक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाजार में भारी पुलिस बल तैनात है। रात में ही जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र ने बाजार का दौरा कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र ने सोमवार की सुबह भी बाजार में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने दुकानदारों से दुकान खोलने की अपील की लेकिन समाचार प्रेषण तक बाजार में दुकानें बन्द रहीं। बाजार में पीएससी तैनात कर दी गई है तथा लोगों को पूछ–ताछ के बाद ही बजार में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार पहितीपुर बाजार में रविवार की देर शाम स्थानीय लोग गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर जा रहे थे। प्रतिमा ले जाने के दौरान ही संप्रदाय विशेष के लोगों से झड़प हुई थी लेकिन लोग प्रतिमा विसर्जन को लेकर चले गए। वापस आते समय एक पक्ष ने डीजे बजाने पर एतराज किया जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इसी दौरान कुछ लोगों ने युवकों को पीटना शुरू कर दिया जिसमें रज्जाद माली 20 साल पुत्र विश्वनाथ माली तथा सचिन 19 पुत्र शैलेंद्र गुप्ता निवासी पहितीपुर बाजार घायल हो गए। दो युवकों के घायल होने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग भी एकत्रित होने लगे लेकिन इसी बीच घटना की सूचना समय से प्रशासन को मिल जाने के कारण उपजिलाधिकारी मोइनुल इस्लाम, क्षेत्राधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र भारी पुलिस बल के साथ बाजार में पहुंच गए तथा स्थिति को नियंत्रित कर लिया। घायल रज्जाद को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। विवाद करने वाले लोगो की पहचान कर पुलिस धरपकड़ में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद आठ ज्ञात व अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा नौ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अचानक हुई बरसात से तापमान में आई गिरावट

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**जिले में** हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की मुसीबतें एक बार फिर बढ़ा दिया हैं।इस बारिश से जहां एकाएक तापमान में गिरावट होने से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होने के आसार बढ़ गए हैं वहीं क्षेत्र में सजाए गए लक्ष्मी गणेश की पूजा के पंडालों में अव्यवस्था फैल गई हैं । खेती किसानी के लिए भी यह बरसात मुसीबत बनकर आसमान से बरसी है। यह समय धान की फसलों की कटाई के साथ–साथ गेहूं ,आलू ,गोभी, मटर ,सरसों, आदि सब्जियों व फसलों के लिए मुफीद समय माना जाता हैं लेकिन सोमवार की सुबह से दोपहर तक जिले में हुई बरसात से गेहूं, सरसों,आलू की बुआई व गोभी टमाटर आदि सब्जियों के साथ–साथ धान की कटाई में अवरोध उत्पन्न हो गया है।इस बारिश से खेतों में बोये गए गेहूं ,सरसों, चना,मटर,आलू आदि फसलों के सबसे ज्यादा नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खेती किसानी करने वाले जानकार किसान बताते हैं कि खेतों में गेहूं चना मटर सरसों आलू आदि मौसमी अनाज व सब्जियों के लिए बोए गए बीज खेतों में बारिश से पानी जमा होने के कारण सड़कर नष्ट हो जाने से इनके अंकुरण की संभावना समाप्त हो जाती है। बरसात से जिला मु यालय पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दोपहर तक बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से जलापूर्ति भी प्रभावित रही। तेज हवाओं व चमक गरज के साथ हुई बरसात से ठंड का अहसास शुरू हो गया है। हालांकि दोपहर बाद निकली धूप से लोगों ने राहत की सांस ली है।

# जनवादी नौजवान सभा की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**अयोध्या।** भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कार्यकारिणी की बैठक बजीरगंज कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कामरेड धीरज द्विवेदी की अध्यक्षता व जिला कमेटी सदस्य कामरेड जसपाल निषाद के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा सदस्यता 2020 का लक्ष्य 10 हजार 15 दिसम्बर तक पूरा करके राज्यकेन्द्र को भेजना, 18 नवम्बर को जनसमस्याओं को लेकर गांधी पार्क में धरना देकर मांग पत्र देना, 22 नवम्बर को पार्टी के प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक सफल बनाने और काकोरी के अमर शहीदों की याद में शहीदे आजम भगतसिंह क्रिकेट प्रतियोगिता कराने पर रहा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाउपाध्यक्ष कामरेड आलोक पाठक ने कहा कि सदस्यता अभी तक 6795 हो गई है 3005 सदस्यता 15 दिसम्बर तक पूरा करके राज्यकेन्द्र को भेज दिया जाएगा। 18 नवम्बर को मया ब्लाक, पूरा ब्लाक, तारुन ब्लाक, मसौधा ब्लाक व बीकापुर ब्लाक में खंड विकास अधिकारी को समस्याओं से सम्बंधित मांग पत्र सैपा जाएगा।सभी जिलाकमेटी के नेताओ को ब्लाकों की जिम्मेदारी दी दी गई है। मंडल प्राभारी कामरेड विनोद ने कहा कि पूरे जिले में संगठन को ताकतवर बनाना होगाएहर ब्लाक के हर ग्राम सभा मे इकाई कमेटी का गठन 31 दिसम्बर तक कर लिया जाएगा।इस बार मया ब्लाक में 2 हजार युवाओं को नए सदस्य बनाये जाएंगे और पूरा ब्लाक में भी 17 सौ नए सदस्य 31 दिसम्बर तक बना लिए जाएंगे। कामरेड जसपाल निषाद ने कहा कि इस बैठक में फैज़ाबाद शहर के सब्जी मंडी निवासी 38 वर्षीय शोयब अहमद व उनके साथियों कार्यालय पर आकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता लिया और संगठन ने कामरेड शोयब अहमद को नगर संयोजक बनाया।और बीकापुर ब्लाक प्राभारी कामरेड बालकृष्ण यादव व मसौधा ब्लाक प्राभारी कामरेड दिनेश चौहान को जिला कमेटी का सदस्य बनाया गया।

# कृषि विश्वविद्यालय को मिला अवार्ड

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंजए अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि दिनांक 9 नवंबर 2020 को आईसीआर एवं इनफॉर्मेटिक्स द्वारा संयुक्त रुप से प्रथम ऑनलाइनष् नेशनल अंबेसडर ट्रेनिंग एंड यूजर ओरियंटेशन प्रोग्राम ष् का आयोजन हुआए जिसमें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या को ष्दी बेस्ट प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन अवार्ड फार नादर्न रीजन ष् पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ चंद्र शेखर ने बताया कि यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के यूजर्स एवं लाइब्रेरी टीम के द्वारा जे.गेट ऐट सेरा प्लेटफार्म को बढ़ावा देने एवं इस प्लेटफार्म को प्रभावी ढंग से शिक्षा एवं शोध के उपयोग के लिए प्रदान किया गया है, इस प्लेटफार्म पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों. वैज्ञानिकों एवं छात्र .छात्राओं का प्रोफाइल होता है, जिससे शिक्षा एवं शोध के क्षेत्रों में अधिक एवं नई जानकारियां प्राप्त होती हैं।

# नेशनल यूनियन आफजर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने त्रिजुगी नारायण

संवाददाता। अंबेडकरनगर

### पत्रकारों ने जताया हर्ष

**वरिष्ठ** पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करने वाले त्रिजुगी नारायण तिवारी को नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स इंडिया का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उत्तरप्रदेश जनर्लिस्टएसोसिएशन जनपद अंबेडकरनगर ने खुशी व्यक्त करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। जनपद अंबेडकर नगर के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज मिश्र तथा महामंत्री सुरेश शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां कि श्री त्रियुगी नारायण तिवारी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री त्रिजुगी नारायण मिश्र के अनुभव व उनके प्रभाव का फायदा संगठन को मिलने से संगठन में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। बता दें कि वरिष्ठ पत्रकार त्रिजुगी नारायण मिश्र जनसत्ता इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप के अयोध्या संवाददाता हैं। और पिछले 35–40 वर्षो से पत्रकारिता से जुड़े हैं।वह उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के कई पदों पर रह चुके हैं। तथा वर्ष 1980 से उपजा तथा नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स से जुड़ कर सक्रिय भूमिका अदा कर चुके हैं। उनके इस मनोनयन पर संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार बचुली मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अवधेश मेहरोत्रा, वरिष्ठ पत्रकार पीयूष कटैया, जिला महासचिव अरुण कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी, दुर्गेश पांडे, रोशन गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, जिला सचिव विमल सिंह, अखंड प्रताप सिंह, गिरीश मिश्र, शैलेंद्र मिश्र, बृजेश कुमार, गणेश मौर्या, एस एन त्रिपाठी, नरेंद्र तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव आदि कई पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया।

# कार से टकराई बाइक, मारी गोली

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल क्षेत्र के गायघाट में दिवाली की रात कार सवार मनबढ़ों ने गाड़ी में टक्कर होने पर बाइक सवार युवक को गोली मार दी। बाएं हाथ में गोली लगने से घायल युवक ने अस्पताल पहुंचने के बाद परिवार व पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है। थानेदार का कहना है छीनाझपटी में युवक को अपनी ही पिस्टल से गोली लगी है। मामले की छानबीन चल रही है। जानकारी के अनुसार बेतियाहाता दक्षिणी का रहने वाला 27 वर्षीय विजय कुमार शनिवार की रात में गायघाट में रहने वाले दोस्त से मिलने गया था। रात में 12 बजे के करीब बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि गायघाट गांव के बाहर कार सवार युवकों ने बाइक में जानबूझकर टक्कर मार दी। प्रतिकार करने पर गोली मारकर फरार हो गए। घटना की जानकारी घरवालों को देने के बाद पीड़ित इलाज कराने प्राइवेट अस्पताल चला गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ कैंट सुमित शुक्ल, एसओ रामगढ़ताल अनिल सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।

# राजद को लगा धक्का

## अब क्या करेंगे तेजस्वी

**भाजपा**-जनता दल युनाइटेड-जदयू व उसके गठजोड़ ने बिहार में विजय प्राप्त कर ली है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या तेजस्वी यादव भारतीय राजनीति में पीढ़ी परिवर्तन का प्रतीक बन कर राष्ट्रीय विमर्श को मूल मुद्दों पर ला सकेंगे। इस संघर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व कर उसे 74 सीटों पर पहुंचाया तथा जदयू की गिरती छवि से होने वाले नुकसान से राजग को बचा लिया। लेकिन इसके बावजूद तेजस्वी राष्ट्रीय जनता दल-राजद को अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनाने तथा मत प्रतिशत बढ़ाने में सफल हुए। उन्होंने देर में अभियान शुरू किया, लेकिन अकेले दम पर भाजपा की संगठन क्षमता का मुकाबला किया। वे अपनी खास भोजपुरी शैली में मतदाताओं से जुड़ने में सफल हुए। एक समय उन्होंने इस मामले में अपने समाजवादी-सेक्युलर पिता लालू प्रसाद यादव का योग्य वारिस होने का प्रमाण दिया। अच्छी बात है कि जुझारू क्षमता के बावजूद उन्होंने अपने पिता की नकल करने का प्रयास नहीं किया। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने केन्द्रीय योजनाओं, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा आतंकवाद के मुद्दे उठाए। कुछ लोगों का आरोप है कि भाजपा ने अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार व जदयू नेता नीतीश कुमार का कद भी घटाने का प्रयास किया। लोक जनशक्ति पार्टी-लोजपा नेता चिराग पासवान नीतीश की छवि खराब करने और जदयू की सीटें घटाने के लिए मैदान में उतरे थे। भाजपा को स्थानीय मुद्दों, बेरोजगारी तथा बिहार के खराब विकास पर तेजस्वी की आक्रामकता का सामना करना पड़ा। राजग की विजय के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य द्वारा विकास का रास्ता चुनने की बात कही है। लेकिन इसके साथ ही तेजस्वी राजद के रक्षक के रूप में



सामने आए हैं, जबकि एक समय उनको दिल्ली का हवाई नेता माना जाता था। विरासत का लाभ मिलने के बावजूद तेजस्वी को अपने पिता लालू के भारी भ्रष्टाचार का बोझ भी उठाना था। उन्होंने इससे बचने के लिए सामाजिक न्याय का कार्ड खेला जिसने मुसलमानों व यादवो को सशक्त बनाया था। उन्होंने स्वयं को 'जंगल राज' से अलग करने का प्रयास करते हुए आर्थिक न्याय की दिशा में कदम बढ़ाए तथा 10 लाख बेरोजगार नौजवानों को नौकरियों का वादा किया। उन्होंने 'आर्थिक न्याय' को सामाजिक न्याय का दूसरा संस्करण बताया। उन्होंने व्यापक गठजोड़ करते हुए उच्च जातीय राजपूत जगदानंद सिंह को राज्य पार्टी प्रमुख भी बनाया। उन्होंने वामपंथी पार्टियों से गठजोड़ करते हुए 'जाति' को 'वर्ग' में बदलने का प्रयास किया। इससे उनको उम्मीद थी कि वंचित वर्गों की नजर में उनकी छवि राबिनहुड जैसी बन जाएगी। उन्होंने नीतीश की कमियां उजागर करने वाले चिराग का राजनीतिक रूप से समर्थन भी किया ताकि पासवान मतदाता उनसे विमुख न हों। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस अर्थ में तेजस्वी से सबक सीखना चाहिए कि उन्होंने सीधे मोदी पर हमले नहीं बोले। वास्तव में 'जंगल राज' पर मोदी की टिप्पणी के जवाब में उन्होंने यही कहा कि कद्दावर व्यक्ति के रूप में मोदी को अपनी राय रखने का अधिकार है।

सवाल है कि अब तेजस्वी क्या करेंगे। उन्होंने 100 मीटर की दौड़ लगाई है, पर मैराथन दौड़ के लिए लगातार ऊर्जा की जरूरत होगी। हालांकि, उन्होंने अपने मतदाता आधार को व्यापक बनाने का प्रयास किया हे, पर वे 'यादवीकरण' तथा लालू युग की वापसी के बारे में जनता में व्याप्त भय दूर करने में सफल नहीं हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि थोड़ी नाराजी के बावजूद अति पिछड़ा वर्ग-ईबीसी व महादलित नीतीश के साथ मजबूती से जुड़े रहे। उच्च जातियां भ्रमित थीं और उनके वोट बंटे। सोशल इंजीनियरिंग फार्मूला सफल बनाने के लिए तेजस्वी को टिकट वितरण के प्रतीकवाद से आगे बढ़ना होगा। उनको वोटबैंक के रूप में मुसलमानों के लिए नई रणनीति बनानी तथा उनके असली सरोकारों को संबोधित करना होगा। उनको नौजवान मतदाताओं को विकसित करना होगा जिनमें से अनेक ने उनकी रैलियों में भीड़ लगाई थी, पर वे अभी वोट देने योग्य नहीं थे। इन नौजवानों की संख्या मतदाताओं में 24 प्रतिशत है। ये मतदाता राजद की पुरानी छवि से प्रभावित भी नहीं हैं।

# कांग्रेस की दयनीय दशा

## जब पूंजीवाद लगातार वैश्विक एजेंडा निर्धारित कर रहा हो तो पार्टी का राजनीतिक दर्शन ठीक करने के लिए नेहरू-गांधी परिवार को इतिहास समझना चाहिए।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों से संकेत मिलता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने विनाश की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस के निष्क्रिय प्रदर्शन को देखते हुए यहां 'चमत्कार' की उम्मीद भी नहीं बची है। वह 70 सीटों में से केवल 19 पर विजय पा सकी, जो केवल 27 प्रतिशत सफलता दर है। राष्ट्रीय जनता दल-राजद नीत महागठबंधन 243 सीटों पर चुनाव में उतरा था। उसके खराब प्रदर्शन के कारण राजद के बेहतर प्रदर्शन के बावजूद महागठबंधन विफल हो गया। 75 सीटों के साथ राजद अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरा, जबकि भाजपा को 74 सीटें मिली। इससे भाजपा नीत महागठबंधन को 125 सीटें मिलीं, जबकि महागठबंधन 110 सीटें पा सका। कांग्रेस को 27 प्रतिशत, राजद को लगभग 53 प्रतिशत तथा तीन वामपंथी पार्टियों को 17 सीटों पर सफलता मिली। इनमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी लेनिनवादी को 11 सीटों पर सफलता मिली जो लगभग 58 प्रतिशत थी। ब्रिटिश शासन के खिलाफदेश के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने तथा स्वतंत्र देश के पहले 20 साल तक सारे देश में स्थिर सरकार देने वाली पार्टी का प्रदर्शन दयनीय रहा। उसने इस कालखंड में संपूर्ण सत्ता का उपभोग किया तथा भारत के नवोदित लोकतंत्र को पाला-पोसा तथा उसकी गहरी जड़ें जमाईं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी ने उन क्षेत्रों में 70 सीटों पर चुनाव लड़ा जहां उनका प्रदर्शन परंपरागत रूप से बहुत खराब रहता था। 2010 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत जनता दल युनाईटेड-जदयू इनमें से 65 सीटें जीता था। लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस ने इन सीटों पर चुनाव क्यों लड़ा? जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं तथा संगठनात्मक शक्ति कम होने के कारण उसे कम सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए था ताकि वह सारी शक्ति बटोर सकती। उसने 2015 में लड़ी 41 सीटों में से 27 पर विजय पाई थी। इसका अर्थ है कि यथार्थ से परे महत्वाकांक्षा ने पार्टी को इस हाल में पहुंचाया है। अब पार्टी इस बदहाली के बाद अपने घाव सहला रही और बहाने बना रही है। इस भयानक राजनीतिक गलती के अनेक कारण हैं। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल, प्रियंका व सोनिया गांधी परिदृश्य से गायब थे। लेकिन यदि वे दिखाई देते तथा बोलते तो भी क्या फर्क पड़ता। सभी जानते हैं कि सोनिया गांधी बीमार हैं और अधिकांश विपक्षी पार्टियों के नेताओं में सुनिश्चित स्वीकार्यता के बावजूद उनकी हिंदी ठीक नहीं है और वे मतदाताओं से जुड़ नहीं पाती हैं। अपने शानदार भाषण से भीड़ को अपने पाले में लाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की क्षमता को देखते हुए यह कांग्रेस पर भारी बोझ है। यह भी कोई छिपी बात नहीं है कि अभियान के अंतिम चरण की रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण ने राजग को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

ऐसे में 'पप्पू' की सही या गलत छवि वाले राहुल गांधी कांग्रेस पर भारी बोढ बने हुए हैं। वे अच्छे भाषणकर्ता नहीं हैं और समय-समय पर गायब हो जाने तथा उनके बारे में आशंकायें पैदा होने के कारण उनको अंशकालिक राजनेता मान लिया गया है। यही बात प्रियंका गांधी के बारे में भी सही है। हाथरस बलात्कार कांड के समय दोनों आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे थे तथा पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे थे। लेकिन इसके बाद वे परिदृश्य से पूरी तरह गायब हो गए। ऐसे में यह तर्क दिया गया कि उनको एक और नाटकीय सार्वजनिक प्रदर्शन का मौका नहीं मिला। यह तर्क ठीक नहीं है क्योंकि एक सफल नेता को ऐसे अवसर तलाशने की क्षमता होनी चाहिए। यह खासकर ऐसे समय नेता बनने के लिए बहुत जरूरी है जब मुद्दे जटिल हों, उनके तकनीकी समाधान संभव न हों तथा मतदाताओं के समक्ष कोई योजना न पेश की जा सकती हो। ऐसे में मतदाता अपनी समझ से सक्षम व्यक्ति को वोट देते हैं। इस स्थिति में नेता की स्वीकार्यता उसकी क्षमता पर आधारित होती है।

क्या राहुल और प्रियंका अपने बारे में जनता की छवि बदल सकते हैं। छवियां लोगों पर चिपकाई जा सकती हैं, पर उनको दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता, प्रयास तथा सफलता के साथ मिटाया भी जा सकता है। जब इंदिरा गांधी पहली बार सत्ता में आईं तो उनको सिंडीकेट का मुहरा माना जाता था। राम मनोहर लोहिया ने उनको 'गूंगी गुड़िया' कहा था। लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति उम्मीदवार के मामले पर सिंडीकेट का मुकाबला किया तथा अपने उम्मीदवार वी.वी. गिरि को विजय दिला कर सिंडीकेट के उम्मीदवार एन. संजीव रेड्डी की पराजय सुनिश्चित की। उन्होंने 1971 में भारी मतों से लोकसभा चुनाव जीतने, बांग्लादेश की मुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा स्वयं को व्यापक स्वीकार्यता वाली राष्ट्रीय नेता बनाने में सफलता पाई। यदि उन पर आपातकाल का स्थाई धब्बा न लगा होता तो उनको निश्चित रूप से भारत की महानतम प्रधानमंत्री के रूप में याद किया जाता। इंदिरा गांधी ने जो छवि प्रधानमंत्री बनने के बाद बनाई वह राहु और प्रियंका को उस पद पर पहुंचने के पहले बनानी होगी। यह काम बहुत कठिन है। इंदिरा गांधी जैसा बैंक राष्ट्रीयकरण का काम विपक्ष में रहते हुए संभव नहीं है। लेकिन सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए भी एक राजनीतिक कद महत्वपूर्ण है। 1973-74 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन ने इंदिरा गांधी को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया था और उन्होंने आपातकाल जैसा क्रूर कदम उठाया। जयप्रकाश नारायण की स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता, भारत की समाजवादी नीतियों में योगदान तथा भूदान आंदोलन के माध्यम से भूमि के पुन: वितरण से भारी सम्मान प्राप्त था।

राहुल गांधी को विश्वसनीयता पाने के लिए जब-तब जनता की नजरों से गायब नहीं होना चाहिए। उनको ने केवल समकालीन समस्याओं, बल्कि कांग्रेस के राजनीतिक दर्शन तथा उससे निकलने वाली राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व अन्य नीतियों के बारे में सुविचारित बयान देने चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने 1955 के अवाड़ी अधिवेशन में 'समाजवादी तरीके का समाज स्थापित करने' का आह्वान किया था 'जिसमें उत्पादन के प्रमुख साधनों पर सामाजिक स्वामित्व या नियंत्रण' हो तथा 'राष्ट्रीय संपदा का समान वितरण' सुनिश्चित हो। लेकिन हालिया वर्षो में इसे ठीक से परिभाषित नहीं किया गया है। पार्टी ने पी.वी. नरसिम्हाराव के प्रधानमंत्री कार्यकाल में जो आर्थिक रास्ता अपनाया और जिसे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की निगरानी में जारी रखा गया, वह अवाडी घोषणा के एकदम विपरीत था। कांग्रेस ने अभी आर्थिक नीति को सामाजिक न्याय, उपभोक्ता अधिकारों, लोकतंत्र, पर्यावरण व मानव स्वतंत्रता से जोड़ने का काम समग्र रूप से नहीं किया है। उसने मानवाधिकारों और सेक्युलरवाद पर भी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं किया है। बिना किसी दर्शन के राजनीतिक पार्टी अपनी नीतियों की दिशा खो देती है और तत्कालीन समझौते करती है जिससे उसकी दीर्घकालीन विश्वसनीयता को भारी नुकसान होता है।

बाजार पूंजीवाद द्वारा वैश्विक एजेंडा निर्धारित करने के समय में पार्टी का राजनीतिक दर्शन स्पष्ट होना चाहिए। राहुल व प्रियंका गांधी को अपनी पार्टी के इतिहास व विचारधारा तथा राजनीतिक व आर्थिक विचारों से परिचित होना चाहिए। उनको मार्क्सवाद, उन्मुक्त बाजार पूंजीवाद, हिंदुत्व तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित समग्र मानववाद की समझ भी होनी चाहिए। उनको ऐसा करते नहीं देखा जाता है। कांग्रेस में कोई वैकल्पिक विश्वसनीय नेतृत्व भी नहीं उभर रहा है जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी भूमिका निभा सके। सोनिया गांधी ने 23 अगस्त को उन कांग्रेस नेताओं की बातें सुनने का वादा किया जो जमीनी स्तर पर पार्टी में सुधार चाहते थे, लेकिन बाद में उनको हाशिए पर धकेल दिया गया। बिना परिवर्तन कांग्रेस विनाश की कगार पर पहुंच रही है।

# पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर राजनीति

> कई राज्यों ने अपने मानक निर्धारित किए हैं। फिर भी, कुछ राज्य स्वार्थ के चश्मे से मुद्दे को देखते हुए अनुचित बातें कर रहे हैं।

**राजीव अहूजा**
(लेखक विकास अर्थशास्त्री एवं स्तम्भकार हैं)



राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा 30 नवंबर तक दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों की बिक्री व जलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, दिल्ली में पटाखा व्यापारियों ने पहले तो पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस दिए जाने को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्या सरकार के पास लाइसेंस जारी करना रोकने को लकर दूरदृष्टि नहीं थी? यह छिपी हुई बात नहीं है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता वर्ष के इस समय में बहुत खराब हो चुकी है, खासकर दशहरा व दीपावली के के पश्चात। इसकी संभावना को पहले ही भांप लेने व प्रतिरोधक कदम उठाने के लिए ज्यादा अंतरदृष्टि की आवश्यकता नहीं है, जिनमें पटाखा व्यापारियों को लाइसेंस न जारी करना शामिल है। लेकिन प्रत्येक वर्ष, सभी सरकारें इसे नया मुद्दा बना देती हैं। ऐसा क्यों? भारत में शादियों व त्यौहारों के दौरान पटाखे फोड़ना लंबे समय से चली आ रही परम्परा है। अत: यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इस पर कोई भी रोक अलोकप्रिय होती है तथा इसके प्रभाव उद्योग एवं रोजगार पर भी पड़ते हैं। और इसलिए, सभी सरकारें इस पर एक स्पष्ट तथा कठोर रुख अपनाने से परहेज करती हैं। अब, जबकि देश कोरोनावायरस महामारी के दौर से गुज़र रहा है, वायु प्रदूषण का मुद्दा गंभीरता धारण कर चुका है। स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने पहले ही आगाह किया है कि वायु प्रदूषण वायरस को बल प्रदान कर सकता है। क्या दिल्ली सरकार और एनसीआर के निकट वाले राज्यों की सरकारों ने इसकी प्रत्याशा नहीं कर सकी थी और ज्यादा दूरदृष्टि का परिचय नहीं दिया?

दिल्ली-एनसीआर के बाहर, एनजीटी द्वारा प्रतिबंध उन कस्बों व शहरों में लागू हुआ जहां वायु गुणवत्ता की दशा खराब है। हालांकि, न्यायाधिकरण ने उन इलाकों में हरित पटाखों की बिक्री व प्रयोग की अनुमति दी थी जहां वायु गुणवत्ता सामान्य अथवा बेहतर है। लेकिन उन स्थानों पर भी, न्यायाधिकरण ने पटाखे जलाने की अनुमति केवल दो घंटों के लिए दीवाली, चौथ, क्रिसमस तथा नव वर्ष के अवसर पर दी है। कई राज्यों ने अपने मानक निर्धारित किए हैं। फिर भी, कुछ राज्य स्वार्थ के चश्मे से मुद्दे को देखते हुए अनुचित बातें कर रहे हैं। यह प्रतिबंध पटाखों की मांग तथा आपूर्ति दोनों पर लगाया गया है। मांग पक्ष में, यह अफसोस की बात है कि कुछ लोगों को अभी भी ऐसे समय में पटाखे फोड़ने से रोकने की आवश्यकता है जब रोगाणु ने हम सभी अपनी जीवन शैली संशोधित करने के लिए बाध्य कर दिया है।

जबकि अधिकतर लोगों ने स्वेच्छा से अंकुश रखा है, लेकिन जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को रोकने की आवश्यकता होती है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो ये लोग अन्यों के लिए तबाही पैदा कर सकते हैं। उनकी मानसिक स्थिति एवं भौगोलिक छितराव को देखते हुए, मांग पक्ष पर सरकारी एजेंसी द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने को चुनौती मिलने की संभावना होती है। यदि आपूर्ति पक्ष की ओर से देखा जाए, तो यह प्रतिबंध बहुत देर से लगाया गया। पटाखों के भंडार का उत्पादन पहले ही हो चुका था और स्वाभाविक रूप से इसके बाजार में जाने एवं बिकने की संभावना पैदा हो गई। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं हुई कि प्रतिबंध आदेशों का पालन संतोषजनक रूप से नहीं हो पाया। प्रतिबंध के क्रियान्वयन को हर किसी का सरोकार बनाना पड़ेगा। यहीं पर कदम आगे बढ़ने एवं दीर्घकालीन नियोजन से मदद मिल सकती थी।

बहुत अधिक पटाखे जलाए जाने से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को सामाजिक समस्या के तौर पर लिया जाना होगा। पटाखे जलाने एवं लोगों के भले के बीच नकारात्मक संबंध को समय समय पर पुन: लागू करना होगा। उन लोगों के खिलाफ दबाव बनाने के लिए एक सामाजिक प्रतिमान सृजित करने की आवश्यकता है जो पटाखे जलाने में रुचि लेते हैं। इस परिपाटी के विरुद्ध एक सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। कानून-व्यवस्था क्रियान्वयन अभिकरणों को प्रतिबंध के उल्लंघनों की निगरानी एवं जानकारी देने के लिए नागरिक समाज को सहभागी बनाना चाहिए। इससे जाहिर होता है कि इस मुद्दे से निबटने के लिए एक सुसंगत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

बड़े कस्बों व शहरों में पटाखे जलाना वायु प्रदूषण के स्रोतों में से केवल एक स्रोत है, और वह भी, क्षणिक प्रकृति का है। वाहनों के उत्सर्जनों, निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल, ठोस कचरे का निर्माण आदि प्रदूषणकारी अन्य स्रोतों से निबटने के लिए प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई योजना लागू करने से पूर्व ऐसा ही दृष्टिकोण अपनाए जाने की आवश्यकता है। फसलों के अवशेष जलाने जैसे वायु प्रदूषण के अन्य स्रोतों का तकनीकी निदान नहीं किया जा रहा है। सरकार को अनुसंधान संगठनों एवं उद्योग के साथ निकट रहकर काम करने की आवश्यकता है जिससे कि एक सस्ता एवं टिकाऊ समाधान किसानों के लिए उपलब्ध हो सके। जहां पर ऐसे समाधान उपलब्ध हैं, सरकार को उद्योग तथा नागरिक समाज के साथ समन्वय स्थापित कर उनको जल्द अपनाए जाने को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

वायु प्रदूषण की चुनौती से निबटने के लिए लोगों की पसंद और परिपाटियों को बदलने की आवश्यकता होती है। उद्योग तथा नागरिक समाज के साथ सरकार की सक्रिय संलिप्तता के बगैर ऐसा नहीं हो सकता। सरकार की भूमिका केवल एक रेफ्री अथवा विनियामक की नहीं होती। उसे बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है। सरकार के विविध स्तर, यथा केंद्र, राज्य एवं स्थानीय इकाइयों को मिलजुलकर काम करने की आवश्यकता है। विविध राज्य सरकारों एवं कार्यालयों के बीच समन्वय की विफलता के कारण दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। विकासीय परिवर्तनों के बावजूद यह विफलता देखी जा रही है। शिक्षा प्रणाली को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने में विविध क्षेत्रों की अंतरनिर्भरता एवं अंतरजुड़ाव के बारे में बच्चों को शिक्षित करने हेतु काफी कुछ करने की आवश्यकता है। लोगों को वैयक्तिक स्वतंत्रता एवं मुक्त इच्छा की सीमाओं के बारे में शिक्षित किए जाने की जरूरत है।

जब उनके कृत्य अन्यों पर बुरा असर डालने लगें तो उन्हें सामाजिक रूप से जिम्मेदारी भरे निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। उन्हें वायु एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्यों के अधिकारों का सम्मान करना होगा।

## आप की बात

### अंतरकलह से कांग्रेस की हार

**मप्र** उप विधानसभा चुनाव में 9 सीटो पर ही कांग्रेस को सफलता मिलना। विपक्ष के लिए चिंतन मनन का विषय है। वैसे कुछ समय से कांग्रेस की कु नीति रीतियां ही इनकी हार का कारण है। नेताओ, मन्त्रियों में विचारधारा की एकजुटता का अभाव ,अंतर्कलह की राजनीती को बढ़ावा देकर जनता जनार्दन के वादों को पूरा नही करना। सत्ता के लोलुप नेताओ के कुर्सी प्रेम में एक का जूता दूसरे के पैर में न जाना। ऐसे कई कारण से इन्हें हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष के नेताओ के अस्तित्व की अनदेखी भी मुख्य कारणों में शामिल है। दूसरा विपक्ष के नेताओ के अनर्गल टीका टिप्पणियां , अशोभनीय भाषा बोली का प्रयोग,नारी सक्ति के प्रति अंर्तगल बयान। ये सभी पहलुओं को देखते हुए। कांग्रेस वेंटिलेटर पर आ गई।और मरणासन ही साबित हो रही। जनता जनार्दन भी अच्छी तरह से जान चुकी है कि इनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है।इस लिए ही जनता जनार्दन ने भी मुहतोड़ जवाब, और करारा तमाचा जड़ा। पार्टी को सशक्त बनाने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग के नेताओं को आपसी मतभेदों को भुलाने की जरूरत है। सभी कार्यकर्ताओं, और जमीन से जुड़े नेताओ को भी पद प्रतिष्ठा के अवसर देने होंगे।

- **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### एहतियात से मनाएं त्यौहार

**डूब** रहा था बृज जब तो उठाया था गोवर्धन तो आज फिर से लोग बुला रहे हैं कृष्ण को इस युग में, भक्तों की यहीं पुकार कि एक बार फिर से उठालो पीर का पर्वत आप। दिवाली के बाद कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर उत्तर भारत में गोवर्धन पूजा भारत में बढ़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें हिन्दू धर्मावलंबी घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन नाथ जी की अल्पना बनाकर उनका पूजन करते है। तत्पश्चात ब्रज के साक्षात देवता माने जाने वाले गिरिराज भगवान यानी पर्वत को प्रसन्न करने के लिए उन्हें अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। यह परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है व उससे पूर्व ब्रज में भी इंद्र की पूजा की जाती थी लेकिन जब भगवान कृष्ण को यह तर्क देते हुए इंद्र से कोई लाभ नहीं प्राप्त होता जबकि गोवर्धन पर्वत गौधन का संवर्धन एवं संरक्षण करता है, जिससे पर्यावरण शुद्ध होता है तो इसलिए इंद्र की नहीं गोवर्धन की पूजा की जानी चाहिए। हालांकि, इसके बाद इंद्र ने ब्रजवासियों को भारी वर्षा के द्वारा डराने का प्रयास किया, परन्तु ब्रजवासी भगवान कृष्ण का आसरा पाकर अपने निर्णय पर अडिग रहे। इंद्र के मान-मर्दन के पीछे उनका यही उद्देश्य था कि ब्रजवासी गौ-धन एवं पर्यावरण के महत्व को समझें और उनकी रक्षा करें।

- **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### ग्रीन दीपावली का संदेश

**दीपावली** के पर्व में हमने एक बार देखा कि बहुत लोगों ने एक अच्छी ग्रीन दीपावली मनाई है जो कि बहुत अच्छी बात है। कोरोना काल में ग्रीन दीपावली का ही बहुत बड़ा महत्व है क्योंकि जिस तरह हमने देखा कि महामारी के दौर में जब लॉकडाउन लगा था तो प्रदूषण का स्तर काफी नीचे गिर गया था और धीरे-धीरे जब हम आगे की ओर अग्रसर होते हैं तो प्रदूषण की मात्रा में काफी इजाफा देखने को मिला ऐसे में कई सरकारों द्वारा पड़ा को खूब ध्यान करने की बात की गई और उन राज्यों में पटाखे बैन भी हुए जिससे कि वहां का प्रदूषण का स्तर बराबर हो सके और वह प्रदूषण की मात्रा में इजाफा ना हो सके। बहुत जगह हमें ग्रीन दीपावली देखने को मिली जो की बहुत ही अच्छी बात है ऐसे ही हमें हर साल ग्रीन दीपावली बनानी चाहिए जिससे कि प्रदूषण की मात्रा में इजाफा ना हो सके। पिछले कई सालों से हम देखते आ रहे हैं कि दीपावली के बाद हमें ऐसे कई केस सामने आए हैं जिनमें बच्चों को स्वास्थ संबंधी बीमारी और सुनने में दिक्कत जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, जो कि एक बहुत ही चिंता का विषय है।

- **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**निवर्तमान** राष्ट्रपति ट्रंप के चुनाव में गड़बड़ी संबंधी आरोप न केवल बिडेन प्रशासन बल्कि लोकतंत्र के अवैधानीकीकरण का प्रयास है।

- **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**जब** से भाजपा सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई है, भगवान राम से जुड़े स्थलों को विकसित किया जा रहा है। श्रीराम वन गमन पर काम तेजी से जारी है।

- **केशव प्रसाद मौर्य**
यूपी के उपमुख्यमंत्री



**योगी** सरकार की संकीर्णतापूर्ण नीतियों ने युवाओं के भविष्य बर्बाद किए हैं। उन्होंने अपने जीवन में ऐसी दीवाली कभी नहीं देखी थी।

- **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

24 घंटे में दो हत्याओं से दहल उठी संगम नगरी

# गोवा से दिवाली मनाने गांव आए युवक की गला काटकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● करछना में सनसनीखेज घटना, पुलिस ने कहा पैसे के लेनदेन को हुआ था विवाद

**प्रयागराज** अंतर्गत करछना इलाके में दीपावली की रात पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सुबह युवक की लाश खेत में मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने फॅारेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर मौके पर छानबीन कराई गयी। करीब तीन घंटे बाद हत्या के मामले में शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। जिस युवक की हत्या की गई है वह दीपावली का त्योहार मनाने गोवा से छुट्टी लेकर चार दिन पहले घर आया था। यमुनापार के करछना थानान्तर्गत भीरपुर पुलिस चौकी के केचुहा गांव में मुकुट प्रसाद पटेल का परिवार रहता है। उनका बेटा मुकेश कुमार पटेल 20 गोवा में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। दीपावली पर्व मनाने के लिए वह 11 नवम्बर को गोवा से अपने घर आया था। शनिवार को दीपावली की रात वह घर से थोड़ी दूर पर स्थित नलकूप पर गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सुबह उसकी लाश नलकूप के समीप खेत में खून से सनी हुई मिली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। रविवार सुबह नलकूप की तरफ शौच के लिए गए ग्रामीणों ने खेत में मुकेश पटेल का शव देखा तो होश उड़ गए। उनके घरवालों को खबर दे दी गई। घरवाले बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। इस दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गयी। करछना थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बाद मुकेश के घरवालों और आसपास के लोगों से पूछताछ पुलिस ने की। एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा ने बताया कि फॅारेंसिक टीम डॉग स्क्वायड बुला कर जांच पड़ताल कराई गई। परिजनों से पूछताछ में दो लोगों का नाम सामने आया है। जिनसे पैसे के लेनदेन का विवाद बताया गया है। उसी आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## थरवई में कबाड़ कारोबारी को गला काटकर मार डाला

**प्रयागराज।** दीपों के पर्व दीपावली पर संगम नगरी प्रयागराज में जहां चौतरफा खुशियां मनाई जा रही थीं। लोग अपने अपने घरों में दीपक जलाकर लक्ष्मी पूजन कर रहे थे। वहीं चौबीस घंटे के अंदर जनपद में दो दो हत्याओं ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। शनिवार की रात करछना इलाके में मुकेश कुमार नाम के एक युवक की गला काटकर हत्या की गई। तो वहीं रविवार की रात गंगापार के थरवई थाना अंतर्गत बसमहुआ गांव में कबाड़ कारोबारी को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया गया। सोमवार सुबह हत्या की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और छानबीन शुरू की। पुलिस का दावा है कि अब तक की विवेचना में व्यापारिक विभाग सामने आया है। यमुनापार के कौंधियारा थाना अंतर्गत ओड़िया गांव का निवासी राजू उर्फ मो. सलीम 28 पुत्र मोहम्मद इदरीश अपने साले निवासी बसमहुआ में कबाड़ कारोबार में सहयोग करता था। सोमवार को सुबह उसका खून से सना हुआ शव गांव के सामने थरवई सहसो मुख्य मार्ग के किनारे पटरी पर पड़ा मिला। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंची मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। पुलिस ने फॅारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच पड़ताल कराई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। पता चलने पर घटनास्थल पर पहुंची मृतक की बहन रेशमा बेगम व अन्य ने आशंका जताई कि रात में हत्यारों ने की हत्या की है। लोगों का कहना है कि उसे बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया था। सिर कूचा गया और धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। थरवई पुलिस मौका मुआयना और छानबीन करने के बाद परिवार आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। थरवई प्रभारी राजेश चौरसिया ने बताया कि मामले में पूछताछ की जा रही है। कुछ सुराग मिले हैं उसी अनुसार हत्यारों की तलाश की जा रही है। एसपी गंगापार धवल जायसवाल ने बताया कि अब तक की जांच में हत्या के पीछे व्यापारिक विवाद सामने आया है। अन्य पहलुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। फॅारेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड के जरिए साक्ष्य जुटाए गए हैं। जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## गोवर्धन धाम पर गोवर्धन पूजा भजन आरती के साथ की गयी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**गोवर्धन** पूजा समिति के तत्वाधान में गोवर्धन धाम खिड़किया घाट पर परंपरागत तरीके से गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न ग्यारह बजे से पूजा विधिविधान से प्रारंभ करते हुए गोवर्धन पूजा समिति की अध्यक्ष शालिनी यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ना सिर्फ मानवों बल्कि पशुओं के भी जीवन की रक्षा प्राकृतिक प्रकोप से की थी जिसके चलते उन्हें गोवर्धन धारी कहा जाता है।आज जबकि संपूर्ण मानव जाति एक वैश्विक आपदा करोना से पीड़ित है जिससे रक्षा के लिए हमें अपने साथ अन्य लोगों की भी जान बचाने का संकल्प लेना होगा और गोवर्धनधारी की भावना के अनुरूप कोविड नियमों का पालन स्वयं कर व कराकर सम्पूर्ण मानव जाति को सुरक्षित करने का दायित्व निभाना होगा। महामंत्री भाला यादव ने हवन पूजन का कार्य संपन्न कराया इसके पश्चात छप्पन भोग आरती भव्य पूजा अर्चन के साथ कराई गई। इस्कान भजन कर्तन मंडल ने भावपूर्ण श्रीकृष्ण की भक्ति के भजन प्रस्तुत कर संपूर्ण माहौल को संगीतमय के साथ श्रद्धालुओं को झूमने को मजबूर कर दिया। पूजा कार्यक्रम के साथ ही प्रसाद के रूप में हलवा और चना का वितरण भी श्रद्धालुओं में किया जाता रहा।समिति के निर्देशानुसार दर्शन हेतु श्रद्धालुजन अलग-अलग समय पर छोटी-छोटी टोली में गोवर्धनधारी का दर्शन दिनभर करते रहे। इस अवसर पर गोवर्धन ट्रस्ट बोर्ड के गोपाल यादव, पन्ना लाल यादव, गणेश इंजीनियर के अलावा जय प्रकाश यादव, अजय यादव अज्जू, चंद्रभानु प्रधान, जितेंद्र यादव, दीपक यादव, उमाकांत यादव, राजकुमार यादव बावन, मनीष यादव, राम सिंह यादव, गोप समिति के अध्यक्ष लालजी यादव, मनोज यादव, आयुष्मान चंद्रवंशी वीरेंद्र यादव, अनिल यादव, रामकुमार यादव, दिनेश यादव, इंजीनियर मनोज यादव, अशोक यादव लहुराबीर सहित भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## काशी के लक्खा मेला में शुमार तुलसीघाट की विख्यात नाग नथैया लीला कल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी के** लक्खा मेला में शुमार तुलसीघाट की ख्यात नागनथैया लीला कार्तिक शुक्ल चतुर्थी पर बुधवार को सजेगी। तुलसी घाट पर गंगा कालिंदी का रूप लेंगी और नटवर नागर भगवान श्रीकृष्ण कंदुक खेलने आएंगे। कालिय के फन नाथेंगे और नृत्य मुद्रा में वेणु वादन कर दर्शन दे जाएंगे। इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं। जानकीघाट पर कालिय नाग के प्रतिरूप को अंतिम रूप दे दिया गया।

गोस्वामी तुलसीदास द्वारा 450 साल पहले शुरू कराई गई लीला का प्रमुख प्रसंग बुधवार को दोपहर तीन बजे जीवंत होगा। इसमें विशाल नाग के फन पर चढ़ प्रभु श्रीकृष्ण जल में परिक्रमा करते हुए दर्शन देंगे। लीला समिति सदस्यों के साथ मिल कर माझी समाज के लोगों ने लगभग 12 फीट लंबे नाग को आकार दिया है। लीला से ठीक पहले नाग को तुलसीघाट पर जल में डुबा दिया जाएगा। काशी में वर्ष भर लक्खा मेला संग पर्वए व्रत और त्योहारों की अनगिन कड़ियां जारी रहती हैं। इसी कड़ी में कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तद्नुसार बुधवार को शाम तुलसीघाट पर भगवान श्रीकृष्ण की नागनथैया लीला सजेगी। काशी में प्रतिवर्ष गोस्वामी तुलसीदास जी के द्वारा स्थापित मानी जाने वाली इन नागनथैया के आयोजन की मान्यता काशी ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल में है। शिव की नगरी काशी में अनोखा नजारा होगा जब हर हर महादेव के साथ मोर मुकुट बंशी वाले की जय का नारा एक साथ फिजां में घुलेगा और काशी में माहौल पूरी तरह भक्ति भाव में डूब जाएगा। गंगा नदी कुछ देर के लिए यमुना बन जाएगी और कदंब की डाल से गेंद निकालने भगवान श्रीकृष्ण नदी में कालियनाग को नाथने के साथ ही फन पर काबिज होकर वेणुवादन करेंगे तो पूरी काशी भगवान कृष्ण की लीला से निहाल नजर आएगी। काशी नरेश भी आयोजन में शामिल होते थे और आयोजकों को स्वर्ण मुद्रा ;सोने की गिन्नी प्रदान करने की परंपरा का भी निर्वाह करते रहे।

## लेन-देन के मामले में बदमाशों ने महिला को मारी गोली, हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● घटना प्रेमचंद नगर कालोनी में रविवार को देर रात की है

**लालपुर पांडेयपुर** थानांतर्गत प्रेमचंद कॉलोनी में रविवार की देर रात 11 बजे लेनदेन के विवाद में हमलावरों ने महिला को गोली मार दी। गम्भीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मलदहिया स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। पुलिस देर रात तक हमलावरों की तलाश में जुटी रहीए लेकिन कोई ठोस कामयाबी हाथ नहीं लगी।मिली जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक आजाद भारद्वाज ने मोनू चौहान नामक व्यक्ति से दस साल पहले 10 हजार रुपए कर्ज लिया था। जिसे लौटाने में असमर्थ आजाद मोनू को सिर्फ तारीख पर तारीख दे रहा था। घटना से पूर्व बाइक सवार दो लोग आजाद से मिलने पहुंचे। जिसमें मोनू भी शामिल था। मोनू ने आजाद को पैसे लौटाने की धमकी दी। इस दौरान आजाद पर असलहा निकालकर तान दिया। इतने में आजाद की बीवी प्रेमा देवी ;32द्ध सामने आ गई। अचानक चली गोली प्रेमा के सीने के बाएं हिस्से पर जा लगी। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। महिला को तुरंत उपचार के लिए मलदहिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी सिटी विकास चन्द्र त्रिपाठी और एसएसपी अमित पाठक ने महिला के पति से पूछताछ किया। रात भर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी रहीए हालांकि कामयाबी सोमवार सुबह तक नहीं मिल सकी थी।

## श्री काशी विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा एवं गणेश जी का हुआ अन्नकूट श्रृंगार

● कोविड-19 का पालन करते हुए श्रद्धालुओं ने किया अन्नकूट झांकी का दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**मच्छोदरी** स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर, विश्वनाथ गली स्थित माँ अन्नपूर्णा मठ मंदिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में कई कुंटल मिठाईयों से भव्य श्रृंगार किया गया था। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कोविड-19 का पालन करते हुए अन्नकूट श्रृंगार का दर्शन-पूजन किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने माँ स्वर्णमयी अन्नपूर्णा की दर्शन-पूजन किया इसके पश्चात स्वर्णमयी प्रतिमा को अगले वर्ष के लिए सुरक्षित रख दिया गया। इसके अलावा बड़ागणेश स्थित लोहटिया में सैकड़ों कुंटल बेसन-बूंदि सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से श्री गणेश जी का अन्नकूट श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर बाबा का दर्शन-पूजन किया ।अन्नपूर्णा मंदिर के उपमहंत स्वामी शंकरपुरी जी महराज ने बताया कि इस बार 80 कुंटल से विभिन्न व्यंजनों से श्रृंगार किया गया था।

**स्वामी नारायण मंदिर में 25 कुंटल से अन्नकूट की गई झांकी**

धर्मार्थ मंत्री के प्रतिनिधि व महंत प्रेमदास स्वरूप ने की महाआरती की। भोले की नगरी में अन्नकूट की अद्भुत आभा सर्वत्र बिखरी। मछोदरी स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर में प्रभु दरबार छप्पन भोग से सजा तो मंदिर प्रांगण रंग.बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक दिखा। भक्तिमय गीतों के बीच श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचते और 25 कुंतल अन्न एवं मिठाइयों से सजी नयनाभिराम अन्नकूट झांकी के दर्शन कर निहाल होते गए। दर्शन के साथ भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। दर्शन दोपहर से आरम्भ हुआ जो रात आठ बजे तक अनवरत चलता रहा।

मन्दिर में महंत स्वामी प्रेम स्वरूप दास के सान्निध्य में जयेन्द्र स्वामी ने भगवान के विग्रहों का श्रृंगार किया। इसमें घनश्याम पुजारी का भी सहयोग रहा। श्रृंगार उपरांत पूजन हुआ जिसके यजमान जसुभाई भाईलाल भाई पटेल थे। इसी क्रम में आरती हुई। आरती में प्रदेश के पर्यटन मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी विशेष रूप से मौजूद थे। उनके अलावा पार्षद कुंवर कांत सिंह परेश भगवत पंकज भगतए कंचन भगतए गुजरात की साधुओं की टोली से योगेश्वर स्वामीए डीप्केश स्वामीए आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा सपरिवार एवं डॉ दीपिका बरनवाल शामिल थे। वहींए सम्पूर्ण व्यवस्था में भावेश भाईए दिनेश भाईए विक्की यादव और पुरुषोत्तम स्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समरसता एवं राष्ट्रीयता से दुनिया में गौरवांवित हो रहा भारतः प्रांत प्रचारक

● 11 हजार दीपों से जगमगाया अरैल तट, एक दीप शहीदों के नाम पर किया नमन

● आरएसएस की ओर से आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में समरसता का दिया गया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के प्रयास से देश के भीतर राष्ट्रीयता का भाव जैसे पुष्ट हुआ है वैसे ही समरसता का भाव भी पुष्ट हुआ है। समरसता और राष्ट्रीयता से ही सम्पूर्ण दुनिया के अंदर भारत माँ का गौरव भारत दुनिया के अंदर गौरवान्वित हो रहा है। यह हमारे देश के लिए गौरव की बात है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने रविवार सायंकाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयाग दक्षिण की ओर से अरैल घाट नैनी पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में भारत माता और माँ गंगा का आरती तथा पूजन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जब समाज एकरस होगा तभी समाज समरस होगा और जब समाज समरस होगा तभी भारत देश समर्थ होगा। कहा कि ऐसी ही सोंच और विचार देश के सर्वांगीण विकास के लिए हो। ऐसे प्रयास हम सभी को करने होंगे। कहा कि अंधकार को क्यों धिक्कारे अच्छा हो एक दीप जलाएं के भाव और संकल्प के साथ इसे लेकर चिंतन करने की आवश्यकता है। प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने सियाचीन के ग्लेशियर में देश के शत्रुओं से लड़ते लड़ते शहीद हुए कर्नाटक के जन्मा सैनिक हनुमन थप्पा समेत तमाम शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। कहा कि आज ऐसे ही शहीदों और उनकी वीर पत्नियों की वजह से देश सुरक्षित है। प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने सभी से भारतीय संस्कृति के प्रति एकजुट होने का आह्वान किया। कहा कि आज हम सभी को अपने जीवन में भारतीय संस्कृति को उतारने की आवश्यकता है। अरैल तट पर दीप जलाने का उद्देश्य अंधकार को कोसना और धिक्कारना नहीं है बल्कि समाज में व्याप्त अंधकार, बुराइयों और कुरुतियों को मिटाना है। इसी संदेश के साथ हम सभी को मिलकर इस ओर विचार करने और संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने माँ गंगा और माँ भारती की आरती करने के साथ ही जनमानस को दीपावली, माँ गंगा का महत्व तथा देश की एकता अखंडता और सीमा पर डटे जवानों के शौर्य पराक्रम और बलिदान के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सच्चा बाबा आश्रम के चंद्रदेव महाराज ने की। इस मौके पर प्रयाग दक्षिण के नगरों की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में संघ के सभी नगरों के स्वयंसेवक परिवारों की माताओं और बहनों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नगरों के स्वयंसेवकों ने त्रिवेणी तट पर दीपदान किया। इस अवसर पर एक साथ 11000 दीप जलाए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कुलदीप तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह गंगा दत्त जोशी, सह विभाग कार्यवाह संजीव, डा. राजबिहारी, विभाग प्रचारक कृष्णचंद्र, सह विभाग प्रचारक डा. पीयूष, भाग कार्यवाह वीर कृष्ण, सह भाग कार्यवाह अजय, भाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र एवं प्रयाग विभाग के स्वयंसेवक और आम जनमानस के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सह जिला कार्यवाह अजय ने किया।

## धूमधाम से मनाया गया श्री गोवर्धन महोत्सव, हुआ पूजन

**प्रयागराज।** ब्रज रस रसिक भजन मंडल प्रयागराज के तत्वाधान में श्यामा सदन राधे कृष्णा एनक्लेव लूकरगंज में 44 वां श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गाय के गोबर से निर्मित श्री गोवर्धन की प्रतिमा का पूजन आचार्य आशुतोष द्विवेदी ने वेद मंत्रों के साथ कराया। श्री गोवर्धन का पूजन कृष्ण और बलराम ने किया। इसके पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने भी श्री गोवर्धन का पूजन किया। वहीं भजन मंडल के कलाकारों ओंकार दत्त गौतम, अमित यादव, अवनीश दुबे, भास्कर कुशवाहा, श्रुति निगम, राधिका निगम, गीता दीक्षित, सुधा त्रिपाठी ने सुन्दर भजनों की प्रस्तुति की। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ढोलक पर उज्ज्वल निगम ने संगत की। श्रीकृष्ण की भूमिका में नक्षत्र द्विवेदी और बलराम की भूमिका में सिद्धार्थ नाग रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निम्बार्क आश्रम के महंत राधा माधव दास ने अपने आशीर्वचनों के साथ ही गोवर्धन पूजा के महत्व को बताया। भजन मंडल के अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आरती के बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संयोजक डा. अखिल निगम, अतुल निगम, दुलीचंद वर्मा, शैलेन्द्र केसवानी, अन्नू निगम, ईश्वर चन्द्र केसरवानी, अनूप निगम, पंडित मनीष द्विवेदी, अम्बरीष दुबे, अमरजीत सिंह, सत्यजीत नाग, नन्दू प्रजापति, ऊषा निगम, सुधा निगम, अनिता मधवार, आकांक्षा निगम, रमा द्विवेदी, मीरा निगम, छाया निगम, मनीषा मधवार आदि रहे।

## कायस्थ महासभा ने भगवान चित्रगुप्त जयंती पर किया पूजन



**उन्नाव।** चित्रगुप्त भगवान की जयंती एवं भाई दूज के अवसर पर इब्राहिम बाग स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कोविड प्रोटोकॉल के तहत भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का पूजन एवं अभिषेक किया गया। इसके पश्चात संस्था के सदस्यों के द्वारा 21 बार श्री चित्रगुप्त चालीसा का पाठ किया गया। पाठ के उपरांत भगवान श्री चित्रगुप्त भगवान की आरती की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. पंकज निगम, सौरभ श्रीवास्तव, नीरज निगम, विश्वास निगम, पवन निगम, अविरल श्रीवास्तव समेत गणमान्य कायस्थों ने भाग लिया।

## धूमधाम से मना भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भाई बहन** के स्नेह का पर्व भाई दूज सोमवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया। भाई दूज पर्व बहन भाई के बीच स्नेह और अटूट रिश्ते को समर्पित यह पर्व दिवाली के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। मान्यता के मुताबिक भाई के लम्बी उम्र के लिए बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाती हैं और उनकी आरती करती हैं। बहनें अपने भाई के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस वर्ष भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का आयोजन एक दिन किया जा रहा है। इस त्योहार के साथ ही दीपोत्सव पर्व का समापन होता है। रक्षाबंधन पर्व की तरह भाई दूज भी बेहद खास त्योहार होता है। धार्मिक मान्यताओं में यमुना में स्नान का महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन पूरे जगत का लेखाजोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म हुआ था। इस दिन कलम दवात की पूजा की जाती है। इस दिन बहन अपने भाई के हाथ में कलावा बांधकर मुंह मीठा कराती है। भाई दूज पर्व पर महिलाएं गोधन कूटती हैं। शिवाला घाट पर सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुईं और गीत गाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## श्रद्धापूर्वक मना भैया दूज का पर्व

**उन्नाव।** भैया दूज का पर्व गंगाघाट क्षेत्र में श्रद्धापूर्वक मनाया गया दूर-दूर बसी बहने ने भईया दूज पर भाई के माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना की। भैया दूज का पर्व यमुना जी ने अपने भाई यमराज का सत्कार कर भोजन कराया था। लिहाजा भैया दूज को बहन के घर जाकर भोजन कराने का विधान है और अविवाहित बहन से घर में ही भोजन बनवा खाने का विधान है। मृत्यु के दूत यमराज का पूजन कर बहने यम द्वितीया को अपने.अपने भाईयों की लम्बी उम्र की कामना करती है। जिन्हें भाई उपहार देते है। पूरे क्षेत्रों में आज बहनों ने यमी द्वितीया का श्रद्धापूर्वक पर्व मनाया जिन्होने भाईयों के तिलक कर लम्बी उम्र की दुआ माँगी। भाई दूज दीपावली के दो दिन बाद आने वाला पर्व है। जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को दर्शाता है एवं बहने अपने भाई की खुशहाली की कामना करती है। जहाँ बहनों ने अपने भाईयों का तिलक कर भाईयों के उज्जवल भविष्य की कामना एवं भाईयो ने अपनी बहनो को आकर्षण उपहार व दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। दूर-दराज पर रहने वाली बहनों ने सुबह से ही अपने भाईयों के माथे पर तिलक काने को बेताब दिखी। टैक्सीए टेंपो अड्डा आदि स्थानों पर बहनो की भारी भीड देखने को मिली। इस दौरान आवागमन काफी व्यस्त रहाए भाई दूज के चलते गंगाघाट में अनेको स्थानों पर मिठाई बिक्री की भरमार जोरों पर रही।

### नशे में धुत दबंगों ने युवक को पीटा

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थानाक्षेत्र के ऊगू में शराब के नशे में धुत दबंग ने एक युवक को दबंगों ने पीट पीट कर घायल कर दिया। जिससे युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय ऊगू नगर पंचायत निवासी दिव्यु ने विष्णु पुत्र मुनीम उम्र 24 पर पत्थर से हमला कर दिया जिससे युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सफीपुर में भर्ती कराया। घायल के परिजनों ने फतेहपुर 84 थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई।

पत्रकार की रहस्यमय मौत का मामला

## जनपद के पत्रकारों ने न्याय की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

● आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ 50 लाख मुआवजा व नौकरी की मांग

● जूनियर शिक्षक संघ ने भी समर्थन में जिलाधिकारी को संबोधित दिया मांग पत्र



**उन्नाव।** युवा पत्रकार सूरज पांडे का शव बीती 12 नवम्बर को रहस्यमय हालातों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। मृतक की मां ने महिला उपनिरीक्षक सुनीता चैरसिया व महिला पुलिस थाने का चालक अमर सिंह के खिलाफ हत्या का मामला सदर कोतवाली में दर्ज कराया था। हत्या का मामला दर्ज होने के बाद से आरोपीगण फरार है। आरोपियों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार अनिल अवस्थी दद्दा भाजपा नेता पत्रकार अरुण कुमार दीक्षित, अंजनी पाठक के नेतृत्व में जिलाधिकारी आवास पहुंचकर जिलाधिकारी को दिया गया। न्यायप्रिय जिलाधिकारी ने पत्रकारों को सूरज की मौत के संबंध में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये के साथ उनकी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजे जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार कुमकुम तिवारी ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पत्रकार, विजय त्रिपाठी, विशाल सिंह, नरेंद्र अवस्थी, राहुल पांडे, नसीर खान, अमित त्रिवेदी, अधिवक्ता पत्रकार अन्नू बाजपेई, वीर दीक्षित, बब्बी पांडे, अश्वनी अवस्थी, राजेश कटेरिया, पिंकू सिंह, शुभम श्रीवास्तव, मयंक तिवारी, विशाल मौर्य, जितेंद्र आजाद, सत्यम पांडे, राजीव सिंह, मनीष तिवारी, शशांक मिश्रा, शिवम तिवारी, वसीम अहमद, मजहर खान, अभय सहित आधा सैकड़ा से अधिक पत्रकारगण मौजूद रहे।

**समर्थन में जूनियर शिक्षक संघ ने भी सौंपा ज्ञापन**

पत्रकार सूरज पाण्डेय को न्याय मिले नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाय आदि मांगों के साथ उत्तर प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह व उनकी टीम के सदस्यों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर न्यायोचित कार्यवाही की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में संघ द्वारा मांग की गयी कि पत्रकार मौत मामले में नामजद अभियुक्तों महिला दरोग और सिपाही की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# नक्सलवाद के खात्मे को लेकर बघेल ने दिए शाह को सुझाव, मांगी सहायता

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने की सलाह दी है, ताकि युवा नक्सली समूहों में शामिल न हों। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि बघेल ने शाह को पत्र लिखकर बस्तर अंचल में नक्सलवाद की समस्या को जड़ से समाप्त करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बघेल ने पत्र में लिखा कि बस्तर में नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि वर्तमान में जारी रणनीति के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाए, ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगार लोग विवश होकर नक्सली समूहों में शामिल न हों।

बघेल ने कहा कि बस्तर में लौह अयस्क प्रचुरता से उपलब्ध हैं। यदि बस्तर में स्थापित होने वाले इस्पात संयंत्रों को 30 प्रतिशत छूट पर लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाए, तो वहां सैकड़ों करोड़ रूपए का निवेश होगा तथा हजारों की संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बड़े भाग में अभी तक ग्रिड की बिजली नहीं पहुंच पाई है और सौर उर्जा संयंत्रों की बड़ी संख्या में स्थापना से ही आमजन की उर्जा आवश्यकता की पूर्ति तथा उनका आर्थिक विकास संभव है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि वनांचलों में लघु वनोपज, वन औषधियां तथा अनेक प्रकार की उद्यानिकी फसलें होती हैं, उनके प्रसंस्करण एवं विक्रय की व्यवस्था न होने के कारण लोगों को इनका समुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। इन क्षेत्रों में प्रसंस्करण इकाइयों और कोल्ड चेन के लिए उदारतापूर्वक अनुदान दिए जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित बोधघाट बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन से सिंचाई तथा उर्जा क्षमता के विकास से बस्तर अंचल के बड़े भाग का कायाकल्प हो जाएगा और इस परियोजना की स्थापना के लिए भी केंद्र सरकार से सहायता अपेक्षित है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि इस समय राज्य के आकांक्षी जिलों को केंद्र सरकार की ओर से अलग से कोई आर्थिक अनुदान नहीं दिया जा रहा। राज्य के बस्तर अंचल के सातों जिले आकांक्षी जिलों के रूप में चिह्नित हैं और उचित यह होगा कि लोगों की आजीविका के साधनों के विकास के लिए जिलाधिकारियों को कम से कम 50-50 करोड़ रूपए की राशि प्रतिवर्ष दी जाए। बघेल ने लिखा कि उन्होंने नक्सल समस्या के समाधान की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों के संबंध में इस वर्ष तीन सितम्बर को पत्र लिखकर कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर शाह का ध्यान आकर्षित किया गया था। मुझे खुशी है कि आपने संज्ञान लेकर छत्तीसगढ़ के लिए वर्ष 2018 में आवंटित की गई सात अतिरिक्त सीआरपीएफ बटालियन में से पांच बटालियन बस्तर क्षेत्र में तत्काल तैनात किए जाने का निर्देश दिया। विगत वर्षों में भारत सरकार ने नक्सल प्रभावित राज्यों को सुरक्षा बल मुहैया कराने, उनके आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचा निर्माण तथा संचार साधनों के विकास के लिए उदारतापूर्वक सहायता उपलब्ध कराई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाए।



पटना में केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में जाते हुए।

## कांग्रेस के लिए यह आत्मविश्लेषण चिंतन का समयः कार्ति चिदंबरम

**चेन्नई।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कुछ दिन बाद तमिलनाडु से पार्टी के सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के लिए यह आत्मविश्लेषण, चिंतन और विचार-विमर्श करने का समय है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस के लिए यह आत्मविश्लेषण, चिंतन और विचार-विमर्श और कदम उठाने का समय है। तमिलनाडु में शिवगंगा से लोकसभा सांसद कार्ति ने बिहार चुनाव के परिणाम पर अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस को पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल द्वारा दिए गए साक्षात्कार के लिंक को ट्वीट करते हुए यह टिप्पणी की है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने कहा था कि बिहार चुनाव के लिए सीट बंटवारा समझौते को अंतिम रूप दिए जाने में देरी के कारण महागठबंधन के प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा।

बिहार में कांग्रेस ने 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन केवल 19 को ही जीत मिली। राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन को 243 सदस्ईय विधानसभा में 110 सीटें मिली जबकि राजग 125 सीटें जीतने में कामयाब रहा। अनवर ने रविवार को पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस को इस परिणाम से सबक लेना चाहिए और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए समय से गठबंधन संबंधी औपचारिकताओं को पूरा कर लेना चाहिए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने अपने ट्वीट में साक्षात्कार को टैग किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि पार्टी नेतृत्व ने शायद हर चुनाव में पराजय को ही अपनी नियति मान ली है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार ही नहीं, उपचुनावों के नतीजों से भी ऐसा लग रहा है कि देश के लोग कांग्रेस पार्टी को प्रभावी विकल्प नहीं मान रहे हैं।

## संतानहीन दंपति ने बच्ची का अपहरण किया, दो लोग गिरफ्तार किए गए

**हैदराबाद।** संतानहीन दंपति द्वारा कथित रूप से अपहृत की गई तीन साल की एक बच्ची को पुलिस ने 20 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि दंपति ने 14 नवंबर को एक बस स्टेशन से बच्ची का उस समय अपहरण कर लिया जब उसकी मां अपने रिश्तेदार से बात कर रही थी। उन्होंने बताया कि बच्ची की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साथी यात्रियों ने उन्हें बताया कि एक दंपति बच्ची को अपने साथ ले गया है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त अंजनी कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर बच्ची का पता लगाने के लिए सात विशेष टीमों का गठन किया गया। आरोपी पति-पत्नी पेशे से मजदूर हैं और विवाह के छह साल बाद भी संतानहीन हैं। पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर को बस स्टेशन पर बच्ची को अकेले देख उन्होंने उसे उठाया और रविवार को बस से महबूबनगर जिला चले गए।

## शीर्ष अदालत का जेल में बंद व्यक्ति की याचिका पर विचार से इंकार, कहा उच्च न्यायालय जाएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके मंत्री पुत्र आदित्य ठाकरे के बारे में कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने के मामले में गुजरात से गिरफ्तार व्यक्ति की जमानत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने आरोपी समीर ठक्कर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी से कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय जाएं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय भी उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा कर सकता है। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय भी आपके मौलिक अधिकार बरकरार रख सकता है। वह मामला स्थानांतरित भी कर सकता है और आपको जमानत भी दे सकता है। फिर आप अनुच्छेद 32 के तहत याचिका के साथ यहां क्यों आ रहे हैं। पीठ ने ठक्कर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी से कहा, आप कृपया उच्च न्यायालय जाएं।

जेठमलानी ने कहा कि ठक्कर को जमानती अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है और इससे आपको भी आघात पहुंचेगा। इस पर पीठ ने उन्हें उच्च न्यायालय जाने के लिए कहते हुए टिप्पणी की, हम अब काफी आघात मुक्त हैं। हम रोजाना यह देख रहे हैं। हमें कुछ भी आघात नहीं पहुंचाता। इस बीच, महाराष्ट्र के वकील ने कहा कि वह मजिस्ट्रेट की अदालत में उनकी जमानत का विरोध नहीं करेगा क्योंकि ठक्कर से हिरासत में पूछताछ हो चुकी है। जेठमलानी ने कहा कि ठक्कर के खिलाफ सिर्फ उसके ट्वीट को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और उसे 24 अक्टूबर को राजकोट से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर नागपुर लाया गया और उसके ट्वीट के लिए पूछताछ की गई। यही नहीं, उसकी हिरासत की अवधि भी बढ़ाई गई।

जेठमलानी ने कहा, उसकी गर्दन को रस्सी से बांधा गया था और सड़क पर उसकी परेड कराई गई। इस पर पीठ ने कहा कि आपको क्या लगता है कि हम इस सबसे सहमत हैं। हम आपसे बार बार कह रहे हैं कि आप उच्च न्यायालय में यही दलीलें दें। हमें भी उच्च न्यायालय के दृष्टिकोण का लाभ लेने दीजिए। इसके बाद, जेठमलानी ने ठक्कर की याचिका वापस ले ली जिसने जमानत के साथ ही तीनों प्राथमिकी को एकसाथ करने का भी अनुरोध किया था। ठक्कर, जिसे ट्विटर पर 59,000 लोग फॉलो करते हैं ओर सोशल मीडिया पर कुछ प्रमुख सरकारी पदाधिकारी भी उसे फॉलो करते हैं, को 24 अक्टूबर को इन पोस्ट के कारण राजकोट से गिरफ्तार किया गया था। नागपुर की एक अदालत ने उसे जमानत दी थी लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने तुरंत ही एक अन्य प्राथमिकी के सिलसिले में उसे गिरफ्तार कर लिया था।

## क्विक न्यूज

### माओवादियों ने मुखबिर बताकर लोहरदगा में एक व्यक्ति की गोलीमार कर हत्या की

**भाषा।** लोहरदगा/गुमला

**झारखंड** के लोहरदगा जिले में सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मुगो गांव में बीती रात माओवादियों ने एक व्यक्ति को पुलिस का मुखबिर बताते हुए उसकी गोली मार कर हत्या कर दी और घटनास्थल पर अपना धमकी भरा पर्चा छोड़कर लोगों को पुलिस प्रशासन का साथ न देने की चेतावनी दी। गुमला के पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि लोहरदगा-गुमला के सीमावर्ती सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मुगो गांव के समीप बीती रात हथियारबंद भाकपा माओवादियों ने 48 वर्षीय जागीर भगत की पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल लोहरदगा में पड़ता है, लिहाजा इस घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और माओवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा व भाकपा माओवादियों का पोस्टर बरामद किया है। माओवादियों की इस कार्वाई से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। माओवादियों ने घटनास्थल पर छोड़े गए पर्चे में धमकाते हुए लिखा है, पुलिस एसपीओ जागीर भगत झांकी है और एसपीओ पर कार्वाई अभी बाकी है।

### कांग्रेस नेता मनीष तिवारी कोरोना वायरस से संक्रमित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने सोमवार को कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने हाल के दिनों में अपने संपर्क में आए लोगों से सावधानी बरतने की अपील भी की है। तिवारी ने ट्वीट किया, आज दोपहर मेरे कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। बीती रात करीब दो बजे मुझे हल्का बुखार महसूस हुआ और मैं उठ गया। सुबह मैंने जांच कराई। दो समानांतर जांच हुई। अब तक कोई दूसरा लक्षण नही हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों के दौरान मेरे संपर्क में आए लोगों को सलाह है कि वे सावधानी बरतें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, मुकुल वासनिक और कुछ अन्य नेताओं ने तिवारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। तिवारी से पहले, अहमद पटेल, मोतीलाल वोरा और कई अन्य कांग्रेस नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं।

### इंफाल में रिम्स परिसर में बम विस्फोट में दो लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) परिसर में सोमवार को हुए एक विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रिम्स परिसर में सुबह लगभग साढ़े नौ बजे संतरी चौकी के पास हुए विस्फोट में 40 वर्षीय एक व्यक्ति और उसकी पत्नी घायल हो गई। ए लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि घायल दंपति की हालत गंभीर नहीं है। जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस उपमहानिरीक्षक थेमथिंग एन ने घटना की कड़ी निन्दा करते हुए पत्रकारों से कहा कि यह एक कायराना कृत्य है, जिसमें निर्दोष लोगों को एक ऐसे स्थान पर निशाना बनाया गया, जहां चिकित्सा उपचार किया जाता है। किसी भी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### बेंगलुरु में दो नाइजीरियाई तस्कर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में सोमवार को दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मार्क और हेनरी को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए उनके एक सहयोगी द्वारा दी गई जानकारी के बाद गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कोकीन और अन्य नशीले पदार्थ की गोलियां बरामद हुईं। उन्होंने बताया कि उनके पास से छह मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि मार्क के पास दो पासपोर्ट हैं, जबकि हेनरी के पास एक भी नहीं है। मामले में आगे की जांच शुरू हो गई है।



उत्तराखण्ड के केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के समापन समारोह के दौरान डोली उत्सव में भाग लेते हुए भक्त।

## सीमापार से होने वाले आतंकवाद को सबकी नजरों के सामने रखा है भारत ने : जयशंकर

**हैदराबाद।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि सीमापार से आतंकवाद को झेल रहे भारत ने उसे सभी के सामने लाने के लिए अथक परिश्रम किया है और धीरे-धीरे दुनिया भी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की वैश्विक प्रकृति को समझने लगी है। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि भौगोलिक रूप से भारत के निकटतम पड़ोसियों में से एक देश सरकार प्रायोजित सीमापार आतंकवाद में शामिल है। यहां इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में आयोजित एक कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, हमारे निकटतम पड़ोस में ही सीमापार से होने वाले सरकार प्रायोजित आतंकवाद का सटीक उदाहरण मौजूद है। दुनिया धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की वैश्विक प्रकृति को समझने लगी है।

मंत्री ने कहा, हमारे अथक प्रयासों के कारण हमने आतंकवाद के वित्त पोषण, कट्टरता और साइबर भर्ती आदि पहलुओं की ओर सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए इसे सबकी नजर में रखा है। वंदे भारत मिशन के संबंध में उन्होंने कहा कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान भारत ने विदेशों से अपने 24 लाख से ज्यादा नागरिकों की वापसी कराई। महामारी के दौरान भारत ने एक लाख से ज्यादा विदेशी नागरिकों को उनके घर भी वापस भेजा है।

जयशंकर ने कहा कि हवाई, सड़क और जल मार्ग से 24 लाख से ज्यादा भारतीयों को वापस लाया गया। हमने एअर इंडिया से लेकर भारतीय नौसेना तक अपने सभी संसाधनों को इस काम में लगाया। हमारी मंशा एकदम स्पष्ट थी, आज का भारत किसी भी भारतीय को तकलीफ में विदेश में नहीं छोड़ेगा। आखिरकार हम ऐसी अनोखी अर्थव्यवस्था हैं जो बहुत हद तक लोगों की आवाजाही और दूसरे जगह जाकर काम करने पर आधारित है। हमारी साख घर की तरक्की में योगदान देने के लिए विदेशों में काम कर रहे लोगों को दिए जाने वाले आश्वासन पर निर्भर है।

## ओडिशा में हत्या का मामला दर्ज होने के बाद जिलाधिकारी का तबादला

**भाषा।** भुवनेश्वर

**मल्कानगिरि** के जिलाधकारी मनीष अग्रवाल पर हत्या का मामला दर्ज होने के एक दिन बाद ओड़िशा सरकार ने सोमवार को उनका तबादला अपने नियोजन एवं समन्वय विभाग में कर दिया। यहां जारी एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार इस जनजाति बहुल जिले में अग्रवाल के स्थान पर 2014 बैच के आईएसएस अधिकारी एद्दुला विजय को नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के अनुसार अग्रवाल को नियोजन एवं समन्वय विभाग में उपसचिव बनाया गया है।

पुलिस ने रविवार को अग्रवाल एवं जिलाधिकारी कार्यालय के तीन अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मल्कानगिरि के उपसंभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अग्रवाल के निजी सहायक देब नारायण पांडा की पिछले साल दिसंबर में हुई मौत के सिलसिले में ऐसा करने का निर्देश दिया था। पांडा 27 दिसंबर को लापता हो गया था। एक दिन बाद सतीगुडा जलाशय से उसका शव मिला था। तब यह संदेह व्यक्त किया गया था कि उसने आत्महत्या कर ली हो। लेकिन छह महीने बाद पांडा की विधवा बनाजा और परिवार के अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि मल्कानगिरि के जिलाधिकारी और उनके कुछ मातहतों ने उसकी हत्या कर दी। पांडा के परिवार ने शिकायत भी दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज नहीं किया था। जब यह परिवार ओड़िशा मानवाधिकार आयोग गया तब जांच शुरू की गई। इस बीच पांडा के परिवार के सदस्यों ने एसडीजेएम की अदालत में भी मामला दर्ज किया और पुलिस को मल्कानगिरि के जिलाधिकारी एवं तीन अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने का निर्देश देने का दरख्वास्त किया।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवसः स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की आत्माः जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सोमवार को कहा कि एक स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की आधारशिला है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान मीडिया की भूमिका और मीडिया पर इसके प्रभाव विषय पर आयोजित एक वेबिनार में मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। इसके साथ ही मंत्री ने समाचार संगठनों को सनसनी से बचने के लिए कहा। मंत्री ने वीडियो संदेश में कहा, प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। प्रेस की स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन कोई भी स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। इसलिए, प्रेस को स्वतंत्र होकर जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए और किसी चीज को सनसनीखेज नहीं बनाना चाहिए। खबर किसी को जानबूझकर बदनाम करने के लिए नहीं होनी चाहिए। इन दिनों जिस तरह से प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला किया जा रहा है वह ठीक नहीं है।

कुछ समाचार चैनलों द्वारा टेलीविजन रेटिंग अंक (टीआरपी) में कथित तौर पर हेरफेर किए जाने के बारे में मंत्री ने कहा कि मंत्रालय द्वारा गठित एक समिति जल्द ही इस मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। टीआरपी हेरफेर की जांच करने और इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमने एक समिति बनाई है जो बहुत जल्द अपनी रिपोर्ट देगी। जावड़ेकर ने टीवी चैनलों के लिए एक नियामक संस्था के न होने के मुद्दे के बारे में भी बात की और कहा कि उनके लिए एक आचार संहिता लाने पर निर्णय लिया जा सकता है। भारतीय प्रेस परिषद एक स्व-नियामक निकाय है जिसमें संसद के साथ-साथ विभिन्न मीडिया घरानों के प्रतिनिधि शामिल हैं। पीसीआई को और अधिक शक्तियां देने पर चर्चा होती रही है।

मंत्री ने कहा, लेकिन टीवी चैनलों के लिए पीसीआई जैसी कोई स्व-नियामक संस्था नहीं है। हमें सभी टीवी चैनलों के लिए एक आचार संहिता बनाने के लिए सुझाव मिल रहे हैं, लेकिन हमने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है। उन्होंने कहा, सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहती है लेकिन प्रेस को जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए। जावड़ेकर ने आगे कहा कि टीवी की तरह ही ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों के लिए भी कोई नियामक संस्था नहीं है और सरकार को इस बारे में सुझाव मिल रहे हैं कि इसकी सामग्री को कैसे विनियमित किया जाए।

ओटीटी प्लेटफार्मों जैसे कि नेटफ्लिक्स, हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो और अन्य को हाल ही में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के दायरे में लाया गया है। मंत्री ने कहा, ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए न तो कोई पीसीआई और न ही कोई अन्य निकाय है जिनमें बहुत अच्छी सामग्री के साथ-साथ बहुत खराब सामग्री भी होती है। इसलिए इसके नियमन के लिए कुछ किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, चर्चाएं चल रही हैं और हमें ओटीटी प्लेटफार्मों पर सामग्री को विनियमित करने के लिए क्या करना चाहिए, इस पर बहुत से लोगों से सुझाव मिल रहे हैं।



गुवाहाटी में बिहारी समुदाय के सदस्य गोवर्धन पूजा उतसव में भाग लेते हुए।

# मोदी ने किया स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखने का आह्वान

**भाषा।** जयपुर





**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने सोमवार को देश की जनता का आह्वान किया कि जिस प्रकार उन्होंने दिवाली और अन्य त्योहारों में स्थानीय अर्थव्यवस्था (लोकल इकॉनमी) का समर्थन किया, उसे इसी प्रकार आगे भी जारी रखें। उन्होंने संतों और महात्माओं से भी वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय चीजों को अधिक महत्व देने के संदेश को घर-घर पहुंचाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी जैनाचार्य विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज की 151वीं जयंती पर उनके सम्मान में स्थापित स्टैच्यू ऑफ पीस का अनावरण करने के बाद संत समुदाय और आम जन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।अष्टधातु से बनी 151 इंच ऊंची यह प्रतिमा राजस्थान के पाली जिले के जेतपुरा स्थित विजय वल्लभ साधना केंद्र में स्थापित की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संतों और महात्माओं ने स्वाधीनता आंदोलन को सुदृढ़ करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उसी प्रकार उनके लिए आज वोकल फॉर लोकल के संदेश को आगे बढ़ाने का वक्त आ गया है। मोदी ने कहा, आज 21वीं सदी में मैं आचार्यों, संतों से एक आग्रह करना चाहता हूं कि जिस प्रकार आजादी के आंदोलन की पीठिका भक्ति आंदोलन से शुरु हुई। वैसे ही आत्मनिर्भर भारत की पीठिका तैयार करने का काम संतों, आचार्यों, महंतों का है। उन्होंने कहा, आप जहां भी जाएं, जहां भी बोलें आपके मुंह से वोकल फॉर लोकल का संदेश देश के हर व्यक्ति तक पहुंचते रहना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल के मंत्र को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए मोदी ने कहा कि इस बार दिवाली और सभी त्योहारों पर जिस तरह से देश ने लोकल इकॉनमी को जमकर समर्थन दिया वह वाकई नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा, इस सोच को और इस प्रयास को हमें आगे भी बनाए रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया साल आध्यात्मिक आभा का वर्ष है और प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती दो वल्लभों की जननी है। राजनीतिक क्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल और आध्यात्मिक क्षेत्र में आचार्य विजय वल्लभ जी महाराज। मोदी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि देश ने उन्हें गुजरात के केवडिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल की विश्व की सबसे ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के लोकार्पण का अवसर दिया और आज जैनाचार्य विजय वल्लभ की स्टैच्यू ऑफ पीस के अनावरण का सौभाग्य भी उन्हें मिला उन्होंने विश्वस व्यक्त किया कि स्टैच्यू ऑफ पीस विश्व में शांति, अहिंसा और सेवा का एक प्रेरणा स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि आचार्य वल्लभ ने भारत को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कई राज्यों में कई शिक्षा संस्थानों की स्थापना की।मोदी ने कहा कि भारत ने हमेशा पूरे विश्व और मानवता को शांति, अहिंसा और बंधुत्व का मार्ग दिखाया है और ए वो संदेश हैं जिनकी प्रेरणा विश्व को भारत से मिलती है।उन्होंने कहा, इसी मार्गदर्शन के लिए दुनिया आज एक बार फिर भारत की ओर देख रही है। भारत का इतिहास आप देखें तो आप महसूस करेंगे जब भी भारत को आंतरिक प्रकाश की जरूरत हुई है, संत परंपरा से कोई न कोई सूर्य उदय हुआ है। कोई न कोई बड़ा संत हर कालखंड में हमारे देश में रहा है, जिसने उस कालखंड को देखते हुए समाज को दिशा दी है। आचार्य विजय वल्लभ जी ऐसे ही संत थे। वर्ष 1870 में जन्मे विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज ने भगवान महावीर के संदेश को प्रचारित करने के लिए नि:स्वार्थ भाव से जैन संत के रूप में अपना जीवन बिताया। उन्होंने आम लोगों की भलाई के लिए, शिक्षा के प्रसार के लिए, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए लगातार काम किया।उन्होंने कविताओं, निबंधों और भक्ति रचनाओं जैसे प्रेरक साहित्य की भी रचना की। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय योगदान किया और स्वदेशी का प्रचार किया। विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज की प्रेरणा से कई राज्यों में स्कूल, कॉलेज और अध्ययन केंद्र सहित 50 से अधिक शैक्षिक संस्थान काम कर रहे हैं। उनके सम्मान में स्थापित की जा रही इस प्रतिमा को शांति प्रतिमा नाम दिया गया है। विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज का देहावसान 1954 में हुआ था।

## राजस्थान के सामाजिक न्याय मंत्री मेघवाल का लंबी बीमारी से निधन

**जयपुर ।** राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री मास्टर भंवर लाल मेघवाल का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। मास्टर मेघवाल (72) मस्तिष्काघात के बाद गुड़गांव के एक अस्पताल में भर्ती थे।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पांच बार विधायक रहे मेघवाल के निधन पर शोक जताया है। गहलोत ने ट्वीट किया, मंत्रिमंडलीय सहयोगी मास्टर भंवर लाल के निधन का गहरा दुख है। हम 1980 से साथ थे। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं ने भी मेघवाल के निधन पर शोक जताया है। कांग्रेस ने मेघवाल के निधन पर राजकीय शोक के मद्देनजर मंगलवार को प्रस्तावित निकाय एवं पंचायत चुनाव कार्यशाला स्थगित कर दी है।मेघवाल चुरू जिले की सुजानगढ़ विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते रहे।

# कांग्रेस स्पष्ट करे कि फारुक, महबूबा के राष्ट्र विरोधी बयानों के साथ या खिलाफ

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा ने ज**म्मू एवं कश्मीर के राजनीतिक दलों के गुपकर घोषणापत्र गठबंधन में कांग्रेस के शामिल होने की आलोचना करते हुए सोमवार को इसे गुप्तचर गठबंधन करार दिया और कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य अनुच्छेद 370 बहाल करना है जो पाकिस्तान चाहता है।

पार्टी ने गुपकर घोषणापत्र गठबंधन में शामिल नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती के भारत विरोधी बयानों के बारे में भी कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संवादाताओं को संबोधित करते हुए जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद राज्य के लोगों को मिल रहे विभिन्न केंद्रीय कानूनों के लाभ का उल्लेख करते हुए कांग्रेस से यह भी पूछा कि क्या वह चाहती है कि जम्मू और कश्मीर की जनता इन केंद्रीय कानूनों के फायदों से वंचित रहे। उन्होंने पूछा, सोनिया जी और राहुल गांधी, साफ-साफ बताइए कि क्या कांग्रेस अनुच्छेद 370 को बहाल करने के पक्ष में है? क्या कांग्रेस चाहती है संसद ने जो जम्मू कश्मीर के लोगों के हित में कानून बनाए हैं उससे वहां के लोग वंचित रहे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह जवाब भी देना पड़ेगा कि क्या वह कांग्रेस फारूक अब्दुल्ला के उस बयान का समर्थन करती है कि जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 को वापस लाने के लिए वह चीन का समर्थन लेंगे। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस महबूबा मुफ्ती के उस वक्तव्य का समर्थन करती है जिसमें उन्होंने कहा था कि तब तक तिरंगा नहीं फहराएंगे जब तक जम्मू और कश्मीर का झंडा फहराने का अधिकार नहीं मिलेगा। प्रसाद ने कहा, ए (फारुक और महबूबा के बयान) जबरदस्त देश विरोधी बातें हैं। कांग्रेस को जवाब देना होगा। हम छोड़ने वाले नहीं हैं। पूरे देश में यह सवाल आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप गुपकर घोषणापत्र के उद्देश्य के साथ हैं? आप अनुच्छेद 370 वापस लाना चाहते हैं? कांग्रेस से हम जवाब की अपेक्षा करते हैं। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ए गुपकर है या गुप्तचर है? ए कौन सा गठबंधन है? ए गुप्तचर गठबंधन क्या चाहता है?... ए वही चाहता है जो पाकिस्तान चाहता है, जो हिन्दुस्तान के दुश्मन देश चाहते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सपने को आगे बढ़ाते हुए जम्मू एवं कश्मीर के विकास में लगे हुए हैं वहीं कुछ राजनीतिक दल ऐसे हैं जो देश का अहित सोचते हैं। पात्रा ने कहा कि गुपकर गठबंधन का मुख्य उद्देश्य अनुच्छेद 370 को रोकना है।उन्होंने कहा, ए बहुत ही धिक्कार का विषय है। ए कोई चीन और पाकिस्तान का कानून नहीं है जिसे वे रोकना चाह रहे हैं। ए हिन्दुस्तान का कानून है और इसे यहां की संसद ने बनाया है और लोकतांत्रिक तरीके से बनाया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गुपकर गठबंधन में शामिल एक दल के नेता फारुक अब्दुल्ला कहते हैं कि वह चीन के साथ मिलकर अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे जबकि दूसरे दल की नेता महबूबा मुफ्ती कह रही है कि वह तिरंगा नहीं उठाएंगी और ना ही उठाने देंगी। उन्होंने कहा, एक चीन के साथ मिलना चाहता है और दूसरा तिरंगा नहीं उठाना चाहता है। इन सबके बीच पी चिदम्बरम कहते हैं कि अनुच्छेद 370 हटाना अनुचित है और हम इसकी वापसी चाहते हैं। ए सब जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है। पाकिस्तान ने हर मंच पर अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की है।

हर जगह कह रहा है कि अनुच्छेद 370 हटना अच्छी बात नहीं है। इसे वापस किया जाना चाहिए, यह कहते हुए वह संयुक्त राष्ट्र तक चला गया। ए गुप्तचर अलायंस भी वही कह रहा है। उसमें राहुलजी और सोनियाजी सम्मिलित हैं। भाजपा नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछा कि क्या वे अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के बयानों के साथ हैं या उसके खिलाफ। उन्होंने पूछा, आप इनको खारिज करते हैं या समर्थन करते हैं। आप इन वाक्यों के साथ खड़े हैं या विरोध में खड़े हैं। बिहार चुनाव में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए पूर्व पार्टी अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, बिहार की जनता ने राहुल गांधी को कहा है चुप कर ...और ए यहां चले हैं बनने गुपकर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिसका स्पर्श करते हैं उसका वजूद समाप्त हो जाता है। आप साइकिल पर बैठे, आज साइकिल का क्या हाल है सभी जानते हैं। बाद में आपको साइकिल के कैरियर से उतारना पड़ा। आप लालटेन के पास बैठे, वह बुझ गया। आज आपके साथी भी कह रहे हैं। हम तो शुरु से कह रहे हैं आप एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट) हैं। आज शिवानंद तिवारी कह रहे हैं आप नान परफार्मिंग पिकनिकिंग प्रेसिडेंट हैं। पीडीपी अध्यक्ष मुफ्ती, गुपकर घोषणापत्र गठबंधन की उपाध्यक्ष हैं और नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला इसके अध्यक्ष हैं।

## पाक की जेल में आठ साल काटने के बाद वतन वापस लौटे शमसुद्दीन

**कानपुर।** जासूसी के आरोप में पाकिस्तान की जेल में आठ बरस तक बंद रहे 70 वर्षीय शमसुद्दीन के लिए यह दीवाली हमेशा यादगार रहेगी। हो भी क्यों न, रविवार को आखिरकार वापस अपने वतन लौटने का उनका सपना जो साकार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी त्रिपुरारि पांडे ने सोमवार को बताया कि पिछली 26 अक्टूबर को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत आए शमसुद्दीन कोविड-19 महामारी के मद्देनजर जरूरी प्रोटोकोल के कारण अमृतसर में पृथक-वास अवधि गुजारने के बाद रविवार को कानपुर पहुंचे। घर पहुंचने पर परिवार के लोगों रिश्तेदारों तथा पास-पड़ोस के लोगों ने उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। कानपुर के कंघी मोहाल इलाके के रहने वाले शमसुद्दीन की वापसी की उम्मीद छोड़ चुके परिजन अपने बड़े-बुजुर्ग को अपने बीच पाकर अपनी भावनाएं नहीं रोक सके और लिपट कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि बार की दीवाली उन्हे सारी जिंदगी याद रहेगी। बजरिया थाने में पुलिस क्षेत्राधिकारी त्रिपुरारि पांडे ने शमसुद्दीन का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### सरकार की अवैध प्रक्रिया के तहत गुज्जर-बकरवाल समुदाय को निकाला जा रहा है: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को सरकार को इस केंद्रशासित प्रदेश के वन्यक्षेत्रों से गुज्जर-बकरवाल समुदाय के सदस्यों को हटाने के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि यदि उन्हें परेशान किया गया तो परिणाम खतरनाक होंगे। वह सोमवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में ऊंचे इलाकों में गईं और लोगों से मिली जिनके ढोकों (अस्थाई आश्रयों) को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत हटा दिया गया है। महबूबा ने कहा, यह अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अवैध प्रक्रिया का हिस्सा है। गुज्जर, बकरवाल जैसे जो लोग यहां घुमंतू की भांति रहते हैं , जिनके पुरखे सदियों से रहते आए, उन्हें खाली कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने निवासी प्रमाणपत्र में बदलाव किया और वह पूरे देश से लोगों को जम्मू कश्मीर में लाना और यहां के लोगों को हटाना चाहती है। उन्होंने कहा, यह बस यहां (कश्मीर में) ही नहीं हो रहा है, बल्कि आप यदि जम्मू में देखें (तो आप पाएंगे कि) भटिंडी, सुजवान, चट्टा जैसे स्थानों, जहां मुस्लिम जनसंख्या है और गुज्जर एवं बकर इन वनों के असली रक्षक है, उन्हें खाली करवाया जा रहा है। वे सर्दियों मे कहां जाएंगे? गुज्जर-बकरवाल समुदाय को बहुत निष्ठावन और शांतिप्रिय बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनका उत्पीड़न जारी रहा तो सरकार को खतरनाक परिणाम भुगतने होंगे। महबूबा ने कहा कि केंद्र वन्य अधिनियम को लागू करने में विफल रही जिससे इस समुदाय की रक्षा हो सकती थी।

### सीबीआई ने जम्मू कश्मीर में भूमि कब्जा के लिए तीन मामले दर्ज किए

**नई दिल्ली।** सरकारी अधिकारियों के साथ साठगांठ कर जम्मू कश्मीर में कथित भूमि कब्जा करने के संबंध मे सीबीआई ने तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए है। इसमे केंद्र मे सचिव स्तर का एक अधिकारी भी जांच के घेरे मे है। अधिकारियो ने सोमवार को इस बारे मे बताया। उन्होंने बताया कि मामलों की जांच पहले राज्य सतर्कता संगठन कर रहा था और जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने जांच का जिम्मा अपने हाथो मे लिया।उन्होंने बताया कि मामले जम्मू और सांबा जिलो मे कथित भूमि कब्जा के है। सीबीआई के प्रवक्ता आर के गौड़ ने एक मामले के बारे मे बताया कि जम्मू जिला के राजस्व विभाग के अधिकारियो ने रोशनी कानून के तहत तय प्रावधानो और अन्य नियमो की अवहेलना करते हुए जानबूझकर निजी लोगो को फायदे पहुंचाए। इस तरह राज्य की जमीन के मालिकाना हक गलत तरीके से अयोग्य लोगो को दिए गए और इससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। एक अन्य मामला जम्मू का है और यह गांधी नगर के एक कारोबारी और राजस्व विभाग, जम्मू विकास प्राधिकरण के अधिकारियो की साठगांठ के बारे मे है। जम्मू जिला के राजस्व अधिकारियो ने कारोबारी के साथ आपराधिक साठगांठ कर दीली तहसील के गांव मे जमीन का आवंटन किया। अधिकारियो ने बताया कि अब केंद्र मे सचिव पद पर तैनात एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और केंद्रशासित प्रदेश मे बिजली विभाग मे तैनात अधिकारी भी एजेंसी की जांच के घेरे मे है। तीसरा मामला सांबा जिले का है जहां राजस्व अधिकारियो ने रोशनी कानून के प्रावधानो के विपरीत अवैध तरीके से लोगो को फायदे पहुंचाए। गौड़ ने कहा, कई मामलो मे आरोप लगाया गया कि राज्य की जमीन के मालिकाना हक निजी लोगो को दिए गए जिनके नाम राजस्व रिकॉर्ड मे नही थे। यह भी आरोप है कि कानून के प्रावधानो के तहत कीमत निर्धारण करने वाली समिति ने कीमत तय नही की थी और कई मामलो मे रकम सरकारी खजाने मे जमा नही की गई, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ।

### राजद नेता शिवानंद तिवारी ने की राहुल गांधी की आलोचना, कांग्रेस ने किया पलटवार

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन के बीच उसके सहयोगी दल राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा कि महागठबंधन के लिए कांग्रेस बाधा बनी। टीवी चैनलो पर तिवारी का यह बयान प्रसारित होने के बाद राजद से उन्हे बाहर किए जाने की मांग उठने लगी है। तिवारी ने कहा कि गठबंधन के लिए कांग्रेस बाधा की तरह रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव तो 70 सीटो पर लड़ा, लेकिन 70 रैलियां भी नही की और चुनाव के वक्त राहुल गांधी पिकनिक मना रहे थे। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी केवल तीन दिन के लिए बिहार आए और प्रियंका गांधी तो आई ही नही। उन्होंने कहा कि जिन लोगो को बिहार से सरोकार नही था, वे लोग यहां आए। राजद नेता ने कहा कि जब चुनाव पूरे जोर-शोर से चल रहा था, तब राहुल गांधी शिमला मे प्रियंका के साथ पिकनिक मना रहे थे। तिवारी की इस टिप्पणी पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि तिवारी राजद के आधिकारिक प्रवक्ता नही है और उनकी भाजपा एवं जदयू से मिलीभगत है तथा वह उन्ही की भाषा बोल रहे है। उन्होंने कहा, तेजस्वी जी, राजद नेता शिवानंद तिवारी पर लगाम लगाएं। हमे राजद नेता का कांग्रेस और राहुल गांधी को लेकर गिरिराज सिंह और शहनवाज हुसैन जैसी भाषा बोलना स्वीकार नही। मिश्रा ने कहा कि गठबंधन का एक धर्म होता है, जिसका पालन सभी पक्षो को करना चाहिए। वही, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि शिवानंद तिवारी की टिप्पणी उनकी व्यक्तिगत राय है और उनका बयान पार्टी का बयान नही है।

### भाजपा अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई तो विकास का गुजरात मॉडल लागू किया जाएगा: दिलीप घोष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने सोमवार को कहा कि अगर अगले विधानसभा चुनाव मे उनकी पार्टी सत्ता मे आती है तो इस राज्य के विकास के लिए गुजरात का मॉडल अपनाया जाएगा। घोष ने राज्य मे रोजगार की स्थिति को लेकर अब तक की सरकारो की आलोचना भी की। पिछली वाम मोर्चा सरकार मे शिक्षा प्रणाली के कथित राजनीतिकरण के लिए आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय अच्छे वैज्ञानिक, डॉक्टर और इंजीनियर देने वाला बंगाल इस समय प्रवासी श्रमिक तैयार कर रहा है। घोष ने उत्तर 24 परगना जिले के बरासात मे चाय पे चर्चा के एक सत्र के दौरान दावा किया कि माकपा नीत वाम मोर्चा ने राज्य को प्रवासी श्रमिको का गढ़ बना दिया जिन्हें काम करने के लिए गुजरात जैसे राज्यो को जाना पड़ता था। उन्होंने कहा, दीदी मोनी (ममता बनर्जी) अक्सर कहती है कि हम (भाजपा) बंगाल को गुजरात बनाने की कोशिश कर रहे है। मै कहता हूं कि हम ऐसा जरूर करेंगे और इसे एक विकसित राज्य बना देंगे। हमारे महिलाओं और पुरुषों को वहां कामकाज के लिए नही जाना पड़े। हम यहां रोजगार के अवसर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि बांग्ला लोग अब बड़ी संख्या मे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की वरीयता सूची मे नही आते। घोष ने कहा, बिमान बाबू (वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस) और बुद्ध बाबू (पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य) जैसे लोगो ने राज्य की जनता का इस तरह राजनीतिकरण किया है कि अब हम प्रवासी श्रमिक मुहैया करा रहे है जो नौकरी के लिए गुजरात जाते हैं। हम डॉक्टर, इंजीनियर या प्रोफेसर नही दे रहे। घोष के दावे पर तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि गुजरात को दंगो और मुठभेड़ो के लिए जाना जाता है, विकास के लिए नही। बंगाल मे सत्तारूढ़ दल पहले भी 2002 के गुजरात दंगो के लिए भाजपा पर निशाना साधता रहा है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार मे मंत्री फिरहाद हाकिम ने कहा, गुजरात को हम विकास से नही जोड़ते। 2,000 से अधिक लोग मारे गए थे, इशरत जहां जैसे लोगो की मुठभेड़ मे मौत हुई। अगर बंगाल को गुजरात या उत्तर प्रदेश मे बदला जाता है तो यहां भी लोग मुठभेड़ों मे मारे जाएंगे। हम चाहते है कि हमारा राज्य जैसा है, वैसा रहे।

## शेष पेज 1...

### सातवीं बार बिहार...

शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपके नेतृत्व में बिहार और आगे बढ़ेगा। श्री नरेन्द्र मोदी का सहयोग बिहार को हमेशा मिलता रहेगा। नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शपथ लेने वालों में जद(यू) कोटे से विजय कुमार चौधरी का नाम प्रमुख है। इसके अलावा सुपौल से जद(यू) विधायक बिजेन्द्र प्रसाद यादव, जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधान पार्षद अशोक चौधरी, तारापुर से विधायक मेवालाल चौधरी तथा पुलपरास से विधायक शीला कुमारी शामिल हैं। भाजपा के कोटे से नीतीश सरकार में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधान पार्षद मंगल पांडे ने शपथ ग्रहण किया। पांडे पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। इसके अलावा आरा से भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह तथा राजनगर से विधायक रामप्रीत पासवान ने भी शपथ ग्रहण किया। रामप्रीत पासवान ने मैथिली में शपथ ली। नीतीश सरकार में दरभंगा के जाले सीट से विधायक जीवेश कुमार ने शपथ ग्रहण किया। जीवेश कुमार ने भी मैथिली में शपथ ली। औराई से भाजपा विधायक रामसूरत राय ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष कुमार सुमन ने शपथ ग्रहण किया। वहीं विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सहनी ने इस बार सिमरी बख्तियारपुर से चुनाव लड़ा था लेकिन वे चुनाव हार गए थे। वीआईपी पार्टी को चुनाव में चार सीटें मिली थी। भाजपा नेता नंदकिशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए सोमवार को कहा , आशा करता हूं कि कुर्सी की महत्वाकांक्षा की बजाय बिहार की जनाकांक्षा और सकारात्मक मुद्दों को सरकार की प्राथमिकता बनाएंगे। राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया था। तेजस्वी ने ट्वीट किया, आदरणीय नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री मनोनीत होने पर शुभकामनाएँ। आशा करता हूँ कि कुर्सी की महत्वाकांक्षा की बजाय वो बिहार की जनाकांक्षा एवं राजग के 19 लाख नौकरी-रोजगार और पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, सुनवाई जैसे सकारात्मक मुद्दों को सरकार की प्राथमिकता बनाएंगे।

### सही समय पर...

चुनाव तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के कुछ महीने बाद हुआ था। पहली चुनावी जीत के चार साल बाद वह बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए। यह वही दौर था जब सारण से लोकसभा सदस्य रहे लालू प्रसाद पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। उस वक्त जनता दल के भीतर मुख्यमंत्री के लिए नीतीश ने लालू का समर्थन किया था। नीतीश ने भी 1990 के दशक के मध्य में ही जनता दल और लालू से अपनी राह अलग कर ली तथा बड़े समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के साथ समता पार्टी का गठन किया। उनकी समता पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन किया और नीतीश ने एक बेहतरीन सांसद के रूप में अपनी पहचान बनाई तथा अटल बिहारी वाजपेई के मंत्रिमंडल में बेहद ही काबिल मंत्री के तौर पर छाप छोड़ी। बाद में एक विवाद को लेकर लालू प्रसाद और शरद यादव की राहें भी अलग हो गईं। इसके बाद समता पार्टी का जनता दल के शरद यादव के धड़े में विलय हुआ जिसके बाद जनता दल (यूनाइटेड) वजूद में आया। जद(यू) का भाजपा से गठबंधन जारी रहा। साल 2005 की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा-जद (यू) गठबंधन वाला राजग कुछ सीटों के अंतर से बहुमत के आंकड़े दूर रह गया जिसके बाद राज्यपाल बूटा सिंह ने विधानसभा भंग करने की सिफारिश की जिसको लेकर विवाद भी हुआ। उस वक्त केंद्र में संप्रग की सरकार थी। इसके कुछ महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और यहीं से बिहार की राजनीति में तथाकथित लालू युग के पटाक्षेप की शुरुआत हुई। 2010 के चुनाव में उनकी अगुवाई में भाजपा-जद(यू) गठबंधन को एकतरफा जीत मिली। इसके बाद भाजपा में अटल-आडवाणी युग खत्म हुआ और नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय राजनीति के क्षितिज पर आए तो नीतीश ने 2013 में भाजपा से वर्षों पुराना रिश्ता तोड़ लिया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जद(यू) को बड़ी हार का सामना करना पड़ा और भाजपा ने बिहार से बड़ी जीत हासिल की। नीतीश ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया। करीब एक साल के भीतर ही मांझी का बागी रुख देख नीतीश ने फिर से मुख्यमंत्री की कमान संभाली। 2015 के चुनाव में वह राजद और कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़े और इस महागठबंधन को बड़ी जीत हासिल हुई। नीतीश ने अपनी सरकार में उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि कुछ घंटों के भीतर ही भाजपा के समर्थन से एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने। लेकिन मैकेनिकल इंजीनियर नीतीश कुमार को इस बार अपनी गठबंधन की सरकार चलाने के लिए पहले के मुकाबले कहीं अधिक राजनीतिक कौशल की जरूरत पड़ेगी क्योंकि आंकड़ों की बिसात पर इस बार उनकी पार्टी का पलड़ा गठबंधन सहयोगी भाजपा के मुकाबले कुछ हल्का है।

### कपाट बंद होने ...

कपाट बंद होने से पहले दोनों मुख्यमंत्रियों ने भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा में भाग लिया। बाद में योगी ने कहा, बहुत ही सुहावने और सुंदर मौसम में भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ब्रहम मुहूर्त में ही पौने चार बजे से हम केदारनाथ मंदिर में पूजा में शामिल हो गए थे। प्रकृति भी भगवान भोले के स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछाकर अभिनंदन कर रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रावत ने भी बर्फबारी को बाबा केदार का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि बर्फ भगवान शिव के वस्त्र हैं और उनके छह माह के लिए समाधिस्थ होने के अवसर पर प्रकृति ने भी अपना पूरा आनंद बरसा दिया है।

### यूपी के श्रद्धालुओं ...

बद्रीनाथ दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा यूपी से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए वहां जल्दी एक पर्यटक आवास गृह बनवाया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड सरकार से बात की गई है। पर्यटन आवास का शिलान्यास भी जल्द होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरिद्वार में दिसम्बर तक अतिथिगृह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा दोनों सरकारों के बीच जो भी विवाद है, उनको बातचीत से हल कर लिया जाएगा।

### मॉडर्ना ने किया ...

फाइजर का दावा है कि इसी दौरान वह भी वैश्विक स्तर पर वह 50 मिलियन खुराक तैयार कर लेगी। दूसरी ओर, ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने कहा कि फाइजर की कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित और प्रभावी घोषित किया गया तो इसे क्रिसमस से ठीक पहले लगाना शुरू कर दिया जाएगा। एक टीवी चौनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि हम कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मॉडर्ना इंक ने यह भी कहा कि अमेरिका के पास कोरोना संक्रमण के बीच इमरजेंसी के दौरान कारगर वैक्सीन उपयोग के लिए अधिकृत दो टीके हो सकते हैं। यानी एक फाइजर और दूसरा मॉडर्ना का टीका। मॉडर्ना के टीके के साइड इफैक्ट के बारे में विशेषज्ञों ने बताया कि वैक्सीन की दूसरी खुराक लेने के बाद इससे थकान, मांसपेशियों और इंजेक्शन लगाने की जगह पर दर्द होता है। बता दें कि दोनों ही टीकों को नई तकनीक के साथ विकसित किया गया है जिसे मैसेंजर आरएनए के रूप में जाना जाता है। यह कोरोना महामारी से लड़ने के लिए अधिक प्रभावी है। कोरोना महामारी से दुनिया भर में 54 मिलियन लोगों संक्रमित हुए हैं और 1.3 मिलियन लोगों की मौत हुई।

### कोरोना के ...

होने की दर 93.27 प्रतिशत हो गई है। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.47 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख और 29 अक्टूबर को 80 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 15 नवम्बर तक कुल 12,56,98,525 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से 8,61,706 नमूनों का परीक्षण रविवार को ही किया गया। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 435 लोगों की मौत हुई, उनमें से दिल्ली के 95, महाराष्ट्र के 60, पश्चिम बंगाल के 51, पंजाब के 30 और कर्नाटक तथा केरल के 21-21 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,30,070 लोगों की मौत हो चुकी है। उनमें महाराष्ट्र के 45,974, कर्नाटक के 11,529, तमिलनाडु के 11,478, पश्चिम बंगाल के 7,661, दिल्ली के 7,614, उत्तर प्रदेश के 7,372, आंध्र प्रदेश के 6,868, पंजाब के 4,458 और गुजरात के 3,803 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### नोएडा के छह ...

158 और 159 को विकसित करने के लिए जमीन खरीदी थी। सेक्टर 158 में 17 भूखंड उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं। अब इस इलाके में केवल गुलावली, मोहियापुर, नलगढ़ा, दोस्तपुर मंगरौली गांवों में भूमि अधिग्रहण होना बाकी है।

### कांग्रेस नेतृत्व पर...

और अधिक मजबूत होकर निकले हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया, हम हर संकट के बाद बेहतर हुए और 2004 में सोनिया गांधी के नेतृत्व में संप्रग सरकार भी बनी। इस बार भी हम संकट से निकल आएंगे। कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने संवाददाताओं से कहा कि बिहार चुनाव में हार के लिए पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है क्योंकि इसकी जिम्मेदारी प्रदेश इकाई की है। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने भी सिब्बल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह उनके साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ लड़ाई लड़ें। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने सिब्बल पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, जब समय अच्छा था तो आप संगठन को ज्ञान देने वाले मंत्री थे, लेकिन तब भी राहुल गांधी जी न प्रधानमंत्री बने और न मंत्री। उस दौरान भी वह युवा कांग्रेस जैसे कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों को मजबूत कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज जब वक्त अनुकूल नही, तब भी राहुल जी दिन रात संगठन की मजबूती के लिए प्रयासरत है। जो पहले मंत्री थे, वे आखिरी बार कब सत्ता के खिलाफ लाठियां खाने सड़कों पर कार्यकर्ताओं के साथ उतरे थे ? आखिरी बार कब आपने खुलकर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भाजपा की मुखालफत की थी? कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राजद के सामने कांग्रेस को नतमस्तक कराने वाले पार्टी के सभी पदाधिकारियों को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, बिहार चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद उन सभी पदाधिकारीयों को नैतिक ज़िम्मेदारी लेते हुए अपने पदों से इस्तीफ़ा दे देना चाहिए जिन्होंने राजद के सामने कांग्रेस को नतमस्तक कराने की ग़लती की। उधर, कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने सिब्बल के बयान से परोक्ष रूप से सहमति जताते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए आत्मविश्लेषण, चिंतन और विचार-विमर्श करने का समय है।

## नोवाक जोकोविच ने श्वार्ट्जमैन को हराया

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल मे डिएगो श्वार्ट्जमैन को सोमवार को 6-3, 6- 2 से हरा दिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच यह टूर्नामेंट पांच बार जीत चुके है और वह रोजर फेडरर के रिकार्ड से एक जीत पीछे है। अर्जेंटीना के श्वार्ट्जमैन ने इस साल कोई खिताब नही जीता और पहली बार एटीपी फाइनल मे पहुंचे थे। वह इटालियन ओपन के फाइनल मे जोकोविच से हार गए थे। एटीपी फाइनल अगले साल इटली के तूरिन मे होगा। पिछले 12 वर्ष से यह लंदन मे हो रहा है।

## ऑस्ट्रेलियाई तैराक शायना जैक डोपिंग मामले में दो साल के लिए प्रतिबंधित

**लुसाने।** ऑस्ट्रेलियाई तैराक शायना जैक को अनजाने मे डोपिंग का दोषी करार दिए जाने के बाद सोमवार को दो साल के प्रतिबंध की सजा दी गई जो तोक्यो ओलंपिक के शुरू होने से पहले खत्म हो जाएगी। खेल पंचाट यानि सीएएस (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फोर स्पोर्ट्स) ने कहा कि उसके न्यायाधीशो ने फैसला किया कि शायना ने जानबूझकर लिगांड्रोल का सेवन नही किया था और उन्होने साबित किया कि जानबूझकर डोपिंग-रोधी नियम का उल्लंघन नही किया था।

## दिग्गज फुटबॉलर मैस्केरानो से संन्यास की घोषणा की

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना और बार्सीलोना के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर जेवियर मैस्केरानो ने 17 साल के शानदार करियर के बाद खेल से संन्यास की घोषणा की। इस 36 साल के खिलाड़ी ने घरेलू टीम रिवर प्लेट के साथ 2003 मे अपना करियर शुरू किया था। उन्होने रविवार को अपनी मौजूदा सुपरलीगा के मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैने अपने पेशे को शत प्रतिशत जीया है, मैने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। आज मुझे लगा कि इसे जारी रखने मे मुझे परेशानी हो रही है। मै खुद को अर्जेंटीना वापस लाने वाले एस्टुडियंटेस का अनादर नही करना चाहता था। मैस्केरानो ने कहा कि उन्होने संन्यास का फैसला परिणामो कारण नही बल्कि प्रेरणा की कमी के कारण लिया है।

## हॉकी ओलंपियन एमपी सिंह के इलाज के लिए 10 लाख रुपए जारी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित हॉकी ओलंपियन मोहिंदर पाल सिंह के इलाज के लिए 10 लाख रुपए जारी किए। वह फिलहाल डायलिसिस पर है। यह रकम खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष के तहत स्वीकृत कर उनकी पत्नी शिवजीत सिंह को दी गई। सिंह को वित्तीय सहायता देने के निर्णय के बारे मे खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, एमपी सिंह जी ने एक खिलाड़ी और कोच दोनो के रूप मे हॉकी मे समृद्ध योगदान दिया है। उनकी शारीरिक स्थिति हम सभी के लिए बहुत चिंता का विषय है।

# आस्ट्रेलियाई पिचों पर टीम इंडिया बहा रही पसीना

## राहुल ने ट्रेनिंग की, पुल शॉट को निखारा



**भाषा।** सिडनी

इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान यूएई की धीमी पिचों पर लगभग दो महीने तक खेलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने सोमवार को पारंपरिक टेनिस गेंद ट्रेनिंग के साथ आस्ट्रेलिया की जीवंत पिचों पर खेलने की तैयारी की। फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल ने अपने पुल शॉट को परफेक्ट करने के लिए कड़ा अभ्यास किया। सोमवार को नेट अभ्यास के दौरान 18 गज की दूरी से गेंदों का सामना किया। हालांकि इस तरह के अभ्यास सत्र में कुछ भी हैरानी भरा नहीं था क्योंकि अधिक उछाल वाली पिचों पर खेलने की तैयारी के लिए खिलाड़ी इस तरह की ट्रेनिंग करते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए वीडियो में सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टेनिस रैकेट का इस्तेमाल करते देखा गया। वह भारत की सीमित ओवरों की टीम के कार्यवाहक उप कप्तान राहुल को सर्विस करके गेंद खिला रहे थे और इस दौरान उनकी पसलियों को निशाना बना रहे थे। राहुल पुल शॉट खेलने के दौरान गेंद को जमीन पर रखने का प्रयास कर रहे थे जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली माहिर हैं। कम दूरी से टेनिस गेंद से अभ्यास करने का मुख्य कारण यह है कि गेंद काफी तेजी से आती है और इससे बल्लेबाज का प्रतिक्रिया देने का समय बेहतर होता है। इसलिए जब क्रिकेट की मूल गेंद का इस्तेमाल 22 गज की पिच पर किया जाता है तो बल्लेबाज को उसे खेलने के लिए कुछ समय अधिक मिलता है। टीम के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह गुलाबी कूकाबूरा गेंद के साथ गेंदबाजी करते हुए दिख रहे हैं। शमी भारत की तीनों प्रारूपों की टीम का हिस्सा हैं और भारत को उनके कौशल की सबसे अधिक जरूरत चार टेस्ट की श्रृंखला के दौरान पड़ेगी जिसकी शुरुआत एडीलेड में 17 दिसंबर को दिन-रात्रि टेस्ट के साथ होगी। शमी ने ट्वीट किया, अपने देश के लिए खेलने से बेहतर कोई अहसास नहीं है। टीम इंडिया के नेट पर गेंदबाजी करने का लंबा इंतजार आज खत्म हो गया। आस्ट्रेलिया दौरे को लेकर उत्सुक हूं।

### स्मिथ, वार्नर की मौजूदगी चुनौतीपूर्ण लेकिन जीत आसानी से नहीं मिलती: पुजारा



**नई दिल्ली।** डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की मौजूदगी ऑस्ट्रेलियाई टीम को मजबूत बनाती है लेकिन चेतेश्वर पुजारा को भारत के बेहतरीन गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है कि वे 2018-19 में टेस्ट श्रृंखला में मिली सफलता को फिर से दोहरा सकेंगे। उस श्रृंखला मे पुजारा ने तीन शतकीय पारियो की मदद से 500 से ज्यादा रन बनाए थे जिससे भारतीय टीम पहली बार ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर टेस्ट श्रृंखला को 2-1 से जीतने में सफल रही थी। उस श्रृंखला मे हालांकि स्मिथ और वार्नर ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नही थे। दोनो गेंद से छेड़छाड़ के कारण निलंबित थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले भारत के इस भरोसेमंद बल्लेबाज ने कहा, यह (ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम) 2018-19 सत्र के मुकाबले थोड़ा मजबूत होगा लेकिन फिर भी जीत आसानी से नही मिलती। पुजारा का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजों बुमराह, इशांत और शमी की तिकड़ी 2018-19 की सफलता को फिर से दोहरा सकती है, जिससे घरेलू बल्लेबाजी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी। इसमे कोई संदेह नही है कि स्मिथ, वार्नर और लाबुशेन शानदार खिलाड़ी है। लेकिन हमारे मौजूदा गेंदबाजो के बारे में अच्छी बात यह है कि उनमें से अधिकांश पिछली श्रृंखला में खेले थे और इस बार भी वह उससे अलग नही होगा। वे जानते है कि ऑस्ट्रेलिया में कैसे सफल होना है क्योंकि उन्होने अतीत में वहां सफलता का स्वाद चखा है। उनके पास अपने खेल के लिए योजनाएं है और अगर हम उसे अच्छी तरह मैदान पर उतरते है तो वे स्मिथ, वार्नर और लाबुशेन को जल्दी आउट करने में सक्षम होंगे।

### भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में खेलने पर अब तक फैसला नहीं किया है कमिंस ने

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ पैट कमिंस ने सोमवार को कहा कि उन्होंने भारत के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने साथ ही कहा कि तीन महीने जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहने के बाद भी वह तरोताजा महसूस कर रहे है। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलने के बाद पिछले हफ्ते यूएई से लौटे कमिंस अगस्त के अंत में इंग्लैंड पहुंचने के बाद से जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा है लेकिन उन्होंने थकान के डर को खारिज किया। भारत के खिलाफ दिसंबर में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले आराम के बारे में पूछे जाने पर कमिंस ने कहा, इस पर अब तक मैंने अंतिम फैसला नहीं किया है। यह अभूतपूर्व समय है और इतने सारे लोग लंबा समय जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में गुजार रहे है इसलिए हमने सभी विकल्प खुले रखे है और जब सब एक साथ होंगे तो इस पर बात करेंगे।

## पेन पृथक्वास में पर सीए ने कहा पहला टेस्ट निर्धारित समय पर



**सिडनी।** एडीलेड में कोरोना वायरस में नवीनतम मामलों के बाद सोमवार को कप्तान टिम पेन सहित आस्ट्रेलिया के कुछ खिलाडियों को पृथकवास में जाना पड़ा लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि भारत के खिलाफ यहां 17 दिसंबर से होने वाला पहला टेस्ट पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। एडीलेड में कोरोना वायरस संक्रमण के कई मामलों के बाद पश्चिमी आस्ट्रेलिया, तस्मानिया और नार्दर्न टेरीटरी ने दक्षिण आस्ट्रेलिया के साथ अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है और सोमवार दोपहर 11 बजकर 59 मिनट से एडीलेड से आने वाले सभी लोगों के लिए 14 दिन का पृथकवास लागू किया है। सीए की प्रवक्ता के हवाले से सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने पहले दिन-रात्रि टेस्ट के संदर्भ में कहा, निगरानी रखी जा रही है लेकिन कहानी यहीं खत्म हो जाती है। इन मामलों का असर आस्ट्रेलिया के क्रिकेट सत्र पर पड़ सकता है लेकिन सीए ने कहा है कि भारत के खिलाफ एडीलेड ओवल में अगले महीने टेस्ट श्रृंखला के पहले दिन-रात्रि टेस्ट के आयोजन पर संदेह जताने का कोई कारण नहीं है।

## आस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश में पुकोवस्की को जगह मिलने की संभावना नहीं: गिलक्रिस्ट

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि उभरते हुए बल्लेबाज विल पुकोवस्की को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलेगी क्योंकि चयनकर्ता दबाव का सामना कर रहे जो बर्न्स को बाहर करने से हिचक रहे हैं। गिलक्रिस्ट ने हालांकि स्वीकार किया कि पुकोवस्की को खिलाने के ठोस कारण हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा कि पुकोवस्की के शेफील्ड शील्ड में लगातार दो दोहरे शतक के साथ मजबूत दावा पेश करने के बावजूद आस्ट्रेलिया के पारी का आगाज करने के लिए बर्न्स और डेविड वार्नर की जांची-परखी जोड़ी पर भरोसा करने की संभावना है। यह सिर्फ मेरा नजरिया है लेकिन मुझे लगता है कि चयनकर्ता और टीम जो बर्न्स और डेविड वार्नर की साझेदारी का लुत्फ उठा रहे हैं। पुकोवस्की का दावा मजबूत है लेकिन वे बेहद ठोस कारण के बिना इस साझेदारी (वार्नर और बर्न्स) को तोड़ने से हिचकेंगे। उनका मानना है कि वे एक दूसरे का साथ देते

### भारत के खिलाफ बर्न्स से पारी की शुरूआत चाहते हैं पेन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के प्रतिभाशाली बल्लेबाज विल पुकोवस्की को टेस्ट क्रिकेटमे पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि कप्तान टिम पेन भारत के खिलाफ श्रृंखला मे खराब फार्म से जूझ रहे जो बर्न्स से ही पारी का आगाज कराना चाहते है। पुकोवस्की ने शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में लगातार दो दोहरे शतक समेत काफी रन बनाए। पेन ने संकेत दिया कि डेविड वार्नर के साथ बर्न्स ही पारी की शुरूआत कर सकते है। बर्न्स ने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया था। उसकी और वार्नर की साझेदारी टीम के लिए जरूरी है। उन्होने पिछले साल हमे अच्छी शुरूआत दिलाई।

## देशज संस्कृति के समर्थन में ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला से पहले नंगे पांव मैदान पर उतरेगी



ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हर श्रृंखला से पहले देशज (स्वदेशी) लोगों की संस्कृति को सम्मान देने के लिए मैच से पहले मैदान पर नंगे पांव उतरकर गोलाकार स्थिति में खड़े होंगे, जिसकी शुरुआत भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से होगी। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय उपकप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अपने देश में और दुनिया में नस्लवाद की समस्या से निपटने का यह सर्वश्रेष्ठ तरीका लगा।

## आईसीसी अध्यक्ष चुनाव के लिए तीन दौर का मतदान हो सकता है: रिपोर्ट

**दुबई।** ग्रेग बार्कले और इमरान ख्वाजा के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले स्वतंत्र अध्यक्ष के चुनाव में अगर किसी उम्मीदवार को 11 मत नहीं मिले तो इसके निदेशक मंडल को तीन दौर की मतदान प्रक्रिया में शामिल होना पड़ सकता है। आईसीसी की वार्षिक त्रैमासिक बैठक सोमवार को शुरू हुई और इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में निदेशक मंडल के 16 सदस्य भाग लेंगे, जिसमें 12 पूर्ण सदस्यों (टेस्ट खेलने वाले देश) के अलावा तीन एसोसिएट देश और एक स्वतंत्र महिला निदेशक (पेप्सिको की इंद्रा नूई) भी हैं।

## प्रजनेश एटीपी चैलेंजर फाइनल में हारे



**कैरी (अमेरिका)।** भारत के डेविस कप खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन को पहला सेट जीतने के बावजूद यहां एटलांटिक टाइर टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में अमेरिका के डेनिस कुडला के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चौथे वरीय भारतीय खिलाड़ी को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 3-6, 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दुनिया के 146वें नंबर के खिलाड़ी प्रजनेश ने फाइनल में शानदार शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता। बाएं हाथ का भारतीय खिलाड़ी हालांकि दूसरे सेट में लय बरकरार रखने में विफल रहा और दूसरे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दोनों सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

# बेल्जियम ने इंग्लैंड को हरा फाइनल की दौड़ से बाहर किया

**नेशन्स लीग फुटबॉल**

**भाषा।** ल्युवेन (बेल्जियम)



ड्राइस मर्टेन्स के फ्री किक पर दागे शानदार गोल की बदौलत बेल्जियम ने इंग्लैंड को 2-0 से हराकर नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल्स की दौड़ से बाहर कर दिया। अब जब एक दौर का खेल बाकी है तब बेल्जियम ने ग्रुप दो में तीसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। बेल्जियम की टीम ने हालांकि अभी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं किया है। शीर्ष रैंकिंग वाली बेल्जियम की टीम को बुधवार को दूसरे स्थान पर चल रहे डेनमार्क की मेजबानी करनी है और फाइनल्स में जगह बनाने के लिए उसे हार से बचना होगा। डेनमार्क को फाइनल्स में जगह बनाने के लिए यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा क्योंकि वह अभी बेल्जियम से दो अंक पीछे है। बेल्जियम ने 10वें मिनट में ही बढ़त बना ली जब कप्तान यान वर्टोनगेन ने एरिक डायर के कमजोर पास को अपने कब्जे में लेते हुए शानदार मूव बनाया और गेंद रोमेलु लुकाकु को थमाई।

### इटली ने पोलैंड को 2-0 से हराकर बढ़त बनाई

**रेगियो एमीलिया।** इटली ने नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप में रविवार को पोलैंड को 2-0 से हराकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इटली की टीम को इस मैच में कोच रोबर्टो मेंसिनी और स्ट्राइकर काइरो इमोबाइल की सेवाएं नहीं मिली जो कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। इटली के लिए पहले हाफ में जोर्गिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदला जबकि टीम के लिए दूसरा गोल दूसरे हाफ में डोमेनिको बेरार्डी ने किया। बेरार्डी ने लोरेंजो इनसाइन के पास पर गोल दागा। पोलैंड के स्टार फारवर्ड रोबर्टो लेवानदोवस्की हालांकि भाग्यशाली रहे जब एलेसांद्रो बास्तोनी को कोहनी मारने पर उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस टूर्नामेंट में वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। पोलैंड की टीम को हालांकि इसके बावजूद मैच में कुछ समय के लिए 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने पर जासेक गोराल्स्की को बाहर कर दिया गया। इटली की टीम लीग ए के ग्रुप एक में नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। नीदरलैंड की टीम आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

### नीदरलैंड ने नेशन्स लीग में बोस्निया-हर्जेगोविना को हराया

**एम्सटरडम।** जॉर्जियानो विजनाल्डम के दो गोल की बदौलत नीदरलैंड ने नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे बोस्निया-हर्जेगोविना को 3-1 से हराया जो फ्रेंक डि बोएर की टीम के कोच के रूप मे पहली जीत है। लीवरपूल टीम के अपने साथी वर्जिल वान डिक के चोटिल होने के कारण टीम की अगुआई कर रहे विजनाल्डम ने छठे और 14वे मिनट मे गोल करके खाली योहान क्रूफ एरेना मे रविवार को नीदरलैंड की जीत की नीव रखी। विजनाल्डम ने नीदरलैंड के पिछले 12 गोल मे से सात किए है। टीम के लिए एक अन्य गोल मेम्फिस डेपाय ने दागा।

### माने के गोल से सेनेगल ने क्वालीफाई किया

**केपटाउन।** सादियो माने के गोल से गिनी बिसाउ को 1-0 से हराकर सेनेगल 2022 अफ्रीकन कप आफ नेशन्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बना। सेनेगल के ग्रुप एक मे चार मैचों मे अधिकतम 12 अंक है और इसके साथ ही तय हो गया है कि वह ग्रुप से क्वालीफाई करने वाली दो टीमो मे से एक रहेगा। माने ने मैच का एकमात्र गोल निर्धारित समय खत्म होने से आठ मिनट पहले दागा।

## जीईएम पर पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या एक साल में दोगुना होकर 7,438 पर : सीईओ

**नई दिल्ली।** सरकार के ई-मार्केटप्लस मंच जीईएम पर पंजीकृत स्टार्टअप कंपनियों की संख्या एक साल में दोगुना से अधिक होकर 7,438 पर पहुंच गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इन स्टार्टअप को सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों से कई ऑर्डर मिल रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों के लिए वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद को जीईएम की शुरुआत अगस्त, 2016 में की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तल्लीन कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, अब हमारे पोर्टल पर 48,038 खरीदार, 7.42 लाख विक्रेता, 2.42 लाख सूक्ष्म एवं लघु उपक्रम (एसएमई), 7438 स्टार्ट, 10,252 उत्पाद श्रेणियां, 173 सेवा श्रेणियां है। एक साल पहले खरीदारों की संख्या 40,275, विक्रेताओं की संख्या 2.98 लाख, एमएसएमई की संख्या 59,536 और स्टार्टअप की संख्या 3,509 थी।

## फॉर्म 26एएस में जीएसटी कारोबार को लेकर करदाता पर अनुपालन का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा

**नई दिल्ली।** राजस्व विभाग ने कहा है कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि कुछ लोग माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में करोड़ों रुपए का कारोबार दिखा रहे हैं, लेकिन एक रुपए के आयकर का भी भुगतान नहीं कर रहे है। विभाग ने घोषणा की है कि ईमानदार करदाताओं के लिए फॉर्म 26एएस में जीएसटी कारोबार के आंकड़ों को दिखाने से संबंधित जरूरत में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। राजस्व विभाग (डीओआर) की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया है कि फॉर्म 26एएस में दिखाए गए जीएसटी कारोबार के विवरण से करदाताओं पर अनुपालन का किसी तरह का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह वार्षिक कर ब्योरा है। करदाता आयकर विभाग की वेबसाइट पर अपने स्थाई खाता संख्या (पैन) के जरिए इसे प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने कहा, 26एएस में दिखाया गया जीएसटी कारोबार सिर्फ करदाताओं की सूचना के लिए है।

## इस साल त्यौहारी मौसम में भारतीयों की रुचि चीन निर्मित उत्पादों के प्रति घटी : सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** इस साल त्यौहारी खरीद के दौरान भारतीय ग्राहकों में चीन में निर्मित वस्तुओं के प्रति रूझान में गिरावट देखी गई। मात्र 29 प्रतिशत लोगों ने ही चीन में निर्मित वस्तुओं को लेकर बाजार में पूछ-ताछ की। ऑनलाइन मंच लोकलसर्किल्स के सर्वेक्षण के अनुसार पिछले साल बाजार में करीब 48 प्रतिशत लोगों ने त्यौहारी मौसम के दौरान चीनी उत्पादों को लेकर पूछताछ की थी। कंपनी ने 14000 से अधिक लोगों के बीच यह सर्वेक्षण किया है। पिछले साल भी लोगों से लगभग समान सवाल करके सर्वेक्षण के निष्कर्ष निकाले गए थे। कंपनी के संस्थापक और चेयरमैन सचिन तापड़िया ने एक बयान में कहा, नवंबर 2019 में ग्राहकों से समान सवाल किए गए थे और 48 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने त्यौहारी मौसम में चीनी उत्पाद खरीदने की बात कही थी। इस साल यह आंकड़ा घटकर 29 प्रतिशत रह गया। सालाना आधार पर देखा जाए तो यह 40 प्रतिशत की गिरावट है। इन 29 प्रतिशत में से 71 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने इस बार कोई जान बूझ कर या अपना मन बनाकर चीन विनिर्मित माल नहीं खरीदा। लेकिन 66 प्रतिशत ने यह जरूरी करा कि वे कम पैसे में खरीदारी करना चाहते थे इस लिए उन्होंने चीन का माल ले लिया।

# थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढकर 1.48 प्रतिशत पर

## आठ माह का उच्चस्तर

**भाषा।** नई दिल्ली



थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 1.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह इसका आठ महीने का उच्चस्तर है। विनिर्मित उत्पाद महंगे होने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। सितंबर में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.32 प्रतिशत पर और पिछले साल अक्टूबर में शून्य पर थी। फरवरी के बाद यह थोक मुद्रास्फीति का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। फरवरी में यह 2.26 प्रतिशत पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं के दाम घटे, जबकि इस दौरान विनिर्मित उत्पाद महंगे हुए। अक्टूबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 6.37 प्रतिशत रह गई। सितंबर में यह 8.17 प्रतिशत के स्तर पर थी। समीक्षाधीन महीने में सब्जियों और आलू के दाम सालाना आधार पर क्रमश: 25.23 प्रतिशत और 107.70 प्रतिशत बढ़ गए। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं के दाम 2.85 प्रतिशत और खनिजों के दाम 9.11 प्रतिशत बढ़ गए। अक्टूबर में विनिर्मित उत्पाद 2.12 प्रतिशत महंगे हुए। सितंबर में इनके दाम 1.61 प्रतिशत बढ़े थे। इस दौरान ईंधन और बिजली के दाम 10.95 प्रतिशत घट गए। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में 7.61 प्रतिशत रही है। इक्रा की प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति अक्टूबर में 1.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो सितंबर में एक प्रतिशत थी। हमारे विचार में अगले कुछ माह तक मासिक आधार पर मुख्य मुद्रास्फीति में अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार के साथ बढ़त जारी रहेगी। मौद्रिक नीति समिति कम से कम दिसंबर, 2020 में ब्याज दरों को यथावत रखेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी से पता चलता है कि कोविड-19 की वजह से लागू लॉकडाउन को हटाए जाने के बाद मांग की स्थिति में सुधार आ रहा है। हालांकि, इसे सामान्य सुधार कहना जल्दबाजी होगा। इस मांग का एक बड़ा हिस्सा त्योहारों से संबंधित मांग का है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक 2-4 दिसंबर तक होगी। भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपनी रिपोर्ट में रिजर्व बैंक भी मुद्रास्फीति को लेकर चिंता जता चुका है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि इससे अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

## तीसरा प्रोत्साहन पैकेज आर्थिक वृद्धि के लिए सहायक, पर राजकोषीय पर असर अस्पष्ट : फिच

**नई दिल्ली।** वैश्विक वित्तीय परामर्श कंपनी फिच सॉल्युशंस ने सोमवार को कहा कि सरकार के तीसरे प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने में सहायक होनी चाहिए लेकिन इसके राजकोष पर पड़ने वाले प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल है। सरकार ने 12 नवंबर को 2.65 लाख करोड़ रुपए के एक और आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की। इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान 3.0 नाम दिया गया है। इस पैकेज में संगठित क्षेत्र में रोजगार निर्माण को गति देना, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई), उर्वरक सब्सिडी और ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम मनरेगा में बढ़ोत्तरी करना शामिल है। फिच सॉल्युशंस ने अपनी रपट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। फिच ने कहा, तीसरे प्रोत्साहन पैकेज की कई योजनाएं आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने में सहायक हो सकती हैं लेकिन सार्वजनिक वित्त प्रणाली पर इसके वास्तविक असर का आकलन करना मुश्किल है। अन्य परामर्श कंपनी मोतीलाल ओसवाल ने एक अलग रपट में कहा कि उसके आकलन के हिसाब से वित्त वर्ष 2020-21 में वास्तविक राजकोषीय असर जीडीपी के 0.5 प्रतिशत या अधिकतम 1.1 लाख करोड़ रुपए हो सकता है।

## वित्त आयोग ने प्रधानमंत्री को अपनी रिपोर्ट की प्रति भेंट की

**नई दिल्ली।** पंद्रहवें वित्त आयोग ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति भेंट की। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 4 नवंबर 2020 को भारत के राष्ट्रपति को सौंप दी थी।अध्यक्ष एन. के. सिंह तथा आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, प्रो. अनूप सिंह, डॉ. अशोक लाहिड़ी और डॉ. रमेश चंद के साथ आयोग के सचिव अरविंद मेहता रिपोर्ट की प्रस्तुति के इस अवसर पर उपस्थित थे। आयोग मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री को अपनी रिपोर्ट पेश करेगा। संविधान के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप इस रिपोर्ट को व्याख्यात्मक ज्ञापन साथ एक कृत कार्वाई रपट के माध्यम से संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## त्यौहारों के मौसम में खादी की रिकॉर्ड बिक्री, 13 नवंबर को हुई एक करोड़ 11.40 लाख की बिक्री

**भाषा।** नई दिल्ली



कोरोना महामारी के भय को पीछे छोड़ते हुए, इस त्योहारी मौसम ने खादी कारीगरों को खादी उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री के साथ शानदार लाभांश दिया गया। इस वर्ष दो अक्टूबर के बाद से केवल 40 दिनों में, नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया के प्रमुख आउटलेट पर खादी की एक-दिन की बिक्री का आंकड़ा 13 नवंबर को चौथी बार एक करोड़ रुपए की सीमा पार कर गया है। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को, इस बिक्रीकेन्द्र से कुल बिक्री एक करोड़.11.40 लाख रुपए की हुई, जो इस साल किसी एक दिन में सबसे बड़ी बिक्री का आंकड़ा है। सहित त्यौहारों के इस मौसम में राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बिक्री केन्द्र में 13 नवंबर को 40 दिनों में चौथी बार किसी एक दिन में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की रिकॉर्ड बिक्री हुई। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने इस रिकॉर्ड बिक्री का श्रेय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी , विशेषकर खादी को बढ़ावा देने की लगातार की गई अपील को दिया। खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्रों की रीढ़ माने जाने वाले कारीगरों का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में खादी प्रेमियों का समर्थन मिल रहा है। महामारी के बावजूद, खादी कारीगरों ने उत्पादन गतिविधियों को पूरे जोश के साथ जारी रखा और साथी देशवासियों ने भी उसी उत्साह के साथ उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक मंदी के बावजूद, केवीआईसी ने खादी के विकास की गति को बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है। आर्थिक तंगी और

## स्क्वायर यार्ड्स का दूसरी तिमाही का सकल लाभ 14 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्क्वायर यार्ड्स का चालू वित्त वर्ष की सितंबर मे समाप्त दूसरी तिमाही का सकल लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 26.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही मे कंपनी का सकल मुनाफा 23.2 करोड़ रुपए रहा था।

## मारुति ने दो लाख से अधिक कारें ऑनलाइन बेचीं

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने दो लाख से अधिक कारें ऑनलाइन माध्यम से बेची है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने ऑनलाइन बिक्री मंच की शुरुआत दो साल पहले की थी। कंपनी इस डिजिटल मंच से देशभर की करीब 1,000 डीलरशिप को जोड़ चुकी है।

## वॉलमार्ट ने जापान की सुपरमार्केट सेयु में बहुलांश हिस्सेदारी बेची

**तोक्यो।** अमेरिका की रिटेलर वॉलमार्ट जापान मे अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी सुपरमार्केट सेयु मे 85 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने जा रही है। यह सौदा करीब 1.6 अरब डॉलर का बैठेगा। शेष 15 प्रतिशत हिस्सेदारी वॉलमार्ट अपने पास रखेगी। वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर एंड कंपनी सेयु मे 65 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। वही जापान की ऑनलाइन रिटेलर राकुतेन 20 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

## ईवाई ने स्पॉटमेन्टर का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ईवाई इंडिया ने कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित दक्षता वृद्धि एवं पुनर्दक्षता मंच स्पॉटमेन्टर टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण किया है। इस अधिग्रहण के लिए कितनी धनराशि खर्च हुई, इसका ब्योरा नही दिया गया है।

# कोविड-19: अमेरिका में संक्रमण के मामले 1.1 करोड़ के पार पहुंचे

● कई राज्यों ने नई पाबंदियों की घोषणा की

**एपी।** लांसिंग (अमेरिका)

**अमेरिका में** कोविड–19 के मामले 1.1 करोड़ के भी पार पहुंच जाने के बाद अब कई राज्यों ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए नए सिरे से प्रयास आरंभ कर दिए हैं। कोरोना वायरस के करीब दस लाख मामले एक ह ते से भी कम समय के भीतर सामने आए हैं।वाशिंगटन और कई अन्य राज्यों की राह पर चलते हुए मिशिगन ने भी संक्रमण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। मिशिगन के गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर प्रशासन ने रविवार को हाई स्कूल और कॉलेज व्यक्तिगत उपस्थिति कक्षाएं बंद करने, रेस्टोरेंट में बैठकर भोजन करने की व्यवस्था बंद करने और खेलकूद गतिविधियों को भी बंद करने का आदेश दिया।आदेश के तहत मनोरंजन की कई गतिविधियां बंद की जाएंगी और जिम में सामूहिक व्यायाम कक्षाएं नहीं होंगी। ये नए नियम तीन ह ते तक प्रभावी रहेंगे। इससे पहले वाशिंगटन के गवर्नर जे. इन्स्ली ने व्यवसायों और सामाजिक मेलजोल पर नई पाबंदियों की घोषणा की थी।

## अमेरिका में टीका निर्माताओं से बातचीत करेगा बाइडन का वैज्ञानिक दल

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद की जि मेदारियों के हस्तांतरण की ठप पड़ी प्रक्रिया के चलते जो बाइडन के वैज्ञानिक सलाहकार भले ही सरकार की कोविड–19 टीकाकरण योजना से अनभिज्ञ हो लेकिन उन्होंने इस संबंध में आगामी दिनों में टीका निर्माताओं के साथ बैठक करने की योजना बनाई है।बाइडन के चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लेन ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव में हार स्वीकार नहीं की है जिसका मतलब यह है कि सरकार बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान के लिए जो जमीनी तैयारी कर रही है उसकी जानकारी बाइडन के दल को नहीं मिल पा रही है।क्लेन ने कहा, संभावना है कि टीकाकरण का काम संभवत: दिसंबर या जनवरी में आरंभ हो। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग (एचएचएस) के अधिकारी टीकाकरण अभियान शुरू की योजना बना रहे हैं। हमारे विशेषज्ञों को उनसे जल्द से जल्द बात करने की जरूरत है ताकि सत्ता हस्तांतरण के दौरान कुछ छूट न जाए।सरकार में संक्रामक रोगों के शीर्ष विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने कहा कि निवर्तमान और आगामी प्रशासन के बीच समन्वय की कमी के कारण जन स्वास्थ्य संकट की स्थिति और बिगड़ सकती है।


काबुल में बम बिस्फोट के बाद घटनास्थल का जायजा लेते सुरक्षाकर्मी

# ट्रंप को अब हार स्वीकार कर लेनी चाहिए: ओबामा

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि अब समय आ गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह स्वीकार कर लें कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडन से हार चुके हैं क्योंकि अब चुनाव के परिणामों में बदलाव आने की कोई गुंजाइश नहीं है।

ट्रंप को 232 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले। उन्होंने हार को अस्वीकार करते हुए पेनसिल्वेनिया, नेवाडा, मिशिगन, जॉर्जिया और एरिजोना में चुनाव के परिणामों को चुनौती दी है। साथ ही विस्कोंसिन में पुनर्मतगणना की मांग की है।ट्रंप का आरोप है कि इन सभी राज्यों में चुनाव के दौरान गड़बड़ी हुई है। बाइडन को 538 इलेक्ट्रोरल कॉलेज वोट में से 306 वोट मिले जो आवश्यक सं या 270 से बहुत अधिक है। सीबीएनएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में जब ओबामा से पूछा गया कि क्या यह वक्त ट्रंप के हार स्वीकार कर लेने का है तो उन्होंने कहा, निश्चत ही।इस कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को हुआ। ओबामा ने कहा, मेरा मानना है कि उन्हें हार स्वीकार कर लेनी थी – संभवत: चुनाव के एक दिन बाद या फिर दो दिन बाद तो कर ही लेना चाहिए था। आप आंकड़ों पर नजर डालेंगे तो पाएंगे कि जो बाइडन ने आसान जीत दर्ज की है। इन राज्यों के परिणामों में बदलाव आने की कोई संभावना नहीं है जिससे कि चुनाव परिणाम का नतीजा पलट सके।ओबामा ने आरोप लगाया कि ट्रंप के तहत व्हाइट हाउस आगामी प्रशासन के लिए सामान्य कोष और सुविधाएं जारी करने से इनकार कर रहा है। चुनाव में जीते बाइडन को गोपनीय सुरक्षा जानकारियां नहीं दी जा रही हैं जैसी ट्रंप को दी जाती थी जब वह निर्वाचित राष्ट्रपति थे।

## पेरू में उथल-पुथल के बीच अंतरिम राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

**लीमा (पेरू)।** पेरू के अंतरिम राष्ट्रपति ने रविवार को इस्तीफा दे दिया। दरअसल देश दो दशक के सबसे बड़े संवैधानिक संकट का सामना कर रहा है और देश के लोकप्रिय नेता को संसद द्वारा सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया था।टेलिविजन पर प्रसारित संक्षिप्त संबोधन में मैनुअल मेरिनो ने कहा कि मंगलवार को उनका अंतरिम राष्ट्रपति पद की शपथ लेना, कानून के दायरे में था। वहीं प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि संसद में सदस्यों ने त तापलट का षड्यंत्र रचा। उन्होंने कहा, सभी लोगों की तरह मैं भी देश के लिए सर्वश्रेष्ठ चाहता हूं।मेरिनो ने इस्तीफा देने का फैसला ऐसे समय में लिया जब रात में अशांति के दौरान दो युवा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और उनके आधे मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया। पेरू के लोगों ने लीमा में झंडे फहराकर इस फैसले का स्वागत किया और नारे लगाए, हमने यह कर लिया। लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अशांति के बीच आगे क्या होने वाला है।वहीं सत्ता से बेदखल होने वाले पूर्व राष्ट्रपति मार्टिन विजकारा ने देश के उच्चतम न्यायालय से हस्तक्षेप की अपील की है। पेरू में काफी कुछ दांव पर लगा है। देश कोविड–19 महामारी का सामना कर रहा है और यह दुनिया भर के उन देशों में शामिल है जहां इसका प्रकोप बहुत अधिक है। वहीं राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस संकट ने देश के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया है।

# पशिचम समर्थक उम्मीदवार ने जीता मोल्दोवा में राष्ट्रपति पद का चुनाव

**एपी।** चिशिनाउ (मोल्दोवा)

**यूरोपीय संघ** के साथ निकट संबंधों की समर्थक एवं विश्व बैंक की पूर्व अर्थशास्त्री माइया सैंडू ने मोल्दोवा के निवर्तमान राष्ट्रपति एवं रूस समर्थक इगोर डोडन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है।सोमवार को जारी प्रारंभिक परिणामों में यह बताया गया है।केंद्रीय निर्वाचन आयोग (सीईसी) के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार सैंडू ने 57 प्रतिशत वोट हासिल किए और डोडन को 15 से अधिक अंकों से पछाड़ दिया। उसने बताया कि करीब 100 प्रतिशत मतों की गणना की जा चुकी है।डोडन ने परिणाम प्रकाशित होने के बाद कहा, प्रारंभिक परिणाम संकेत देते हैं कि मेरी प्रतिद्वंद्वी माइया सैंडू विजेता हैं और मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। मैं शांति बनाए रखने और किसी प्रकार की बाधा पैदा नहीं करने या कोई प्रर्दशन नहीं करने की अपील करता हूं। हमें अपने देश को अस्थिर करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।इस चुनाव को यूक्रेन और रोमानिया के बीच फंसे इस छोटे पूर्वी यूरोपीय देश के भविष्य के लिए दो विभिन्न दृष्टिकोण के बीच चयन के तौर पर देखा जा रहा था। इससे पहले 2016 में डोडन ने सैंडू को कड़े मुकाबले में हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था।

## संक्रमित सांसद के संपर्क में आने के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने खुद को किया पृथक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक संक्रमित सांसद के स पर्क में आने के बाद खुद को पृथक कर लिया है। जॉनसन (56) इससे पहले मार्च में संक्रमित पाए गए थे।एशफिल्ड के सांसद ली एंडरसन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में 35 मिनट तक कुछ सांसदों के साथ बैठक की थी, जिसमें एंडरसन भी शामिल थे। बृहस्पतिवार को हुई इस मुलाकात के दौरान ली गई तस्वीर में जॉनसन और एंडरसन एक–दूसरे से उचित दूरी पर खड़े हैं लेकिन उन्होंने मास्क नहीं पहन रखा है।जॉनसन ने रविवार रात ट्वीट किया, आज मुझे नेशनल हेल्थ सर्विज (एनएचएस) टेस्ट एंड ट्रेस ने बताया कि मैं एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया हूं, जो संक्रमित पाया गया है ।

# यहूदी बस्ती के विस्तार की इजराइल की पहल निन्दनीय: राजदूत

**एपी।** यरूशलम

● फलस्तीन देश के गठन और 1967 के समझौते के आधार पर द्विराष्ट्र समाधान समझौते की संभावना को नुकसान पहुंचेगा

**संयुक्त राष्ट्र** के पश्चिम एशिया मामलों के राजदूत ने सोमवार को कहा कि पूर्वी यरूशलम में एक यहूदी बस्ती में निर्माण का विस्तार करने के इजराइल के निर्णय से वह काफी चिंतित हैं और इस कदम से फलस्तीन राष्ट्र की स्थापना में कठिनाई आएगी।

इस पहल से अमेरिका का आगामी प्रशासन खफा हो सकता है जो बस्तियों के विस्तार का विरोधी है और जो द्विराष्ट्र समाधान को लेकर वार्ता के फिर से शुरू होने की उ मीद करता है। इजराइल के बस्ती विरोधी समूह पीस नाउ के अनुसार इजराइल भूमि प्राधिकरण ने रविवार को अपनी वेबसाइट पर घोषणा की कि उसने गीवट हैमाटोस बस्ती में।,200 से अधिक नए घरों के लिए निविदा प्रक्रिया की शुरूआत की है।पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया मामलों के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत निकोलाय लादेनोव ने बयान जारी कर कहा, अगर यह (बस्ती विस्तार) होता है तो इससे वेस्ट बैंक में यरूशलम और बेथलहम के बीच बस्तियों की कड़ी को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा, इससे फलस्तीन देश के गठन और 1967 के समझौते के आधार पर द्विराष्ट्र समाधान समझौते की संभावना को नुकसान पहुंचेगा, जिसमें दोनों देशों की राजधानी यरूशलम को बनाने की बात कही गई है। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बस्तियों का निर्माण अवैध है और मैं अधिकारियों से अपील करता हूं कि इस कदम को वापस लिया जाए।



मारीटा में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बैलेट पेपर की दोबारा गिनती करती चुनाव कर्मचारी

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन जैनसन कोविड-19 टीके के अंतिम दौर का परीक्षण करेगा शुरू

**लंदन।** ब्रिटेन जॉनसन एंड जॉनसन की अनुषंगी दवा कंपनी जैनसन द्वारा विकसित किए जा रहा कोरोना वायरस के प्रयोगात्मक टीके के अंतिम चरण के परीक्षण को शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश बनने जा रहा है।वैज्ञानिक 12 महीने लंबे परीक्षण के लिए सोमवार से 6,000 लोगों को इसमें शामिल करना शुरू करेंगे।इस अध्ययन का नेतृत्व कर रहे डॉक्टर सॉल फॉस्ट ने बताया कि यह अनुसंधान सबसे पहले ब्रिटेन में शुरू होगा, लेकिन इसका लक्ष्य दुनिया भर के छह देशों में 30,000 लोगों को इसमें शामिल करना है। वैज्ञानिकों को उ मीद है कि इस टीके से शरीर में वायरस के प्रति प्रतिरोधक प्रतिक्रिया में तेजी आएगी। फॉस्ट ने कहा कि फाइजर और जर्मनी के उनके सहयोगी बायोएनटेक ने पिछले सप्ताह कहा था कि प्राथमिक आंकड़ो से ऐसा प्रतीत होता है कि उनका टीका 90 फीसदी प्रभावशाली है। फॉस्ट ने इस समाचार को अनुसंधान को प्रोत्साहन देने वाला एवं स्वागत योग्य बताया है।

### न्यूजीलैंड ने एहतियात के तौर पर मास्क संबंधी नए नियम लगाए

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैड मे बृहस्पतिवार से देशभर के विमानो मे लोगो के लिए मास्क लगाना कानूनी रूप से बाध्यकारी होगा। वही, ऑक्लैड मे सार्वजनिक परिवहन मे यात्रा के वक्त भी मास्क पहनना होगा।प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न और वायरस कार्वाई मंत्री क्रिस हिपकिंस ने वरिष्ठ निर्वाचित प्रतिनिधियो के साथ बैठक करने के बाद सोमवार को नए नियमो की घोषणा की।वैसे तो न्यूजीलैड इस वायरस का सफाया करने मे काफी हद तक सफल रहा है लेकिन ऑक्लैड मे कही कही यह संक्रमण सामने आया है। हाल ही मे होटल मे एक सैन्यकर्मी संक्रमित हो गया जहा विदेश से लौटे लोगो को पृथक-वास मे रखा जा रहा है।अर्डर्न ने कहा कि नए नियम एहतियाती है। उन्होने कहा, न्यूजीलैड की दुनिया मे अनोखी स्थिति है। हमारे यहां आर्थिक और निजी स्वतंत्रताएं है जो चुनिंदा देशो मे है।उन्होने कहा, लेकिन इन स्वतंत्रताओं पर खतरा बढ़ गया है क्योंकि हमारे आसपास की दुनिया मे कोविड-19 का प्रकोप बढ़ गया है। वैसे ए नियम 12 साल से कम उम्र के बच्चो तथा किराए की टैक्सियां लेने वाले यात्रियो पर पर लागू नही है, हालांकि वाहन चालकों के लिए मास्क लगाना जरूरी होगा।

### राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की हार के खिलाफ प्रदर्शन करने के मामले में कम से कम 20 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति चुनाव मे हार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प के मामले में करीब 20 लोगों को गिर तार किया गया है। उत्तर-पश्चिमी वाशिंगटन में प्रदर्शन कर रहे लोगों की दूसरे पक्ष के प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प होने के बाद इन लोगो को गिर तार किया गया।ट्रंप के समर्थन मे हजारो लोगो ने दिन मे प्रदर्शन किया। ट्रंप समर्थकों ने फ्रीडम प्लाजा से सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग तक मार्च निकाला। दूसरे पक्ष के प्रदर्शनकारियो के साथ शाम के समय इन लोगों की झड़प हो गई। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो मे लोग एक-दूसरे को धकेलते और मारते नजर आ रहे है।मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डीसी के 26 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ खतरनाक हथियार से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है, उसने कथित तौर पर पटाखे जला कर लोगों पर फेंके थे। पुलिस ने बताया कि गिर तार किए गए लोगो मे से कम से कम 10 लोग कोलंबिया जिले के है और अन्य पड़ोसी मेरीलैंड और वर्जीनिया के निवासी है।

### एथेंस में यूनानी देवता हेमीज़ की प्राचीन मूर्ति का आवक्ष मिला

**एथेंस (यूनान)।** मध्य एथेंस मे नाले मे चल रहे काम के दौरान यूनानी देवता हेमीज़ का आवक्ष मिला है जो काफी अच्छी हालत मे है।यूनान के संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि यह आवक्ष शुक्रवार को मिला, जो कि लगभग 300 ई.पू. या तीसरी शताब्दी की शुरुआत का प्रतीत होता है। मंत्रालय ने बताया कि यह आवक्ष हेमीज़ को परिपक्व उम्र में चित्रित करता है, जो युवक के रूप में उनके सामान्य चित्रण के विपरीत है।

### सीरिया के विदेश मंत्री वलीद अल मुअल्लिम का निधन

**बेरूत।** सीरिया के विदेश मंत्री वलीद अल मुअल्लिम का सोमवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।वह देश के राष्ट्रपति बशर-अल असद के विश्वस्त और उनके खिलाफ विद्रोह के दौरान दुनिया के लिए देश का चेहरा थे। संवाददाता स मेलनों के माध्यम से वह विश्व को सीरिया के रुख से अवगत कराते थे। मुअल्लिम लंबे समय तक राजनयिक रहे और 1990 के दशक में अमेरिका मे नौ वर्ष तक सीरिया के राजदूत के रूप मे उस समय सेवा दी जब सीरिया और इज़राइल में वार्ता चल रही थी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने उनके निधन की खबर दी है, लेकिन निधन का तत्काल कोई कारण नही बताया है।उनके परिवार मे पत्नी और तीन बच्चे हैं। दमिश्क मे 1941 में सुन्नी मुस्लिम परिवार में जन्मे मुअल्लिम ने 1964 में विदेश मंत्रालय में काम करना शुरू किया और 2005 में विदेश मंत्री बने। उन्हे देश का विदेश मंत्री ऐसे समय नियुक्त किया गया था जब लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री रफीक हरीरी की हत्या के बाद अरब और पश्चिमी राष्ट्रो ने सीरिया को अलग-थलग कर दिया था।

# चीनी घोटाले के सिलसिले में शाहबाज शरीफ, प्रधानमंत्री खान के मित्र एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान के** शीर्ष जांच निकाय ने अरबों रूपए के चीनी घोटाले के सिलसिले में शीर्ष विपक्षी नेता शाहबाज शरीफ, प्रधानमंत्री इमरान खान के मित्र तथा तीन अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने रविवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के अध्यक्ष शाहबाज शरीफ, उनके बेटों– हमजा एवं सुलेमान, प्रधानमंत्री इमरान खान के मित्र जहांगीर तरीन एवं उनके बेटे अली तरीन के विरूद्ध धनशोधन, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और सरकारी शेयरधारकों के साथ धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज किया।इस मामले में तरीन और उनके बेटे पर 4.35 अरब रूपए की धोखाधड़ी एवं धनशोधन करने का आरोप है जबकि शाहबाज एवं उनके बेटे 25 अरब रूपए के ऐसे ही आरोपों से घिरे हैं।कुछ दिन पहले ही लाहौर उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान प्रत्याभूति एवं विनिमय आयोग और एफआईए द्वारा तरीन के जेडीडब्ल्यू शुगर मिल्स और फारूकी पल्प मिल्स तथा शाहबाज के अल–अरबिया शुगर मिल्स के विरूद्ध प्रक्रियागत खामियों तथा तानशाही कवायद के आधार पर एफआईए में दर्ज किए गए मामले को खारिज कर दिया था।एफआईए ने बताया कि अदालत ने उसे इस चीनी घोटाले में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ने का अधिकार प्रदान किया।शाहबाज और उनके बेटे हमजा राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत के तहत लाहौर की कोट लखपत जेल में हैं जबकि उनके छोटे बेटे सुलेमान लंदन में हैं तथा एनएबी के धनशोधन मामले में एक स्थानीय अदालत उन्हें फरार घोषित कर चुकी है।तरीन और उनके बेटे हाल ही लंदन से लौटे हैं। अली पाकिस्तान सुपर लीग फ्रेंचाइज मुल्तान सुल्तान के मालिक हैं। एफआईए ने इस मामले में अबतक कोई गिर तारी नहीं की है।

## गिलगित-बलतिस्तान विधानसभा परिणाम: शुरुआती गिनती में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ आगे, भारत ने जताया विरोध

**इस्लामाबाद।** सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) गिलगित बलतिस्तान में विधानसभा की 23 सीटों के लिए हुए मतदान के शुरुआती चरण में आगे चल रही है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है।भारत ने गिलगित बलतिस्तान में चुनाव आयोजन करने के लिए पाकिस्तान की निंदा करते हुए कहा कि सैन्य कब्जे वाले इस क्षेत्र की स्थिति को बदलने के लिए उठाए गए कदम का कोई कानूनी आधार नहीं है।एक्सप्रेस ट्रब्यून ने अनाधिकृत परिणामों के हवाले से बताया कि पीटीआई यहां सात सीटो के साथ आगे चल रही है। निर्दलीय उ मीदवारों ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को चार सीटों पर जीत हासिल हुई हैचुनाव अधिकारियों ने बताया कि चार महिलाएं समेत कुल 330 उ मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां किसी की भी जीत हो ऐसी संभावना है कि नई सरकार के गठन के बाद इस क्षेत्र के दर्जे में बदलाव की घोषणा की जाएगी। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने इस्लामाबाद को 2018 के प्रशासनिक आदेश में संशोधन करने और क्षेत्र में आम चुनाव आयोजित करने की अनुमति दी थी। 2018 के आदेश के अनुसार गिलगित–बलतिस्तान में प्रशासनिक बदलाव मुहैया कराया गया था और इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को यहां के विषयों में नियम बनाने को अधिकृत किया गया।पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के फैसले पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए नई दिल्ली में पाकिस्तान के एक वरिष्ठ राजनयिक को आपत्तिपत्र जारी किया था। भारत ने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान को बताया था कि केंद्र–शासित प्रदेश ज मू–कश्मीर और केंद्र–शासित प्रदेश लद्दाख तथा गिलगित–बलतिस्तान का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है।

## दक्षिण कोरिया में लगातार तीसरे दिन सामने आए 200 से अधिक नए मामले

**एजेंसी।** सियोल

**दक्षिण कोरिया** में लगातार तीसरे दिन कोरोना वायरस के 200 से अधिक नए मामले सामने आए है, जिसके मद्देनजर अधिकारी देश में सामाजिक दूरी संबंधी नियमों को स त करने पर विचार कर रहे हैं। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने बताया कि सोमवार को कोविड–19 के 223 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 28,769 हो गए। देश में कोविड–19 से 494 लोगों की मौत हो चुकी है। एजेंसी ने बताया कि इनमें से 193 लोग स्थानीय स्तर पर संक्रमित लोगों के स पर्क में आने के बाद संक्रमित हुए और अन्य हाल ही में विदेश से लौटे हैं।दक्षिण कोरिया में पिछले महीने सामाजिक दूरी के नियम में ढील देने के बाद से कोविड–19 के मामले फिर बढ़े हैं। स्वास्थ्य मंत्री पार्क नेउंग हू ने संक्रमण के मामलों में वद्धि को गंभीर बताया और कहा कि अधिकारी सामाजिक दूरी के नियम में बदलाव पर विचार कर रहे हैं।

# ज़ी टीवी पर 'हमारी वाली गुड न्यूज' में अलग है कहानी

**ज़ी** टीवी इस त्योहारी सीज़न में अच्छी कंटेंट के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देता है। चैनल सास-बहू के बीच अनेक भारतीय परिवारों में चलने वाली रस्साकसी से हटकर एक ऐसा मार्मिक शो लेकर आ रहा है जो हालिया समय में टीवी पर नहीं दिखाई दिया होगा। सामान्यतः परिवारों में एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति, राजनीतिक महत्वाकांक्षा जैसी विचारधाराओं पर आधारित कहानियां ही भारतीय टेलिविजन पर अधिक दिखाई देती रही हैं। लेकिन अब पहली बार एक ऐसा शो ज़ी टीवी आ रहा है जिसमें सास बहू

**सामान्यतः परिवारों में एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति, राजनीतिक महत्वाकांक्षा जैसी विचारधाराओं पर आधारित कहानियां ही भारतीय टेलिविजन पर अधिक दिखाई देती रही हैं। लेकिन अब पहली बार एक ऐसा शो ज़ी टीवी आ रहा है जिसमें सास-बहू दोनों एक दूसरे पर जान छिड़कती दिखाई देंगी।**



दोनों एक दूसरे पर जान छिड़कते दिखाई देंगे। उनके बीच का आपसी विश्वास, आशा और मैत्रीपूर्ण व्यवहार ही इस शो की विशेषता होगी। शो का नाम है 'हमारी वाली गुड न्यूज़'। वास्तव में तो शो में सास-बहू दोनों एक दूसरे की भूमिका ग्रहण कर लेती हैं। शो में बहू बनी नव्या(सृष्टि जैन) तथा उसकी सास की भूमिका निभा रही रेणुका (जूही परमार) एक दूसरे की भूमिका अपनाते हुए सास इस बार घर में बहुप्रतीक्षित 'शुभ समाचार' सुनाती हैं।

बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कलाकार जूही परमार इसमें रेणुका सास की भूमिका का निर्वाह कर रही हैं जो इस तिवारी परिवार की जीवन रेखा होती हैं। वो अक्खड़ स्वभाव की हैं लेकिन भगवान से डरती हैं। वो पड़ोस की महिलाओं से बनी एक कीर्तन मंडली की सक्रिय सदस्य होती हैं। शक्ति आनंद इसमें मुकुंद अर्थात रेणुका के प्रति की भूमिका में हैं और नव्या के ससुर बने हैं। वो एक किराना स्टोर के मालिक हैं और कंजूस स्वभाव के होते हैं। उनका आदर्श वाक्य है 'जैसा चल रहा है बढ़िया चल रहा है, बदलाव की आवश्यकता ही क्या है?'

ये दोनों अभिनय प्रतिभाएं देश के परिवारों के लिए बहुपरिचित कलाकार हैं। इस इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद इस बार वे पहली बार साथ काम कर रहे हैं। जी हां, जूही और शक्ति दोनों कई शीर्ष शोज़ का हिस्सा रहे हैं लेकिन ये पहली बार हो रहा है कि वे किसी शो में एक फ्रेम में दिखाई देंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि वे पहली बार वास्तव में साथ काम करने को लेकर अत्यधिक रोमांचित हैं। सेट पर भी दोनों को बहुत ही सहज भाव से मिलते जुलते देखा जा सकता है।

साथ काम करते हुए अपने पहले शो के बारे में उनके अनुभव के बारे में प्रश्न के उत्तर में शक्ति आनंद का कहना था, ''हमारी वाली गुड न्यूज़' वास्तव में जूही के साथ मेरा पहला शो है और अब तक का अनुभव भी अद्भुत कहा जा सकता है। वो प्रशिक्षित, परिपक्व और अद्भुत अभिनेत्री हैं और मैं उनके बारे में अधिक क्या कह सकता हूं। वो अपने संवाद को अच्छे ढंग से स्मरण करती हैं और उन्हें पता होता है कि उनका खड़े होने का स्थान कहां पर है और किस प्रकार से संवाद बोलना है कैसे उसे और अधिक अच्छा किया जा सकता है। अतः आप कह सकते हैं कि उन्हें अपनी कला को लेकर कोई संशय नहीं हैं वो इस इंडस्ट्री में दो दशकों से अधिक समय से हैं अः वो जानती हैं कि कब क्या करना है और दृश्य को अधिक उत्कृष्ट कैसे बनाया जा सकता है। उनके साथ शूटिंग करके बहुत अच्छा लग रहा है हमारे बीच अच्छा वातावरण है।' जूही ने आगे बताया, 'शक्ति उत्कृष्ट अभिनेता है और शो के लिए उनके साथ शूटिंग करना बहुत अच्छा अनुभव रहा है।' शो पर इन दोंनों-शक्ति आनंद और जूही परमार के बीच की सहजता और मुकुंद और रेणुका के बीच के तर्क-वितर्क शो पर दोनों को काफी व्यस्त रखते हैं।

# सपनों का कोई जेंडर नहीं होता

## सोनी सब पर देखिए 'काटेलाल एंड संस'




**ए**क कहावत प्रायः कही जाती है 'यदि आप सपना देख सकते हैं तो उसे पूरा भी कर सकते हैं'। सपने और महत्वाकांक्षाओं का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन ये भी सही है कि सफलता और असफलता के बीच अंतर केवल किये गए प्रयासों का ही होता है।

सपनों पर किसी का नियंत्रण नहीं होता। न ही इनकी कोई सीमा या चहारदीवारी होती है। तो हम व्यक्ति के लिंग से प्रायः इन सपनों को परिभाषित क्यों करते हैं?

इसी बात को परिभाषित करते हुए और वास्तविक घटनाक्रम से प्रेरित होकर सोनी सब टीवी रोहतक की दो बहनों की कहानी लेकर आ रहा है जिसका शीर्षक है 'काटेलाल एंड संस' जो 16 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। शो में अशोक लोखंड जैसे वरिष्ठ अभिनेता के साथ चंचल बहनों के रूप में मेघा चक्रवर्ती तथाा जिया शंकर दिखाई देंगी।

इस शो 'काटेलाल एंड संस' इस बात का एक अकाट्य प्रमाण है कि सोनी सब सदा से सकारात्मक और प्रगतिशील कहानियों को दर्शकों के समक्ष रखता आ रहा है जिसमें कंटेंट ऐसी होती है जो हृदयस्पर्शी होती है।

शो वास्तव में दो बहनों-गरिमा (मेघा चक्रवर्ती) तथा सुशीला (जिया शंकर) की प्रेरक कहानी है जिनका मानना है कि सपनों का लिंग से कोई संबंध नहीं होता। जैसे जैसे ये शो आगे बढ़ेगा, शो की वास्तविक कहानी दर्शकों के सामने आती रहेगी। चलिये मेघा और सुशीला द्वारा उनकी भूमिकाओं के बारे में कही गई बात बताते हैं- मेघा चक्रवर्ती शो के बारे में बताते हुए कहती हैं: 'शो की सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इसमें बताया गया है कि सपनों का कोई जेंडर नहीं होता। काटेलाल एंड संस' एक हल्की-फुल्की कहानी है जिसके चलते आपको भी सपने देखने की इच्छा होने लगेगी। गरिमा और सुशीला दोनों हरियाणा के एक छोटे से नगर की हैं और दोनों एक प्रश्न का उत्तर अपने जीवन में खोजती हैं। कि क्या जीवन में हमारे उद्देश्य और लक्ष्य की प्राप्ति की राह में क्या जेंडर बीच में आना चाहिये। उदाहरण के लिए यदि पुरुष किसी होटल में शेफ का काम कर सकता है तो महिला अच्छी बार्बर क्यों नहीं हो सकती। इस प्रकार ये शो हमें हमारे पूर्वनिर्धारित विचारों से आगे जाते हुए कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। मेरे लिए भी ये शो कई स्तरों पर आंखें खोलने वाला साबित हुआ है। मुझे गरिमा का चरित्र निभाते हुए इतना गर्व का अनुभव हो रहा है कि बता नहीं सकती। काटेलाल एंड संस देखकर यदि एक व्यक्ति भी अपने लक्ष्य की पूर्ति हेतु अग्रसर होता है तो ये मेरे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बात होगी। जैसा कि कहा भी जाता है कि हम अपना अतीत नहीं बदल सकते, भविष्य जान नहीं सकते लेकिन हम अपने वर्तमान को तो आकार दे ही सकते हैं।'जिया शंकर ने आगे बताया, 'शो हम सभी को एक अंतर्निहित संदेश देता है जैसा कि मेरे चरित्र सुशीला द्वारा कहा भी गया है 'सपनों का कोई जेंडर नहीं होता'। इस रोल के साथ मैं अपनी सहजता की सीमा से बहुत बाहर आ गई हूं। सुशीला के बारे में मुझे एक बात अच्छी लगती है कि वो साहसी है और चुनौतियों का सामना करना उसे बहुत प्रिय है। वो रूढ़िवादी सोच में फंसकर रह जाने वाली लड़कियों में से नहीं है। वो वेटलिटिंग करती है और बॉक्सिंग का प्रशिक्षण भी करती है। इस शो से हमें अपनी महिलाओं को प्रेरित करने का मंच मिला है और मैं इसका माध्यम बनकर बहुत प्रसन्न और संतुष्ट हूं। शो की अवधारणा और परिकल्पना दोनों ही में मेरा अगाध विश्वास है। वो है- जेंडर को सपनों के रास्ते में न आने देना। सपनों का जेंडर से कोई लेना देना नहीं होता और ये शो इसी विश्वास को स्थापित करता है।

# मिलिए पिनाकी और हैप्पी नामक भूत बच्चों से

**नौ** सफल आईपी लॉन्च करने के बाद निकेलॅडियां अब एक ऐसे जॉनर पर आधारित शो लेकर आ रहा है जिसे किसी दूसरे किड्स चैनल ने नहीं छुआ है। इस शो का नाम है पिनाकी एंड हैप्पी-द भूत बंधूज़ पिनाकी को लेकर एक ऐसा शो है जिसमें पिनाकी को उसी घर में उसके 10 साल का होने तक एक भूत परिवार पालता-पोसता है। इसके बाद वो बाहरी दुनिया में पहली बार पदार्पण करता है। यहीं से प्रारंभ होता है भूत की अवधारणा से जुड़े क्रिया-कलापों को लेकर हास्य, जो रुकने का नाम नहीं लेता।

क्या उसके लिए बाहरी दुनिया के जीवित मित्रों से मिलना-जुलना और उनके साथ रहना सरल होगा? ये देखने के लिए आपको सोनिक चैनल पर इसे देखना होगा। इसके चरित्रों के बारे में अधिक जानकारी करने के लिए आगे पढ़ते रहिये।



11 साल के एक स्मार्ट लेकिन विचित्र लड़के के लिए, जिसे एक भूत परिवार ने पाला हो, और पढ़ाई में भी अच्छा हो, लेकिन थोड़ा चंचल अधिक हो लेकिन सबकुछ अपने नियंत्रण में करने की कला उसे आती थी। तब सबकुछ विचित्र ढंग से होने लगता है जब उसे एक स्थानीय स्कूल में प्रवेश मिल जाता है और वो पहली बार मनुष्य के बच्चों के साथ मिलता-बैठता है। दूसरे बच्चों के समान उसे चमगादड़ों, कीड़े, अंधेरे और भूतों से बिलकुल डर नहीं लगता!! पिनाकी चतुर बच्चा होता है और क्लास में सर्वाधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होता है। वो सभी विषयों में अच्छा है यही कारण है कि वो अध्यापकों का प्रिय छात्र बन जाता है।

हैप्पी पिनाकी के बड़े भाई जैसा है और उसके साथ ही रहता है। वो भी परिवार का सबसे मसखरा भूत होता है और 19 साल का होने के चलते वो लर्ट अधिक करता है। साथ ही वो कलाप्रेमी होने के चलते अपने साथ एक कैमरा भी लेकर चलता है। उसकी वाकपटुता और हास्यपूर्ण स्वभाव उसे दूसरों के बीच लोकप्रिय बनाता है। तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी वो हास्य की संभावना निकाल ही लेता है।

**स्पेशल विशेष शक्तिः** उसकी जेब भानुमती के पिटारे जैसी होती है और वो उसमें से किसी भी समय कुछ भी निकाल सकता होता है, बस उसे पता होना चाहिये कि उसे क्या निकालना है।






# जुग-जुग जियो से फिल्मों में नीतू कपूर की वापसी, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** अभिनेता वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर अभिनीत हास्य फिल्म जुग जुग जियो की सोमवार को चंडीगढ़ में शूटिंग शुरू हो गई। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं जो करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनतर तले बन रही है। धर्मा प्रोडक्शन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, आप सभी के आशीर्वाद और प्यार से फिल्म जुग जुग जियो की शुटिंग शुरू हो रही है। इस फिल्म से नीतू कपूर सात वर्ष बाद बड़े पर्दे पर फिर से लौट रही हैं। सात वर्ष पहले वह फिल्म बेशरम में अपने बेटे रणबीर कपूर और पति और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के साथ नजर आई थीं। नीतू कपूर (62) ने इंस्टाग्राम पर मेकअप रूम से अपनी तस्वीर साझा की और लिखा, वर्षों बाद सेट पर एक नई शुरुआत और फिल्मों के जादू के लिए वापस लौट हूं। कपूर साहब से लेकर रणबीर तक सब हमेशा मेरे साथ रहे हैं। आप सभी का प्यार महसूस कर सकती हूं। अब मैं खुद को संभाल सकती हूं। थोड़ा डर लग रहा है लेकिन मुझे पता है कि आप मेरे साथ हैं।

**इस फिल्म से नीतू कपूर सात वर्ष बाद बड़े पर्दे पर फिर से लौट रही हैं। सात वर्ष पहले वह फिल्म बेशरम में अपने बेटे रणबीर कपूर और पति और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के साथ नजर आई थीं।**

अभिनेता अनिल कपूर ने भी नीतू कपूर के साथ अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा कर उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश की।

उन्होंने लिखा, सेट पर आपकी वापसी देखकर बहुत खुश हूं। हम सभी आपके साथ हैं और हमें पता है कि आप पर्दे पर फिर से तहलका मचा देंगी। मैं आपके साथ जुग जुग जीयो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

इस फिल्म से मशहूर यूट्यूबर प्राजक्ता कोली भी फिल्मों में पदार्पण कर रही हैं।

# नेटफ्लिक्स की फिल्म साइन करने वाले हैं सैफ अली खान, फिल्म की पटकथा को बेहद शानदार बताया



**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान ने कहा है कि वह वर्तमान में नेटफ्लिक्स की एक फिल्म साइन करने के अंतिम चरण में हैं जिसकी पटकथा बहुत ही शानदार है। खान 2018 में नेटफ्लिक्स के सेक्रेड गेम्स के साथ डिजिटल माध्यम में प्रवेश करने वाले मुख्यधारा के अग्रिम बॉलीवुड सितारों में से एक हैं। नई फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। खान ने कहाकि मैंने हाल ही में नेटफ्लिक्स की एक फिल्म के लिए एक शानदार पटकथा सुनी है। मुझे फिल्म की पटकथा, उसका विचार और निर्देशक बहुत पसंद हैं। हम तारीख तय करने की कोशिश कर रहे हैं। हम लगभग इसपर फैसला करने ही वाले हैं। पचास वर्षीय अभिनेता की कई फिल्में अभी रिलीज के लिए कतार में हैं। उन्होंने हाल ही में बंटी और बबली 2 की शूटिंग पूरी, जिसमें रानी मुखर्जी भी हैं। इस फिल्म में अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और शरवरी भी हैं। इसके अलावा, खान फिलहाल, भूत पुलिस के लिए अभिनेता अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडीज़ और यामी गौतम के साथ शूटिंग कर रहे हैं। वह पहली बार किसी हॉरर-कॉमेडी फिल्म में काम कर रहे हैं।

# अमिताभ बच्चन और आमिर खान ने सौमित्र चटर्जी को भारतीय सिनेमा के महान कलाकारों में से एक बताया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और आमिर खान ने अभिनेता सौमित्र चटर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा के महान कलाकारों में से एक बताया। कोविड-19 के बाद पैदा हुई स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से 40 दिन तक जूझने के बाद कोलकाता के एक अस्पताल में चटर्जी का रविवार को निधन हो गया था। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद छह अक्टूबर को 85 वर्षीय अभिनेता को अस्पताल में भर्ती किया गया था। बाद में वह संक्रमणमुक्त तो हो गए थे, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। बच्चन ने चटर्जी के साथ 2018 की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए उन्हें महान प्रतिभा करार दिया। रविवार देर रात 78 वर्षीय अभिनेता ने ट्वीट किया, सौमित्र चटर्जी, एक महान कलाकार। फिल्म उद्योग का एक बड़ा स्तंभ गिर गया। नम्र और प्रतिभा से धनी व्यक्तित्व प्रार्थना। बासु चटर्जी के निर्देशन में बनी 1979 की रोमांटिक फिल्म मंजिल में बच्चन ने काम किया था और ऐसा कहा जाता है कि यह फिल्म मृणाल सेन के निर्देशन में बनी फिल्म आकाश कुसुम से प्रेरित थी। इस बंगाली फिल्म में सौमित्र चटर्जी ने काम किया था।





सौमित्र चटर्जी के निधन पर आमिर खान ने कहा, भारतीय सिनेमा ने अपना एक प्रकाश पुंज खो दिया है। उन्होंने सोमवार को ट्वीट किया, सौमित्र जी के परिवार और उनके प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। उनका काम हम सभी को आनंद देता रहेगा। श्री सौमित्र चटर्जी की आत्मा को शांति मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई नेताओं और हस्तियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

चटर्जी ने 1959 में आई निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म अपुर संसार से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। रे के पसंदीदा अभिनेता ने उनकी चारूलता देवी , अभिजन , अरण्एर दिन रात्रि , घरे बायरे जैसी फिल्मों में काम किया। दोनों का करीब तीन दशक का साथ रहा, जो रे के निधन पर ही खत्म हुआ। उन्हें तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। 2012 में उन्हें सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

पारम्परिक अंदाज में मनाया गया भाई दूज का पर्व...

# बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर की संकटमुक्त जीवन की कामना



सीतापुर-भाई दूज पर्व पर पूजन करती महिलाएं



सीतापुर-भाई को टीका लगाती बहन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** भाई दूज का पर्व पारम्परिक अंदाज में मनाया गया। घर आंगन में चौक बनाकर पूजन किया गया। इस मौके पर सताना की कथा सुनाई गई। इसके बाद बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर संकटमुक्त जीवन की कामना की। इसके एवज में भाइयों ने बहनों को कुछ न कुछ उपहार भी दिया।

**बाजार में दिखी दिवाली की खुमारी:** भाई दूज को भी बाजार में दीवाली खुमारी दिखी। शहर बाजार में इक्का-दुक्का दुकाने ही खुली। बाजार में सन्नाटा दिखा। हालांकि आवागमन के चलते सड़कों पर ट्रैफिक दिखा। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सक्रिय रही। दोपहर में सीओ पीयूष कुमार सिंह, कोतवाल टीपी सिंह दलबल के साथ लालबाग चौराहे पर डटे थे।

## धूमधाम से मनायी गयी गोवर्धन पूजा

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नैमिषारण्य में गोवर्धन पूजा का अलग ही रंग देखने को मिला। कस्बे के आश्रमों में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। व्यास गद्दी स्थित श्रीनाथ जी की हवेली में भगवान का फूलों से श्रृंगार किया गया और इत्र भी छिड़का गया। व्यासपीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार से श्रीनाथ जी के विग्रह का पूजन किया। बड़ी छावनी और श्रीबालाजी मंदिर में भी विशेष पूजन हुआ। बाला जी का श्रृंगार किया गया। पुजारी भैयाजी ने बताया कि बालाजी मंदिर में इस तिथि से एक मास तक नित्य सत्यनारायण व्रत कथा का होगी, कोरोना के चलते कथा ऑनलाइन होगी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली के गांव कारीपाकर में 20 वर्षीय विनय सिंह ने फांसी लगाकर जान दे दी। विनय सुबह शौच के लिए घर से निकला था, काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तलाश के दौरान उसका शव अवधेश सिंह के खेत में आम के पेड़ से लटकता मिला। कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने पकड़ा जुआ का फड़, बरामद किए 1040 रूपए

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली पुलिस ने जुआ का फड़ पकड़ा है। जुआरी कस्बे मोहल्ला बहादुरपुर में गड्डी फेट रहे थे, इसी बीच एसआई डा. विपिनकुमार यादव, सिपाही टीकम सिंह, प्रिंस तोमर व सतेद्र सिंह पहुंच गए। पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। हालांकि पुलिस ने गुड्डू, धर्मेद्र, सेवकराम व दुर्गेश को धर दबोचा। जुआरियों से 1040 रुपए बरामद किए गए।

## देवोत्थानी एकादशी पर कृष्ण लीला मेला का आयोजन 25 को

**सीतापुर।** देवोत्थानी एकादशी पर कृष्ण लीला मेला कुतुबनगर समिति की ओर से 25 नवंबर को कुतुबनगर में मेला लगेगा। इस मेले की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला मंत्री रोहित सिंह की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने मेला की भूमि पूजन का संकल्प लिया। मेला अध्यक्ष पंडित श्रीधर अवस्थी ने बताया कि हर वर्ष मेला का आयोजन होता है। इस बार यह मेला 25 नवंबर को देवोत्थानी एकादशी पर मेला आयोजन होगा। इस अवसर पर डॉ. हरिपाल सिंह, अनिल वर्मा, बबलू गुप्ता, राज बहादुर सिंह, राकेश शर्मा, चंद्र किशोर शर्मा, केवल किशोर, संदीप शर्मा, साबिर, मिहीलाल, नवल किशोर आदि उपस्थित थे।

## दीपावली पर याद किए गए वीर शहीद

**सीतापुर।** भाजपा कार्यालय में वीर शहीदों को दीप जलाकर दीवाली मनाई गई। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जया सिंह, भंवर सिंह, अनूप विश्वकर्मा, कंचन पांडेय, संदीप अवस्थी, शिवा गोश्वामी, सत्यम सिंह, शुभम पांडेय, दीप शिखा जायसवाल, सुनैना जैन गुप्ता, सीमा बाजपेई, उत्तम पांडे, अजय सिंह, संदीप सिंह आदि ने दीप जलाए। महिला कार्यकर्ताओं ने रंगोली सजाई।

## जिले में कोरोना से हुई 67वीं मौत

**सीतापुर।** जिले में कोरोना से 67वीं मौत हो गई है। हालांकि नए मरीजों की संख्या में कमी आई है। पिछले 24 घंटे में सीतापुर में 6 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के शास्त्रीनगर में 1 मरीज मिला है। सीएचसी एलिया व लहरपुर के जगमोहनपुर में 1-1 मरीज की पहचान की गई है। 3 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जिले में कुल पॉजिटिव मरीज 4,488 हो गए हैं।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश किसानों के लिए बनी आफत



सीतापुर-तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से गिरी गन्ने की फसल

संवाददाता। सीतापुर

**रविवार रात** तेज हवाओं के साथ हुई बारिश किसानों के लिए आफत लेकर आई। गन्ना की फसल को काफी नुकसान हुआ।

फसल गिर गई। महमूदाबाद व सिधौली तहसील क्षेत्र में ज्यादा नुकसान हुआ। सेवता क्षेत्र गन्ना के साथ ही सरसों की फसल गिर गई। हालांकि वैज्ञानिकों ने बारिश को फायदेमंद बताया है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि रबी फसलों के लिए बारिश अमृत साबित होगी।

## कार्तिक अमावस्या पर दीपों से सजाया गया नैमिषारण्य चक्रतीर्थ

**सीतापुर।** 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में कार्तिक अमावस्या महापर्व चक्रतीर्थ को दीपो से सजाया गया। शाम को कुंड पर नैमिष फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से चक्रतीर्थ पर दीपदान के साथ ही अष्टकोणीय आरती उतारी गई। इस दौरान तीर्थ की शोभा देखते ही बनी। इस मौके पर नायब तहसीलदार विदेह सिंह, लेखपाल कुलदीप सिंह, नाजिर हिमांशु आदि मौजूद रहे।



नैमिषारण्य-दीपों से जगमग हुआ चक्रतीर्थ

# बारिश से मौसम हुआ सर्द, निमोनिया से नवजात का रखें खास ख्याल

- निमोनिया व अन्य बीमारियों से ऐसे में बचाव जरूरी
- पांच साल तक के बच्चों की खास देखभाल की जरूरत

संवाददाता। सीतापुर

**बेमौसम** हुई बारिश ने मौसम में अचानक ठंड बढ़ा दी है। मौसम का यह मिजाज बुजुर्गों और बच्चों के लिए निमोनिया (न्यूमोनिया) की दस्तक भी है । ठंड बढ़ने के साथ ही निमोनिया एवं अन्य सर्दीजनित बीमारियां भी पाँव पसारने लगती हैं। निमोनिया एक गंभीर बीमारी है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। हालांकि यह सबसे ज्यादा पांच साल तक के बच्चों में पाई जाती है। कई बार निमोनिया बच्चों की मृत्यु का कारण भी बन जाता है। विश्व में निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण है। जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नंद नथानी बताते हैं कि निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है जो बैक्टीरिया, वायरस एवं फंगस आदि के कारण होता है। इससे फेफड़ों की वायु कोष्ठिका में सूजन हो जाती है या उसमें तरल पदार्थ भर जाता है। कई बार निमोनिया गंभीर रूप धारण कर लेता है। निमोनिया के लक्षण सर्दी जुकाम के लक्षणों से बहुत हद तक मिलते हैं। इसलिए जब भी ऐसा लगे तो पहले इसके लक्षणों को पहचान लेना बहुत जरूरी है। जिला महिला चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जीतेंद्र कुमार बताते हैं कि नवजात शिशुओं के कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन यदि नवजात शिशु देखने में बीमार लगे, वह दूध न पिये, रोये या बुखार हो तो उन्हें निमोनिया हो सकता है। इसके लिए तुरंत डॉक्टर से इलाज करवाना अत्यंत आवश्यक है। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसते व छीकते हैं तो इसका वायरस व बैक्टीरिया सांस द्वारा फेफड़ों तक पहुंच कर व्यक्ति को संक्रमित कर देता है। निमोनिया का अटैक बच्चों पर ज्यादा होता है। खासतोर पर पांच साल से कम उम्र के ज्यादातर बच्चों में निमोनिया होने पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत होती है। दूध पीने में भी दिक्कत होती है। जिला महिला चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके वर्मा का कहना है कि निमोनिया से बचाव के लिए छोटे बच्चों को संक्रमित व्यक्ति से दूर रखना चाहिए। पांच साल से कम उम्र के ज्यादातर बच्चों में निमोनिया होने पर उन्हें सांस लेने तथा दूध पीने में भी दिक्कत होती है और वह सुस्त हो जाता है। बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध जिसे कोलेस्ट्रम कहते है उसे अवश्य पिलाना चाहिए।

### ये हैं प्रमुख लक्षण

**तेज** सांस लेना, कफ की आवाज आना आदि भी निमोनिया का संकेत हो सकते हैं। सामान्य से अधिक तेज सांस या सांस लेने में परेशानी, सांस लेते या खांसते समय छाती में दर्द, खांसी के साथ पीले, हरे या जंग के रंग का बलगम, बुखार, कंपकंपी या ठंड लगना, पसीना आना, होंठ या नाखून नीले होना, उल्टी होना, पेट या सीने के निचले हिस्से में दर्द होना, कंपकंपी, शरीर में दर्द, मांसपेशियों में दर्द भी निमोनिया के लक्षण हैं।

# किसी ने नहीं ली सुधि तो राजमार्ग के गड्ढे पाटने में लोग खुद जुटे

- सरकार के निर्देशों के बाद भी खराब हो रहा बहराइच-सीतापुर राजमार्ग का हाल
- आसपास के दर्जनों लोगों ने जहाँ दिया श्रमदान वही दूसरी तरफ रानी ब्रिक फिल्ड ने दिया ईंटा और गिट्टी तथा राबिंस

संवाददाता। जहांगीराबाद सीतापुर

**बहराइच-सीतापुर** राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 30 पर इन दिनों निकलना मुश्किल हो गया है आये दिन लोग गढढे में गिर कर चोटें आती है और मौतें होती रहती है लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व कर्मचारियों की गाडियां इसी मार्ग से हो निकल जाती है लेकिन कभी किसी ने ध्यान तक नहीं दे रहा जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है यह सड़क पांच वर्ष पूर्व बनी थी तभी से यह खराब दशा लेती जा रही है जबकि उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं की प्रदेश की संपूर्ण सडकों को गढढा मुक्त किया जाये लेकिन यहाँ तो कुछ और ही हौ रहा है अधिकारी मस्त है। स्थानीय नागरिकों में सुखबन्त सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, परमजीत सिंह निवासी पंडित पुरवा मजरा नरेंद्र पुर तथा खलील अहमद पुत्र मोहम्मद यार खां, व बबलू पुत्र शाबिर खां निवासी धामी शरायं ने अपने दर्जनों लोगों को लेकर अपने टैक्टर ट्रालियों से काफी गढढो को पाट दिया इसको देख लोगों ने की सराहना दूसरी तरफ लोगों में रोष व्याप्त है कि इतने बड़े बड़े गढढो को कोई नहीं देख रहा है।

## क्विक न्यूज

### सफाईकर्मी नहीं निभा रहे ड्यूटी

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली ब्लाक की ग्रामपंचायत बासखेरा के गांव रमनगरा में तैनात सफाई कर्मचारी ब्लॉक में कंप्यूटर पर अपनी उंगलियां थिरकता है। जबकि गांव में ग्रामीण सफाई कर्मी राजेश कुमार ड्यूटी नहीं निभाते। ऐसे में ग्रामीणों को खुद सफाई करनी पड़ती है। गांव के गोपाल, अरुन, चेतराम, विनोद, रवी आदि ने बताया कि गांव वाले खुद सफाई करते हैं, वहीं सफाई कर्मी ब्लॉक में कम्प्यूटर चलता है।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया थाना क्षेत्र पिछले घंटे सड़क हादसों नाम रहे। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में 3 लोग घायल हो गए। कोथावां के नेकराम बाइक से घर जा रहे थे तभी अटरिया कस्बा के पास नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। उधर रविवार शाम नीलगांव - अटरिया रोड के छावन चौराहे के निकट बाइक सवार केशन व लोकई ठेलिया से टकराकर घायल हो गए। इलाज के लिए तीनों घायलों को सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया गया।

### सूना रहा रामकोर्ट तीर्थ

**सीतापुर।** इस बार परेवा को रामकोट तीर्थ सूना रहा। कोरोना के चलते वर्षों पुरानी दीपदान की परम्परा निर्वहन नहीं किया जा सका। मेला भी नहीं लगा। इससे क्षेत्रवासी मायूस रहे।

### बाइक ने मारी युवक को टक्कर

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली कोतवाली के गांव गड़िया हसनपुर सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गड़िया हसनपुर निवासी 35 वर्षीय पाले के तौर पर हुई। कोतवाली प्रभारी रामप्रकाश ने घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल की।

### मामूली विवाद में चलीं जमकर लाठियां

**रामकोट सीतापुर।** थाना रामकोट इलाके के गांव पीतपुर में मामूली विवाद को लेकर जमकर लाठियां चलीं। पुलिस के अनुसार गांव के दिवाकर की बकरी पड़ोसी डालचंद के घर चली गई। आरोप है कि विवाद में दिवाकर की मां, बहन और पत्नी को डालचंद के बेटे रवि शंकर व प्रेम ने पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। मामले में सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शातिर आटो लिफ्टर गिरफ्तार

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कोतवाली नगर के उमरी निवासी रवि व हरगांव के चकलापुरवा निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि दोनो शातिर आटोलिफ्टर हैं। इनके पास से चोरी की बाइक व एक अवैध तमंचा-कारतूस बरामद किया है।मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल घनश्याम शर्मा, पंकज पटेल, कांस्टेबल पप्पू शामिल रहे।

### 225 लीटर शराब बरामद, 25 अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** 15-त्योहारों के सीजन में कच्ची शराब की रोकथाम को अलग-अलग थानों की पुलिस ने 225 लीटर कच्ची शराब के साथ 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना मानपुर पुलिस ने सर्वाधिक 42 लीटर शराब के साथ 4 अभियुक्तों को पकड़ा है। इसके अलावा सदरपुर में 40, संदना में 30, महोली व तालगांव में 20-20, इमलिया सुल्तानपुर में 15, रामपुर कलां, सकरन व लहरपुर में 10-10 और खैराबाद व बीसवां में 5-5 लीटर शराब जब्त की गरी है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### एंटी रोमियो टीम ने पकड़े पांच शोहदे, मुकदमा दर्ज

**सीतापुर।** महिला सुरक्षा के लिए पुलिस का एंटी रोमियो अभियान रविवार को भी जारी रहा। अलग-अलग थानों की पुलिस ने बेटियों संग बदतमीजी कर 5 शोहदों को पकड़कर मुकदमा दर्ज किया है। थाना संदना पुलिस ने सिधौली के मानपारा निवासी बृजबिहारी, मछरेहटा पुलिस ने कुन्दौकी के अवधेश को, मिश्रिख पुलिस ने गगेय के उमेश व हरगांव पुलिस ने बस्ती को भानू और जोशीटोला के चन्दन को पकड़ा है। इसके अलावा 38 से अधिक मनचलों को हिदायत भी दी गयी है।

### सात अभियुक्तों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**हरगांव सीतापुर।** शातिर अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए थाना हरगांव पुलिस ने 7 अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है। अभियुक्तों में इलाके के मोहल्ला तरपतपुर के कमलेश, शुभम, पप्पू, कमल, राजू, मोहित व सुभाष शामिल हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया अभियुक्तों पर पहले से हत्या व हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज हैं। इनकी अपराध से अर्जित सम्पत्ति भी जब्त की जाएगी।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित इलाके के गांव विवेकपुर निवासी रमेश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि अभियुक्त को बांसुरा चौराहे से पकड़ा है। इस पर चोरी व नकबजनी के कई मामले पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ कांस्टेबल अर्पित कुमार व भूपेंद्र शामिल रहे।

### जुआ को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद थाना इलाके के लड्डूपुर में रविवार रात को मंदिर पर चल रहे जुआं को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर हमलावरों ने गांव के ही हरीश पर हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### 45 वाहनों का हुआ चालान

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा थाना पुलिस ने कस्बे में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में एसआई राज बहादुर, अमित पांडेय, लाल सिंह ने मुख्य चौराहा पर वाहनों की चेकिंग कर 45 वाहनों का चालान किया। पुलिस के मुताबिक चेकिंग अभियान में जिन वाहनों का चालान किया उनमें चालक वाहनों से तीन सवारियां बिठाए हुए थे, तो किसी के पास हेल्मेट व ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।

### अखिल भारतीय संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने किया दीप दान

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां के कालिका देवी मंदिर कैथी टोला में संस्कार भारती बिसवां इकाई के पदाधिकारियों ने दीप दान किया। जिससे समूचा दीपों से जगमगा उठा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संस्कार भारती के सदस्य, राष्ट्रीय कवि कमलेश मौर्य मृदु मुख्य अतिथि वघ् प्रभारी निरीक्षक इंद्र जीतघ् सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल त्रिपाठी ने की। संचालन कवि आनंद खत्री ने किया।

### प्रदेश महामंत्री का हुआ स्वागत

**सीतापुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का सोमवार को लहरपुर के केसरीगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भैया दूज के अवसर पर अनूप गुप्ता पहली बार अपने नौनिहाल पहुंचघे थे। विद्यार्थी के पुराने साथी दिलीप शुक्ला की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कन्हैया गुप्ता,आशीष कश्यप, सचिन मिश्रा, अनूप मिश्रा, धर्मेंद्र जैन, राघव गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, विशाल गुप्ता,चंदन गुप्ता, साकेत शुक्ल, संजय, अज्जू शर्मा, शिव प्रताप पांडेय आदि उपस्थित थे।

# धूमधाम और प्यार-स्नेह के साथ मनाया गया दीपोत्सव

● शनिवार को दीपावली, रविवार को गोवर्धन पूजन व सोमवार को मनाया गया भैयादूज

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी





**दीपावली,** गोवर्धन पूजा एवं भैयाद्वीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शनिवार की शाम सात बजे के बाद लोगों ने घरों में गणेश-लक्ष्मी का पूजन शुरू किया। कई जगहों पर लाई गई नई गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाओं को पूजन कक्ष व मंदिर में स्थापित कर विधि-विधान से उनकी पूजा हुई तो कई जगहों पर लोगों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरों को भी मंदिर व पूजा घर में रखकर उनकी पूजा की। गणेश-लक्ष्मी को मिष्ठान का भोग लगाया गया। लोगों ने सामूहिक रूप से उकाई दहन किया। इसके बाद रवाइशों का सिलसिला शुरू हुआ। घरों में जहां बच्चे मस्ताब, फुलझड़ी और अनार का आनंद उठाते दिखाई दिए तो किशोरों व नौजवानों ने पटाखों, बाणों, तिरंगा, सतरंगा व ट्वेलव स्टार जलाकर दीपावली का उत्साह दिखाया। रविवार को गोवर्धन पूजा की गई। सोमवार को भाईद्वीज पर महिलाओं ने चौक रखकर पूजा की। इस दिन भगवान चित्रगुप्त का भी पूजन किया जाता है। कायस्थ वर्ग विशेष रूप से पूजन करता है।

निघासन संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के सभी जगह भाई दूज का त्यौहार मनाया गया। इस दिन बहनें व्रत, पूजा और कथा आदि करके भाई की लंबी आयु और समृद्धि की कामना करते हुए माथे पर तिलक लगाती हैं। इसके बदले भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हुए तोहफा देता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, भाई दूज के दिन शुभ मुहूर्त में ही बहनों को भाई के माथे पर टीका लगाना चाहिए।

मान्यता है कि भाई दूज के दिन पूजा करने के साथ ही व्रत कथा भी जरूर सुननी और पढ़नी चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। यह त्यौहार क्षेत्र के निघासन, झंडीराज, बरोठा, परागीपुरवा व देवीदीनपुरवा आदि गांवों में पूजा के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर लंबी आयु की कामना की।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, दीपावली के पावन पर्व पर मुहूर्त के अनुसार गृहस्थी एवं व्यापारियों ने भगवान श्री गणेशा माता लक्ष्मी का विधि विधान से पूजन किया एवं सुख समृद्धि की कामना की इसी के साथ बच्चों ने आतिशबाजी कर आकर्षक व्यंजनों का लुफ्त उठाया। शहर एवं ग्रामीण अंचलों में बिजली की झालरों एवं दीपों से चारों ओर का वातावरण प्रकाशमान किया गया। इसी के साथ भैया दूज के पर्व पर बहनों ने विधि विधान से पूजन किया तथा अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की वहीं भाइयों ने भी बहनों को आकर्षक उपहार भेंट किया तथा बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

## दो बाइकों की टक्कर में एक जख्मी



**मैलानी-खीरी।** नगर मैलानी के पलिया रोड पर गौतम नगर में एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल से अपने रिश्तेदारी ग्राम कुरियानी से मैलानी आ रहे राम शंकर पुत्र खुशी राम निवासी गंगसरा थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर को एक अज्ञात वाहन पर सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे रामशंकर के चेहरे व कान में चोटें आई हैं। जबकि दूसरे बाइक सवार मौके से घटना के बाद से फरार सूचना पाकर 112 पीआरवी 28666 के पुलिसकर्मी ने तत्काल 108 एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिए निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटार भिजवाया गया।

## जवानों के सम्मान में किया गया सप्तम दीपयज्ञ

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** दीपावली के पावन पर्व पर समस्या समाधान परिवार द्वारा देश के वीर जवानों के सम्मान में सप्तम दीप यज्ञ का कार्यक्रम नगर के अशोक चौराहा इंदिरा गांधी पार्क में धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन आर्मी रिटायर्ड विनोद वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर इंडियन आर्मी चिकित्सा कोर के रिटायर्ड आरएस वर्मा व इंडियन आर्मी रिटायर्ड केडी अंसारी द्वारा बराबर की भागीदारी निभाई गई। समस्या समाधान परिवार की संरक्षिका पूर्व सभासद गंगादेवी गुप्ता, शशि गुप्ता व अंशिका सक्सेना के द्वारा इंदिरा गांधी की मूर्ति का माल्यार्पण किया गया। पूरे पार्क में स्वास्तिक व जय हिंद दीपों से लिखा गया तथा अशोक स्तंभ के चारों ओर दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम में श्रमदान के विशेष सहयोगी आशीष जायसवाल, अपूर्व श्रीवास्तव व सुशील निषाद रहे। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति के गीतों के साथ भारत माता की जय व इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगते रहे। इस मौके पर संचालक रजनीश गुप्ता ने देश के युवाओं को इंडियन आर्मी के सम्मान में सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित करते हुए दो पंक्तियां कहीं। इस मौके पर वीके राठी, मोहम्मद अहमद खान, मुन्ना राठौर, अरुण वर्मा, राहुल गुप्ता, मतीन अहमद, राजेश प्रजापति, राहुल सिंह भदौरिया, समीर अंसारी, दीपक मिश्रा, निखिल गुप्ता, प्रशांत वर्मा, सत्यम गुप्ता, चंद्र प्रकाश मौर्य, कृषांग गुप्ता व अंकित शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

## अलग-अलग मामलों में कई लोग गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर/बेहजम-खीरी

**अपराधियों** के धरपकड़ अभियान के तहत नीमगांव पुलिस ने 10 लोगों पर शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की। नीमगांव थाना क्षेत्र के पैला गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट व कहासुनी हुई। इसके चलते नीमगांव प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक हीरालाल रावत, उप निरीक्षक अनेकपाल सिंह व उप निरीक्षक अनिल कुमार पांडे चौकी प्रभारी बेहजम मय हमराहियों के द्वारा शांति भंग आशंका में दिनेश कुमार, अन्नू, महेश पुत्र गण राजाराम, छोटेलाल, हरिराम पुत्रगण रामस्वरूप निवासी देवरी थाना नीमगांव, संजीत पुत्र मालती, रामू गिरी पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बेहजम, सुधाकर अवस्थी पुत्र मुन्ना लाल, जियाउल्ला खां पुत्र जकरुल्ला खां निवासी ग्राम पैला को निरुद्ध किया गया।




मैगलगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त विकास पुत्र इतवारी निवासी बाईकुआं थाना मैगलगंज को बाईकुआं तिराहे से एक तमंचा व कारतूस जिंदा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक धौराहरा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सिसैय्या खुर्द धौरहरा स्थित दूरसंचार विभाग के टावर से बैटरी चोरी करते समय अभियुक्त नसीम पुत्र छोतन्ने निवासी ग्राम समर्दा हरि थाना ईसानगर को मयमाल सहित टावर के चौकीदार द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया। थाना प्रभारी विद्या सागर पाल द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव के द्वारा 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेजा गया।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, पुलिस अधीक्षक खीरी के द्वारा चलाए जा रहे वांछित अभियुक्त गिरफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद सुनीत कुमार ने आज सुबह गस्त के दौरान वांछित युवक को पकड़ कर भेजा जेल। हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार ने बताया कि महेंद्र यादव, पुलिस आरक्षी रवि खुराना, ललित कुमार ने प्रसादपुर निवासी देवेश कुमार पुत्र उमराव लाल को गिरफ्तार किया है। यह दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहा था।

## गोवर्धन पूजन कर लगाया अन्नकूट का भोग

**बरेली।** दीपावाली के दूसरे दिन रविवार को अन्नकूट गोवर्धन पूजा की धूम रही। महिलाओ ने घरो मे गाय के गोबर से गोवर्धन सजाए। उनकी रोली अक्षत, नैवेद्य, खील खिलौने से पूजा अर्चना की। शहर के श्री हरि मन्दिर मे महोत्सव हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। यहा दशको से सामूहिक पूजन व भोज के साथ अन्नकूट पर्व मनाया जाता है। द्वापर युगीन अन्नकूट गोवर्धन पूजा का महत्व आज भी विशेष है। घरो मे भी इस दिन गाय के गोबर से गोवर्धन भगवान के स्वरूप बनाकर उनकी पूजा की जाती है। रविवार को इस परंपरा को महिलाओ ने मनाया। किसानो ने गोशाला से गोबर भी नही उठाया। शहर में मारवाड़ी गंज स्थित राधा कृष्ण मन्दिर मे बाजार मे मिलने वाली सभी सब्जियो को एक मे मिलाकर विशेष अन्नकूट व्यवंजन बनाए गए। इसके बाद गाय और राधा कृष्ण भगवान को भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। गोशालाओ मे गोमाता की पूजा के साथ अन्नकूट गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओ ने गायो को स्नान कराकर धूप-चंदन से पूजन किया। फूल माला पहनाकर आरती उतार प्रदक्षिणा की और मिठाई खिलाई। मान्यता है द्वापर युग मे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियो की अथाह जलवृष्टि से रक्षा की थी। इसलिए दीपावली के दूसरे दिन पर्व गोवर्धन पूजा की परंपरा शुरू हुई। बांके बिहारी मन्दिर मे भी गोवर्धन पूजा की गई।

### कारागार में बंदियों के साथ भाई दूज का कार्यक्रम आयोजित



**बरेली।** आज इनरव्हील बरेली ग्लो के द्वारा केंद्रीय कारागार में बंदियों के साथ क्लब की चार्टर अध्यक्षा डॉक्टर चारू मेहरोत्रा के नेतृत्व में भाई दूज का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जेल के सीनियर सुपरीटेंडेंट श्रीमान आरएन पांडे जी भी शामिल हुए । इस अवसर पर डॉ चारू मेहरोत्रा ने कहा की बंदियों का जीवन सरल हो सकता है यदि वह अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं व उनके अंदर जो भी हुनर वह गुण है उसे यहां रहकर तराशे । क्योंकि यदि उनमें वाकई आग है तो उसकी तपेश दूर-दूर तक जाएग।, इस संबंध में स्थान कोई मायने नहीं रखता । उन्होंने बंदियों से नेग में सकारात्मक व रचनात्मक सोच को शगुन के रूप में मांगा । उनके साथ क्लब की सचिव डॉ अलका मेहरोत्रा ने भी बंदियों को भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा के की जो हो गया सो हो गया अब आगे के जीवन को अच्छा बनाएं । ससीनियर सुपरिटेंडेंट पांडे जी ने तथा जेलर ने क्लब की सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए अपना अमूल्य समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया । क्लब की सदस्यों ने समाज से कटे इस वर्ग का भी आज ध्यान रखा और अपने महत्वपूर्ण कार्य में समय निकालास । इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने तिलक लगाकर बंदियों को फ्ल व मिष्ठान वितरण किया । बड़ी संख्या मेकेंद्रीय कारागार के बंदी इस अवसर पर मौजूद थे । वातावरण भी भावुक हो गया इस अवसर पर डॉ चारू ने सभी को धन्यवाद दिया तथा अलका गीता ,देवल ,शुभांगी ,अनुष्का, आदि का सहयोग रहा ।

## वरिष्ठ नागरिक संगठन ने की चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना



**फतेहपुर।** पटेलनगर स्थित वरिष्ठ नागरिक कार्यालय में भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा अर्चना का कार्यक्रम शिवसागर साहू के की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि आनन्द स्वरूप अनुरागी ने भगवान चित्रगुप्त के अवतरण एवं प्रस्तुतिकरण के सम्बन्ध में लोंगो को बताया। पुत्तन लाल आर्या ने कार्यक्रम की सराहना की वहीं शिवम द्वारा मिष्ठान का वितरण कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक काली शंकर श्रीवास्तव व जयप्रकाश सिद्धराज द्वारा संतोष सचान को श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा भेंट की गयी। हृदेश एवं आरवी सिंह व अशोक द्वारा चित्रगुप्त की कथा को सार्वजनिक करने का प्रस्ताव रखा गया। रामभजन यादव के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त की आरती का गुणगान किया। कार्यक्रम में चित्रगुप्त की लेखनी एवं रूप सभी की पूजा के उपरान्त कलम भेंट की गयी। मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण के साथ अध्यक्ष द्वारा सभी जातियों को जोड़ने के प्रयास को सराहा। प्रशान्त सचान द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। संयोजक ने आये हुये सभी चित्रगुप्त प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। का गुणगान किया गया।

## क्विक न्यूज

### गोला विधायक को मातृ शोक

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला भाजपा विधायक अरविंद गिरि की माता एवं पूर्व प्रधान ग्राम सभा लाल्हापुर सरला गिरि का का शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे निधन हो गया। वह 95 वर्ष की थीं। निधन की सूचना पाकर हजारों लोगों ने मोहल्ला तीर्थ स्थित विधायक निवास पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। रविवार को हुए अंतिम संस्कार में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, राज्यसभा सांसद रविप्रकाश वर्मा, विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, पूर्व विधायक रामसरन, बाल आयोग सदस्य डा. प्रीति वर्मा व जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकूश सहित तमाम लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मृतक आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की।

### पिस्टल से फायरिंग करते वीडियो वायरल

**सिंगाही-खीरी।** दिवाली में पटाखों की जगह पिस्टल से फायरिंग करते एक व्यापारी के परिवार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुवा वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां के रहने वाले एक व्यापारी राम स्नेही गुप्ता का बताया जा रहा है जो कि दीवाली के अवसर पटाखों की जगह पिस्टल से फायरिंग कर उसका वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दिया। फेसबुक पर अपलोड वीडियो में पिता-पुत्र फायरिंग करते दिख रहे हैं। वहीं पुलिस ने वीडियो में फायरिंग करते दिख रहे युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लेकर लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही के उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### धान की अच्छी पैदावार करने वाले किसान सम्मानित

**निघासन-खीरी।** धान की अच्छी पैदावार लेने वाले किसानों को न्यू जींस कंपनी ने सम्मानित किया। इसके साथ ही कंपनी के विशेषज्ञों ने गोष्ठी करके किसानों को धान की अच्छी पैदावार लेने के साथ ही उसको कीड़े-मकोड़ों से बचाने के उपाय बताए। हैदराबाद की न्यू जींस कंपनी के प्रतिनिधि पुष्कर जायसवाल ने किसानों के साथ कस्बे के श्री साईं बीज भंडार गोष्ठी की। इसमें उनके साथ आए विशेषज्ञों ने धान की अच्छी पैदावार के लिए बीजों के शोधनए उनको उपचारित करके बोनेए कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग के साथ ही देखभाल की पूरी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अच्छी पैदावार देने वाली धान की नई किस्मों एनएचआर 33, एनएचआर 33 गोल्ड, न्यू 666 और न्यू 456 के बारे में भी बताया। कस्बे के ही ऊषा दिक्षित व कृषि विशेषज्ञों द्वारा इस साल धान की अच्छी पैदावार लेने वाले इलाके के पचपन किसानों सेवक सिंह चखरा, रामकृपाल देवीदीनपुरवा, विशनू सिंह चूरा टांडा, कैलाश जोखीपुरवा, मैकूलाल ओरीपुरवा, राधेश्याम बथुआ और गुरबाज सिंह दीपनगर माया राम देवीदीनपुरवा आदि को सम्मानित किया।

### प्रतिभाशाली युवा का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील क्षेत्र के कस्बा अलीगंज निवासी सामान्य परिवार में जन्मे होनहार युवा शुभम गुप्ता ने सिंचाई विभाग में जेई पद पर चयनित होकर कस्बे का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर रिटायर्ड फौजी अरविंद मिश्र व भाजपा नेता अमित मिश्र ने शुभम के आवास पर जाकर उसको सम्मानित किया। ग़ौरतलब हो कि शुभम एक बेहद सामान्य परिवार से आते हैं। उनके पिता ज्ञानेश गुप्ता कस्बे में ही छोटा सा होटल चलाते हैं। परंतु कडी मेहनत और समर्पण के बल पर शुभम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब रहे और अभी कुछ दिनों में होने वाली असिस्टेंट इंजीनयर की परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। शुभम की इस उपलब्धि से युवाओं में आगे बढ़ने की चाह पैदा होगी। अलीगंज निवासी अरविंद मिश्र फौजी भैया ने कहा ऐसे कर्मशील युवाओं की हमारे देश को जरूरत है। ऐसे लोगों का सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत

**बरेली।** ट्रक में सामान लोड करने पहुंचे चालक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम जेड़ के सामने काम्पीटेन्ट इंडस्ट्रियल पार्क है। शुक्रवार को इंडस्ट्रियल पार्क में डीसीएम चालक का शव संदिग्ध अवस्था में ट्रक के केबिन में बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार गत दिवस थाना भोजीपुरा के ग्राम सैदपुर निवासी कौशर खां पुत्र मरदान खां शाम को अपनी डीसीएम गाड़ी नंबर यूपी 25 टी 5338 लेकर ग्राम जेड़ के समीप बने इंडस्ट्रियल पार्क पहुंचा और डीसीएम में चिप्स लोड कराया जिसे लेकर उसे बहेड़ी पहुंचना था। गोदाम प्रभारी ने उसे लोडिंग के सारे कागज भी सौंप दिए। काफी समय हो जाने पर चालक के परिजनों ने फोन पर संपर्क किया तो उससे संपर्क नहीं हुआ। परिजनों ने माल पहुंचने वाले स्थान बहेड़ी फोन किया तो उन्होंने गाड़ी न पहुंचने की बात बताई। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्रियल पार्क में संपर्क किया तो ट्रक वहीं खड़ा मिला। लोगों ने डीसीएम के अंदर देखा तो ड्राइवर अपनी सीट पर मृत अवस्था में पड़ा था। लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

### पुजारी की बेटी के साथ दुष्कर्म

**बरेली।** मंदिर के पुजारी की नाबालिग बेटी के साथ एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पुजारी ने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।भमोरा थाना क्षेत्र में एक मंदिर पर रहकर पूजा पाठ करने वाले पुजारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आज सुबह तड़के वो मंदिर में पूजा से पहले साफसफाई कर रहा था, उसकी पत्नी दूध लेने गई हुई थी और नाबालिग बेटी शौच के लिये पास के ही जंगल में गई थी। कुछ देर इंतजार करने के बाद जब बेटी वापस नहीं लौटी तो पुजारी उसे तलाशने के लिये जंगल में गया, जहां उसने बेटी को आवाज लगाई। इसी दौरान उसने देखा कि एक युवक तेजी से भाग रहा है। इसी दौरान बेटी भी उसके पास आ गई और बताया कि भाग रहा युवक उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया। पुजारी बेटी के साथ थाने पहुंचा और आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत, रिश्तेदार घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा के समीप रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 60 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार रिश्तेदार घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कानपुर जनपद के थाना नरवल गांव पहलपुर निवासी केशन की पत्नी राम दुलारी अपने रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल से फतेहपुर जनपद रिश्तेदारी में आ रही थी। बताते हैं कि बाइक जैसे ही चौडगरा के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध महिला की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं उसका रिश्तेदार घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## नवजात की सही देखभाल बनाये बचपन खुशहाल

● स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दी जायेगी शिशु देखभाल की जानकारी, पहले घंटे जरूर कराओ स्तनपान सुरक्षित होगी बच्चे की जान

**फतेहपुर।** नवजात की समुचित देखभाल उसके बचपन को खुशहाल बनाने के लिए बहुत ही जरूरी होती है। इसके अलावा शिशु मृत्यु दर को भी कम करने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा जिसके जरिये शिशुओं को आयुष्मान बनाया जा सके। सीएमओ डॉ0 एसपी अग्रवाल ने बताया कि सप्ताह के दौरान जनसामान्य को नवजात शिशु स्वास्थ्य के साथ बेहतर देखभाल के बारे में जागरूक किया जाएगा। कंगारू मदर केयर और स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ ही बीमार नवजात शिशुओं की पहचान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाये जा रहे बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में भी सभी को अवगत कराया जाएगा और इस दिशा में स्वैच्छिक संस्थाओं की भी मदद ली जायगी ताकि शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल के लिए जरूरी है कि प्रसव चिकित्सालय में ही कराएं। प्रसव के बाद 48 घंटे तक मां एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें। नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साफकपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाढ़ा पीला दूध पिलाना शुरू कर दें और छह माह तक सिर्फऔर सिर्फस्तनपान कराएं। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन के का इंजेक्शन लगवाएं।

## चित्रांशियों ने किया भगवान चित्रगुप्त का पूजन-अर्चन व हवन

**फतेहपुर।** मोटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर में कलम दवात पूजा व भगवान चित्रगुप्त जी की आरती का आयोजन किया गया। जिसमें कायस्थ मंच ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव व मुख्य यजमान विपुल श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन-अर्चन के बाद हवन यज्ञ पूजन किया। इस अवसर पर सुभाष श्रीवास्तव द्वारा पूजन अर्चन करवाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कायस्थ बंधु उपस्थित होकर कलम दवात का पूजन किया और हवन किया। साथ ही अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी को याद किया और इसी तरह सभी भक्तों पर आशीर्वाद बनाए रखने की कामना किया। इस अवसर पर कायस्थ मंच ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 विवेक श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, महामंत्री अतुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## अबकी बार सपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है: प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर



**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का आज जनपद आगमन पर उनका काफिला जैसे ही नउवाबाग पहुंचा। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मैरिज हाल में एमएलसी प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव के कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद में एमएलसी के चुनाव की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वह पूरी तरीके से प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाएंगे। कार्यक्रम संचालक महेंद्र महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा ने आए हुए सभी अतिथियों का व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए अपील किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर हर कार्यकर्ता चुनाव में लग जाए।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि चुनाव में सपा ने जो प्रत्याशी बनाया है। उसको भारी बहुमत से विजई दिला कर ही दम लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि पार्टी जनपद में बहुत मजबूत स्थिति में है। अपने अपने क्षेत्र से एक-एक आदमी दस-दस वोट डलवाएंगे। जिससे प्रत्याशी को विजय दिलाई जा सके। इस दौरान हाजी रजा ने प्रदेश अध्यक्ष को 51 किलों की माला एवं चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कि उनका जनपद आना एमएलसी चुनाव को लेकर है और पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर के चुनाव की जमीनी हकीकत जानने आया हूं और उन्हें विश्वास है कि जनपद का कार्यकर्ता इमानदारी से चुनाव में लगा हुआ है। जिससे अबकी बार जनता भी पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन कर रही है। पार्टी के शिक्षक नेता भी चुनाव में लगे हुए हैं। पार्टी के प्रत्याशी को विजई बनाकर के अखिलेश के हाथों को मजबूत करना है। 24 साल से इस सीट पर भाजपा का प्रत्याशी ही जीतता आया है लेकिन अबकी बार सपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। इस मौके पर पूर्व विधायक जहानाबाद मदन गोपाल वर्मा, पूर्व विधायक खागा मो0 शफीक, पूर्व जिलाध्यक्ष दलजीत निषाद, वली उल्लाह, वीरेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य विनोद पासवान, वरिष्ठ सपा नेत्री केतकी सिंह यादव, रीता प्रजापति, देवी गुलाम कुशवाहा, अरुणेश पांडेय, जगदीश सिंह, तौफीक अहमद, देवेंद्र लोधी, सत्यम, राम किशोर प्रजापति, कपिल यादव, हेमू, नफीस सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड रुक्कू यादव, पंकज यादव, जेपी यादव, प्रतियोग प्रताप सिंह यादव, कलीम शेख नगर अध्यक्ष खागा, मो0 अशरफ फारुकी, परवेज आलम, अंकित यादव, मानस सचान, लल्ली यादव, हसन इकबाल, चौ0 मंजर यार, ब्लाक प्रमुख कुश वर्मा, राजू साहू, हाजी रफी, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

# तांत्रिकों ने चढ़ाई मासूम की बलि

**● दीपावली की शाम अचानक घर के पास से गायब हुई थी मासूम**

**●सवेरे गांव के पश्चिम दिशा में भद्रकाली मंदिर के पास खेतों में मिली थी लाश**







संवाददाता। घाटमपुर

**दीपावली** की शांम एक मासूम को गायब कर उसकी बलि चढ़ाने के बाद जादू-टोना करने वाले तांत्रिक उसकी जीभ के साथ पेट चीर कर सारे अंग निकल लिये गये ये ह्रदय बिदारक घटना घाटमपुर कोतवाली के भदरस गांव की है।

गांव निवासी करन पुत्र स्व0 रंगीलाल कुरील की पुत्री श्रेया उर्फ भूरी ( 6 ) गांव के ही परिषदीय बिद्यालय में कक्षा 2 में पढ़ती थी, परिजनों के मुताविक श्रेया मुहल्ले के अन्य बच्चों के साथ कक्षा घर के पास ही खेलते-खेलते अचानक गायब हो गयी थी देर शाम उसके अचानक गायब होने के बाद गांव की मस्जिद और भद्रकली देवी मंदिर से उसके गायब होने का लाउड स्पीकर से एलाउन्स कराने के साथ पिता ने पुलिस डायल 112 को सूचना दी डायल 112 की गाड़ी गांव पंहुची और परिजनों के साथ काफी देर तक गांव के तालाबों और अन्य ठिकानों पर तलाश की लेकिन श्रेया का कोई पता नही चला। रबिवार सुबह लोग शौचक्रिया के लिये भद्रकाली देबी मंदिर की ओर गये तो गांव के ही पवन तिवारी के खेतों में खड़ी नीम के पेड़ की नीचे श्रेया का नग्न अवस्था में शव पड़ा मिला, प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताविक शव के पास लाल रंग का कपड़ा के अलावा कुछ दूर पर उसकी पैन्ट व चड्ड़ी तथा चप्पलें पड़ी थी तथा उसके दोनों पैरो में रंग ( महावर ) लगी होने के साथ उसकी मांग में सिंन्दूर भरा था। ह्रदय विदारक इस घटना की खबर जंगल में आग लगने जैसी फैल गंयी और गांव के साथ निकट के गांवों के हजारों लोग की भीड़ इक्कठा हो गयी। इसी बीच घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह, सीओ रबिकुमार सिंह के अलावा सर्किल के थाना साढ़, बिधनू और सजेती का पुलिस फोर्स मौके पर पंहुचा। एस0पी0 ग्रामीण के अलावा एसएसपी प्रीतिन्दर सिंह मौके पर पंहुचे लेकिन उमड़े जन शैलाब और लोगों का रोष देख पुलिस फूंक-फूंक कर कदम रखती रही। दोपहर बाद पुलिस यकाएक दबाव बना शव को उठा कर भाग निकली तथा कोतवाली लाकर पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिये भेजा। उधर गांव में रोष ब्याप्त होने को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## काल बनी पटाखे लेने की जिद

**घाटमपुर।** आम बच्चों की तरह श्रेया ने दीपावली के समय पटाके और छुर छुरियां लेने की जिद श्रेया को सदा के लिये अपने बहन-भाईयों से जुद कर दिया। करन का बड़ा भाई अर्जुन बताता है कि दीपावली की शांम पटाक और छुरछुरियां लेनेके लिये पिता करन से पैसे मॉंगे न देने पर वो जिद कर मॉं से 10 रुपये ले लिये थे, और शांम को अचानक गायब हो गयी थी पुलिस भी मान रही है कि बारदात में कोई मुहल्ले का है जो उसे पटाका दिलवाने के बहाने लिवा ले गया होगा। श्रेया का शब जहॉं पड़ा था उसके पास दो रुपये में मिलने वाला चुरमुरा का पैकेट पड़ा मिला था जिससे लगता है कि वो मुहल्ले की किसी दुकान तक गयी थी।

## कमिश्नर भी पंहुचे भदरस, मासूम के माता-पिता से मिल दिया मदद का आश्वासन

**घाटमपुर।** रविवार देर शांम कमिश्नर डा. राजशेखर और एसडीएम नर्वल शहिना शहिद ( लिंक अधिकारी घाटमपुर ) तथा तहसीलदार घाटमपुर बिनीत कुमार गांव भदरस पंहुचे और मृतका के माता-पिता से मिले तथा उन्हे हर तरह से मदद का भरोषा दिलाया। इसके पहले तहसीलदार बिनीत कुमार ने दोपहर को पंहुचे थे तथा शासन से 5 लाख की सहायता और जमीन का पट्टा देने की बात कही तहसीलदार के साथ हल्के का लेखपाल राज कुमार दुबे भी साथ थे। करन कुरील ने बताया कि उसके पास एक बिश्वा भी भूमि नही है तथा कच्चा घर होने के बाद भी उसे अभी तक पक्की छत नशीब नही हुई है।

## पांच भाई बहनों के बीच चौथे नंबर की थी श्रेया

**घाटमपुर।** करन कुरील मजदूरी के बल पर पांच बच्चों के साथ अपनी बूड़ी मॉं की परवरिश करता है मिट्टी की बनी कच्ची कोठरी और उसके आगे घास फूस का रखा जजर छप्पर उसकी गरीबी का खुद मा खुद बयां कर रहा है। करन के पांच पुत्र-पुत्रियों में श्रेया चौथे नंमर की पुत्री थी। पहले नंबर पर बड़ा बेटा है। इसके बाद शिवानी, शिवम्, मृतक श्रेया उर्फ भूरी, और बिश्नवी है। करन के चारो पुत्र-पुत्रियॉं गांव के सरकारी बिद्यालय में पढ़ने जातेथे। लेकिन श्रेया की हत्या के बाद वो टूट सा गया है।

## कलेजा खाने वाली महिला सहित, पुलिस ने चार को लिया हिरासत में

**घाटमपुर।** भदरस गांव की ह्रदय बिदारक घटना में मासूम का गला व पेट चीर कर अंगों को निकालने के साथ दरिन्दों ने उसके साथ बेहरमी से कुर्कम किया था, इस बात की पुष्ठि पोस्ट मार्टम से हुआ है। उघर पुलिस ने मासूम के कलेजा को खाने की आरोपी एक महिला सहित 4 लोगों हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछतांछ की तो पटाका दिलाने के बहाने मासूम को घर से लिवा ले जाने वाले युवक ने सारी कहानी उगल दी। कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह के मुताविक गांव के ही अंकुर पुत्र जोगा व बीरेन्द्र पुत्र हरिश्चंद्र को इस जघन्य अपराध में शामिल रहने के आरोप में जेल भेजा है। शेष अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये दबिसें दी जा रही है।

# गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**इटावा।** चौबिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गस्त की जा रही थी गस्त के दौरान पुलिस टीम को मुखविर द्वारा सूचना दी गई कि थाना चौबिया से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त चौपला कट से 100 मीटर पीछे खडा है । सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखा गया तो वहां पर एक व्यक्ति खडा हुआ दिखाई दिया जोकि पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया ।

जिसके संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह थाना चौबिया से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त है। पुलिस द्वारा आबिद पुत्र स्व0 हबीब निवासी अछनेरा जनपद आगरा उप निरीक्षक चौबिया राजीव कुमार यादव थानाध्यक्ष चौबिया आदि शामिल रहे।

# मासूम ने खोला मां की हत्या का राज

संवाददाता। इटावा

**भरथना** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनामई में बीती देर शाम एक नावालिग बालक के सामने उसके पिता ताऊ और बाबा ने एक राय होकर उसकी मॉं संगीता उर्फ हेमा 26 वर्ष की मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या करदी गई। और घटना को अंजाम देकर हत्यारे मृतका के शव को घर मे छोड़कर फरार हो गये। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे मृतका के भाई रजनीश कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र ग्राम नगला बावा जसबन्त नगर ने भरथना पुलिस की घटना से अवगत कराया जिसपर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। दुखी भाई रजनीश कुमार ने भरथना कोतवाली पुलिस को दिए एक प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके बहिन संगीत उर्फ हेमा की शादी बिगत बर्ष 2012 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन हेमा का उत्पीड़न करते चले आ रहे थे। जिसपर हेमा के मायके बालो ने केई बार नगदी देकर हेमा के ससुरालीजनों को शांत कराया। जबकि हेमा के पति को चरित्रहीन होने पर मायके बालों ने पुलिस से कह सुन कर छुड़वाया था। लेकिन हेमा के पति के चरित्र में और हेमा के उत्पीड़न में कोई सुधार नही आया। जिसको लेकर बीती शाम उपरोक्त ससुराली जनों ने एकराय होकर हेमा को पहले मारापीटा फिर गला दबा कर हेमा को मौत के घाट उतार दिया। यह नजारा हेमा का इकलौता 7 बर्षीय मासूम पुत्र हर्ष देखता रहा। रजनीश के पहुँचने पर हर्ष ने मॉं की हत्या का राज खोल दिया। जबकि घटना को अंजाम देकर हत्यारे ससुरालीजन मौके से फरार हो चुके थे। हालांकि भरथना पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर नामजद हत्यारों की गिरफ्तारी के प्रयास किये लेकिन हत्यारे अभी तक पुलिस पहुँच से दूर बने हुए है।

## जुआ खेलते 6 पकड़े गए

**बकेवर** पुलिस द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गस्त एवं संदिग्ध व्यक्तिध् वाहन चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा पुलिस टीम को कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ग्राम केशोपुर के पास सरकारी ट्यूबैल के पास पहुचकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दबिश देकर 06 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों के कब्जे से नगद रूपये व ताश की गड्डी बरामद कर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई । पुलिस द्वारा छोटेलाल पुत्र राम सिंह कुशवाहा निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर शिववीर पुत्र रामप्रकाश निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर राजेश कुमार पुत्र मदन सिंह कठेरिया निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर प्रवेश कुमार पुत्र मौजीलाल निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर राजीव पुत्र रामौतार निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर अजय पुत्र भारत सिंह निवासी मतिरामपुर थाना बकेवर पुलिस द्वारा इनके पास ताश व रुपए बरामद किया है।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे का आरोप, विवाद को बढ़ने से रोका

**इटावा।** जसवंतनगर के ग्राम कटेखेड़ा गांव में जमीन पड़ी हुई है जिस पर विशेष समुदाय के लोग कब्रिस्तान की भूमि बताते है तो दूसरी तरफ काश्तकार के लोग अपनी जमीन बता कर खाली पड़ी जमीन पर कुछ दिन पूर्व दबंग लोगों द्वारा उक्त भूमि को जबरन कब्जा ली गई थी। विशेष समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान बताते हुए उक्त भूमि पर कब्जा किये जाने की उच्चाधिकारियों से शिकायत की। उक्त विवाद की शिकायत पर सीओ रमेश चंद्रए उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने दोनों पक्षों के कागज व पक्षों की बात सुनकर व मौका मुआयना कर भूमि पर दबंगों ने द्वारा किया कब्जा तहसीलदार रामानुज द्वारा उक्त भूमि को कब्जामुक्त करा दिया था। लेकिन रविवार को विशेष समुदाय के यहां एक माह की बलिका का बीमारी के चलते निधन हो जाने पर उक्त भूमि पर दफनाया जा रहा था। लेकिन विपक्षी द्वारा शिकायत की गई। मौके पर पहुंची एसडीएम व सीओ आदि ने उक्त समुदाय को समझाया कि उक्त भूमि का मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। जांच की जा रही है। लेकिन विशेष समुदाय के लोगो का कहना था। कि वे उक्त भूमि पर ही पहले से परिजनों व बुजुर्गों के शवों को दफनाते चले आ रहे हैं। पिछले 2018 वर्ष भी एक शव का दफीना किया जा चुका है। और वे उक्त भूमि पर ही शव को दफनाने को अड़ गए। माहौल खराब होते देख कई थानों का पुलिस बल घटनास्थल पहुंचाए अधिकारियों और विशेष समुदाय के लोगो के बीच बड़ी जद्दोजहद हुई लेकर काफी समय बाद में एसडीएम के प्रयास से मामला शांत हुआ और वही दूसरी जगह स्थित सार्वजनिक कब्रस्तान में दफीना किया गया।

# पथराव, जाम व फायरिंग के मामले में 63 पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता। इटावा

**रास्ते** के विवाद को लेकर हाईवे को जाम कर पथराव और फायरिंग के मामले में 13 नामजद और महिलाओं सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखा गया कई संगीन धाराओं में मुकदमा। बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुरा में शुक्रवार की शाम 5रू00 बजे रास्ते को लेकर हुए बवाल में महिलाओं सहित 63 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

मुकदमा के बाद ही बसरेहर थाने की हल्का नंबर 3 के इंचार्ज एसआई अवनीश कुमार ने दर्ज कराया जिसमें उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की रास्ते में बनी दुकानों पर अवैध तरीके से लेंटर डाला जा रहा है जिसमें दोनों पक्ष आमने.सामने हैं और पथराव हो रहा है जब मैं वहां पहुंचा तो उन को समझाने का प्रयास किया जिसमें उन्होंने ना मानते हुए पथराव जारी रखा और हाईवे को भी महिलाओं ने जाम करने का प्रयास किया जिसमें मैंने कंट्रोल रूम को सूचना दी जिस पर कई थानों की फोर्स व सदर एसडीएम सिद्धार्थ वह सैफई क्षेत्र अधिकारी आलोक प्रसाद मौके पर पहुंचे घटना में कुछ लोगों के हल्की.फुल्की चोटें भी आई तो वही गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई सैकड़ों की तादाद में भीड़ पत्थर फेंक रही थी जो करोना अधिनियम के तहत मास्क या प्रोटोकॉल भी नहीं मान रहे थे कुछ लोगों की शिनाख्त की गई जिसमें राकेश रामविलास रविंद्र रामप्रवेश पुत्रगण महादेव राहुल पुत्र दामोदर व वीरेश वीरेंद्र डोली नीरज मनोज इनस भी के पिता का नाम नही मिला निवासीगण अमृतपुर थाना बासरेहर व अजय गौरव पुत्र गण सुरेश चंद्र निवासीगण इटावा थाना कोतवाली व 35 अज्ञात पुरुष और करीब 15 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट, फेंका तेजाब

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**लेनदेन** के विवाद में युवक पर उसके साथी नें तेजाब की भरी हुई बोतल फेंक दी। जिससे वह झुलस गया। पुलिस नें घटना के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम ककरैया निवासी कुंदन पुत्र जगदीश नें थाना पुलिस को सूचना दी की जिसमे बताया कि उसका भाई 35 वर्षीय धीरेन्द्र सब्जी बेंचने का कार्य करता है। उसने आरोप लगाया कि जितेन्द्र व वीरेंद्र उर्फ खन्ना पुत्र मेघनाथ मारपीट कर उसकी नकदी 400 रूपये लूट लिये और उसके ऊपर तेजाब की बोतल फेंक दी। जिससे वह झुलस गया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। उससे पुलिस पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा नें बताया कि थाना पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पड़ताल की जा रही है।

## दो पशु चोर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** चोरी की पांच भैस बेंचने के लिए आये दो शतिर चोरों को पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीपुर में रविवार को पशु बाजार (नकासा) लगता है। जिसमें जितेंद्र पुत्र मुन्ना लाल निवासी ओड़न पड़रिया थाना मैनपुरी संजीव पुत्र सोनपाल निवासी वसेनी थाना नवाबगंज 5 चोरी की भैंस खरीदने के लिए आया था। ग्रामीणों को शक होनें पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक सुबोध यादव फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने दोनों शातिरों को दबोच लिया। मौके से चक्र निवासी झिझिई मैनपुरी रिशु निवासी पड़रिया रंजीत निवासी पड़रिया दो बाइकों से फरार हो गए। आरोपी जितेन्द्र नें पुलिस को बताया कि जितेंद्र ने बताया कि 5 दिन पूर्व इटावा रोड मैनपुरी से यह पांचों भैंसे चोरी की थी। उपनिरीक्षक संजय मौर्य नें अरोपियों के खिलाफ 411, 413, 414 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार ने बताया दो चोरों की गिरफ्तारी मोहद्दीपुर नखासा से की गई है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही

## दो चोर गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पुलिस नें चोरी के ट्रक सहित दो आरोपियों को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के घसिया चिलौली गोदाम के पीछे एक चोरी का ट्रक बिक्री हो रहा है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय व दारोगा दिनेश भारती नें फोर्स के साथ दबिश देकर ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस नें मौके से आरोपी अलीगढ़ के कशेरु निवासी हरी सिंह व मथुरा के राया नांनग निवासी तुलसी पुत्र बच्चू को गिरफ्तार किया।

# कार-एम्बुलेंस में भिड़ंत, एक गंभीर

**फर्रुखाबाद।** रविवार देर शाम कार और एम्बुलेंस की भिंडत में भीषण सड़क हादसा हो गया। जिससे एम्बुलेंस का चालक गंभीर हो गया। उसे पुलिस नें उपचार के लिए भेज दिया। जबकि कार और एम्बुलेंस को पुलिस नें कब्जे में ले लिया। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के सेन्ट्रल जेल तिराहे पर रविवार की शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नितगंजा निवासी अनूप वर्मा पुत्र रमेश वर्मा अपनी कार से सेन्ट्रल जेल चौराहे से जिला जेल की तरफ जा रहे है। उसी दौरान सामने से आ रही आवास विकास स्थित चौहान एम्बुलेंस सर्विस की एम्बुलेंस आ गयी। जिससे दोनों की आमने सामने की भिडंत हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की घरों से लोग बाहर आ गये। एम्बुलेंस में लेटा मरीज भी चुटहिल हो गया। कोतवाल फतेहगढ़ जेपी पाल व सेन्ट्रल जेल चौकी इंचार्ज राजेन्द्र चौधरी फोर्स के साथ मौके पर आ गये। घायलों को उपचार के लिए भेजा।

# भाइयों की दीर्घायु के लिए बहनों ने किया तिलक



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कार्तिक** मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाने वाली भैया दूज पर्व सोमवार को प्रेम और सद्भावना के साथ मनाया जा रहा है। भाइयों ने मुहुर्त के अनुसार सुबह 07.07 बजे के बाद भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। टीका लगाने का यह सिलसिला आज दिन-भर जारी रहा। भाइयों ने बहनों से टीका लगवाने के बाद उन्हें शगुन के तौर पर उपहार भी दिए। भैया दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। माना जाता है कि यम द्वितीया के दिन भाई के मस्तक पर टीका लगाने से भाई यमराज के प्रकोप से बच जाता है और मृत्यु के पश्चात उसे स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है। भैया दूज पर शहर में रौनक भी रही। हलवाइयों और गिफ्ट हाउस की दुकानों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही। रविवार को मौसम खराब होने की वजह से कई लोग खरीददारी नहीं कर पाए थे। सुबह से ही भाई बहनों से तिलक लगवाने की तैयारी कर रहे थे। बहनें भी सज-संवर कर त्योहार मनाने में पीछे नहीं थीं। कई भाई बहनों के घर पहुंचे तो कई बहनों ने भाइयों के घरों में जाकर तिलक लगाया। बहनों ने मिठाइयां, स्वादिष्ट पकवान आदि खिलाकर भाइयों का सत्कार किया। भाइयों ने भी बहनों को मनपसंद उपहार व नकदी देकर उनके प्रति अपने स्नेह को प्रकट किया।

आचार्य सर्वेश कुमार शुक्ल नें बताया कि भाई दूज का त्योहार भाई और बहन के प्यार को सुदृढ़ करने का त्यौहार है। सनातन धर्म में भाई-बहन के स्नेह-प्रतीक के रूप में दो त्योहार मनाये जाते हैं। पहला रक्षाबंधन जो कि श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसमें भाई-बहन की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करता है। दूसरा त्योहार भाई दूज का होता है भाई दूज को भाऊ बीज, टिक्का, यम द्वितीय और भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है, इसमें बहनें भाई की लम्बी आयु की प्रार्थना करती हैं।

## बसों की भीड़ ने कराया बहनों के उत्साह का एहसास

**फर्रुखाबाद।** दीपावली के बाद भाई दूज उल्लास से मनाया गया। बसों में उमड़ी भारी भीड़ ने यह बता दिया कि परेशानियों के बावजूद भी भाई-बहन के बीच मनाए जाने वाले त्योहारों की मिठास में कोई कमी नहीं आई है। कहीं बहनें भाइयों को तिलक करने के लिए बस और ट्रेन में जगह पाने की जुगत करते रहे तो कहीं भाइयों के मन में बहन के घर समय से पहुंचने की ललक उन्हें भीड़ से लड़ने का हौसला देती नजर आई। कोरोना काल को लेकर परिवहन विभाग के द्वारा किये गयी तैयारी धरी की धरी रह गयी।

दीपावली के तीसरे दिन भाई दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भाई के मस्तक पर बहन तिलक कर उसके सौभाग्यशाली होने और लंबी उम्र की कामना भी करती हैं। पौराणिक काल से इस त्योहार का महत्व रहा है और बदले दौर में भी इस दिन का विशेष महत्व है। शायद इसीलिए भाई-बहन कितने भी दूर हों, लेकिन इस त्योहार पर एक दूसरे के पास जरूर पहुंच जाते हैं। कुल मिला कर बहन का आशीर्वाद हासिल करने के लिए भाइयों ने खूब मुसीबतों का सामना किया।

शहर के लाल दरवाजे स्थित रोडबेज बस अड्डे पर सुबह से ही बहनों की भीड़ उमड़ी। इस भीड़ में अधिकतर ऐसे लोग ही शामिल थे जो भाई दूज पर टीका करने-कराने के लिए आए थे। बहनों ने भी भाइयों तक पहुंचने में आई सभी बाधाओं को पार करने की न सिर्फ कोशिश की, बल्कि सफलता भी पाई। रोडवेज बस अड्डे पर बस में चढ़ने को लेकर लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ी। रोडवेज बसों में सीट मिलना तो बहुत मुश्किल था, परेशानी तब बढ़ी जब बस में चढ़ने के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ा।

धरे रह गए दावे हर वर्ष दीपावली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से विशेष इंतजाम किए जाते थे। इस बार भी इंतजाम किए जाने का दावा तो रोडवेज की ओर से किया गया था, लेकिन बसों में चढ़ने के लिए जिस तरह से यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ी, उसने व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। दोपहर बाद तक अलग-अलग गंतव्य स्थलों के यात्री बसों के इंतजार में रोडवेज बस अड्डे पर बैठे रहे।

## डग्गामारों की रही चांदी

**त्योहार** के चलते डग्गामार वाहनों की चांदी रही। इन वाहनों ने क्षमता से अधिक यात्रियों को अपने-अपने वाहनों में बैठाया तो यात्री बाहर भी लटके नजर आए। इस सबके बीच दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बनी रहीं। डग्गामार वाहनों ने निर्धारित किराए से अधिक किराया भी वसूला।कोरोना के चलते किये गये इंतजाम धरे रह गये। एआरएम नें बताया कि कुल 82 बसों को भीड़ के चलते लगाया गया है। जिस रूट पर अधिक सबारी होंगी उन्ही के उसी के हिसाब से चक्कर बढ़ाया जा रहा है।

## बहनों व बंदी भाइयों के बीच सलाखों की नदी पर दूरभाष बना सेतु

**फर्रुखाबाद।** रक्षा बंधन की तरह भाई दूज के अवसर पर बंदियों तक उनकी बहनों का प्यार पहुंचाने के लिए कारागारों में विशेष प्रबंध रहे। कोरोना संक्रमण के चलते बहनें अपने भाइयों तक मिठाई तो नहीं पहुंचा सकेंगी, लेकिन उनका टीका, संदेश व पूजन सामग्री पहुंचाने के लिए स्पेशल डेस्क बनाई गयी थी। हेल्पडेस्क के माध्यम से टीका आदि बहनों से लेकर बंदी तक पंहुचानें की व्यवस्था रही।

डीजी जेल आनन्द कुमार की तरफ से आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते बहनों को अपना टीका व सामग्री 14 नवंबर से ही सेन्ट्रल जेल में जमा हो रहे थे। दीपावली व भाई दूज पर बंदियों से मुलाकात प्रतिबंधित रहने से बहनों की संख्या में भी इजाफा नही हो सका। तकरीबन दो दर्जन बहनें ही सेन्ट्रल जेल पंहुची। जहॉं उनकी रिसिबर फोन से उनके बंदी भाई से बात करायी गयी। महीनों से भाई का चेहरा ना देख पाने के चलते जब बहनों नें फोन पर अपने बंदी भाई की आबाज सुनी तो उनकी ऑंखें नम हों गयीं। हेल्पडेस्क पर बहनों की सामग्री की जांच के बाद उसे एक लिफाफे में रखकर बंदी का नाम तथा परिवारीजन का ब्योरा दर्ज कर हेल्प डेस्क पर जमा कर लिया गया। संबंधित सामग्री बंदियों तक पहुंचाई जाएगी। सेन्ट्रल जेल में तकरीबन दो दर्जन बहनों नें फोन से बात की।

## जेल के भीतर ही बंदियों की मिष्ठान की व्यवस्था

**जेल** की कैंटीन में ब्रांडेड मिठाई के पैकेट उपलब्ध कराए गये। जिससे बंदी अपनी मिठाई जेल से ही प्राप्त किया। बहनों का मिष्ठान जेल के बाहर से की वापस कर दिया गया। जिससे बहनें मायूस दिखीं।

## बंदियों के विशेष भोजन का बंदोबस्त

**सेन्ट्रल** जेल अधीक्षक एचएसएम रिजवी नें बताया कि परिवारीजन से प्राप्त सामग्री को सैनीटाइज करने के बाद ही बंदियों तक पहुंचाया जा रहा है । भाई दूज के अवसर पर बंदियों के विशेष भोजन का बंदोबस्त किए गयें है।

जिला जेल के जेलर गिरिजा शंकर यादव नें बताया कि जिला जेल में शाम को विशेष भोजन की व्यवस्था है। बहनों की बंदियों से फोन से बात करायी गयी है।

## बहनों की वॉइस रिकार्डिंग जायेगी जेल मुख्यालय

**जेल** में मुलाकात करने आयी बहनों की वॉइस रिकार्डिंग भी बनायी गयी। जिसको रिकार्ड करने में बहनों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। कई-कई बार रिहर्सल के बाद उनकी वॉइस रिकार्डिंग भी बनायी गयी। जिसे डीजी कार्यालय भेजा जायेगा।

# प्राचीन शिव मन्दिर में चोरी का फिर किया प्रयास

**इटावा।** भरथना तहसील और विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम रमायन में स्थापित प्राचीन सिद्धपीठ शिव मन्दिर में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने मन्दिर निर्माण को लगे बांस बल्लियों के सहारे प्रवेश कर लिया और मन्दिर में रखे विशाल दान पात्र को तोड़ कर दान पात्र में एकात्रित धन चुराने का असफल प्रयास किया गया है। लेकिन बदमाश घण्टों प्रयास करते रहे लेकिन दान पात्र का ताला नहीं खोल सके और नहीं ताला तोड़ सके। आपको बतादें रमायन प्राचीन शिव मन्दिर की सुरक्षा स्वम् भोले नाथ शुरू से करते चले आ रहे है जबकि बदमाश हमेशा से मन्दिर में चोरी की जुगत लगाये रहते है। मन्दिर के पुजारी ओमकार ने बताया कि बीती रात बदमाशों ने फिर से चोरी करने का प्रयास किया हैं लेकिन भोले बाबा की कृपया से इस मन्दिर से बदमाश कोई भी सामान चुरा कर नहीं लेजा सके। जबकि अज्ञात बदमाश मन्दिर में चोरी करने का केई बार प्रयास कर चुके है।

# धूमधाम से मना भैयादूज का त्यौहार



संवाददाता। कानपुर देहात

**बहिनों** व भाईयों के परस्पर प्रेम व स्नेह का पर्व भैया दूज जनपद में धूमधाम से मनाया गया। बहिनों ने भाईयों के मस्तक पर तिलक कर उनके लम्बे जीवन की कामना की वहीं भाईयों ने भी उन्हें उपहार देकर उनकी सुरक्षा का वादा किया।

हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में गिना जाने वाला दीपावली पर्व के दूसरे दिन गोवर्धनपूजा व तीसरे दिन भैया दूज मनाने की परम्परा लम्बे समय से चली आ रही है। कोविड-19 संक्रमण काल के दौर में मनाये गये दीपावली पर्व में उत्साह के साथ सर्तकता का आलम भी देखा गया। रविवार की रात्रि को भारी बारिश सोमवार की तडके सुबह तक जारी रही जिससे सुबह 10 बजे तक सडकों पर सन्नाटे की स्थिति रही जैसे ही धूप ने अपना नजारा दिखाया भारी सॅख्या में लोग सडकों पर अपने वाहनों के साथ दिखाई देने लगे। जनपद के रूरा, झींझक, अकबरपुर सहित अन्य कस्बों में जाम की स्थिति देखी गयी। बहिनों ने भाई के मस्तक पर हल्दी व चावल का तिलक कर उनका मुॅह मीठा कराया व भाईयों के लम्बे दीर्घायु जीवन की कामना की। भाईयों ने भी अपनी बहिनों को उपहार भेंट कर उनकी सुरक्षा व खयाल रखने का वादा किया। भैया दूज के अवसर पर जनपद में खासा उत्साह देखा गया।

## डीएम के आदेश पर जले दिए

**कानपुर देहात** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने बीते दिवस गोवर्धन पूजा के अवसर पर जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि अपने अपने क्षेत्र के गौशालाओं में गोवर्धन की पूजा कर दीप जलाएं तथा गौशालाओं में उपस्थित गोवंश को फल गुड़ आदि खिलाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए जहां कहीं भी दिक्कत हो उसे ठीक कराएं तथा गो संरक्षण केंद्रों में उपस्थित कर्मचारियों को मिष्ठान आदि देकर सम्मानित भी करें इसी क्रम में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा गौशालाओं में गोवर्धन की पूजा व दीप जलाए गए तथा सभी व्यवस्थाएं चाक.चौबंद रही तथा कर्मचारियों को मिष्ठान फल आदि देकर प्रोत्साहित भी किया गया।

# दीपावली पर्व में आतिशबाजी कर दीवारी नृत्य पर जमकर थिरके बुन्देले

## ● भैया दूज का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया


दीवारी नृत्य करते बुन्देले

**हमीरपुर।** जिले में दीपावली का त्योहार परंपरागत ढंग से मनाया गया, क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी हुई बुन्देलखंड की दीवारी नृत्य पर जमकर लोग थिरके। भैया दुइज का पर्व भी हंसी खुशी से मनाया गया है। जिले में जरिया थाने के करियारी गाव में सैकड़ो सालो से भैया दूज के दिन सुरौरा मठ प्राचीन हनुमान मंदिर पर दिन और रात को दीवारी नृत्य व मेले का महोत्सव मनाया जाता है जिसमे पूरे गांव सहित क्षेत्र के दीवारी नृत्य आयोजन करते है जिसमे सभी तरह की दीवारी, मल्हार नृत्य आयोजन होता है जिसे देखने के लिये हजारो की भीड़ जुटती है बुन्देलखण्ड क्षेत्र अपने आन-बान-शान के लिए जितना प्रसिद्द है उतनी ही प्रसिद्धि उसको यहाँ की लोकसंस्कृति के कारण प्राप्त है. यहाँ की लोककलाओं, लोकपर्वों, लोकविधाओं आदि में अनेकानेक गतिविधियाँ संचालित होती है भारतीय संस्कृति की अपनी विशेषता ये रही है कि यहाँ धार्मिक आयोजनों, अनुष्ठानों के द्वारा किसी न किसी तरह की सीख सबक देने का प्रयास किया जाता है. सहयोगी भावना के साथ, सामंजस्य के साथ कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न किया जाता है, ये सहजता से सीखने को मिल जाता है. लोक संस्कृति में भी इसी तरह के संस्कार देखने को मिलते हैं. जैसे हमीरपुर के सरीला तहसील क्षेत्र के करियारी गांव में भैया दूज के दिन दीवारी नृत्य व मेले का त्यौहार मनाया जाता है, गाव के लोग इस त्यौहार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है , वैसे तो इस इस त्यौहार का महत्व दीवारी के भाई बहिन के पवित्र बंधन भैया दूज के दिन के कारण ज्यादा बढ़ जाता है यहाँ सरीला सहित क्षेत्र से सेकड़ो गांव के दीवारी नृत्य कलाकार अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करते है। और एक से बढ़कर एक प्रदर्शन करते है।

# दुपहिया और आपे की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**राठ ( हमीरपुर )।** बीती रात राठ पनवाड़ी मार्ग पर बाइक और आपे की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि आपे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ला निवासी रोहित अनुरागी (24) बीती रात गिरवर के पास खेत में दिया रखने गया था। लौटते समय बीएनवी डिग्री कॉलिज के पास युवक की बाइक की एक आपे से आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने झांसी रिफ्र कर दिया। जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। जबकि आपे चालक अख्तर निवासी फ्रसौलियाना के पैर टूट गये। जिसका इलाज झांसी में चल रहा है। मृतक रोहित के पिता ने बताया कि उसके पुत्र की 2017 में शादी हुई थी। उसका पुत्र शादी समारोह में ड्रोन कैमरा चलाता था। मृतक अपने पीछे एक ढाई वर्षीया पुत्री रिशिका छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी पूजा का रो रोकर बुरा हाल था।

## वाहन की टक्कर से पति-पत्नी व बच्चे घायल

**सरीला( हमीरपुर )।** कस्बे के कालका मंदिर पुलिया के पास बाइक से जा रहे पति पत्नी व बच्चे को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गये। इलाज के लिये घायलो को सरीला सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रविवार को दोपहर राठ निवासी बाइक सवार सुनील व पत्नी निर्मला बेटा व बहन काजल बरगवां जा रहे थे तभी सरीला विवांर मार्ग पर कालका मंदिर पुलिया के पास चार पहिया ने टक्कर मार दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला में भर्ती कराया गया। जहा पर सभी की हालत नाजुक बनी हुयी है।

## ट्राली पलटी एक युवक की मृत्यु, कई घायल

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी कल रात ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर जनपद जालौन के कालपी कस्बा स्थित बनखंडी देवी मंदिर पूजा अर्चना करने जा रहे थे तभी भोगनीपुर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया जिससे एक युवक की ट्राली में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। गांव के करीब 35 ग्रामीण दीपावली के बाद कालपी कस्बा के बनखंडी देवी मंदिर में पूजा करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर जा रहे थे जब ट्रैक्टर कानपुर देहात थाने के समीप पहुंचा तभी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया जिसमे छोटू सिंह (20) की ट्राली में दबकर मौके पर मृत्यु हो गई तथा कई लोग घायल हो गये। ट्रैक्टर ट्राली पलटने की जानकारी होने पर राहगीरों तथा ग्रामीणों ने घायलों को निकालने का प्रयास किया तथा घटना की सूचना थाना पुलिस भोगनीपुर को दी पुलिस ने तत्काल घायलों को सीएचसी पुखराया भेजा।

## क्विक न्यूज

### पुरानी रंजिश के चलते दोनों में जमकर चले लाठी व कुल्हाड़ी, पूर्व प्रधान सहित एक दर्जन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी चली। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। कोतवाली के बिलरख गांव निवासी श्रीराम राजपूत पुत्र रघुवीर सिंह सुबह रविवार को व उसके पिता मां उमारानी के साथ खेतों में काम कर रहे थे। गांव के मदन पुत्र छोटेलाल, भरत, अजीत, जीतू, विजन अपने हाथों में लाठी, कुल्हाड़ी व अवैध तमंचा लेकर आये और पुरानी रंजिश के चलते उसके पिता को गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसके पिता को घायल कर दिया जब उसकी मां बचाने गई तो उन्हे भी पीटा। जब खेतों में काम कर रहे इतीश, रामहेत, घमंडी और मुन्ना पुत्र अमर सिंह बचाने गये तो उन्हे भी मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सभी की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रिफ्र कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से अजीत पुत्र जगदीश ने पुलिस को बताया कि गांव के रघुवीर, श्रीराम, रामू, इतीश, मुन्ना, घमंडी, देवकी घर पर आये और परिजनों के साथ गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

### अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औड़ेरा गांव निवासी 35 वर्षीय गोविंदास का शव राठ-पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के बड़े भाई किशोरीलाल पुत्र लच्छू अहिरवार ने बताया कि उसका भाई गोविंदास 35 मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसका ग्वालियर में इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह वह घर से निकाल गया था। बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त होने पर उसका पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके भाग गई थी।

### नदी में डूब कर अधेड़ की मृत्यु

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव ग्रामीण की यमुना नदी में डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई वहीं 3 दिनों से गायब ग्रामीणों का शव मिश्रीपुर गांव के पास यमुना नदी में निर्णय घाट के पास मिला। गांव का उदल निषा (55) तीन दिन पूर्व यमुना नदी पार मूसानगर थाना क्षेत्र के कोटरा गांव गया था वहां से वापस आते समय यमुना नदी पार करते ने में गहराई में चले जाने से वह नदी में डूब गया परिजन उसको खोजबीन करते रहे लेकिन कोई पता नहीं चल सका इसकी सूचना परिजनों ने चौकी पुलिस हरौली पुर को दी वहीं बीती शाम उसका शव क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के पास यमुना नदी के किनारे शव मिला ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### आग से शादी का लाखों का समान जलकर खाक

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के भौली गांव में ग्रामीण के घर अज्ञात कारण से दोपहर में आग लग जाने से मकान सहित ग्रहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।गांव के बलकरण सिंह ने बताया कि आज दोपहर बाद अज्ञात कारण से रिहायशी मकान में आग लग गई। आगजनी में घर में रखा ग्रहस्थी का सामान जल गया। घरमे नकद पचास हजार रुपए व भतीजी रिंकी की शादी 30 नवम्बर को है। इसके लिए दादी चुन्नी देवी ने जेवर बनवा कर रखे थे। व 25 कुन्तल ज्वार रखी थी। आग की चपेट में सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की जानकारी दमकल विभाग को दी तब उसने आकर आग पर काबू पाया। लाखो का नुकसान हुआ है।

### डीएम व एसपी ने दिव्यांगों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** दीपावली पर्व पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ने दिव्यांगों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटते हुये मिठाई व उपहार भेंट कर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। दिव्यांगों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई। मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी पब्लिक स्कूल में डीएम राकेश मिश्रा, एडीएम गजेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने दिव्यांगों के बीच पहुंचकर हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान अधिकारियों ने दिव्यागों को मिठाई व उपहार वितरित कर दीपावली का त्योहार मनाया। उन्होंने दिव्यांगों से भेंट कर बताया कि दीपावली पर्व असत्य पर हुई सत्य की जीत के लिए मनाया जाता हैं। उन्होने प्रबंधक डॉक्टर वाईपी सिंह से वार्ता कर दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

### महामारी के चलते रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित

**राठ(हमीरपुर)।** राठ कस्बे में दीपावली पर्व पर रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता है कस्बे में यह परंपरा सवा सौ साल से चली आ रही थी मगर इस साल कोरोना काल में यह परंपरा टूट गयी और रावण दहन कार्यक्रम नही हुआ जिससे लोगो में मायूसी छायी हुई है। जानकारी के मुताबिक सवा सौ साल पूर्व कस्बे में रोहनियां मंदिर के महंत व कस्बे के व्यापारियों ने रामलीला मेले की शुरूआत की थी। तभी से यह परंपरा उत्साह के साथ मनाई जा रही है। मेले में दूर दराज के व्यापारी अपनी दुकानें सजाते है। झूले, जादू, मौत का कुआं, सर्कस से लेकर विभिन्न मनोरंजन के साधन मेले में उपलब्ध रहते है। श्रीराठ रामलीला सांस्कृतिक समिति के निवर्तमान अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजनारायण बुधौलिया ने इस मेले को विस्तार देते हुये महोत्सव का रूप दे दिया। अब यह मेला देव उठनी एकादशी तक एक माह तक रहता है। कस्बे में दीपावली पर रावण दहन की अनोखी परंपरा सदियों से चली आ रही है। रामलीला मैदान में लोहे से बने 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले को सजाया जाता है। दीपावली की शाम रामलीला कलाकरों द्वारा मैदान में राम रावण युद्ध का मंचन होता है। जिसके बाद राम का किरदार निभाने वाले कलाकर अपनी अग्नि वाण से रावण के पुतले में आग लगाते है। देखते ही देखते 20 फीट का ऊंचा रावण धूं धूंकर चलने लगता है। समिति के महामंत्री सुरेश खेवरिया ने बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण प्रशासन से रामलीला महोत्सव की अनुमति नहीं मिली है। जिस कारण सवा सौ वर्ष से चली आ रही रावण दहन की परंपरा इस वर्ष नहीं निभाई जायेगी।

### करतार सिंह गदर आन्दोलन के अग्रेता थेः भवानीदीन प्रजापति

**हमीरपुर।** जरा याद करो कुर्बानी के तहत गदर आंदोलन के अग्रेता करतार सिंह की पुण्यतिथि आज श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर भवानीदीन ने कहा की करतार सिंह वास्तव में एक युवा क्रांतिवीर थे जिन्होंने मात्र साढे उन्नीस वर्ष के अपने जीवन को देश के लिए अर्पित कर दिया। करतार सिंह सराभा गदर आंदोलन के अग्रेता थे,इनका जन्म 24 मई 18 96 को पंजाब लुधियाना के सराभा गांव में हुआ था, पिता का नाम मंगल सिंह था तथा मा का नाम साहिब कौर था, करतार सिंह की प्रारंभिक शिक्षा लुधियाना के स्कूलों मे हुई, उसके बाद इन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय मे प्रवेश लिया, अमरीका मे इनका लाला हरदयाल,सोहन सिंह भकना और मेडम कामा से भेट हुई।कनाडा और अमरीका मे करतार को गुलामी के दुखद अनुभव हुये, ऐसे हालात में उन्होंने देश की आजादी के लिए काम करने का प्रण किया,कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, राजकुमार सोनी, कल्लू चौरसिया, वृन्दावन गुप्ता, सचिन,अरविंद, रामगोपाल, संजय सोनी, अजय गुप्ता और सौरभ कसौधन शामिल रहे।

# बदमाशों ने दलित युवक को गोली मार किया घायल


बदमाशों की गोली से घायल युवक।

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के रुकमाखुर्द गांव में दलित बस्ती में दस्यु गौरी यादव ने कहर बरपाया। बस्ती के रामकरन वर्मा (24) पुत्र सविता को गोली मारकर घायल कर दिया और पप्पू वर्मा पुत्र लालजी को बन्दूक की बटों व फ्रसा मारकर घायल कर दिया। दोनों को ग्रामीणों ने रात में जिला अस्पताल लाये। रामकरन की हालत गम्भीर होने पर इलाहाबाद रेफ्र कर दिया गया।

डकैतों के कहर की ये घटना रविवार की रात आठ बजे बहिलपुरवा थाना के रुकमाखुर्द गांव की दलित बस्ती में हुई। बताया गया कि सम्पत मवैया नामक नये गिरोह ने दस्यु गौरी यादव के साथ मिलकर ये घटना अंजाम दी है। बदमाशों ने रात में दलित बस्ती में घुसकर हमला बोलकर रामकरन व पप्पू वर्मा को गोली मारकर घायल कर दिया है। घटना से पाठा क्षेत्र में दहशत है। रात में ही बहिलपुरवा थाने को सूचना दी गई। हल्का प्रभारी शेषनाथ यादव घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। अपर एसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय ने बताया कि घटना की तत्काल रिपोर्ट दर्जकर बदमाशों की खोजबीन को कई टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही बदमाश पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## दबंग भाइयों ने पीटपीट कर भाई का हाथ तोड़ा भाभी को जख्मी किया

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के हरेहटा गांव में दो पक्षो के विवाद में दबंगो ने एक युवक की पिटाई कर उसका पैर तोड दिया और पत्नी को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने कार्यवाही करना तो दूर उसका दो दिन बाद मेडिकल के लिये नही भेजा है। जिससे पीड़ित न्याय के लिये दर दर की ठोकरे खाता घूम रहा है। गांव के फूल सिंह का विवाद उसके भाइयो से हो गया उसके भाई बबलू सिंह, ज्ञान सिंह तथा ज्योति पत्नी ज्ञान सिंह ने फूल सिंह को पीट पीट कर उसका पैर तोड़ दिया और पत्नी मीना को जख्मी कर दिया। फूल सिंह ने उच्चाधिकारियों को बताया कि पुलिस ने इलाज व कार्यवाही करना तो दूर उसके दूसरे दिन थाने में बुलाकर उसके साथ अभद्रता की यही नही दो दिन बाद पीड़ित का पुलिस ने मेडिकल नही कराया जिससे वह न्याय के लिये इधर उधर भटक रहा है। हाथ में प्रैक्चर लिये दो दिन से इधर उधर घूम रहा है दबंग को बचाने के चक्कर में पुलिस मेडिकल नही करा रही है।

# सैकड़ों टिमटिमाते दीयों का दृश्य देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध


रामघाट में श्रद्धालुओं का सैलाब, दीपदान करते श्रद्धालु तथा रोशनी से जगमगाता रामघाट।

**चित्रकूट।** सुदूर क्षेत्रों से आये लाखों श्रद्धालुओं ने रामघाट स्थित मन्दाकिनी में दीपदान का दृश्य शाम के समय चार दिनों तक ऐसा हो जाता है- जैसे दो सितारों का जमीं पर मिलन हो रहा हो। घाट किनारे सजाये गये सैकड़ों टिमटिमाते दिये रात में दूर से लोगों को बेहद लुभाते हैं। गुलाबी ठण्ड के बावजूद देर रात तक श्रद्धालु रामघाट के सुहाने दृश्य को निहारने में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रैक्टर में लोग यहां प्रवास को आ गये हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड पर श्रद्धालुओं की म्भारी म्भीड़ दिख रही है।

दीपावली पर्व पर सुदूर क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा धर्मनगरी में होने से चारों तरफ सिर ही सिर दिखते हैं। तेज भागते वाहन व रास्ते में तैनात सुरक्षा कर्मी मेले पर पैनी नजर रखे हैं। रामघाट से लेकर कामतानाथ मन्दिर तक श्रद्धालुओं की भीड़ कहीं टूटती नहीं दिखती। शाम होते ही मन्दाकिनी का जल सोने की तरह चमकने लगता है। चारों ओर दीप व आकर्षक विद्युत सजावट से तीर्थयात्रियों का मन मुग्ध है। मंदाकिनी व कामतानाथ मन्दिर में दीपदान करने की होड़ रही। सवेरे से रात तक श्रद्धालु परिक्रमा कर मनौती पूरी करने की प्रार्थना करते देखे गये। पंचकोशी परिक्रमा करने वाले तीर्थयात्री कर्वी से पैदल सोनेपुर मार्ग से बांके सिद्ध, देवांगना, कोटि तीरथ, हनुमान धारा होकर रामघाट पहुंचते हैं।

### मेला क्षेत्र पर डीएम-एसपी की रही पैनी नजर

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व एसपी अंकित मित्तल ने वर्ष के सबसे बड़े दीपदान मेले का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिये। चेताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भीड़ का दबाव होने पर आगे लोगों को रोककर रास्ता साफ बनायें। सीसी कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र की गतिविधियों की पल-पल की जानकारी लेते रहे। जहां कहीं भीड़ का दबाव देखा, उसे नियंत्रित करने को मातहतों को निर्देश दिये।

# निष्पक्षता और निर्भीकता से कार्य कर आदर्श कीर्तिमान स्थापित करें पत्रकारः अशोक द्विवेदी


गणेश शंकर विद्यार्थी को नमन करते वरिष्ठ पत्रकार।

**चित्रकूट।** प्रेस क्लब चित्रकूट के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित क्लब कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यर्पण कर सभी पत्रकारों ने उनके प्रति श्रद्धा प्रकट कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ समाजसेवी व मान्यता प्राप्त पत्रकार केशव शिवहरे ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है हम सबको एक आदर्श पत्रकारिता का प्रतिमान स्थापित करना है । आज उनका जन्म दिन होने पर पत्रकारों द्वारा शुभकामनाएं देने पर सभी का आभार जताया । प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर गणेश शंकर विद्यार्थी को नमन करते हुए सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि हम लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए वह चाहे कलम की हो या फ्रि संगठन की। तभी हम माज में एक आदर्श स्थापित कर पाएंगे। प्रेस क्लब चित्रकूट के सभी सम्मनित साथियों को भी शुभकामनाएं दिया और पत्रकारों के सहयोग के लिये तत्पर रहने पर व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष ओम केसरवानी और कुणाल प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी केशव शिवहरे को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दिया है। वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब के सह संयोजक रतन पटेल ने गोष्ठी में सम्मिलित सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार विकास श्रीवास्तव, राजेश्वर सिंह, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, अब्दुल मुबीन सिद्दकी, संतोष बंसल, हेमराज कश्यप,अमित अग्रवाल, महेंद्र मिश्रा, विनोद कुमार, वीरेंद्र सिंह शाह आलम, वीरेन्द्र शुक्ला ,मोनू द्विवेदी,राधा विहारी पाठक,रामसागर चतुर्वेदी , सोहनलाल, सुनील कुमार, अखिलेश तिवारी, हीरालाल सिंहआदि लोग मौजूद रहे। यह जानकारी प्रेस क्लब के प्रवक्ता ओंकार सिंह ने दी है।

## अन्नकूट महोत्सव में दो सौ व्यंजनों का लगाया भोग

**चित्रकूट।** श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट बडीगुफ्र जानकीकुण्ड में अन्नकूट महोत्सव में विभिन्न प्रकार के दो सौ से अधिक स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रसाद एवं भोग श्री रघुवीर जी के चरणों में लगाया गया। सोमवार को सवेरे भगवान की आरती के बाद सद्गुरु परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना के साथ बधाइयां गायी गईं। अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली पर्व पर एक-दूसरे को शुभकामनायें दी गईं। इस मौके पर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/निदेशक डॉ बीके जैन, शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन ने कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क लगाकर धूमधाम के साथ प्रतिवर्ष की भांति अन्नकूट महोत्सव मनाया। इस महोत्सव को ऑनलाइन से लोगों ने आनन्द उठाया। सभी ने कोरोना से निजात पाने की राघवेन्द्र सरकार से प्रार्थना की। इस मौके पर गुरुदेव की परम शिष्या सुश्री रमाबेन हरियाणी, भारती बेन व गुरुभाई जयसुख भाई गन्धा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भइया दूज पर बहनों ने की भाइयों के दीर्घायु की कामना


भाजपा अध्यक्ष को तिलक करतीं मोनिका खरे।

**चित्रकूट।** भइया दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की। शहर में पूरे दिन चहल-पहल देखी गई। खासकर मिठाई की दुकानों में भीड़ बनी रही। व्यापारियों ने दुकानों में पूजा-पाठ कर व्यवसाय शुरू किया। कायस्थ समाज ने कलम पूजन कराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने भी बहनों के साथ दूज का पर्व मनाया।बहन मोनिका खरे ने तिलक कर दीघायु होने की कामना की।

सोमवार को सवेरे से शहर में मिठाई की दुकानों में भारी भीड़ लगी रही। नये कपड़े पहने छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर मिठाई की खरीददारी की। घरों में पूजन-पाठ के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया। मिठाई खिलाकर दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी समुचित उपहार देकर बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। दूज पर व्यापारी वर्ग ने भी दुकानों में पूजन-पाठ कराया। सवेरे से दुकानों में साफ-सफाई कर भगवान गणेश-लक्ष्मी व कागज-कलम की पूजा की। चित्रगुप्त मन्दिर में कायस्थ समाज ने कलम-दवात की पूजा कर हवन किया। सेवा निवृत्त शिक्षक ने कहा कि कायस्थ समाज एकजुट रहकर विकास कर सकता है।

# ‘तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा’ कार्यक्रम में हुआ प्रख्यात समाजसेविका डा. नंदिता पाठक का अभिनंदन


अभिनंदन करते अतिथि।

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट विचित्र, अद्भुत और पावन तीर्थ है। जहाँ मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम अपनी भार्या सीता, अनुज लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष वनवास मे सर्वाधिक साढे 11 बारह वर्ष व्यतीत किया था। जब श्रीराम ने महर्षि बाल्मीकि जी से अपने निवास के लिए स्थान पूछा तो महर्षि ने उन्हे इसी चित्रकूट की पावन धरा में निवास करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड एम्बेसडर एवं प्रख्यात समाजसेविका डा. नंदिता पाठक को उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

उसी तारतम्य में महर्षि बाल्मीकि जी ने चित्रकूट पर्वत, पावन मन्दाकिनी गंगा और कामदगिरि की महिमा का गायन किया और भगवान ब्रम्हाण्ड के सभी स्थलो में सबसे पुनीत चित्रकूट में रहे। गोस्वामी जी ने तो चित्रकूट की महिमा कैसे कहा जाय वाणी से परे बताया है। पूज्य स्वामी ने यामुनाचार्य जी के भक्ति प्रधान श्लोक की व्याख्या करते हुए गोस्वामी जी के राम चरित मानस को भक्ति, ज्ञान और शरणागति का सदग्रंथ बताया।

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी एवं तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित ‘‘तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा’’ के तीन दिवसीय समारोह के उद्घाटन अवसर पर तुलसी शोध संस्थान के ‘‘सभागार’’ में व्यक्त किया। समारोह के प्रथम दिवस में प्रान्तीय कलाकार संघ की ओर से एवं अयोजन में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकथा के मधुर गायक अरूण कुमार सिंह ने प्रवचन करते हुए मानव शरीर को दुर्लभ बताया जो समस्त साधनों का माध्यम है। मानव शरीर प्रभु श्री राम अत्याधिक करूणा और कृपाकर प्रदान करते है जिसका उद्देश्य संसार के विषयों और प्रपंच का गढरी सिर में धर कर चलने के लिए नही वल्कि भगवत भक्ति के लिाए है उन्होने रामभक्ति का सरल उपाय बताते हुए कहा कि गृह कार्य राजकाज करते हुए भी भगवान की भक्ति, उपासना, भजन और उनके चरित्र का गायन कर यह परमात्मा का अनुपम उपहार मनुष्य तन को सार्थक बनाया जा सकता है।

तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा समारोह की दूसरी संध्या को संगीतमयी रामकथा गायन और भक्ति गायन के लिए समर्पित रही। दूसरी संध्या में पं. कुलकमलदास रामायणी द्वारा विनय पत्रिका के पदो का गायन हुआ जिसमें चित्रकूट की महिमा के पद जैसे ‘अवचित चेतु चित्रकूटहि चलु’ और रामचरित मानस का गायन किया। इसी तारतम्य में अजय मिश्रा और उनके अन्य सहयोगियों के साथ रामकथा में भक्ति गायन की अत्यन्त रोचक प्रस्तुतियाँ की। समारोह का संचालन संयोजन सुप्रसिद्ध विद्वान प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डे ने किया तथा संस्थान के संस्कृति कर्मी रामेश्वर प्रसाद पटेल एवं राधामोहन मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

## सती माता मंदिर में धूमधाम से मनाई गई गोबर्धन पूजा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के तिर्वारोड स्थित सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता की धर्मपत्नी उर्मिला गुप्ता द्वारा विधि विधान से गोवर्धन पूजा करनें के उपरान्त अन्नकूट प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार की सुबह ही नगर के तिर्वारोड स्थित सती माता मंदिर में महिलाओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता की धर्मपत्नी उर्मिला गुप्ता द्वारा गाय के गोबर से मंदिर के आगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का रूप दिया। महिलाओं ने इस गोवर्धन को फूल मालाओं आदि से सजाया। मंदिर के महंत प0 दीनबन्धु पाइक द्वारा दीप, धूप, फूल, गंगा जल आदि लेकर विधिवत गोवर्धन पूजा की गई। इस दौरान महंत नें बताया कि गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का संबंध गोवर्धन पूजा के इतिहास भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है। द्वापर युग में देवताओं के राजा इंद्र के घमंड को चूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। इसके साथ ही गोवर्धन का संबंध मौसम परिवर्तन से भी है। ऐसा माना है कि दीपावली के बाद सर्दी की शुरूआत होनी आरंभ हो जाती है।

# धूमधाम से मनी दिवाली, सजे घर व मंदिर

## ● दीप जलाकर बांटी खुशियां, जरूरतमंदों को बांटा मिष्ठान


दीपावली पर्व पर आतिशबाजी छुड़ाते व भाईदूज मनाते बच्चे।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** दीपावली पर्व पर रंग बिरंगी लाइटों और रोशनी वाली आतिशबाजी के साथ लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। घरों में महिलाओं ने रंगोली आदि से साज सज्जा कर पर्व की तैयारियां धूमधाम से की गई। देर शाम घरों में प्रतिष्ठानों में प्रथम पूज्य गणेश व लक्ष्मी सहित धनकुबेर की आरती वंदना कर पूजा अर्चना की गई।

दीपावली पर्व पर बाजार में सजी मूर्तियों की दुकानों पर गणेश लक्ष्मी के साथ धन कुबेर आदि की प्रतिमाओं की बिक्री जोरों पर हुई। तो वही दीप पर्व पर दीपक जलाने के लिए लोगों ने मिटटी के दीप भी खरीदे। उधर मिठाइयों के साथ साथ त्योहार को रीति रिवाज व परम्पराओं से जोडते हुए लोगों ने खील खिलौने भी खरीदे। पूजन के लिए धातु के बने गणेश लक्ष्मी के सिक्के भी खूब बिके। पूजा बंदना करनें के उपरान्त लोगों ने पटाखे छुडाकर व मन पसंद पकवान खाकर पर्व की खुशियां मनाई। जबकि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, इन्द्र कुमार गुप्ता, संजीव गुप्ता संजू, सहकारी समिति अध्यक्ष मयंक गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि राज सिंह छोटे ठाकुर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफ्राज हुसैन, युवा समाजसेवी असिफ जमाल पप्पी, युवा सपा नेता टिल्लू यादव, अजीम सिददीकी, विकास गुप्ता, कोची यादव, जगमोहन यादव, एडबोकेट शाहनबाज खॉन, सैयद अहमद सुल्तान शिब्बू, डा. सुधीर दीक्षित, अमित गुप्ता, डा. उमेश कुमार, डा. सूर्यकांत कुशवाहा, शिवमराज वर्मा, अमन हुसैन सिददीकी, अजीत सिंह वर्मा आदि ने दीपोत्सव पर्व पर गरीब व जरूरतमंदों को मिष्ठान व उपहार वितरित कर पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। दूसरे दिन भाई बहनों ने दूज का पर्व को बडें ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बहनों ने भाइयों के लिए बाजार से मिष्ठान आदि खरीदें तो वही भाइयों ने बहनों को देने के लिए उपहार खरीदे। बहनों ने भाइयों के मष्तक पर तिलक कर उनकी दीर्घ आयु की कामना की। भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भी भेंट किये।

# शराब के ठेके पर झगड़े के बाद हत्या

**संवाददाता।** ऊंचाहार



**एक** युवक की शराब के ठेके में हमलावरो के द्वारा पहले हमला किया गया उसके बाद उसको रास्ते मे मरणासन्न स्थिति मे खेत मे फेंककर हमलावर फरार हो गए।जिसको सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।जिसके मौत के पीछे के क्या रहस्य हैं वह आज भी संशय में है।

बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव रामचन्द्रपुर निवासी संदीप उर्फ कबीर कुमार 25वर्ष पुत्र घनश्याम अपने कार्य हेतु 14 नंवबर दिन शनिवार की सांयकाल6:30बजे के तकरीबन कोतवाली के मतरौलीमोड़ निकट शराब के ठेका है जिस ठेके पर युवक से दो लोगों के द्वारा झड़प हो रहा था।जहां से युवक के पिता के घर चलने को कहने पर वह आगे बड़ा जिसके बाद युवक अपने घर नही पहुंचा और तकरीबन मिलने के दो घंटे के बाद युवक के पिता के पास फोन आया कि संदीप घायलावस्था मे बाबूगंज से डूड़ीबाग मार्ग की पटरी से सटे डूड़ीबाग निवासी एक किसान के खेत मे गंभीर घायलावस्था में पड़ा हुआ है और बाइक मार्ग पर सुरक्षित खड़ी हुई है।सूचना पर पहुंचे परिजनो के द्वारा उसको घर ले जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।जहां से हालत मे सुधार न होने पर उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।जिसको एबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।जिसमे घायल की जिला अस्पताल मे उपचार के दौरान संदीप की मौत हो गई है।सूचना पर पुलिस ने पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम हेतु शव को भेजा है।मृतक के पिता घनश्याम ने सोमवार के दिन कोतवाली पहुंचकर दो अज्ञात हमलवरो के खिलाफ हत्या का आरोपित लीखित तहरीर दिया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के अधार पर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।जिसकी जांच पड़ताल जारी है।

### मांग का सिन्दुर उजड़ा तो भइयादूज से पहले भाई छिना

**गांव** रामचन्द्रपुर के युवक संदीप की हत्या के बाद उसकी पत्नी आराधना का मांग का सिन्दूर सदा के लिए छिन गया है और मासूम 1वर्षी शंशाक के सर से पिता का साया तो वहीं मृतक के पिता घनश्यामयमां राधायभाई मुकेशयसुरेश व बहन गुड़िया का रो रोकर बुरा हाल था।वहीं भाई बहन का पवित्र त्योहार भइयादूज से पहले भाई सदैव अलविदा होने पर महौल गमगीन था।

## अंजली ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में कराया दाखिला

**बछरावां (रायबरेली)।** बछरावां विकासखंड के सेंहगो पश्चिम गांव की अंजली कुमारी पुत्री राम शंकर ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में दाखिला कराया है। अंजली कुमारी गांव के ही श्रीमती रामदुलारी तालुकेदारिया इंटर कॉलेज से वर्ष 2015 में हाईस्कूल परीक्षा 89: अंकों से उत्तीर्ण कर प्रथम स्थान अर्जित किया था। वही इंटरमीडिएट 2017 में उत्तीर्ण करने के बाद कैरियर इनफिनिटी क्लासेस व डा गंगवार इंस्टीट्यूट कानपुर से नीट परीक्षा की तैयारी की और उसके बाद सफलता अर्जित कर के एमबीबीएस में दाखिला करा कर अपने गांव के साथ ही साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंजली कुमारी के पिताजी राम शंकर गांव की ही श्रीमती रामदुलारी तालुकेदारिया इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। वही भाई अंकित कुमार जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से डी फार्मा की पढ़ाई कर रहा है।

# दबंग ने किया रोडवेज बस पर पथराव

**संवाददाता।** लालगंज,रायबरेली



**परिवहन** निगम की बस में सवार यात्रियों में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक युवक ने चलती बस पर पथराव शुरू कर दिया। बस चालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक युवक फरार हो चुका था। युवक की इस हरकत से ग्रामीण भी दहशतजदा हैं। प्रतापगढ़ के लालगंज अझारा से लालगंज डिपो की बस संख्या यूपी 78 एफटी 8664 सोमवार को दिल्ली जा रही थी। दोपहर लगभग तीन बजे बस लालगंज-उन्नाव मार्ग पर पूरे जबर मजरे धनाभाद गांव के निकट पहुंची तो एक युवक बेल्ट से एक बाइक चालक को पीट रहा था। बस के वहां पहुंचते ही युवक ने बस पर पथराव शुरू कर दिया। जिससे बस में बैठी सवारियों में हड़कम्प मच गया।इसी बीच आरोपित युवक ने बस के परिचालक सत्य प्रकाश के कंधे पर टंगे बैग को छीनने का प्रयास किया लेकिन सत्य प्रकाश की सक्रियता से बैग बच गया। आरोपित युवक उसी जगह पर स्थित अपने घर में घुस गया। बस चालक सुनील पांडेय ने तत्काल इसकी सूचना लालगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूंछतांछ की तो आरोपित युवक का नाम जयशंकर उर्फ अफरीदी पुत्र नान्हा बताया गया है। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो जयशंकर घर के पिछले दरवाजे से खेतों की तरफ भाग निकला जिस पर सिपाहियों व बस में सवार कुछ युवकों ने उसे दौड़ा लिया। लगभग एक किलोमीटर दूर युवकों ने उसे धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। इसी बीच वहां पर युवक के परिजन पहुंच गए और युवक को छुड़ाने के लिए पुलिस से धक्का-मुक्की की व आरोपित को छुड़ाने का प्रयास किया। किसी प्रकार पुलिस आरोपित को जीत पर बैठाकर कोतवाली लाने में सफल हुई ।इसी बीच युवक के परिजनों ने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों से भी अभद्रता की। सूचना मिलते ही कोतवाल अरुण कुमार सिंह मौके पर दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस को देखते ही अराजक तत्वों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस युवक की हरकत से पूरा गांव आजिज है आए दिन किसी न किसी को रोककर मारना पीटना उसकी आदतों में शामिल है।कोतवाल अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मंदिरों में अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता।** करनैलगंज (गोंडा)

**नगर के** आधा दर्जन मंदिरों में गोवर्धन पूजा के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में छप्पनभोग प्रसाद ग्रहण किया। इस क्रम में प्रमुख रूप नगर के सेठ सांवल प्रसाद राम जानकी मन्दिर, राधाकृष्ण मन्दिर गुडाही बाजार, राधाकृष्ण रामजानकी मन्दिर हलवाई समाज, हनुमान गढ़ी मन्दिर गाड़ी बाजार, गायत्री शक्तिपीठ सकरौरा, ठाकुर श्री राम जानकी चतुर्भुजी मंदिर बालकराम पुरवा, श्रीराम जानकी मन्दिर सकरौरा घाट आदि मंदिरों पर भंडारे व अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान को लगाए गए 56 भोग प्रसाद को ग्रहण किया मंदिरों में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल मनीष जाट, चौकी प्रभारी रणजीत यादव, पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल, शिवकुमार पुरवार, संजय यज्ञसैनी, राजू मोदनवाल, अरमान पुरवार, अशोक सिंघानियां, शिवनन्दन वैश्य, हरिकुमार वैश्य, तिलक राम तिवारी, मदन मुरारी गुप्ता, कृष्ण गोपाल वैश्य, मुकेश वैश्य, कन्हैयालाल वर्मा, सत्येंद्र यज्ञसैनी, सोनू पुरवार, हरजीत सिंह, जोगेन्द्र सिंह जानी, आशीष गोस्वामी, अमित सिंघानियां सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

### हर्षोल्लास से मना प्रकाश पर्व

**गोंडा।** प्रकाश पर्व दीपावली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस मौके पर लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों व घरों में दीप जलाकर माता लक्ष्मी व श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। देर रात तक दुकानदारों ने अपनी दुकानों में हवन-पूजन कर व्यापार में तरक्की के लिए लक्ष्मी जी से अरदास लगाई। प्रतिवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लोगों ने मिट्टी से बने दीयों को प्राथमिकता देते हुए मोमबत्ती या चायनीज दियों का बहुत कम इस्तेमाल किया गया। प्रदूषण से बचाव के लिए इस वर्ष लोगों ने कम पटाखे जलाकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। दीपावली पर्व के मौके पर पुलिस की व्यवस्था चाक चौबन्द रही। प्रकाश के लिए दीयों का प्रयोग अधिक व पटाखों व आतिशबाजी बहुत ही कम मात्रा में हुई। सुरक्षा व्यवस्था जबरदस्त रही।

# सोने के अर्क लगी बिकी मिठाई

**गोंडा।** करनैलगंज क्षेत्र में सोने के अर्क लगी छः हजार रुपये प्रति किलो की मिठाई पहली बार किसी व्यवसाई ने बिक्री किया। दीपावली के मौके पर महंगी से महंगी मिठाइयों की खरीद करने की होड़ लगी रही। एक मिठाई व्यापारी ने छह हजार रुपये किलो की मिठाई भी बनाकर लोगों को चौंका दिया। मिठाई व्यापारी रजनीश कुमार संजू मिष्ठान ने बताया कि सोने का असली वर्क लगी काजू व बादाम का पेड़ा बनाया गया। जिसकी कीमत करीब छह हजार रुपये किलो आई जो प्रति पीस 120 रुपये बन रहा था। जिसकी बिक्री की गई और लोगों ने थोड़ा थोड़ा ही खरीदा मगर महंगी मिठाई की बिक्री हुई।

### हर्षोल्लास से मना भैयादूज पर्व

**करनैलगंज (गोंडा)।** भाई की लंबी उम्र के लिए बहन के पवित्र प्रेम व ब्रत रखकर भगवान की आराधना का त्यौहार भैयादूज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पांच दिवसीय दीपावली पर्व की श्रृंखला का अंतिम पर्व पर अपनी पूजा के दौरान बहनों ने भाई का तिलक कर उसके दीर्घायु की प्रार्थना के साथ भाइयों की सलामती के लिए ब्रत रख कर पूजा अर्चना की। पूजा के पश्चात बहनों ने अपने भाइयों को मिठाई व चूड़ा खिलाया। भाईयों ने भी अपनी बहनों की सुरक्षा का संकल्प लेकर उन्हें उपहार प्रदान किए।

# युवती ने लगाई फांसी, एक किया गया गिरफ्तार

**संवाददाता।** गोंडा

**जिले** के थाना क्षेत्र कौड़िया के गांव पूरे बदलखास में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना के उपरान्त मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हेतु मुख्यालय भेज दिया, तथा घटना के कारणों की जाँच-पड़ताल कर रही है। वहीं मृतक युवती के परिजनों ने गांव के ही दो युवकों द्वारा छेड़छाड़ से तंग आकर जान देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।मृतका के भाई विक्रम के मुताबिक बीते 12 नवम्बर को जब उसकी बहन खेत में गई थी तो वहाँ उसके घर के सामने रहने वाले दो युवकों ने उससे छेड़छाड़ की। जिसकी शिकायत युवती ने घर पर की तो परिजनों ने आपत्ति जताई। इस पर युवकों ने उसके भाई के साथ मारपीट किया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। जिस स्थानीय पुलिस आरोपी युवकों को पकड़ कर थाने ले आई व 151 में चालान कर दिया। मृतका के भाई के मुताबिक आरोपी युवक जब जमानत करा वापस गाँव आये तो उन्होंने लड़की व उसके परिजनों पर कुछ न कर पाने का कह मजाक बनाया। जिसके चलते युवती ने 14 नवम्बर को दीवाली के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं इस बावत पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कौड़िया थाने के पूरे बदलखास गाँव निवासी युवती के द्वारा आत्महत्या की गई है। परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवकों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं एसओ मनोज सिंह ने बताया है कि आरोपियों में से एक युवक ओम प्रकाश उर्फ मिंटल निवासी गांव पूरे बदलखास को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं दूसरे युवक आंशू के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज में दीपावली की देर रात शनिवार को स्थानीय फल व सब्जी मंडी व गल्ला मंडी में संदिग्ध में अचानक शार्ट सर्किट से लगने से लाखों रुपए का फल व सब्जी सहित बाइक व अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो गया। आग पर समय से काबू न पाया गया होता तो सभी दुकानें जल जाती और करोड़ों का नुकसान होता। आग लगने के पीछे मंडी कर्मचारियों की लापरवाही का भी आरोप लगाया जा रहा है। घटना उस समय की है जब पूरा क्षेत्र दीपावली मना रहा था। उसी समय शनिवार की रात 9 बजे के आसपास की है। स्थानीय 132 केवी पावर प्लांट के पास स्थित फल व सब्जी मंडी में सभी दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर अपने घरों को चले गए थे। मंडी में केवल सुरक्षाकर्मी व कुछ कर्मचारी थे। तभी अचानक फल विक्रेता राजू सुल्तान एंड कंपनी की दुकान में आग की लपटें उठना शुरू हो गयी। जब तक आग बुझाने की कोशिश होती तब तक बगल की दो दुकानों में आग फैल गई। सुल्तान एन्ड कंपनी के मालिक राजू ने बताया कि बाहर से काफी माल आया था। जिसमें सेब, सन्तरा, पपीता, अनानास व कीवी जैसे फल के अलावा बाइक व अन्य तमाम जरूरी सामान व उपकरण थे। आग लगने से मंडी समिति के कमलेश शुक्ल की रमन ट्रेडिंग कम्पनी का आलू, प्याज, ओम प्रकाश शुक्ला की ओम ट्रेडिंग कम्पनी का हरी शब्जी व अन्य सामान तथा सुल्तान अली ट्रेडिंग कम्पनी राजू का करीब 10 लाख रुपये का फल आदि जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना फायर विभाग को मिलने पर काफी देर बाद फायर टेंडर मौके पर पहुँचा। व्यापारियों का आरोप है कि करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# तीन घरों में लगी आग से हुआ लाखों का नुकसान

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**जमुनहा-मल्हीपुर** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार दिवाली की खुशियां मना रहा था कि इसी बीच अज्ञात कारणों से घर मे आग लग जाने के कारण मकान धूं धूं कर जलने लगा और देखते ही देखते तीन घर को आग ने अपने आगोश में ले लिया परिवार के लोग और ग्रामीण जबतक कुछ समझ पाते घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। और घर मे रखा कपड़ा अनाज सहित सारा सामान भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के किसी तरह आग पर काबू पाया। मामला विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलागांव के मजरा मुरचहवा का है। जहां गांव के लोग दीपावली की खुशियां मना रहे थे। तभी गांव के ही जोगी पुत्र गुरु प्यारे के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। परिवार के लोग और गांव वाले जबतक कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। और उस आग ने गांव के दो अन्य घरों को भी अपनी जद में ले लिया। जिसमे बाउर पुत्र कामता व चेतराम पुत्र कामता का मकान भी जलकर राख हो गया। घर मे रखा कपड़ा और अनाज भी पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित जोगी ने बताया कि मेरा 6 कुंतल धान पानी का इंजन तथा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं राम ने बताया कि मेरे घरमें भी रखा नगदी अनाज और गृहस्थी का सारा सामान जल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम ने अग्नि कांड से हुए नुकसान का आकलन किया और मुवावजा दिलाने का भी अश्वाशन दिया।

# दीपदान का बौद्ध धर्म में है महत्वपूर्ण स्थानः बीडी नन्द

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**ऑल इंडिया** महापदम नन्द एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश . एम सी ई ए के प्रदेश अध्यक्ष बटुकेश्वर दत्त नन्द दीपावली के अवसर पर दीपदान करने के लिये सपरिवार शनिवार को श्रावस्ती पहुंचे। इस दौरान बीडी नन्द ने ओडाझार विश्वशांति घंटा पार्क एवं महेट स्थित अंगुलिमाल स्तूप अनाथपिंडक स्तूप संभवनाथ जन्मस्थली तथा सहेट .जेतवन स्थित संघाराम गंधकुटी आनन्द बोधि वृक्ष राहुल कुटी उपाली कुटी शिवली कुटी समेत विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर उनकी ऐतिहासिक जानकारी ली। इसके बाद श्री नन्द अपने परिवार सहित गंधकुटी आनन्द बोधि वृक्ष एवं उपालि कुटी पर दीपदान कर विश्व शान्ति एवं कोरोना से मुक्ति की कामना की। इस दौरान बीडी नन्द ने बताया कि बौद्ध धर्म में दीपदान का बहुत महत्व है। बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए सम्राट अशोक द्वारा बनवाए गए 84 हजार स्तूपों का उदघाटन आज हीं के दिन सम्राट अशोक ने किया था। इस दौरान सभी 84 हजार स्तूपों को ग्रामीणों द्वारा दीपदान कर दीपक से सजाया गया था। वहीं दूसरी तरफ भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद पहली बार कार्तिक पूर्णिमा के दिन हीं अपने गृह नगर कपिलवस्तु पहुंचे थे। तब वहां के नागरिकों ने घी के दीपक से पूरे नगर को सजा कर उनका स्वागत किया था तब से दीपदान की परम्परा चली आ रही है। दीपावली पर इस तरह के कई ऐसे संयोग हैं जो सीधे बौद्ध धर्म से जुड़े हुए हैं। इस मौके पर तारा देवी नन्दा पुरुषोत्तम नन्द सीमा नन्दा शुभम नन्द लकी आदि लोग मौजूद रहे।

# अपना दल कार्यकर्ताओं ने मनाया वीरांगना उदा देवी पासी का शहादत दिवस




**संवाददाता।** श्रावस्ती

**अपना** दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के दिशा निर्देशन में सोमवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल के नेतृत्व में वीरांगना उदा देवी पासी का शहादत दिवस एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उदा देवी पासी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में अपना दल एस के जिला अध्यक्ष महेंद्र पटेल ने उदा देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उदा देवी पासी बेगम हजरत की महिला सेनानायक कमांडर थी। उन्होंने पुरुष वेश धारण करके एक पीपल पेड़ के ऊपर चढ़कर अंग्रेजों के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर तथा बम बरसा कर अकेले दम पर अंग्रेज के 32 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। मृतक अंग्रेज सैनिकों में उनके दो महत्वपूर्ण सेना कमांडर भी शामिल थे। अपना दल एस वीरांगना उदा देवी पासी को नमन करता है। जिन्होने देश के लिए स्वयं समेत अपने पति एवं पूरे परिवार को न्योछावर कर दिया था। उक्त कार्यक्रम में बंटी शर्मा राजेश कैराती विजय कुमार गुप्ता द्वारिका जायसवाल संतोष वर्मा श्रवण कुमार हरीश कुमारए बाबू शाह सुनील पटेल दयानंद साहू पुत्ती लाल साहू पिंटू पटेल अनिल वर्मा बसंत लाल एवं अनुपम कैराती समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थानेदार की इंसानियत देख नम हुई आंखें



**संवाददाता।** बल्दीराय, सुलतानपुर

**यूपी** पुलिस एक तरफसूबे में पनप रहे गुंडे बदमाशों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर उनका सफाया करने में जुटी है तो वहीं दूसरी तरफ यूपी की पुलिस मानवता और इंसानियत की मिसाल पेश कर रही है। हम बात कर रहे हैं सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की जिन्होंने बीते कई दिनों से एक व्यक्ति जो भूख से तड़प रहा था उसको अपने हाथों से निवाला खिला कर इंसानियत और मानवता की एक मिसाल पेश कर सबको चौका दिया है।

गौरतलब हो कि बल्दीराय थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति जिसके साथ एक बच्चा भी था जो पिछले कई दिनों से भूख से तड़प रहा था उसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। तभी अचानक बल्दीराय थाना अध्यक्ष अमरिंदर सिंह की नजर उस व्यक्ति और बच्चे पर पड़ी और थाना अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह से रहा नहीं गया और उन्होंने उस व्यक्ति से पूछा क्या तकलीफहै आपको जो इतनी परेशानी में है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की इस आवाज कुछ सुनते ही व्यक्ति की आंखें नम हो गई और दबी आवाज में बोला साहब मैं पिछले कई दिनों से भूखा हूं मुझे बहुत तेज से भूख लगी है। इतना सुनते ही थानाध्यक्ष ने उस पीड़ित व्यक्ति को अपने साथ थाने ले गए और अपने हाथों से पीड़ित व बच्चे को भोजन करवाया। बच्चे को अपनी गोद में बिठाकर दुलार भी किया और उस पीड़ित को नए कपड़े पहना कर इंसानियत व मानवता की मिसाल पेश की और उसके सर पर हाथ रख कर कहा कि कभी भी कोई जरूरत हो तो बिना झिझक चले आना इतना सुनकर वह व्यक्ति भावुक हो गया। यूपी पुलिस का एक चरित्र यह भी है, हमेशा पुलिस को देखकर आपके जेहन तरह-तरह के खयालात आते होंगे, यह तस्वीर देख कर यकीनन आपके जेहन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा, और पुलिस का यह चरित्र देख कर आपको पुलिस प्रशासन पर गर्व भी महसूस होगा।

## जल्द पहुंच सकती है कोरोना की वैक्सीन

**सुलतानपुर।** कोरोना से स्थाई तौर पर निपटने की तैयारियां अंतिम चरण में है। जनवरी माह में टीकाकरण की संभावना पर वैक्सीन के भंडारण व रखरखाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के तकरीबन 26 लाख लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण के लिए विकास खंडवार स्वास्थ्य टीमों का गठन किया जा रहा है।

शासन के निर्देश पर कोरोना वैक्सीन के रखरखाव के लिए वाराणसी-सुलतानपुर हाईवे स्थित अमहट ट्रामा सेंटर में स्टोर रूम बनाया जा रहा है। इसके अलावा सभी सीएचसी व पीएचसी पर भी वैक्सीन के रखरखाव की व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए दो-दो आइएलआर व डीप फ्रीजर की भी मांग की गई है। साथ ही स्थाई तौर पर टीकाकरण का काम देखने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा दूसरे स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों, अधिकारियों का भी डाटा तैयार किया जा रहा है।

# अचानक बरसात से किसान हुए खासे परेशान



**संवाददाता।** सुलतानपुर

**एकाएक** हुई बारिश से जहां मौसम का मिजाज बदल गया वहीं बारिश ने एक बार किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींचने का काम किया है। बेमौसम बारिश से जल्द गेहूं की बोआई करने एवं धान की फसल इकट्ठा करने में जुटे अन्नदाताओं की मंशा पर पानी फेर दिया है। धान की फसल भीगने से किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

जहां तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश से खेत-खलिहान में रखी में धान की फसलें भीग गईं। वहीं मौसम के मिजाज ने सर्दी में भी इजाफा कर दिया है। बारिश से फसलों को बचा पाने में अक्षम साबित हुए किसानों के आंखू में आंसू आ गए। गेहूं की बोआई करने की तैयारी में जुटे किसानों को भी मुश्किल दौर से गुजरना पडेगा। क्योंकि कई इलाकों में तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया हैं। बारिश से क्षेत्र के भण्ड़रा, सोहगौली, प्रतापपुर,भगवानपुर, उतमानपुर,राजापुर अलीगंज,ऊचगांव समेत क्षेत्र के कई किसानों के उम्मीदों पर बारिश ने फेर दिया। कुड़वार क्षेत्र के भण्ड़रा ग्रामसभा के किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा,अशोक यादव, अनिल तिवारी आदि कई लोगों ने बताया कि धान की फसल खेतों से काट कर इकट्ठा किया गया था लेकिन अचानक सुबह लगभग पांच बजे हुई बारिश से सारी मेहनत पर पानी फिरता दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र के कई किसानों ने गेहूं बुवाई को लेकर खेत में पानी लगाया था लेकिन बेमौसम बारिश होने से गेहूं बुवाई में लगभग दो सप्ताह बाद तैयार होने के आसार हैं।कई किसानों के गन्ने की खड़ी फसल भी गिरने की सूचना मिल रही है।भण्ड़रा क्षेत्र के मझारी निवासी किसान कपिल देव दूबे बताते हैं कि बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के चलते एक हेक्टेयर से अधिक गन्ना खेत में गिर गया है। क्षेत्र के लगभग 60 फीसदी किसानों के धान की फसल खेतों में सुखाने से लेकर खलिहानों तक भींग गई है। क्षेत्र में कुछ किसानों की फसल खेतों से लेकर खलिहानों में पड़ी सड़ने व अंकुरित होने की संभावना है। तिरछे निवासी किसान राणा दूबे बताते हैं कि फसल भीग जाने से गुणवत्ता में कमी आती है और बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। ऐसे में प्रकृति की दोहरी मार हम किसानों को ही भुगतना पड़ रहा है। हालॉकि कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबादी से किसानों का नुकसान होने से बच गया।

### झाबर प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ ने मारी बाजी

**सुलतानपुर।** शरीर को पुष्ट और बलवान बनाने वाले परंपरागत खेलों की उपयोगिता आज के जमाने में समाप्त होती जा रही है। झाबर, कुश्ती, कबड्डी जैसे खेलों के प्रति युवा पीढी का रूझान कम होता जा रहा है। झाबर से तो युवा पीढी एकदम दूर है। बावजूद इसके भदैंया विकास खंड के कुछमुछ गांव में आज भी झाबर प्रतियोगिता परंपरागत तरीके से होती आ रही है। रविवार को हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुलतानपुर को हराकर प्रतापगढ के खिलाडियों ने करारी शिकस्त देकर जमकर वाहवाही बटोरी और बुजुर्गों को अपनी ओर आकर्षित किया। दशकों पहले धान की कटाई होते ही गांव-गांव झाबर प्रतियोगिताएं शुरू हो जाती थीं।

# रोशनी से जगमग हुई कबीर की धरती

संवाददाता। संतकबीरनगर



**कोविड**-19 में भी दीपावली का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तमाम आधुनिकताओं के बावजूद मिट्टी के दीयों के साथ ही झालरों की रोशनी में जिला जगमगा उठा। सभी ने अपने-अपने घरों व दुकानों के द्वारों पर सुंदर ढंग से सजावट की और शाम को मां लक्ष्मी व विघ्न विनाशक गणेश की पूजा करके शुभ-लाभ की कामना की। शहर-बाजार में दीपोत्सव की रौनक रही। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अपने कैम्प आवास पर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर जनपदवासियों के सुख समृद्धि के लिए कामना किया। धनतेरस से ही शुरू हुआ ज्योति पर्व दीपावली का उल्लास निरंतर ऊँचाईयों की ओर पहुंचता गया। धनतेरस में जहाॅ लोगों ने जमकर खरीदारी करके सुख-समृद्धि की कामना की वहीं छोटी दीपावली के दिन भी बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ लगी रही। दुकानों पर तिल रखने की जगह नहीं रही तथा लोगों को इच्छित सामान लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। दुकानदारों ने त्योहारों के मद्देनजर कई कर्मचारियों को ग्राहकों को निपटाने के लिए लगा रखा था लेकिन फिर भी लोगों को सामान लेने में काफी मशक्कत उठानी पड़ रही थी। देर रात तक कपड़ों, मिठाइयों के साथ परंपरागत रूप से गट्टा-बताशा, चीनी के हाथी घोड़े की शक्लों की मिठाईयों व लाई आदि की बिक्री होती रही। शनिवार को भगवान भाष्कर के ढलते ही लोगों ने अपने घरों में वेदियां सजाकर भगवान गणेश-माता लक्ष्मी की नई प्रतिमाओं के साथ ही अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं रख कर अपने घरों व दुकानों व प्रतिष्ठानों में विधि-विधान से पूजा की तथा माता लक्ष्मी व भगवान गणेश जी से उनके घर में वास करने की प्रार्थना की। तांत्रिकों तथा झाड़-फूंक करने वालों ने रात्रि जागरण करके अपने मंत्रो की सिद्धि भी की। घरों को सुरूचिपूर्ण ढंग से सजाया गया तथा किस्म-किस्म के झालरों, रंगीन बल्बों तथा दीपों व मोमबत्तियों से अपने घरों दुकानो को सजाया था। मारवाड़ी समाज के व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठानों व कोठियों के सामने केले के वृक्षों से सुंदर वंदनवार से बहुत ही आकर्षक ढंग से सजवाट की थी। दरवाजे को गोबर से भी लीपा गया था।

जिससे पुरातन परंपरा की खुश्बू भी बिखर रही थी। पुलिसकर्मी प्रमुख स्थानों तथा चौराहों पर गश्त करते रहे तथा स्थिति पर नजर रखे रहे।

## पड़ोसी ने महिला को किया जख्मी

**मिर्जापुर**। विंध्याचल थाना अन्तर्गत मड़गुड़ा ग्राम में शराब पीकर गाली देने से मना करने पर पड़ोसी ने लोगों के साथ मिलकर महिला पर किया जान लेवा हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता देवी पत्नी मातादीन निवासी मड़गुड़ा ग्राम सुनीता देवी के पड़ोसी दिलीप पुत्र जड़न्गी शराब पीकर द्वार पर जाकर के गाली गलौज करने लगा। सुनीता द्वारा मना करने पर उसने अपने परिजनों से मिलकर महिला पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। उस समय सुनीता के घर वाले खेत में थे। सूचना मिलने पर सुनीता देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जिला मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घर वालों ने थाना विंध्याचल दिलीप पुत्र जड़न्गी, प्रदीप पुत्र जड़न्गी, दीपक पुत्र जड़न्गी, मंजू पत्नी जड़न्गी पुत्र अज्ञात और घर की दो अन्य महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कोरोना को लेकर सतर्क रहने की जरूरत: डीएम

### सोमवार को एक भी नए मरीज सामने नहीं आए

### जनपद में कुल 3035 कोरोना मरीजो की संख्या रही

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह एक सकारात्मक संदेश है कि सोमवार को आने वाले कोरोना रिपोर्ट में जनपद में एक भी मरीज कोरोना से संक्रमित नही पाया गया लेकिन अभी भी सर्तक रहने की जरूरत है। उन्होने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से बाहर निकलने पर मास्क लगाएं, सामाजिक दूरी सोशल डिस्टेंस का पालन अवश्य किया जाय। जिन घरो में कोरोना संक्रमित मरीज होम आइसोलेशन है मरीज एवं उनके परिवार को सावधानी बरतना होगा। उन्होने जनपदवासियों को अवगत कराया कि गैर प्रान्तों के अलावा विभिन्न जनपदों से आने वाले लोगों से भी सामाजिक दूरी का पालन बनाये रखें। यह स्वास्थ्य हित में है। कोरोना का प्रभाव अभी खत्म नही हुआ है इसलिए सर्तक रहने की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि कोरोना काल प्रारम्भ होने पर सर्वप्रथम जनता कर्फ्यू के तदोपरान्त एक दिन बाद लॉकडाउन लग गया था लगातार तत्कालीन जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने अथक मेहनत के साथ जनपदवासियों को सुरक्षित रखने में अपना योगदान प्रदान किया। जबकि उन्होने इसका श्रेय जनपद के समस्त अधिकारियों एवं स्वास्थ्य प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन के अलावा जनपदवासियों को ही समर्पित किया था। स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा प्रतिदिन कोरोना रिपोर्ट के बताये गये अनुसार आज जनपद में मरीजो की संख्या शून्य रही। जबकि जनपद में कोरोना मरीजों के मरने की संख्या 43 तथा कुल कोरोना संक्रमित 3035 है। कोरोना संक्रमित होकर ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 2953 है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में सात की मौत

### खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के सरैया व बेलहर थाना क्षेत्र के राजघाट के पास हुई घटना

संवाददाता। सेमरियावां ( संतकबीरनगर )





**जनपद** के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई मार्ग दुर्घटना की घटना सात लोगों की मौत हो गई। सभी घटनाएं दीपावली की रात्रि में घटित हुई थी। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग सरैया के निकट शनिवार की देर रात लखनऊ से देवरिया जा रही आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक से भिड़ंत होने पर पांच लोगों की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह सहित मय फोर्स पहुंचकर अवरूद्ध मार्ग को शुरू कराया तथा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। इसी तरह दीपावली की ही रात्रि को जनपद के बेलहर थाना क्षेत्र के राजघाट के निकट दीपावली की रात हुई सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित गति से आ रही बाईक सवार ने साईकिल को ठोकर मार दी जिससे मौके पर दो लोगो की मौत हो गयी। घटना की सूचना जैसे ही स्थानीय पुलिस को मिली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर कार्यवाई मे जुट गयी। बेलहर थाना क्षेत्र के जंगल दशहर निवासी अब्दुल असद पुत्र अब्दुल मोईद 17 वर्ष अपने गांव निवासी एक मु कयूम के साथ दीपावली की देर शाम साईकिल से उर्स देखने हेतु बखिरा थाना क्षेत्र के दुर्गजोत गया हुआ था। पुलिस के अनुसार देर रात 10 बजे वह लोग वापस आ रहे थे और राजघाट स्थित जंगल दशहर मोड़ पर पहुंचे थे तो साईकिल रोक कर कयूम शौच के लिए चला गया और अब्दुल असद साईकिल के पास खडा था इतने मे सिध्दार्थ नगर जनपद के खेसरहा थाना क्षेत्र के बदुरगहना निवासी अतुल त्रिपाठी पुत्र भोला प्रसाद त्रिपाठी 19 वर्ष अपने बडे भाई अंकुर त्रिपाठी के साथ बाईक से बखिरा क्षेत्र के बुन्दीपार जा रहे थे कि आनियंत्रित होकर साईकिल लेकर खडे किशोर से जोरदार टक्कर हो गई। इतने मे शौच कर रहा लड़का जोर जोर से रोने और शोर मचाने लगा।

## दो मामलों में पुलिस ने सात का किया चालान

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। स्थानीय पुलिस ने शांतिभंग के दो अलग-अलग मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार करके सोमवार को उन सभी का सीआरपीसी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान चालान कर दिया। पहला मामला ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम का है। निवासिनी राजमती पत्नी स्व. कुंजल प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने अकारण गाली गलौज करने के आरोप में ग्राम सभा महरीकला के टोला दोपहा निवासी श्याम बाबू पुत्र भगन नरायन का चालान किया। दूसरा मामला ग्राम सभा पिण्डारी में स्थित मंगल बाजार में गाड़ी पर पहले बैठने के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट का है।

जिसमें पुलिस ने ग्राम सभा पिण्डारी निवासी राम सागर पुत्र राम जतन, कमलेश कुमार पुत्र राम अधार व राम जतन पुत्र राम बदन ग्राम सभा महरीकला निवासी श्याम गुप्ता पुत्र कृष्णचन्द्र, अवधेश पुत्र रामनाथ व संगीत पुत्र राम प्रताप का चालान किया है।

# टीबी रोगी खोज अभियान में 181 मरीज पाए गए

### 2,21,645 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य था निर्धारित

संवाददाता। सोनभद्र

**टीबी** रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफसे दो से 11 नवंबर तक चलाए गए सघन टीबी रोगी खोज अभियान के अंतर्गत 181 टीबी के मरीज पाए गए। जिनका निशुल्क उपचार शुरू कर दिया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. बीके अग्रवाल ने बताया कि देश से 2025 तक टीबी रोग को खत्म करने के लिए जिले में दो से 11 नवंबर तक टी बी रोगियों के खोजने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 2,21,645 लोगों की स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 2,20,231 लोगों का परीक्षण किया। जिसमें से संभावित लक्षण वाले 1929 लोग मिले और 1854 लोगों का सैंपल लिया गया। जांच के बाद जिले में कुल 181 टीबी के मरीज पाए गए। इस अभियान में 85 टीमों का गठन किया गया और 17 सुपरवाइजर लगाए गए थे। स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को टीबी रोग से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी के मुताबिक 2,22,405 आबादी वाले क्षेत्रों और 44,481 घरों पर दस्तक देकर स्वास्थ्य टीम ने टीबी के रोगियों को खोजा। जिले में कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मुंह पर मास्क लगाकर मरीजों को खोजने का काम किया और आम जनमानस को कोविड-19 से बचाव के बारे में उन्हें 2 गज की दूरी का पालन करने और घर से बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क लगाने तथा साबुन पानी या सेनीटाइजर से हाथ धोने का परामर्श दिया गया।

उन्होंने बताया कि टीबी रोग असाध्य बीमारी नहीं है जागरूकता के अभाव में लोग घबरा जाते हैं लेकिन टीबी का उपचार आसानी से संभव है। इलाज कराने से रोगी पूरी तरह से ठीक हो जाता है। यदि किसी को खांसी के साथ खून आता हो और शाम को बुखार चढ़ जाता हो, सीने में दर्द एवं भूख न लगती हो और वजन घटता हो तो टीबी का लक्षण हो सकता है। ऐसे में रोगी को टीबी की जांच करानी चाहिए जांच की व्यवस्था सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है।

## नहीं मिली सहायता राशि, पीड़ित परिवार महीनों से हैं हलकान

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**विकास** खण्ड सेमरियावां के गांव दुधारा में एक रिहाइशी मकान महीनों पहले गैस रिसाव के चलते आगजनी की घटना से पीड़ितों को आपदा राशि नहीं मिल पायी है।

मामले को लेकर पीड़ित परिवार हलकान है। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा निवासी सीताराम, राजाराम, भोला, कन्हैया लाल पुत्र गणेश कन्नौजिया के घर में गैस रिसाव के कारण 25 मई 2020 को आग लगी थी जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

पांच माह गुजर जाने के बाद भी प्रभावित परिवार को आपदा सहायता राशि नहीं मिल सकी है। जानकारी के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मामले को लेकर पीड़ित परिवार हलकान है।

## पत्नी संग वृद्धा आश्रम पहुंचे डीएम और एसपी

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन और एसपी हेमराज मीणा अपने परिवार के साथ दीपावली के दिन वृद्धा आश्रम पहुंचें। यहां दोनों अधिकारियों और उनकी पत्नियों ने बुजुर्ग लोगों के साथ दीपावली की खुशियां मिलकर बांटी। बुजुर्गो के स्वास्थ्य की मंगल कामना की। फल और मिठाई सहित अन्य का वितरण किया। दोनों अधिकारियों और परिवार ने सभी वृद्वजन के साथ अनुभव साझा किया। कुछ महिलाओं ने गीत गाकर अधिकारियों का अभिवादन किया, और शुभकामनाएं दी।

**कोविड जागरूकता व सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 नवंबर से**

**मिर्जापुर**। सम्भागीय परिवहन अधिकारी रविकान्त शुक्ल ने बताया कि विभाग की ओर से कोविड जागरूकता व सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 से 24 नवम्बर तक मनाया जायेगा। कार्यशाला, रैली, नक्कड़ नाटक आदि का आयोजन नहीं किया जायेगा।

# 41 नर्सिंग होम के लाइसेंस निलंबन को लेकर उठे सवाल

### बिना किसी नोटिस के निलंबन करना मनमानी, आईएमए ने जताया विरोध

संवाददाता। बस्ती

**प्राइवेट** नर्सिगं होम द्वारा डाक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ का डाटा उपलब्ध न कराने के आरोप में निलंबित किए गए 41 नर्सिगं होम के लाइसेंस के मामले में नर्सिगं होम के संचालकों ने विरोध जताते हुए कहा कि जब पहले से ही सीएमओ कार्यालय में डाटा उपलब्ध है, तो क्यों नर्सिगं होम के विरुद्व इतने कड़े कदम उठाए गए? वह भी बिना किसी नोटिस के। कार्रवाई से नाराज कई संचालकों ने कहा कि इससे अच्छा सीएमओ कार्यालय हर साल नर्सिंग होम पर टैक्स लगा दे, मगर इस तरह परेशान और बदनाम तो ना करें। आईएमए के जिलाध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने भी कार्रवाई को गलत बताया और आपत्ति तर्ज कराने की बात कही।

उन्होने कहा कि कोविड-19 के दौरान आईएमए के लोगों ने जिस तरह प्रशासन और सीएमओ का सहयोग किया, इसके बदले अगर सीएमओ कार्यालय का यही रवैया रहा तो आईएमए सहयोग करने के मामले में पुन: विचार करेगा। वहीं सीएमओ डा. एके गुप्त का कहना है कि शासन के निर्देश पर जानकारी मांगी गई हैं, सवाल करते हैं कि सूचना देने में क्या नुकसान है। इससे अपडेट होने का मौका मिलेगा। सीएमओ कार्यालय की ओर से निलंबन की कार्रवाई कराने से पहले सभी प्राइवेट नर्सिगं होम के संचालकों से कोविड-19 वैक्सीनेषन के लिए चिकित्सक व स्टाफ की जानकारी आनलाइन मांगी थी। इसके पीछे सरकार की मंशा वैक्सीन उपलब्ध होते ही सबसे पहले सरकारी और गैर सरकारी डाक्टर और पैरा मेडिकल को टीका लगाना था। जब आधे से अधिक प्राइवेट नर्सिगं होम के संचालकों द्वारा आनलाइन जानकारी नहीं दी गई तो सीएमओ ने 13 नवंबर 20 को एक साथ 41 नर्सिग होम का लाइसेंस निलबिंत करते हुए आदेश जारी किया कि अगर निलंबन के कोई भी नर्सिगं होम संचालित करते पकड़ा जाएगा तो उस संचालक के विरुद्व विधिक कार्रवाई की जाएगी। एक साथ ही इतनी बड़ी कार्रवाई से खलबली मच गई। आनन-फानन में कुछ लोगों के द्वारा जानकारी उपलब्ध करा दी गई।

## गणेश-लक्ष्मी की पूजा का आयोजन

घोरावल ( **सोनभद्र** )। गत वर्षों की भांति इस बार भी नगर स्थित रामेश्वर रामलीला मंच पर गणेश-लक्ष्मी व सरस्वती की पूजा पाठ का आयोजन किया गया। गत पांच दिनों से चल रहे कार्यक्रम का समापन सोमवार को मूर्ति विसर्जन के साथ हो गया। आयोजन के समापन अवसर पर आकर्षक झांकिया नगर में निकाली गयी। कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक धर्म ध्वजा हाथ में लेकर पैदल भ्रमण किया। आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन दशमिहवा तालाब के रामलीला मंच से होकर रॉबर्ट्सगंज बस स्टैंड, मुख्य तिराहा, दुर्गा मंदिर, मुक्खा मोड़ होते हुए कड़िया स्थित तालाब तक किया गया। सभी मूर्तियों का विसर्जन कड़िया स्थित तालाब में शांति पूर्वक कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था मौजूद रही। कार्यक्रम के आयोजक बजरंग दल के राजीव कुमार, नंदलाल उमर, अशोक उमर, बाबूलाल शर्मा, रामानंद पांडेय, शिप्पू अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# सूने पड़े माननीयों के आवास व कार्यालय

### विधायक और सांसद निधि के बंद होने से रौनक हुई कम

संवाददाता। बस्ती

**जब** से विधायक और सांसद निधि को स्थगित रखने का आदेश हुआ तब से माननीयों का आवास और कार्यालय सूना-सूना सा हो गया। निधि क्या गई मानो माननीयों के दरबार की रौनक ही चली गई। अब पहले जैसे न तो ठेकेदारों की भीड़ रहती है, और न अधिकारी ही दिखाई देते है। सड़क, पुलिया, नाला, नाली, सोलर लाइट की मांग करने वाले लोग भी अब दिखाई नहीं देते। पुलिस और तहसील वालों से जरुरतमंदों की सिफारिश करने तक ही माननीय सीमित रह गएं है। अधिकतर समय राजधानी में ही बीतता है। सबसे अधिक प्रभावित उन गरीब परिवार के लोग हो रहे हैं जो विधायक निधि के भरोसे गंभीर बीमारियों का इलाज और आपरेषन कराते थे। 'माननीयों' और प्रतिनिधियों के सामने भी आर्थिक का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कार्यालयों और विज्ञापन खर्च तक के लाले पड़ गए गएं हैं। पंचायत चुनाव भी प्रभावित हो सकता है। निधियों का काम करने वाली कार्यदाई संस्था बिना काम के हो गएं है। जिले का विकास रुक गया।

जिले में पांच विधायक और एक सांसद है। प्रत्येक विधायक को विधायक निधि से हर साल दो करोड़ और सांसद को पांच करोड़ मिलता है। इस तरह जिले के विकास के लिए हर साल छह माननीय 15 करोड़ के कार्यो का प्रस्ताव देते है। कोरोना से निपटने के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में मिलने वाले निधि को स्थगित कर रखा है। वैसे देखा जाए तो सांसद निधि का दो साल का धन आडिटोरिएम में चला गया। विधायक निधि होने से क्षेत्र की जनता इसी बहाने अपने विधायक से जुड़ी रहती है। माननीयों के कई चहेते ठेकेदारों की रोजीरोटी भी इसी से चलती थी। निधियों का काम देखने वाले डीआरडीए के अधिकारी और कर्मचारी तक चाय के लिए तरस जा रहे है। वैसे देखा जाए तो सबसे अधिक परेशानियों का सामना गरीब मरीजों को हो रहा है, आर्थिक तंगी के चलते कईयों का आपरेशन तक नहीं हो रहा है।

इस मामले में सबसे अधिक धन रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल की ओर से विधायक निधि से दिया गया। इस निधि से कईयों की जान तक बची है। हालांकि शुरु में कुछ माननीयों के द्वारा दबी जबान में विरोध भी किया गया। एक माननीय का कहना है कि एक विधायक के पास जनता को देने के लिए क्या होता है, सिर्फ विधायक निधि ही होता है। एक ने तो कहा कि वह इसके चलते क्षेत्र में जाना ही कम कर दिया। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि निधियों से कितने लोग जुड़े हैं, एक तरह से कईयों का खर्चा पानी निधियों से ही चलता है।

# नवजात की सही देखभाल, बनाए बचपन खुशहाल

### पहले घंटे जरूर कराओ स्तनपान, सुरक्षित होगी बच्चे की जान

### 21 तक मनेगा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

संवाददाता। मिर्जापुर

**नवजात** की समुचित देखभाल उसके बचपन को खुशहाल बनाने के लिए बहुत ही जरूरी होती है । इसके अलावा शिशु मृत्यु दर को भी कम करने में इसकी बड़ी भूमिका है । इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाएगाए जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा जिसके जरिये शिशुओं को ष्आयुष्मानष् बनाया जा सके । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन.उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सूबे के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजकर नवजात शिशु देखभाल सप्ताह की प्रमुख गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जरूरी दिशा.निर्देश जारी किया है ।

सप्ताह के दौरान जनसामान्य को नवजात शिशु स्वास्थ्य के साथ बेहतर देखभाल के बारे में जागरूक किया जाएगा । कंगारू मदर केयर और स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ ही बीमार नवजात शिशुओं की पहचान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाये जा रहे बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में भी सभी को अवगत कराया जाएगा और इस दिशा में स्वैच्छिक संस्थाओं की भी मदद ली जायगी ताकि शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सके ।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर ओपी तिवारी ने बताया कि पत्र के मुताबिक़ नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल के लिए जरूरी है कि प्रसव चिकित्सालय में ही कराएं। प्रसव के बाद 48 घंटे तक मां एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें । नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साफ कपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाढ़ा पीला दूध पिलाना शुरू कर दें और छह माह तक सिर्फऔर सिर्फ स्तनपान कराएं। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन के का इंजेक्शन लगवाएं। नियमित और सम्पूर्ण टीकाकरण कराएं। नवजात की नाभि सूखी एवं साफ रखें। संक्रमण से बचाएं और मां व शिशु की व्यक्तिगत स्वच्छता का ख्याल रखें । कम वजन और समय से पहले जन्में बच्चों पर विशेष ध्यान दें और शिशु का तापमान स्थिर रखने के लिए कंगारू मदर केयर की विधि अपनाएं। शिशु जितनी बार चाहे दिन या रात में बार-बार स्तनपान कराएं। कुपोषण और संक्रमण से बचाव के लिए छह महीने तक केवल मां का दूध पिलाएं, शहद, घुट्टी, पानी आदि बिल्कुल न पिलाएं।

**सप्ताह के मुख्य उद्देश्य:** नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल करने के बारे में जनसमुदाय को जागरूक कर नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लानाए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान, छह माह तक केवल स्तनपान और छह माह के बाद ऊपरी आहार देकर बच्चों को सुपोषित बनाना और शिशुओं का समय से नियमित टीकाकरण कराना आदि के बारे में विधिवत जानकारी देना नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य है।

**सप्ताह की प्रमुख गतिविधियां:** जनपद स्तर पर सेमिनार और कार्यशाला आयोजित कर नवजात शिशु की बेहतर देखभाल के बारे में प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। प्राइवेट नर्सिंग होम, क्लीनिक को भी समुचित जानकारी प्रदान कर जरूरी सहयोग लिया आएगा, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिताएं आयोजित होंगीए चिकित्सालय के वार्ड में नवजात शिशु की देखभाल सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री लगायी जायेगी, स्तनपान सम्बन्धी वीडियो प्रसवोपरांत महिलाओं को दिखाई जायेगी। इसके अलावा मदर्स बैठकों और ग्राम स्वास्थ्यए स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में मुख्य रूप से नवजात शिशु के बेहतर देखभाल पर चर्चा होगी ।

**क्या कहते हैं आंकड़े:** केंद्र सरकार द्वारा जारी (एसआरएस-2018) की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की शिशु मृत्यु दर 43 प्रति 1000 जीवित जन्म है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह सूचकांक 32 प्रति 1000 जीवित जन्म है ।

इनमें से तीन चौथाई शिशुओं की मृत्यु पहले महीने में हो जाती है। जन्म के एक घंटे के अन्दर स्तनपान और छह माह तक केवल मां का दूध दिए जाने से शिशु मृत्यु दर में 20 से 22 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है।

## मूर्तियों का हुआ विसर्जन

सेमरियावां ( **संतकबीरनगर** )। सोमवार को दुधारा थाना क्षेत्र के गांवों में लक्ष्मी जी की 20 मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकामी पुलिस मुस्तैद रही। थाना दुधारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थापित लक्ष्मी जी की बीस मूर्तियों का सोमवार को विसर्जन किया। इससे पहले भक्तों ने पूजा अर्चना की। गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव की अगुवाई में मुकामी पुलिस मुस्तैद रही।

**चार को जुआ खेलते पकड़ा**

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। दुधारा पुलिस ने क्षेत्र के पिपरागोविन्द में छापेमारी कर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर किया। दुधारा पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों में रामसुभग पुत्र रामलाल, रामकिशुन पुत्र रामलखन, रामनयन पुत्र रामजीते, बृजलाल पुत्र स्व. रामआसरे पिपरागोविन्द को गिरफ्तार उनके कब्जे से 250 व ताश के पत्ते बरामद किया है।

# तेजी से हो रही कोरोना की वापसी नहीं चेते तो हो जाएगी देर

### पहले से अधिक तेजी से अटैक कर सकता है कोरोना वायरस

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** को लेकर वर्तमान में जो लापरवाही बरती जा रही है, उससे कईयों की जान आफ्त में पड़ सकती है। खुद और अपने परिवार को सुरक्षित देखना चाहते हैं तो पहले से अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अगर आज नहीं चेते तो हो सकता है कल मौका ना मिले। यह कहना है कोविड-19 के प्रभारी डा. फखरेयार का। कहते हैं कि जिस तेजी से देश और विदेश में कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं, उससे पूरी दुनिया में चिंता की लहर दौड़ गई है। कहते हैं कि दिल्ली इसका उदाहरण है। यहां पर पहले से भी तेजी से कोरोना फैल रहा है। डा. कहते है कि लोगों को पहले से अधिक सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। कहते हैं कि चूंकि ठंड के मौसम में सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी अन्य बीमारियां अधिक होती है, इस लिए जरुरी है कि लोग लापरवाही बिलकुल न बरते हैं, क्यों कि किसी की एक लापरवाही से कई लोग चपेट में आ सकते है, चपेट में आने वाले सबसे अधिक परिवार और आसपास के ही लोग होते हैं, इस लिए जब भी घर से बाहर निकले मास्क का इस्तेमाल करें, दूरी बनाकर रखे और समस-समय पर हाथों को सेनेटाइज अवश्य करें। हो सके तो साबुन से हाथ साफ करें।

कोरोना की वापसी बहुत तेजी से होने की संभावना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जता रहे हैं। डा. कहते हैं कि जिस तरह आम जनता कोरोना को लेकर लापरवाह होती जा रही है, वह उनके और अपने के लिए अधिक घातक है।

# पूजे गए लक्ष्मी-गणेश, गांव से लेकर शहर तक रौशन

## दीपवाली के मौके पर बाजारों में दिन भर रही चहल-पहल

**संवाददाता।** देवरिया

**शनिवार** को दीपावली के मौके पर बाजारों में खासी चहल-पहल नजर आयी । रविवार को सुबह से ही बाजारों में खरीदारी का माहौल रहा। दुकानदार भी आज खासे खुश नजर आए चूंकि उनकी दुकान पर पूछताछ से अधिक खरीदार पहुचें । वही दीवाली पर लक्ष्मी -गणेश की पूजा खूब हुई ।

खासकर मिठाई , फूल की दुकान व पटाखें की दुकान पर लोगों ने जमकर खरीदारी की । द्वीपोत्सव पर लोगो ने घर से निकलकर बाजार मे जमकर खरीददारी की वही बच्चो ने पटाखे व फुलझड़ी की जमकर खरीददारी की। किसी भी त्यौहार पर मिठास के बिना असली मजा अधूरा है वही मिठाई की दुकानों पर भीड काफी रही । लोगों ने मिठाई तभी बांटी जब उनके यहां लक्ष्मी -गणेश भगवान की पूजा हुई । देर रात तक चहल पहल रही वही घरों से लेकर दुकानों में लक्ष्मी -गणेश भगवान की पूजा हुई , वही बच्चों का उत्साह देखते बने जहां लोग घरों के बाहर पटाखें फोड़ रहे थे वही बच्चे देखकर खुश हो रहे थे , जहां पूरा शहर दुल्हन की तरह सजा था , लोगों ने लक्ष्मी -गणश के पूजन के बाद शहर घूमने निकलें । शहर में चारो ओर सड़के जाम थी,वहीं घर के लोगो ने जमकर खरीददारी की शहर मे कुछ जगहो पर पटाखे बेचे जा रहे थे। जहां लोग जमकर खरीददारी करते दिखाई दिये। दुसरी एसएस बी एल स्कूल के मैदान मे पटाखो लिये 45 दुकाने लगी थी। गोरखपुर ओवर ब्रिज के नीचे लगभग20 दुकाने लगी थी। जहां पर पटाखो मे अनार 10-50 रूपये,राकेट 10-300 रूपये,सुतरी बम 40-300 तक चरखी 5-70 रूपये तक फुलझड़ी 30-120 रूपये,महुआ 50 रूपये,लाईटर मे 70-100रूपये दर्जन तक बिका । वही बच्चों में पटाखों का क्रेज देखा गया । जहां बडे पटाखेंा से बचे वही बच्चों ने फुलझडी की खरीदारी की व जलायें ।











दीपावली पर मिट्टी की मूर्ति का पूजन शुभ माना गया है इसलिए मिट्टी के दीपकों का भी एक अपना पूजन विधी में महत्व माना गया है । वही बाजारों की दुकानों में व्यापारीयों ने दीवाली की रात से सूर्येदय तक पूजा चली जिसे शहर के बाजार गुलजार रहे । जहा व्यापरीयों ने देर रात तक अपनी अपनी दुकानों मे मो लक्ष्मी व गणेश की पूजा की । वही बहुत लोगों ने दीवाली की रात जग कर काटी । ऐसी मान्यता है की दीवाली की रात को मां लक्ष्मी घरों में आती है ।

## मऊ में मूर्ति विसर्जन के दौरान पोखरे में डूबने से दो किशोरों की मौत, एक गंभीर

### घोसी कोतवाली के मलेरीकोट चौगठवा गांव की घटना

**संवाददाता।** मऊ

मऊ जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मलेरीकोट चौगठवा गांव में सोमवार की शाम को मूर्ति विसर्जन करते समय अचानक पैर फिसलने से दो किशोरों की मौत हो गयाए जबकि एक किशोर को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर घटना की सूचना लगते ही काफी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गयी। एक साथ दो किशोरों की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। लक्ष्मी पूजन का त्योहार बीतने के बाद जिले में मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम सोमवार को चल रहा है। इस क्रम में सोमवार की शाम को साढ़े चार बजे के करीब घोसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मलेरीकोट चौगठवा गांव में भी लक्ष्मी जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था। विसर्जन के दौरान काफी संख्या में किशोर और युवक शामिल रहे। मलेरीकोट चौगठवा गांव स्थित पोखरे में लक्ष्मी जी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान लखनीमुबारकपुर गांव निवासी 15 वर्षीय किशोर मनीष यादव पुत्र रामशीष यादव अचानक पैर फिसलने से पोखरे में डूबने लगा। मनीष को पोखरे में डूबते देख उसे बचाने के लिए गांव के निवासी दो अन्य किशोर 16 वर्षीय निखिल यादव पुत्र फतेह बहादुर यादव तथा 17 वर्षीय अनिल भी पोखरे में कूद पड़े। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने पोखरे में डूबे तीनों किशोरों को बाहर निकालते हुए उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दो किशोरों 15 वर्षीय मनीष यादव तथा 16 वर्षीय निखिल यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे किशोर अनिल कुमार का अभी प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना को लेकर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

## कलम-दवात संग भगवान चित्रगुप्त का किया पूजन

### मंदिर समेत घरों में पूजे गए कायस्थ समाज के कुलदेवता भगवान चित्रगुप्त महाराज

**संवाददाता।** मऊ

संपूर्ण चराचर सृष्टि में समस्त बौद्धिक कार्यो के आदि प्रणेताए प्राणियों के शुभाशुभ कर्मों की गणना करने वाले आदि कायस्थ भगवान चित्रगुप्त महाराज की जयंती सोमवार को कायस्थ समाज के लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया। चित्रांश समाज के लोगों ने मंदिर समेत घरों में पूरे विधि,विधान पूर्वक उनका पूजन,अर्चन किया। इसके साथ ही कायस्थों ने अपनी आजीविका के साधन कलम,दवात के प्रति भी निष्ठा एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उसके प्रति शीश झुकाया। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में सोमवार को कायस्थ समाज के लोगों ने अपने कुल देवता भगवान चित्रगुप्त का श्रद्धा व उत्साह के साथ पूजन,अर्चन किया। मान्यता है कि बैकुंठ लोक में समस्त प्राणियों के शुभाशुभ कर्मो के अनुसार उनके कर्मफल का निर्धारण करने वाले भगवान चित्रगुप्त कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को प्रजापिता ब्रम्हा की 11 हजार वर्षों की अखंड तपस्या के फलस्वरूप लेखनी और मसिपात्र ;दवातद्ध लेकर उनकी काया से उत्पन्न हुए थे। इसी दिन पृथ्वी पर उनके वंशज कायस्थ समुदाय के लोग उनकी जयंती मनाते हैं। विधि पूर्वक उनका षोडशोपचार पूजन करते हैं। इसी के साथ ही वे अपनी आजीविका के प्रमुख साधन कलम व दवात की भी पूजा करते हैं। नगर में सहादतपुरा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज ने सामूहिक पूजनोत्सव का आयोजन किया। इसमें शहर निवासी दर्जनों कायस्थ परिवारों ने आस्थाए श्रद्धा व उत्साह के साथ भाग लिया। जनपद के चिरैयाकोट, काझा, खीरिया, करहां, पलिया, घोसी, मुहम्मदाबाद गोहना, मधुबन, पलिगढ़ आदि प्रत्येक क्षेत्रों के कस्बों व गांवों में रहने वाले चित्रांश समाज के लोगों ने अपने आदि कुलदेव को नमन करते हुए कलम दवात की पूजा की। रतनपुरा बाजार स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज ने अपने कुलदेवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। वहीं पीपरसाथ, खालिसपुर, बड़ेगांव, इटैली, भुड़सुरी, जमीन सहरुल्ला, चकरा भुआलपुर आदि गांवों में भी चित्रवंशी समाज ने अपने आदिदेव को शीश नवाकर अभीष्ट सिद्धि का आशीष लिया।



## दुष्कर्म का अपराधी गिरफ्तार

**जौनपुर।** थानाध्यक्ष जफराबाद धर्मवीर सिंह द्वारा मय हमराह उनि राजेश कुमार मिश्रा मय हमराह कर्मचारीगणों के थाना जफराबाद पर पंजीकृत मुअसं.181,2020 धारा 376,452,504,506 भादवि व 3,4 पाक्सो एक्ट के वांछित नामजद अभियुक्त रामबहादुर गौतम उर्फलाला पुत्र लौटन राम नि0 राजेपुर टेढ़वा थाना जफराबाद जौनपुर को कहीं भागने की फिराक मे वाहन का इन्तजार करते समय ग्राम राजेपुर बाजार बैरियर के पास से मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगेगा।

## अभियुक्त धरा गया

**जौलपुर।** ग्राम सिद्दीकपुर बाजार से मुअस . 94,20 धारा 363,366,120बी भादवि व 7,8 पाक्सो एक्ट मे वांछिंत अभियुक्त को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुये भागने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि साहब मेरा नाम बृजेश चौहान उर्फबाबू पुत्र रामलाल चौहान निवासी परसनी थाना सरायख्वाजा जौनपुर है। उपरोक्त मुकदमे में वांछित था तथा यहा से भागने के फिराक मे वाहन का इन्तजार कर रहा था। कारण गिरफ्तारी बता कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## दलित बस्ती में पहुंचकर सीओ ने बांटी मिठाई

**सकलडीहा,चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर कानून व्यवस्था के साथ आम जनता के बीच बेहतर संवाद बनाने की कवायद किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी भवनेश चिकारा के नेतृत्व में धरहरा गांव के दलित बस्ती में गरीब बच्चों को मिठाई वितरण किया गया। वही बच्चों को शिक्षित व मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दिया। पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में लगातार जनता के बीच बेहतर संवाद बनाने के लिये मुहिम चलायी जा रही है।

## मंत्रोच्चारण के साथ पूजे गए चित्रगुप्त भगवान

**संवाददाता।** देवरिया

सोमवार को चित्रगुप्त सभा के तत्वाधान में यम द्वितीय के अवसर पर चित्रगुप्त मन्दिर में भगवान चित्रगुप्त जी के सम्मुख सभा के अखिलेश्वर श्रीवास्तव एडवोकेट ने विधिवत वैदिक मंत्रोचारण के द्वारा पूजन अर्चन कर दीप प्रज्जवलित किया व भगवान श्री को अंगवस्त्र व माला पहनाकर लेखनीय व स्याही तथा पूजा प्रपत्र को विधिवत पूजन कर सामुहिक पूजन कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव , सुधीरचन्द्र श्रीवास्तव व चन्द्र प्रकाष श्रीवास्तव व डा0 कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अरूण कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव तथा मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्ष का भरपूर सहयोग कर कार्यक्रम प्रारम्भ कराया। उसके बाद समस्त उपस्थित चित्रांशों व जन समुदाय ने पूजा प्रपत्र पर लिखकर पुष्प व चढ़ावा चढ़ा कर प्रार्थना किया। तथा विधि व विधान से हवन व आरती किया। जिससे पूरा वातावरण गंजायमान व भक्तिमय हो गया। चारो तरफ हर्षोल्लास का वातावरण छा गया। उक्त अवसर पर सभा के अध्यक्ष ने सबके सुख व समृद्धि की मंगल कामना किया। तत्पश्चात आम सभा की बैठक वरिष्ठ चित्रांश काशी प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभा हुई जिसका संचालन अरूण कुमार श्रीवास्तव ने किया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अरूण कुमार श्रीवास्त्व , धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्त्व , दुर्गेश नन्दन श्रीवास्त्व व विपिन बिहारी श्रीवास्त्व , उपाध्यक्ष काशी श्रीवास्त्व , राजन कुमार श्रीवास्तव ,अभिषेक श्रीवास्तव, मनीषचन्द्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, केएनश्रीास्तव, सुबाषचन्द्र गौड़, संजय श्रीवास्तव, सुषील सिन्हा, विनोदगौड़, मनोज श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर, डा एके श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



## दुकानदार और मजदूरों का भुगतान कराने का मंत्री ने दिया निर्देश

**सकलडीहा,चन्दौली।** लॉक डाउन में प्रवासी मजदूरों को कम्यूनिटी किचन के माध्यम से भोजन बनाने वाले कारीगर और मजदूर व दुकानदारों का लाखों का बकाया है। सोमवार को दुकानदारों ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से मिलकर भुगतान कराने की गुहार लगाया। मंत्री ने अपर जिलाधिकारी को फोन कर बकाया भुगतान कराने का निर्देश दिया।लॉक डाउन में प्रवासी मजदूर और क्वारंटीन सेंटरों पर भोजन कम्यूनिटी किचन के माध्यम से तहसील प्रशासन द्वारा शुरू किया गया था। आठ माह बाद भी कारीगरए मजदूरए सब्जी विक्रेताए चावलएदालए आटा और परचुन दुकानदारों का लाखों का भुगतान नही हो पाया। पिछले कई माह से बकाया भुगतान को लेकर तहसील का चक्कर काट रहे थे। इसके बाद अधिकारियों द्वारा सिर्फ कोरा आश्वासन दिया जा रहा था। सोमवार को मंत्री आवास पर दुकानदार और मजदूरों ने बकाया भुगतान दिलाने की गुहार लगाया। मंत्री ने अपर जिलाधिकारी को तुरंत फोन कर आपदा का पैसा भुगतान कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर दुकानदार सहित मजदूर मौजूद रहे।

## वाराणसी स्नातक चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक

### बैठक में केदारनाथ सिंह भी हुए शामिल

**संवाददाता।** धानापुर,चन्दौली

**भाजपा** कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक रविबार को शहीद पार्क सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाग लिया और आगामी स्नातक निर्वाचन में अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए रणनीति बनाई। बैठक में वाराणसी स्नातक निर्वाचन के प्रत्याशी एवं सदस्य विधान परिषद् केदारनाथ सिंह ने एक दिसंबर को होने वाले चुनाव पर कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हुए सहयोग का आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश सिंह ने कहा केदारनाथ ने सदैव विकास के लिए कार्य किया है तथा स्नातकों सहित समाज के सभी वर्गों की समस्याओं के लिए सड़क से सदन संघर्ष किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुजीत जायसवाल हरिवंश उपाध्याय, हृदय नारायण तिवारी, विनय सिंह सत्यवान मौर्य, राजेश तिवारी, मृत्युंजय सिंह, बिनोद सिंह, अनिल श्रीवास्तव,प्रदीप सिंह रामजी मिश्र, बिरेंद्र सिंह, भागवत मौय, विनयराज पाण्डेय, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डाक्टर बृजेश सिंह ने किया।

## श्राप देकर भाइयों के जीवन की कामना की

### उल्लास पूर्वक गोवर्धन पूजा की गई

**संवाददाता।** देवरिया

दीपावली पर्व के एक दिन बाद यानी सोमवार को गोवर्धन पूजा हुई गांव-गांव में गोबर से गोवर्धन भगवान की आकृति बनाई गई थी। विभिन्न तरह के फूल पत्तियों चढ़ाकर महिलाओं और युवतियों ने भाइयों के लंबी उम्र की कामना की । अन्नकूट पूजा भगवान श्री कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारंभ हुई गांव के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोवर्धन पूजा की जाती है । सभी के जीवन में गायों का महत्व है । महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूर्व फूल पत्ती चढ़ाया और उसे कूटा । रुद्रपुर नगर क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का त्यौहार परंपरागत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया बहनों ने गोबर से गोवर्धन की मूर्ति बनाकर पूजा की भाई-बहन के इस त्यौहार पर बहनों ने कांटेदार झाड़ियों से भाइयों को श्राप देकर उनके दीर्घ जीवन की कामना की सोमवार को गोवर्धन को हटने के बाद उसके गोबर से प्रिया बनाकर लड़कियां एवं महिलाएं 1 माह तक पूजा करेंगे भाई-बहन के अटूट रिश्ते के त्यौहार को नगर से लेकर गांव तक धूमधाम से मनाया गया ।



## चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर सूचना मिली कि कुछ बाहरी अपराधी जो पूर्व में इस क्षेत्र में चार पहिया वाहन से रात्रि में चोरी भी कर चुके है व इस समय रसैना मोड़ से इन्दरिया वाले रास्ते में स्थित ज्वेलरी वाले दुकान में डकैती डालने की योजना बना रहे है इस सूचना पर व उनि देवेन्द्र कुमार दूबे मय पुलिस बल के साथ तीन तरफसे घेर कर एकबारगी दबिश दी गयी तो अभियुक्तगणों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गयाए कि हिकमत अमली से अपना बचाव करते हुए पुलिस बल द्वारा मौके से चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। एक अभियुक्त भागने में सफल रहा। पकडे गये अभियुक्तगणों में छविराम बंजारा पुत्र स्व जनक सिंह नि नगलाबलू थाना, नारखी फिरोजाबाद उप्र बतायाए जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर दो कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर व कुल नगद 1700 रूपये व आधार कार्ड व डीएल व एटीएम व पैन कार्ड बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम बच्चा बंजारा पुत्र साहूकार बंजारा नि रामनगर थाना, ठठिया,कन्नौज उप्र ,जिसकी जामा तलाशी से एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस 315 बोर व कुल नगदी 2060, रूपये बरामद हुआ तीसरे ने अपना नाम संतोष कुमार बंजारा पुत्र शिव सिंह बंजारा नि रामनगर थाना ठठिया, कन्नौज उप्र जिसके कब्जे एक चापड़ व नगदी 1500 रूपये व एक सैमसंग एन्ड्रायड मोबाइल फोन, आधार कार्ड व निर्वाचन कार्ड बरामद हुआ चौथे ने अपना नाम रिंकू बंजारा पुत्र छेदीलाल बंजारा नि रामनगर थाना, ठठिया कन्नौज उप जिसके कब्जे से एक चापड़ व नगदी 1700 रूपये व एक आधार कार्ड बरामद हुआ तथा एक वैगनार कार जिसका न16, 4510 बरामद हुई तथा गाडी से कूदकर भागे हुए अभियुक्त के बारे में पूछा गया तो उसका नाम राजू बंजारा पुत्र फूलसिंह बाजारा नि रामनगर थाना,ठठिया, कन्नौज बताये ।

## संस्कार भारतीय ने हनुमान मंदिर पोखरे पर दीपोत्सव मनाया, किया गंगा आरती का आयोजन

**देवरिया।** रविवार को संस्कार भारती के तत्वाधान में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हनुमान मंदिर पोखरा पर संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 5000 दीपों से पूरे हनुमान मंदिर पोखरें को सजा दिया गया । वही संस्कार भारती ने गंगा आरती की । हनुमान मंदिर के पोखरे को चारो तरफसे सजाया। वैदिक मंत्रों के बीच जब दीपों को जलाया गया तो पूरा माहौल ही भक्ति में हो गया सबसे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अजय एवं अध्यक्ष अरुण बरनवाल महामंत्री राजेंद्र जायसवाल , श्रीमती पूनम मणि आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की उसके बाद 108 दीपों से मां गंगा की प्रतीकात्मक आरती की गई तबले पर सहयोग कर रहे संगीत आचार्य नित्यानंद एवं हारमोनियम पर शिवेंद्र उपाध्याय की कुशल कारीगरी के बीच श्रीमती पूनम मणि एवं राजेंद्र प्रसाद जायसवाल के मधुर स्वरों में जब मां गंगा की आरती जब शुरू हुई तो उपस्थित जन समुदाय मंत्रमुग्ध होकर गुनगुनाने के लिए विवश हो गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरूण बरनवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपने संस्कारों की जानकारी मिलती है आगे भी स्तर के कार्यक्रम जारी रहना चाहिए अध्यक्ष अरुण बरनवाल ने बताया कि संस्कार भारती साल में 8सालो से कार्यक्रम करती है जिसमें से दीपोत्सव एक प्रमुख कार्यक्रम है यह जन सहयोग से होने वाला कार्यक्रम और यह हमारा गौरव है कि नगर क्षेत्र के सभी लोग इस में भाग लेते हैं जो हमारी ऊर्जा के प्रमुख स्रोत हैं महामंत्री राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने बताया किया हर वर्ष होने वाला कार्यक्रम है यह कार्यक्रम कभी समाप्त नहीं होता है बल्कि अगले वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाता है अगले वर्ष दीपावली के अवसर पर एक बार पुनः हम सभी इस हनुमान मंदिर पोखरे पर मिलेंगे और अंधकार से प्रकाश की तरफजाने के लिए प्रायोजित इस पर्व को आश्रय लेकर एक दूसरे के जीवन में खुशियों और मंगल की कामना करेंगे कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्त, मुन्नी लाल शर्मा, शिवेंद्र तिवारी, राणा प्रताप सिंह, शिवेंद्र उपाध्याय, सिद्धेश्वर मणि त्रिपाठी, इंद्रकुमार दीक्षित, डॉ सौरभ श्रीवास्तव ,अटल बरनवाल, कृष्ण मोहन गुप्त, शशांक मणि, मनोज बरनवाल, जितेंद्र पांडे, अमिताभ रावत, कन्हैया लाल, पुष्पा बरनवाल, यशोदा जायसवाल, अंजलि, रेनू मद्धेशिया, मनीष दूबे, अनुपम मिश्र, राजू चौहान, किशन कुशवाहा, सहित देवरिया नगर क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक एवं महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

## हार्वेस्टर व बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

**धानापुर,चन्दौली।** कस्बा स्थित नरौली मोड़ के पास रविबार की देर रात लगभग 9 बजे हार्वेस्टर के आमने सामने के टक्कर में अनिल यादव 27 साल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा है जहां स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि अनिल पुत्र रामसकल यादव ट्रैक्टर ड्राइवर है रविवार को खेत जुताई का कार्य करने के बाद लड़की के बीमार होने की सूचना मिलने पर अपने ससुराल सेवड़ी मढ़ई ;मोहरगंजद्ध जा रहा था तभी नरौली मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज हार्वेटर से टकरा गया और बेहोश होकर गिर गया। हाथ पैर फैक्चर होने के साथ सर बुरी तरह से फट गया ग्रामीणों ने आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस समय उसका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिवार की पूरी जिमेदारी अनिल पर थी जिससे उसके पूरे परिवार पर आर्थिक संकट के साथ मुसीबतों का पहाड़ गिर गया है।

## इलिया पुलिस ने महज 3 घंटे में पकड़ लिया चोर

**चंदौली ।** जिला के चकिया सर्किल की नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीति तिवारी का हनक इन दिनों पुलिस महकमे में देखने को मिल रहा है। जिसका उदाहरण इलिया कस्बा के किराना व्यवसाई ठाकुर प्रसाद गुप्ता की दुकान से थैले में भरे 20 हजार का कैश उड़ाने वाले चोर को पुलिस ने शुक्रवार की रात मालदह पुल के पास से महज 3 घंटे में गिरफ्तार कर दिखाया है। जिसे धारा 352ध्380 के तहत जेल भेज दिया गया है। छोटी दीपावली के दिन शुक्रवार को त्योहार के कारण काफी भीड़भाड़ थीए दुकानदार सामान बेचने में व्यस्त थे। इसी बीच कस्बा के ठाकुर प्रसाद गुप्ता की किराना की दुकान में सीमावर्ती बिहार प्रांत के चांद थाना अंतर्गत ढेढुवा गांव निवासी राज किशोर सिंह दुकान में घुसकर बक्से में थैला में भरकर रखा 20 हजार रूपया उड़ा दिया। शाम के वक्त तगादा करने बनारस के व्यवसाई आए तो दुकानदार ठाकुर प्रसाद में थैला में रखे रुपए की खोजबीन करने लगे। काफी खोजबीन के बाद रुपया से भरा थैला का कहीं पता न चलने पर दुकानदार ने सीसी फुटेज में देखा तो एक युवक भीड़भाड़ के समय बक्से से रुपए से भरा थैला लेकर निकल रहा था। जिस पर भुक्तभोगी ने दुकान से हुए चोरी के घटना की लिखित तहरीर थाना में दी। पुलिस ने सीसी फुटेज के आधार पर घटना के मात्र 3 घंटे बाद रुपए से भरा थैला लेकर घर जा रहे राजकिशोर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान थैला में भरा 20 हजार रूपया उसके पास से बरामद किया गया। इलिया थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के मात्र 3 घंटे बाद चोर को मय माल बरामदगी के साथ गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग के तहत जेल भेज दिया गया है।

## नक्सल प्रभावित इलाके में हो रहा पथराव, जांच में जुटी पुलिस

**चंदौली।** जिले में नक्सल प्रभावित नौगढ़ इलाके में पिछले कई दिनों से राहगीरों पर अज्ञात लोगों की तरफसे पथराव किये जाने का मामला सामने आया है। रविवार रात यहां बसौली मोड़ के पास 102 एंबुलेंस पर पथराव किया गयाए जिससे एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुए इस पथराव से एम्बुलेंसकर्मी भी दहशत आ गए । घटना के बाद एम्बुलेंसकर्मियों ने थाने पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। रविवार रात नौगढ़ सीएचसी पर अटैच्ड 102 एम्बुलेंस पर अज्ञात लोगों ने अचानक पथराव कर दिया। जिससे एम्बुलेंस का सीसा टूट गया । पथराव की इस घटना में एम्बुलेंस ड्राइवर राकेश यादव व स्वास्थ्यकर्मी संतोष यादव बालबाल बच गए। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल अपने उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद एम्बुलेंस कर्मियों के मैनेजर समेत अन्य एम्बुलेंस कर्मी मौके पर पहुंच गए और अज्ञात लोगों के खिलाफकार्रवाई करने के लिए नौगढ़ थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया

### पहले भी हो चुकी है पथराव की घटना

पथराव करने वालों के खिलाफतहरीर देने पहुंचे अन्य एम्बुलेंस कर्मी अजय कुमार ने बताया कि पथराव को घटना पिछले कई दिनों से चल रही है । आस.पास के लोगों ने मुताबिकए पथराव की यह पहली घटना नहीं हैण् पिछले दिनों भी एक रोडवेज बस पर पथराव कर उसका शीशा तोड़ दिया गया था जो नौगढ़ से राबर्ट्सगंज जा रही थी।

## नौ के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कोतवाली पुलिस ने चार नामजद तथा पांच अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा बलवा व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पयागीपुर निवासी शिवलाल वर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 15 नवंबर को दिन मे एक बजे गांव के अंकित वर्मा तथा अतुल जायसवाल व रामा जायसवाल, अंकित के बहनोई व पांच अज्ञात के साथ उसके दरवाजे चढ़ आए। आरोपियों ने रंजिशन लाठी डंडे तथा तमंचे से लैस होकर पीड़ित को मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोपियो के हमले मे पीडित के बांए पैर की हड्डी टूट गई। शोर मचाने पर आरोपियों ने दहशत फैलाते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित वर्मा समेत चार नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ रविवार की शाम पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ा

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। बाग मे ताश के पत्ते के साथ जुआ खेल रहे तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। लीलापुर चौकी इंचार्ज बंशीधर राय रविवार को गश्त पर निकले थे। करीब पांच बजे सूचना मिलने पर वह फोर्स के साथ लीलापुर डिग्री कालेज के समीप बाग मे पहुंचे तो चार लोगों को ताश के पत्ते के साथ जुआ खेलते रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गये आरोपी मान्धाता थाना के छोटी खरवई निवासी सिराजुल तथा लालगंज कोतवाली के खरगपुर निवासी दिलशाद व तौमीर एवं जेठवारा थाना के सिंधौर निवासी अशरफ के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम का केस दर्ज किया है। आरोपियो को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## पांच के खिलाफ मारपीट व बलवा का केस

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। दरवाजे पर पटाखा तथा गोला दगाने से मना करने पर आरोपियों ने पीडित को लाठी डंडे से मारकर चुटहिल कर दिया। पुलिस ने घटना को लेकर पांच के खिलाफ बलवा तथा मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के चौबे का पुरवा लकुरी निवासी अहमद अली ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 15 नंवबर की शाम साढे सात बजे वह दरवाजे पर मौजूद था। इसी समय गांव के समीर, रिजवान, काली, चांद, आफताब उसके दरवाजे के सामने पटाखा तथा गोला दगाने लगे। मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो ने पीडित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी है। रविवार की रात पुलिस ने समीर समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। एम्बुलेंस की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली के तिना निवासी हरिशरण का पुत्र बल्लू 32 रविवार की शाम लालगंज बाजार से घर जा रहा था। मस्जिद के समीप नेशनल हाइवे पर अचानक एक सरकारी एम्बुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। आनन फानन मे पुलिस इलाज के लिए उसे सीएचसी ले आयी। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## चोरी की घटनाओं का खुलासा, तीन पकड़े गये

**बाराबंकी**। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान में विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाएं कारित करने वाले तीन चोरों को घटनाओं में करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। इसका खुलासा सोमवार एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में किया है। पकड़े गए चोरों के नाम तफहिम पुत्र अयूब निवासी धधरा थाना बड्डूपुर सईद पुत्र अनवर निवासी धधरा थाना बड्डूपुर संजीत कुमार उर्फ लाला पुत्र बृज किशोर निवासी मोहल्ला बेहदई महमूदाबाद सीतापुर है।

## मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन घायल

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। थाना लोनीकटरा क्षेत्र में दीपावली के दिन दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में चार महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सदरूद्दीन पुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में उमेश व रामदेव पक्ष के बीच हुई मारपीट में उमेश, इनकी पत्नी पूनम व पुत्री रूबी यादव व माता कलावती घायल हो गई, जबकि मियां का पुरवा गांव में मामूली बातों को लेकर हुई कहासुनी में मारपीट हो गई, जिसमें रामचन्दर, कान्तिया, सुरसती यादव को मारा पीटा। गम्भीर रूप से घायल राम चन्दर, कन्तिया को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव का कहना है कि सभी मामलों की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दीपक की लौ से लगी दुकान में आग

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। दुकान में रखे दीए की लौ से लगी आग से दुकान में रखी नगदी समेत लाखों का सामान चलकर राख हो गया। घटना थाना लोनीकटरा क्षेत्र के दहिला चौराहे पर रविवार रात हुई। यहां स्थित संजय वर्मा की किराना दुकान में रविवार रात जल रहे दीये से आग लग गई। जिसमें दुकान के गल्ले में रखे 70000 रुपये नकद, फर्नीचर, रिफाइंड तेल, काजू, आटा, दाल सहित किराने का करीब तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुची, जिससे ग्रामीणों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया।

## आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। बड्डूपुर थानाक्षेत्र मे एक मकान व दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे नकदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैगम्बरपुर निवासी उमेश यादव के मकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई मकान से उठती आग की लपटे व धुआं से अंदर सो रहे उमेश की नींद खुल गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर मे रखी पांच हजार की नकदी, राशन, बर्तन सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया था, दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के टड़वा में हुई। जगसेड़ा निवासी अनिल कुमार की बर्तन की दुकान में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई, दुकान से धुआं निकलता देख लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, किन्तु तब तक दुकान मे रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

## युवक की पिटाई कर मोबाइल व नगदी लूटी

फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। लिफ्ट लेने के बहाने बदमाशों ने युवक की पिटाई कर बाइक , मोबाइल व नकदी लूट फरार हो गए। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा निवासी प्रवीण कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार वह भगौली तीर्थ गया था। जहा से रात को बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। टड़वा पुल के पास दो अज्ञात लोगों ने उससे बड्डूपुर तक चलने के लिए लिफ्ट मांगी। उसने उन दोनों को अपनी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में बडावा गांव के निकट दोनों बदमाशों ने उससे रुकने को कहा, जैसे ही बाइक को रोका दोनों बदमाशों ने तमंचा दिखाते हुए उससे मोबाइल फोन, दो हजार रुपए व बाइक छीन फरार हो गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला घायल

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। सोमवार को देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोकराय गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल महिला को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर लोक राय गांव के पास हाईवे पर सड़क किनारे पैदल जा रही चमेला पत्नी हीरा लाल निवासी रामपुर लोक राय को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे गंभीर रूप घायल महिला सड़क पर तड़प रही थी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा मय हमराही सिपाही महिला को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने महिला का उपचार शुरू कर दिया ।

# सैकड़ों कुन्तल धान बारिश की चढ़ा भेंट

### अचानक मौसम के करवट बदलने से फसलों को भी पहुंचा आंशिक नुकसान

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )



**रविवार** की रात अचानक हुई बारिश एवं तेज हवाओं के चलते क्रय केंद्रों पर पड़ा सैकड़ों कुंटल धान भीग कर बर्बाद हो गया है। वही किसानों की कुछ फसलों को भी आंशिक नुकसान हुआ है। क्रय केंद्रों के बाहर तौल इंतजार में पड़ा किसानों का धान भीग कर बर्बाद हो गया है। जिससे किसानों को इसके तौल की चिंता सताने लगी है। विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में प्रभावी रूप से चल रहे एकमात्र विपणन धान क्रय केंद्र पर बीती रात हुई बरसात के चलते खरीद कर लगाया गया सैकड़ों कुंटल धान अधिकारियों की लापरवाही की वजह से भीग गया है। केंद्र के बाहर तौल के इंतजार में खड़े किसानों का भी सैकड़ों कुंतल धान भीग गया है। जिसके कारण किसान काफी परेशान हैं। सिरौलीगौसपुर के बदोसराय विपणन क्रय केंद्र के बाहर मौजूद किसान सानू मिश्रा ने बताया कि उनका धान तौल के लिए करीब 15 दिनों से केंद्र के बाहर तौल के लिए पड़ा हुआ है। नियमानुसार टोकन मिलने के बावजूद उनके धान की तौल नहीं की गई है। बीती रात हुई बरसात के चलते उनके धान का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा भीग कर खराब हो गया है। लोध पुरवा निवासी किसान बृजेश ने बताया कि उसका धान ट्रैक्टर ट्राली पर लगा हुआ करीब 20 दिन से खड़ा है। उन्हें टोकन एसडीएम ने केंद्र पर आकर दिया था। किंतु उनका धान अब तक नहीं तौल गया है। उनके भी धान का करीब करीब 20 प्रतिशत हिस्सा भीग गया है। संतोष कुमार निवासी मीरापुर ने बताया कि उनका करीब 40 कुंटल धान तौल के लिए केंद्र के बाहर जमीन पर लगा हुआ है। जिसका अभी तक नंबर नहीं आया है। उनका भी धान भीग गया है। इसी प्रकार क्षेत्र के कई किसानों का धान केंद्र के बाहर तौल के लिए करीब 15 से 20 दिनों से खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। जो भीग गया है। यही नहीं इन किसानों के धान का सबसे ज्यादा नुकसान केंद्र के आसपास मौजूद बंदर व बकरियां भी कर रहे हैं। जिससे किसान काफी परेशान हैं। बताते चलें बीते सप्ताह किसानों के हंगामे के बाद केंद्र पर पहुंचे उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह ने 50 से 60 किसानों को टोकन नंबर देकर सबका धान तोलने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिए थे, किंतु तौल इतनी धीमी गति से हो रही है। वही किसानों ने इस धीमी प्रक्रिया के लिए केंद्र प्रभारी को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है। कि टोकन के बीच में क्षेत्र के प्रभावी लोगों का धान तौला जा रहा है। जिससे किसानों को उनका धान तवलाने में काफी समय लगाया जा रहा है।

# किसान की हार्ट अटैक से मौत, लेखपाल पर धमकी का आरोप

**पराली जलाने का मामला** संवाददाता। हैदरगढ़ ( **बाराबंकी** )

**सुबेहा** थाना क्षेत्र के बली गेरावां गांव में पराली जलाने को लेकर मिली स्थानीय राजस्व प्रशासन की धमकी के चलते एक नवयुवक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी प्रदीप सिंह 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर सिंह के खेत में 12 नवंबर को अज्ञात कारणों से पराली जल गई। पराली जलाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने मुकदमा लिखाने की धमकी देते हुए तहसील हैदरगढ़ बुलाया। मृतक अपने गांव के ग्राम प्रधान सरजू रावत के साथ तहसील गया जहां पर हल्का लेखपाल द्वारा मुकदमा ना लिखने की शर्त पर 5000 मांगे। मृतक लेखपाल को 2000 देकर मृतक वापस आ गया। बताते चलें मृतक के पिता की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो चुकी है जिसके नाम से किसान क्रेडिट कार्ड का कर्ज भी 500000 देय शेष था। जिसके लिए पहले से परिवार पर दबाव था। सुविधा शुल्क लेने के बाद भी लेखपाल द्वारा मुकदमा लिखने के बात मृतक बर्दाश्त नहीं कर पाया जिसके चलते उसे 13 नवंबर को हार्ट अटैक पड़ गया और उसकी मौत हो गई। फिलहाल राजस्व प्रशासन के इस रवैये को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने लेखपाल व कानूनगो पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## किसान की मौत को लेकर गरमाई राजनीति

हैदरगढ़ ( **बाराबंकी** )। बली गेरावा गांव में लेखपाल की धमकी के बाद हुई किसान की मौत के मामले की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, पूर्व विधायक राममगन रावत सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, परशुराम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी अदनान वेद प्रकाश बाजपेई, राममिलन रावत जिला पंचायत सदस्य गिरिजा रावत आदि ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन देते हुए प्रदेश सरकार से किसान परिवार को एक करोड़ मुआवजा दिए जाने की मांग की। विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने कहा कि प्रदेश में इस समय किसान विरोधी सरकार चल रही है। किसानों को पराली जलाने पर उन पर मुकदमा लिख दिया जाता है, जबकि हजारों की संख्या में फैक्ट्रियां चल रही हैं जिससे भारी प्रदूषण फैल रहा है उन पर सरकार कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। यदि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित किसान को मुआवजा नहीं दिया गया तो समाजवादी पार्टी की पूरी टीम सड़कों पर उतर कर इसके लिए प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, युवराज सिंह, राजकिशोर रावत, प्रेम नाथ तिवारी, पूर्व प्रधान पिंकू सिंह, सत्यनाम सिंह चौधरी, जैद हुसैन, हुमायूं हुसैन, मुन्ना खान, लक्ष्मी रावत, विजय कुमार तिवारी, हरिश्वंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

## सुबेहा पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में

हैदरगढ़ ( **बाराबंकी** )। बली गेरावां गांव में राजस्व प्रशासन की धमकी के बाद हुई किसान की मौत के मामले में स्थानीय सुबेहा पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ग्रामीणों की माने तो ग्रामीणों के साथ जब परिजन लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा लिखाने थाने गए, तो वहां पर मौजूद थानाध्यक्ष ने परिजनों की तहरीर लेने से ही इनकार कर दिया। काफी दबाव के बावजूद जब थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने तहरीर परिजनों से लिखाई गई जिसको लेकर भी स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है बताते चलें कि अवैध वसूली के मामले में चर्चित थानाध्यक्ष की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

## सुशील अध्यक्ष व सर्वेश महामंत्री बने

संवाददाता। प्रतापगढ़

**रविवार** को नौढिया रसूलपुर में आयोजित बैठक में ब्रह्मदेव जागरण मंच की ब्लाक इकाई रामपुर संग्रामगढ़ का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष पं. सत्येंद्र नारायण तिवारी ने पं. सुशील तिवारी आलोपी को अध्यक्ष, लालजी पाण्डे उपाध्यक्ष व सर्वेश मिश्र को महामंत्री मनोनीत किया। इस दौरान जिला महामंत्री वज्रघोष ओझा ने सभी को समाज के हित के लिये सोच रखने पर बल दिया। इस मौके पर कौशल पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, विष्णु तिवारी, मनीष पाण्डेय, अशोक कुमार पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, अजय कुमार पाण्डेय, दिव्यांश तिवारी, आशीष शुक्ल, रामानुज पाण्डेय, महेन्द्र मिश्र, सुनील पाण्डेय, अजय कृष्ण तिवारी, बीरेन्द्र शुक्ल, चन्द्रमौली पाण्डेय, अनन्त राम पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे ।

# बालक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले चार अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

संवाददाता। बाराबंकी




**चार** दिन पूर्व घर से खेलने गये बालक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके कब्जे से एक मोटर साइकिल, चार मोबाइल फोन, दो तमंचा 12 बोर व चार अदद कारतूस बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।

मालूम हो कि बीते गुरुवार को बडडूपुर थानाक्षेत्र के ग्राम लिलौली निवासी रघुराज पुत्र दुर्योधन ने थाना बडडूपुर पर सूचना दी थी कि उसका छह वर्षीय पुत्र गांव में खेलने के लिए सुबह आठ बजे गया था लेकिन वह घर वापस नहीं आया, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी फतेहपुर योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। पुलिस को परिवारीजनों ने बताया कि गुरुवार को उनके पास एक फोन आया था जिसमें तीन लाख की फिरौती दिए जाने एवं पुलिस से बताने पर बच्चे को मार देने की धमकी दी गयी थी। पुलिस टीम द्वारा काल डिटेल निकालने पर महत्वपूर्ण सुराग मिलने लगे। पुलिस का दबाव बढ़ने पर अभियुक्त सायंकाल बच्चे को गांव के बाहर अंधेरे में छोड़ कर चले गये। बरामद बच्चे से पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई। जिसके आधार पर थानाध्यक्ष बडडूपुर जितेन्द्र विक्रम सिंह मय पुलिस टीम द्वारा विमल पुत्र रमेश चन्द्र, संजय पुत्र सुरेश, सुधीर पुत्र राम कुवारे उर्फ कुवारे निवासी ग्राम लिलौली थाना बड्डूपुर बाराबंकी व घटना के षड़यन्त्र कर्ता राहुल वर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद वर्मा निवासी इसरौली थाना फतेहपुर बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विमल व अभियुक्त संजय को गिरफ्तार किया है।

# रैन बसेरों में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए: डीएम

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुई। कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में एम्बुलेंस, भोजन, पेयजल, दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त रखें, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएएसाथ ही अस्पतालों में ठंड से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियां भी दुरुस्त करें। डीएम ने कहा कि संदिग्ध मरीजों को जांच में कोताही न बरतें। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि सर्दी के मौसम को देखते हुए जनपद के रैनबसेरों में हेतु नियमों का पालन करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण रखें। इसके साथ ही रैन बसेरों में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सर्दी से बचाव हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाए। साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ साथ लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के किये मुनादी कराते रहें। डोर-टूर डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे सर्वे की विशेष निगरानी की जाए। जहां भी सर्वे में लापरवाही होए वहां कार्यवाही करें।क्वे पोर्टल की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर फीडिंग में लगातार प्रगति करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक लवकुश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मुकेश दुबे आदि मौजूद रहे

## दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल

**प्रतापगढ़**। जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों तरफ से सात लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टी थाना क्षेत्र के लाखीपुर कप्सा में रविवार शाम भूमि के विवाद में दो पक्ष के लोग गाली-गलौच करते हुए आपस में भिड़ गए। उनके बीच मारपीट में एक तरफ से रमेश, खुशबू, सुरजीत व रवींद्र एवं दूसरी तरफ से राजेश, शोभनाथ व नन्हकऊ घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से जख्मी नन्हकऊ व रवींद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार महेशगंज थाना क्षेत्र के सराय स्वामी गांव में रविवार शाम दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। एक पक्ष से सोनल तिवारी (21) पुत्र राजकुमार व दूसरे पक्ष से भूपेंद्र पांडेय (65) पुत्र राजेंद्र, बेटे देवेंद्र कुमार (32) व गुडडू सरोज (30) पुत्र बाल गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लापता महिला का शव नदी में मिला, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता। प्रतापगढ़

**थाना** बाघराय अंतर्गत ग्राम देवरपट्टी में स्थित बकुलाही नदी में पुल के नीचे सोमवार को एक महिला का शव पानी में उतराता मिला। शव की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। स्थानीय पुलिस के प्रयास के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वे भी स्थानीय थाने पहुंच गये। मृतका के परिजनों ने फोटो देखकर पहचान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघराय थाना क्षेत्र के शुकुलपुर रोर गांव निवासनी कृपाली देवी (50 वर्ष) पत्नी फूलचंद का किसी बात को लेकर पति से कुछ अनबन चल रहा था। पति से नाराज कृपाली 14 नवंबर की सुबह घर से शौच के बहाने निकली तो वापस नहीं आई। परिजन कुछ देर खोजने के बाद यह सोचकर शांत हो गए कि हो सकता है वह अपनी रिश्तेदारी में चली गई हो। सोमवार को देवरपट्टी बिहार बाजार से गुजरी बकुलाही नदी के पुल के नीचे पानी में एक शव उतराता दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे राहगीर बकुलाही में शव उतराते देख दंग रह गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। महिला का शव नदी में मिलने की खबर सोशल मीडिया पर फैली तो कृपाली का बेटा संजय थाने पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने शव की फोटो दिखाई तो उसने अपनी मां के रूप में पहचान की। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## प्रमोद तिवारी की समधिन के निधन पर जताया शोक

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कई शिक्षण संस्थानों के संचालक मण्डल की मानद सदस्य तथा समाजसेविका रमा मिश्रा के आकस्मिक निधन पर सोमवार को बैठकों के जरिये विभिन्न संगठनों ने शोक जताया। गंभीर बीमारी के चलते दीपावली के दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी की समधिन तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की सास रमा मिश्रा 79 का लखनऊ के एक अस्पताल मे निधन हो गया था। वह एआईएमटी के संरक्षक बृजेश मिश्र की पत्नी तथा निदेशक अंबिका मिश्र की मां भी थी। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने रमा मिश्रा के निधन को एक संस्कारिक तथा जीवन मे अनुशासन की प्रेरणा देते हुए शिक्षा व समाज के विविध क्षेत्रो मे उनके योगदान को अविस्मरणीय ठहराया है। वहीं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने रमा मिश्रा के निधन को निजी जीवन के लिए एक दु:खद घड़ी बताया।

## दीपावली की रात चोरों ने की जमकर लूटपाट

**बाराबंकी**। नगर कोतवाली इलाके में दीपावली की रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। कई बंद घरों की कुंडी तोड़कर घंटों लूटपाट की और लाखों की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात बटोर ले गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गतमोहारी पुरवा स्थित डिवाइन ग्रीन सिटी में दीपावली की रात अज्ञात चोरों ने तब जमकर उत्पात मचाया जब कई लोग अपने घरों को बंद कर गांव चले गए थे फायदा उठाकर चोरों ने इन घरों में कुण्डी ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और जमकर लूटपाट की। यहां तक कि चोरों नेएक तिनका तक भी नहीं छोड़ा चोरों ने सर्वप्रथम अमित पांडे के घर को निशाना बनाया इसके पश्चात पंकज वर्मा प्रकाश तिवारी एवं डॉ कौशलेंद्र मौर्य के घर की कुंडी तोड़कर लूटपाट की।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व

संवाददाता। मुसाफिरखाना (अमेठी)

**दीपावली** गोवर्धन पूजा व भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को दीपावली के अवसर पर शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में शाम होते ही रोशनी की चमक से जगमगा उठे । सुजलाम फाउंडेशन द्वारा स्थानीय कस्बे के गांधी पार्क दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत 5100 दीप प्रज्वलित किए गए वहीं दुवरिया गांव स्थित मंदिर परिसर में 2100 दीपों को जलाकर देश में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। स्थानीय कस्बा स्थित गांधी पार्क में दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत सुजलाम फाउंडेशन द्वारा 5100 दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक चिकित्सक सफाई कर्मचारी व आशा बहुओं का सम्मान पुष्प वर्षा के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में सह जिला संघ संचालक प्रेम तिवारी, कार्यवाह अरविंद राहुल कौशल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं गाजनपुर दूवारिया में गोमती नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर पर ग्रामीणों ने 2100 दिए जलाकर दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया। इसमें शिव शंकर तिवारी, बृज राज सिंह ,आनंद सिंह, विपिन, उपेन्द्र राज, निखिल, आदित्य, गौरव, मनोज, हंस राज, अमित सिंह, रमन सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।इ सके साथ ही स्थानीय कस्बा सहित क्षेत्र के विभिन्न कस्बों व गांवों में शनिवार को दीपावली की धूम रही। लोगो ने मिटटी के दिए मोमबत्ती व विद्युत झालरों से घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अच्छी तरह सजाया और पटाखे फोड़े। लोगों ने एक दूसरे को उपहार स्वरूप मिठाइयां बांटकर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं गोवर्धन पूजा के दौरान गऊ माता की पूजा अर्चना करते हुए शांति की कामना के साथ ही उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

## प्रतिबंध के बावजूद लगा मेला

**बाराबंकी**। मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत हेतमापुर में घाघरा (सरयू) नदी की छोर पर स्थित सूर्य के प्रबल उपासक व एकनामी पंथ के प्रवर्तक बाबा नारायणदास की समाधि पर वर्षों से यम द्वितीय पर लगने वाले तीन दिवसीय विशाल मेले पर केंद्र और राज्य सरकार की गाइड लाइन अनुसार सार्वजनिक धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी प्रतिबंधित मेले का आयोजन किया गया। प्रसाद के साथ हर तरहे की दुकान भी संचालित की गई। दो लाख से अधिक आनुवाई ने बाबा की समाधि पर माथा टेक कर सुख समृद्धि की कामना भी की। देर शाम पुलिस अधीक्षक को मेला आयोजन की जानकारी हुई तो उन्होंने ने क्षेत्राधिकारी को फटकार लगाई और पीएसी के साथ कई थाने की फोर्स भेजकर मेले को बंद करने का आदेश दिया। देर रात्रि करीब दस बजे हेतमापुर पहुंचे सीओ ने मेले की लाइटें बंद करवा दी।

# औचक निरीक्षण में खामियां मिलने पर बिफरे एएसपी

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**कोतवाली** के औचक निरीक्षण में अभिलेखों के बेततरीब होने तथा लूट जैसी घटनाओं के आरोपियों के जमानत की तारीख का ब्यौरा ना देख सोमवार को जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी का पारा चढ़ गया। एएसपी दिनेश द्विवेदी ने लापरवाही पर कोतवाली के दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी का स्पष्टीकरण भी तलब कर लिया। दोपहर अचानक एएसपी कोतवाली आ धमके। उन्होने दीवान को तलब कर अभिलेख मंगवाए। अभिलेखों पर पुलिस डयूटी तथा लूट जैसी घटनाओं के आरोपियो के जमानत की सही प्रवृष्टियां ना देख वह भड़क उठे। महिला हेल्प डेस्क पर भी दर्ज कई शिकायतों के निस्तारण की भी एएसपी को प्रवृष्टि न मिली। नाराज अपर पुलिस अधीक्षक ने दीवान को खरीखोटी सुनाते हुए कोतवाल संजय यादव को भी कर्रा किया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान कोतवाल को यह भी निर्देश दिये कि चौकी पर से भी विभागीय कर्मियों की रोजमर्रा डयूटी का ब्यौरा कोतवाली मे अंकित किया जाय। उन्होने लूट के जमानत से छूटे आरोपियों की गतिविधियों पर भी नियमित रूप से कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये। महिला हेल्प डेस्क से जुडी शिकायतो के निस्तारण 24 घंटे मे कराकर इसे भी रजिस्टर पर दर्ज किये जाने को कहा। सीसीटीएनएस से ऑनलाइन आपराधिक मुकदमो की सूची तलब की। इस पर भी सन 2015 से लेकर 2019 तक के कुछ मुकदमो की पेंडिग देख अपर पुलिस अधीक्षक का पारा और चढ़ गया। नाराज एएसपी ने दीवान ज्ञानचंद्र को फटकार लगाते हुए लापरवाही पर स्पष्टीकरण तलब किया है। एएसपी ने हिस्ट्रीशीटरों तथा चिन्हित अपराधियों की रोज निगरानी कराये जाने को कहा।